आश्विन कृष्ण पक्ष चतुर्दशी 09:39 उपरांत अमावस्या विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

मंगलवार, 1 अक्टूबर 2024
वर्ष 34, अंक 243, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

लखनऊ | एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com





आसमान में चमक बिखेरने लगा है धूमकेतु-ए 3 | 16

27,000 रन पूरे करने वाले चौथे बल्लेबाज बने विराट | 15


## एक नजर

### मदुरै के स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी

**मदुरै (तमिलनाडु)।** तमिलनाडु में सोमवार को नारिमेदु स्थित केंद्रीय विद्यालय सहित कुछ स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी दी गई। धमकी के बाद से अभिभावकों और स्कूल प्रबंधन में दहशत फैल गई और प्रबंधन को बच्चों को जल्दी घर भेजने पर मजबूर होना पड़ा। बम तलाशी एवं निरोधक दस्ते सहित पुलिस की टीमें केंद्रीय विद्यालय और तीन अन्य स्कूलों में पहुंचीं तथा गहन जांच की। जांच में बम की धमकी अफवाह प्रतीत हुई।

### झारखंड में परियोजनाओं का लोकार्पण करेंगे मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दो अक्टूबर को झारखंड के हजारीबाग का दौरा करेंगे और इस दौरान धरती आबा जनजाति ग्राम उत्कर्ष अभियान की शुरुआत करने के अलावा 83,300 करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने सोमवार को एक बयान में यह जानकारी दी।

### महाराष्ट्र में आया 4.2 तीव्रता का भूकंप

**नागपुर।** महाराष्ट्र के अमरावती जिले में सोमवार की दोपहर 4.2 तीव्रता का भूकंप आया। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र (एनसीएस) ने यह जानकारी दी। अमरावती के स्थानिक उपजिलाधिकारी अनिल भटकर ने कहा कि किसी के हताहत होने या संपत्ति को नुकसान की कोई खबर नहीं है। एनसीएस ने कहा कि भूकंप जिले के चिखलधारा तालुका के टेटू गांव में दोपहर बाद 1.37 बजे आया। भूकंप का केन्द्र 13 किलोमीटर की गहराई पर था।

### डीयू के 12 कॉलेजों की होगी विशेष ऑडिट

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने वित्तीय अनियमितताओं के आरोपों की जांच के लिए दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) के 12 कॉलेजों की विशेष लेखापरीक्षा शुरू की है। मुख्यमंत्री आतिशी ने इसकी स्वीकृति दे दी है। डीयू के यह कॉलेज दिल्ली सरकार द्वारा पूर्ण रूप से वित्त पोषित हैं। एक उच्च स्तरीय समिति द्वारा स्थिति रिपोर्ट प्रस्तुत किए जाने के बाद लेखापरीक्षा निदेशालय ने विशेष ऑडिट करने के लिए आठ सदस्यीय टीम का गठन किया है।

## मिथुन चक्रवर्ती को दादा साहेब फाल्के पुरस्कार

नई दिल्ली/कोलकाता, एजेंसी



- 8 अक्टूबर को दिया जाएगा 74 वर्षीय अभिनेता को सम्मान

हिंदी सिनेमा में डिस्को डांस को लोकप्रिय बनाने वाले तथा मृगया, सुरक्षा, डिस्को डांसर और डांस-डांस जैसी फिल्मों के मशहूर अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती को सिनेमा के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए सरकार ने सोमवार को उन्हें दादा साहेब फाल्के पुरस्कार देने की घोषणा की। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने 'एक्स' पर यह घोषणा की। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मिथुन चक्रवर्ती को दादा साहेब फाल्के पुरस्कार के लिए चुने जाने पर खुशी व्यक्त करते हुए उन्हें एक सांस्कृतिक दूत बताया। चक्रवर्ती (74) ने कहा कि जब उन्हें यह खबर मिली तो उनके दिमाग में भोजन और सिर छुपाने के शुरुआती संघर्ष के दिनों सहित जीवन की अब तक की तमाम यादें ताजा हो गईं। चक्रवर्ती को यह पुरस्कार आठ अक्टूबर, 2024 को 70वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार समारोह में दिया जाएगा।

## जम्मू-कश्मीर में अंतिम चरण का मतदान आज

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में मंगलवार को 40 विधानसभा क्षेत्रों में अंतिम चरण में मतदान होगा, जिनमें कश्मीर के 16 विधानसभा क्षेत्र शामिल हैं। ये क्षेत्र कुपवाड़ा, बारामूला और बांदीपुरा के तीन जिलों में फैले हैं। उत्तरी कश्मीर के डीआईजी मकसूद-उल-जमान ने कहा कि मंगलवार को तीसरे और अंतिम चरण के मतदान के लिए तीन सीमावर्ती जिलों में विभिन्न सुरक्षा बलों की 400 कंपनियां तैनात की गई हैं। यह तैनाती सेना और बीएसएफ सहित उन बलों के अतिरिक्त है जो एलओसी पर निरंतर निगरानी बनाए हुए हैं।

# महाराष्ट्र में देशी गाय को राज्यमाता का दर्जा

**शिंदे सरकार ने प्राचीन परंपरा का हवाला देते हुए जारी किया आदेश**

मुंबई, एजेंसी

मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली महाराष्ट्र सरकार ने सोमवार को भारत में गायों के सांस्कृतिक महत्व और उसकी परंपराओं का हवाला देते हुए गाय को ''राज्य माता'' घोषित करने का आदेश जारी किया। आधिकारिक आदेश में महायुति सरकार ने कहा कि गाय भारतीय परंपरा का एक महत्वपूर्ण हिस्सा रही है और प्राचीन काल से ही इसका आध्यात्मिक, वैज्ञानिक और सैन्य महत्व रहा है।

आधिकारिक अधिसूचना में शिंदे सरकार ने कहा कि प्राचीन काल से ही गायों का मानव जीवन में एक अनूठा महत्व रहा है। वैदिक काल से गायों के धार्मिक, वैज्ञानिक और आर्थिक महत्व को देखते हुए उन्हें कामधेनु कहा जाता है।

### राज्य में देशी नस्ल की बढ़ाई जाएगी संख्या

राज्य के विभिन्न हिस्सों में गायों की अलग-अलग देशी नस्लें पाई जाती हैं, लेकिन दिन-ब-दिन देशी गायों की संख्या में भारी कमी आ रही है। देशी गायों के दूध में मानव आहार में अधिक पोषण मूल्य होता है। देशी गायों का दूध एक संपूर्ण आहार है, क्योंकि इसमें मानव शरीर के पोषण के लिए महत्वपूर्ण पोषक तत्व होते हैं।

### गाय पालन के लिए सब्सिडी योजना भी लागू

रिपोर्टों के अनुसार महाराष्ट्र मंत्रिमंडल ने देशी गायों के पालन के लिए 50 रुपये प्रतिदिन की सब्सिडी योजना लागू करने का निर्णय लिया है क्योंकि राज्य में गोशालाएं अपनी कम आय के कारण इसका खर्च वहन नहीं कर सकती थीं इसलिए उन्हें मजबूत बनाने के लिए यह निर्णय लिया गया।



# भगवान को तो सियासत से दूर रखें

**तिरुपति लड्डू विवाद** | सुप्रीम कोर्ट ने जांच के बिना चंद्रबाबू के बयान पर जताई नाराजगी

नई दिल्ली, एजेंसी



- अदालत ने कहा-जांच लंबित होने तक बयान देना उचित नहीं था
- लड्डू बनाने में दूषित घी के इस्तेमाल के नहीं थे ठोस सबूत

उच्चतम न्यायालय ने ''तिरुपति लड्डू'' विवाद मामले में मुकदमा दर्ज होने और विशेष जांच दल (एसआईटी) से जांच कराने का आदेश देने से पहले आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू की ओर से प्रसाद में कथित तौर पर दूषित घी के इस्तेमाल के बारे में बयान देने पर सोमवार को नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि उसे उम्मीद है कि देवताओं को राजनीति से दूर रखा जाएगा।

न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन की पीठ ने कहा कि 18 सितंबर को प्रेस के सामने बयान देने का औचित्य क्या था? इस बात का कोई ठोस सबूत नहीं था कि लड्डू बनाने में वास्तव में दूषित घी का इस्तेमाल किया गया था। पांच आपूर्तिकर्ता थे। जिनमें से केवल एक की आपूर्ति दूषित पाई गई। पीठ ने यह भी पूछा कि क्या सभी आपूर्तिकर्ताओं से प्राप्त घी को इस्तेमाल से पहले मिलाया गया था। पीठ ने कहा कि हमारा प्रथम दृष्टया मानना है कि जब जांच लंबित थी तो सर्वोच्च संवैधानिक पद पर बैठे व्यक्ति के लिए बयान देना उचित नहीं था। शीर्ष अदालत भाजपा नेता सुब्रमण्यम स्वामी, इतिहासकार डॉ. विक्रम संपत, सुदर्शन टीवी चैनल के संपादक सुरेश चव्हाण और एक अन्य व्यक्ति के द्वारा दायर याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी।

पीठ ने सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता से यह निर्देश लेने को कहा कि क्या राज्य सरकार द्वारा गठित वर्तमान एसआईटी को ही जारी रहने दिया जाना चाहिए या कोई अन्य एसआईटी गठित की जानी चाहिए। आंध्र प्रदेश सरकार और तिरुमला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) बोर्ड की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी और सिद्धार्थ लूथरा ने मुख्यमंत्री के 18 सितंबर को दिए गए बयान का बचाव करने का प्रयास किया। उन्होंने कहा कि चूंकि आपूर्ति (घी की) मानकों के अनुरूप नहीं पाई गई थी, इसलिए इसे परीक्षण के लिए आनंद में राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड की प्रयोगशाला में भेजा गया था। जांच की रिपोर्ट आने के बाद मिलावट संबंधी जानकारी सामने आई।

### दुनियाभर के भक्तों की भावनाएं आहत हुईं

सुब्रमण्यम स्वामी के वकील ने कहा कि वह इससे चिंतित हैं कि मुख्यमंत्री ने किस आधार पर स्पष्ट बयान दिया है, क्योंकि इससे देवता के प्रति सम्मान कम हुआ और दुनिया भर के भक्तों की भावनाएं आहत हुई हैं। अधिवक्ता लूथरा और रोहतगी ने स्वामी पर टीटीडी के पूर्व अध्यक्ष वाई वी सुब्बा रेड्डी के पक्ष में बोलने का आरोप लगाया। रेड्डी ने घी के स्रोत और गुणवत्ता पर विस्तृत फॉरेंसिक रिपोर्ट तथा भक्तों की भावनाओं की रक्षा के लिए मुद्दे को प्रचारित करने पर अस्थायी रोक लगाने को अलग से याचिका दायर की है।

### दूषित घी का प्रयोग अस्वीकार्य, जांच होनी चाहिए कि कौन है जिम्मेदार

सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि यह आस्था का मामला है और यदि दूषित घी का उपयोग किया गया है तो यह अस्वीकार्य है। इसकी जांच की जानी चाहिए कि इसके लिए कौन जिम्मेदार है। शीर्ष अदालत ने तीन अक्टूबर को अगली सुनवाई पर सॉलिसिटर जनरल से जवाब मांगा है। नायडू ने दावा किया था कि राज्य में पिछली वाई एस जगनमोहन रेड्डी के नेतृत्व वाली सरकार के दौरान तिरुपति के लड्डू बनाने में पशु वसा का उपयोग किया गया था, जिससे बड़ा विवाद शुरू हो गया।

## केजरीवाल-आतिशी के खिलाफ कार्यवाही पर लगी रोक

**मानहानि मामला**





**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी और 'आप' के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल के खिलाफ मानहानि के एक मामले को रद्द करने से इनकार किए जाने संबंधी उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती देने वाली उनकी एक याचिका पर सोमवार को दिल्ली सरकार तथा भाजपा नेता राजीव बब्बर से जवाब मांगा। न्यायमूर्ति ऋषिकेश रॉय और न्यायमूर्ति एसवीएन भट्टी की पीठ ने इस विषय में नोटिस जारी किया और निचली अदालत में कार्यवाही पर रोक लगा दी।

आतिशी और केजरीवाल की ओर से शीर्ष अदालत में पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी ने दलील दी कि मानहानि मामला भाजपा की दिल्ली इकाई के अधिकृत प्रतिनिधि के रूप में बब्बर द्वारा दायर किया गया है।

# डेढ़ गुना बढ़ा चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों का वर्दी भत्ता

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- दो लाख कर्मियों और एक लाख वाहन चालकों को मिली राहत
- मुख्य सचिव समिति की सिफारिश पर राज्यपाल ने दी स्वीकृति

**अमृत विचारः** प्रदेश सरकार ने सभी राजकीय विभागों समेत सचिवालय में तैनात चतुर्थ श्रेणी कर्मियों और वाहन चालक संवर्ग के वर्दी भत्ता में डेढ़ गुना की बढ़ोत्तरी की है। मुख्य सचिव समिति की सिफारिश को राज्यपाल ने मंजूरी दी है। पांच साल बाद भत्ता बढ़ने से करीब दो लाख कर्मियों और एक लाख वाहन चालकों को राहत मिली है।

वित्त विभाग के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार ने सोमवार को सचिवालय प्रशासन समेत अलग-अलग प्रमुख सचिवों को बढ़ोत्तरी से संबंधी शासनादेश भेजा है। चतुर्थ श्रेणी में दफ्तरी, जमादार, चपरासी, चौकीदार और सफाईकर्मी शामिल हैं। सभी विभागों के चतुर्थ श्रेणी व वाहन चालक संवर्ग के लिए वर्दी, वर्दी नवीनीकरण, धुलाई भत्ता और सिली वर्दी लेने के लिए तय रकम में अलग-अलग वृद्धि की गई है। वर्दी नवीनीकरण की समय सीमा भी घटा दी गई है। वर्दी धुलाई की दरें 40 से बढ़ाकर 90 रुपये की गई है। चालकों के लिए हर दो साल में एक जोड़ी जूता-मोजा और पांच साल में एक छाता भी मिलेगा।

### चतुर्थ श्रेणी कर्मी व चालक के लिए वर्दी की दरें

| वर्दी | भत्ता | नई संस्तुति |
|---|---|---|
| ग्रीष्मकालीन | 680 | 1020 |
| शीतकालीन | 1310 | 1965 |
| जूता | 164 | 246 |
| कंबल | 200 | 300 |
| छाता | 96 | 144 |
| रेनकोट (5 वर्ष पर) | 500 | 750 |

(नोट : सभी आंकड़े रुपये में)

### बगैर वर्दी ड्यूटी आने पर होगी कार्रवाई

एसीएस दीपक कुमार ने स्पष्ट निर्देश दिया है कि जिन कर्मचारियों को वर्दी अथवा वर्दी भत्ता दिया जा रहा है, उन्हें ड्यूटी पर वर्दी पहनना अनिवार्य होगा। वर्दी न पहनने पर संबंधित पर अनुशासनात्मक कार्रवाई होगी।

## अयोध्या गैंगरेप : पीड़िता के भ्रूण से मोईद का डीएनए मैच नहीं हुआ

विधि संवाददाता, लखनऊ

- मामले में दूसरे अभियुक्त राजू की डीएनए रिपोर्ट आई पॉजीटिव, 3 को होगी सुनवाई

**अमृत विचार :** अयोध्या दुष्कर्म मामले में पीड़िता के भ्रूण की डीएनए रिपोर्ट आ गई है। जो मुख्य अभियुक्त और सपा नेता मोईद अहमद के डीएनए से मेल नहीं खा रही है। सोमवार को इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच में मामले की सुनवाई के दौरान उक्त डीएनए रिपोर्ट राज्य सरकार की ओर से न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत की गई। हालांकि मामले की सुनवाई नहीं हो सकी, न्यायालय ने अगली सुनवाई के लिए 3 अक्टूबर तिथि नियत की है।

यह आदेश न्यायमूर्ति पंकज भाटिया की एकल पीठ ने अभियुक्त मोईद अहमद की जमानत याचिका पर पारित किया। पिछली सुनवाई के दौरान न्यायालय ने निदेशक, विधि विज्ञान प्रयोगशाला को एक सप्ताह में रिपोर्ट प्रस्तुत करने का आदेश दिया था। अभियुक्त के अधिवक्ता ने बताया कि आदेश के अनुपालन में प्रस्तुत की गई रिपोर्ट में दूसरे अभियुक्त राजू से डीएनए मेल खाने की बात तो कही गई है लेकिन मोईद अहमद से नहीं। मोईद की ओर से दलील दी गई कि वह 71 वर्ष का वृद्ध है और मामले में उसे राजनीतिक कारणों से फंसाया गया है। वहीं राज्य सरकार का कहना है कि मामला बहुत ही गंभीर प्रकृति का है, पीड़िता नाबालिग है जिसके साथ दुराचार का आरोप अभियुक्त व उसके नौकर पर है। पीड़िता गर्भवती भी हो गई थी, गर्भपात के पश्चात डीएनए जांच के लिए सैंपल भेजा गया था।

## प्रदेश के 4000 क्रय केंद्रों पर आज से होगी धान की खरीद

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** पश्चिम उत्तर प्रदेश के मेरठ, सहारनपुर, मुरादाबाद, बरेली, आगरा, अलीगढ़, झांसी और लखनऊ संभाग के हरदोई, लखीमपुर खीरी, सीतापुर जिलों में धान की खरीद मंगलवार से शुरू हो जाएगी। किसानों से धान खरीद को लेकर 31 जनवरी तक चलने वाली इस प्रक्रिया के लिए राज्य सरकार ने 4000 क्रय केंद्र बनाए हैं।

धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2300 व धान ग्रेड ए का 2320 रुपये प्रति कुंतल निर्धारित किया गया है। किसानों को धान की उतराई, छनाई व सफाई के मद में 20 रुपये प्रति कुंतल की दर से प्रतिपूर्ति की जाएगी। मुख्यमंत्री ने क्रय केंद्रों पर धान बेचने वाले किसानों को 48 घंटे के भीतर भुगतान कराने का निर्देश दिया है। खाद्य-रसद विभाग की ओर से धान खरीद के लिए पहली सितंबर से पंजीकरण शुरू हो गया था। 30 दिनों में अब तक लगभग 32 हजार किसानों ने पंजीकरण कराया है। कृषि विभाग के मुताबिक, खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 के लिए धान से आच्छादित क्षेत्रफल 61.24 लाख हेक्टेयर है। इस वर्ष धान का उत्पादन 265.54 लाख मीट्रिक टन अनुमानित है। औसत उत्पादन लगभग 43.36 कुंतल प्रति हेक्टेयर अनुमानित है।

# लेखपालों को दौड़ाकर पीटा, अभिलेख छीने

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद



- ग्राम उखरा में राजस्व टीम पर गांव वालों ने किया हमला
- एसडीएम, सीओ, जिला पंचायत अध्यक्ष के सामने मारपीट
- 28 सितंबर को गांव में जेसीबी से ढहाए गए थे 18 मकान

**अमृत विचार :** थाना नवाबगंज क्षेत्र के ग्राम उखरा में 28 सितंबर को प्रशासन ने जेसीबी से अवैध रूप से बने 18 मकानों को ढहा दिया था। सोमवार को राजस्व विभाग की टीम जांच करने गांव पहुंची तो जिला पंचायत अध्यक्ष मोनिका यादव, सीओ तथा एसडीएम की मौजूदगी में गांव वालों ने लेखपालों को दौड़ा-दौड़ाकर पीटा। उनसे सरकारी अभिलेख भी छीनकर गायब कर दिए गए।

ग्राम उखरा में पंचायत की भूमि पर 18 लोगों ने अवैध कब्जा कर मकान बनवा लिए थे। राजस्व एवं पुलिस प्रशासन ने 28 सितंबर को इन मकानों पर जेसीबी चलवा दी थी। इससे गांववाले नाराज थे। सोमवार को जिला पंचायत अध्यक्ष मोनिका यादव, पूर्व मंत्री नरेंद्र सिंह यादव, एसडीएम कायमगंज रविन्द्र सिंह, सीओ मोहम्मदाबाद अनिल कुमार लेखपालों के साथ गांव उखरा पहुंचे।

मोनिका यादव व नरेंद्र सिंह यादव गांव वालों से बातचीत कर रहे थे कि तभी गांव वालों ने राजस्व टीम पर हमला बोल दिया। ग्रामीणों ने दो लेखपालों रुद्र प्रताप सिंह और सौरभ पांडे को दौड़ा-दौड़ाकर पीटा। अभिलेख छीनकर फाड़ दिए। किसी तरह बचकर वे गांव से निकले।

लेखपालों की पिटाई की सूचना पर दर्जनों लेखपाल थाना नवाबगंज पहुंच गए और कार्रवाई की मांग पर धरने पर बैठ गए। इस संबंध में एसडीएम कायमगंज रविन्द्र सिंह ने बताया कि उनके सामने लेखपालों पर जानलेवा हमला किया गया है। हमलावरों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। लेखपाल संघ के अध्यक्ष अजीत दुबे ने बताया कि दो लेखपालों के साथ मारपीट हुई है। अभिलेख फाड़े गए हैं। तहरीर तैयार की जा रही है।

## टैंक की सफाई को उतरे तीन मजदूरों की दम घुटने से मौत

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी



- गणपति एग्री बिजनेस प्राइवेट लिमिटेड फैक्ट्री में हुआ हादसा

**अमृत विचार :** देवा मार्ग पर स्थित मुर्गी दाना और राइस ब्रान बनाने वाली फैक्ट्री के भूमिगत डीजल टैंक में उतरे तीन मजदूरों की दम घुटने से मौत हो गई। जबकि तीन अन्य श्रमिकों को लोगों ने सकुशल निकाल लिया। हादसा देवा मार्ग पर जहांगीराबाद थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम भटेहटा स्थित गणपति एग्री बिजनेस प्राइवेट लिमिटेड फैक्ट्री में हुआ। इस कारखाना परिसर में एक ओर राइस मिल तो कुछ ही दूरी पर मुर्गी दाना बनाने का भी प्लांट है। शाम करीब पांच बजे कारखाने में डीजल का टैंकर आया था। भूमिगत टैंक में डीजल डालने से पहले उसकी सफाई के लिए कहा गया। इस काम के लिए तीन मजदूर नीलेश (22) व सुनील (30) जहांगीराबाद, और धर्मेंद्र (22) जिला अंबेडकरनगर लगाए गए। काफी देर तक तीनों बाहर नहीं आए तो अन्य तीन साथी नीचे उतरे जहां पर तीनों मजदूर बेसुध पड़े हुए थे।

## वायुसेना के नए प्रमुख ने संभाला कार्यभार

**नई दिल्ली।** एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी के सोमवार को सेवानिवृत होने पर एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने वायु सेना के नए प्रमुख का कार्यभार संभाल लिया। एयर चीफ मार्शल चौधरी ने वायु सेना प्रमुख के रूप में तीन वर्ष का कार्यकाल पूरा होने पर वायु सेना मुख्यालय में एयर चीफ मार्शल सिंह को वायु सेना की कमान सौंपी। एयर चीफ मार्शल चौधरी ने सुबह राष्ट्रीय युद्ध स्मारक जाकर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। एयर चीफ मार्शल सिंह फरवरी 2023 से वायु सेना उप प्रमुख की जिम्मेदारी संभाल रहे थे। इस मौके पर वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

**निष्क्रिय उपभोक्ता** | खाद्य एवं रसद विभाग ने एनआईसी को दिए निर्देश, रद भी किये जा सकते हैं कार्ड

# पांच माह से नहीं लिया राशन, होल्ड हुए 6 .75 लाख कार्ड

राजीव शुक्ला, लखनऊ



### प्रदेश के कार्डधारकों की स्थिति

| | |
|---|---|
| पात्र गृहस्थी कार्डधारक- | 3,18,28,499 |
| अंत्योदय श्रेणी के कार्डधारक- | 40,89,480 |
| इतने कार्ड पर नहीं उठा राशन - | 6,75,753 |

**अमृत विचार :** सरकार की ओर से पात्र गृहस्थी के राशन कार्ड धारकों को हर माह प्रति कार्ड प्रति यूनिट 5 किलोग्राम राशन मुफ्त दिया जाता है। प्रदेश में 6 लाख 75 हजार ऐसे पात्र गृहस्थी श्रेणी के राशन कार्ड धारक हैं, जो पिछले करीब पांच माह से सरकारी राशन नहीं ले रहे हैं। खाद्य एवं रसद विभाग ने लंबे समय से निष्क्रिय इन राशन कार्डों को होल्ड पर रख दिया है। आशय यह है कि इन कार्ड का उपयोग फिलहाल धारक राशन लेने में तत्काल नहीं कर सकेंगे। इसे लेकर एनआईसी को निर्देश दे दिए गए हैं। अगर किसी जरूरत के तहत होल्ड किए गए ये कार्ड धारक आते हैं तो उसे इस व्यवस्था से मुक्त भी किया जाएगा। इसके लिए डीएसओ को अधिकृत किया जा रहा है। मंशा है कि इन कार्ड का दुरुपयोग न हो सके और नए जरूरतमंदों को जोड़ा जा सके।

वर्तमान में दो श्रेणी के राशन कार्ड सरकार की ओर से मान्य हैं। पात्र गृहस्थी कार्डधारकों की संख्या प्रदेश में 3,18,28,499 है। इन्हें वर्तमान में प्रति कार्ड प्रति यूनिट 5 किलोग्राम राशन मुफ्त दिया जा रहा है। जबकि अंत्योदय श्रेणी के कार्ड धारकों की संख्या 40,89,480 है और इन्हें प्रति कार्ड 35 किलोग्राम के हिसाब से मुफ्त राशन दिया जाता है। पिछले दिनों प्रदेश के नॉन-ट्रांजेक्टेड राशन कार्डों की समीक्षा में खुलासा हुआ कि यूपी में 6,75,753 पात्र गृहस्थी श्रेणी के राशन कार्ड ऐसे हैं, जिन पर पांच महीनों से (अप्रैल 24 से अगस्त 24 तक) राशन का उठान नहीं हुआ है। कार्डधारकों ने नेशनल पोर्टेबिलिटी व्यवस्था के तहत किसी दूसरे राज्य की दुकान से भी मुफ्त राशन नहीं लिया। इससे स्पष्ट होता है कि इन कार्ड धारकों को मुफ्त राशन की जरूरत नहीं है।

### पात्र के बनाए जाएं कार्ड

अपर आयुक्त खाद्य प्रभाष कुमार ने एनआईसी के वरिष्ठ तकनीकी निदेशक राजीव रस्तोगी को पत्र लिख कर निष्क्रिय इन 6,74,753 राशन कार्डों को होल्ड करने को कहा है। साथ ही निष्क्रिय कार्डों को होल्ड पर डालने के बाद राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा कानून के तहत उनकी जिलावार रिक्तियां सृजित करने को कहा है, ताकि उनके स्थान पर दूसरे पात्र लोगों के नए कार्ड बनाए जा सकें।

## एक नजर

### सड़क बनी नहीं और हो गया लाखों रुपये का भुगतान

**हरदोई, अमृत विचार।** सचिव ने खेल करते हुए गलियारे की इंटरलॉकिंग के लिए आए लाखों रुपये हड़प कर लिए। इसका खुलासा खुद प्रधान ने करते हुए मुख्यमंत्री को चिट्ठी भेजी है। प्रधान का कहना है कि सचिव ने पीएफएमएस सिस्टम डोंगल से 3 लाख 1142 रुपये हड़प कर लिए। धोखाधड़ी का पता तब चला जब फर्म की तरफ से भुगतान करने के लिए कहा गया, जबकि सचिव पहले ही उसी फर्म के नाम से भुगतान नगद कर चुका था। टड़ियावां ब्लाक की ग्राम पंचायत शिवरी की प्रधान रामलली ने मुख्यमंत्री को भेजी चिट्ठी में कहा है कि ग्राम सभा में गलियारों की इंटरलॉकिंग होने के लिए 4,15950 रुपये का बजट पास हुआ था। आरोप है कि सचिव ने पीएफएमएस सिस्टम डोंगल की बहाने से ओटीपी पता कर इंटरलॉकिंग के लिए फर्मों के नाम से रुपये का भुगतान ले लिया। जब उसने इस बारे में सचिव से पूछताछ की तो न सिर्फ गाली-गलौज की गई, बल्कि उसने प्रधान को धमकी तक दे डाली गई।

### रेलवे ट्रैक पर पड़ा मिला युवक का शव, शिनाख्त हुई

**शाहाबाद।** गोरिया गांव के पास रेलवे ट्रैक पर युवक का शव पड़ा मिला। कोतवाली पुलिस ने शव को रेलवे ट्रैक से हटवाकर शिनाख्त कराई। युवक हुसैनपुर गांव का रहने वाला है। शाहाबाद कोतवाली क्षेत्र के एगमा रेलवे स्टेशन के निकट गोरिया गांव के पास रेलवे ट्रैक पर युवक का शव पड़ा होने की कोतवाली पुलिस को सूचना मिली। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव की शिनाख्त कराई। उसकी पहचान शीपू (21) पुत्र मूलचंद निवासी हुसैनपुर के रूप में हुई। परिजनों के अनुसार शीपु मानसिक रूप से विक्षिप्त था।

### गल्ला मण्डी के पल्लेदार का फंदे से लटका मिला शव

**हरदोई, अमृत विचार।** खेती-बाड़ी के अलावा गल्ला मण्डी में पल्लेदारी करने वाले युवक का शव गांव के बाहर पेड़ पर फंदे से लटका मिला। पुलिस के साथ पहुंची फोरेंसिक टीम ने जांच पड़ताल की। माधौगंज थाने के रूदामऊ निवासी विनोद कुमार (30) खेती-बाड़ी के अलावा माधौगंज की गल्ला मण्डी में पल्लेदारी कर पत्नी व बेटी के साथ गुज़र-बसर कर रहा था। रविवार को विनोद का शव गांव के बाहर पेड़ पर फांसी पर लटका मिला। घटना से विनोद की पत्नी और बेटी आरुषि (8) बेहाल हैं।

# तीनों दोस्तों का एक साथ हुआ अंतिम संस्कार

## शनिवार को एक्सप्रेस-वे पर दुर्घटना में हुई थी मौत, एक साथ तीन मौतों से परिजनों में कोहराम

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** रोजगार अलग-अलग होने के बावजूद मल्लावां के गोविंद, अनुज और विकास की दोस्तीं ऐसी थी कि तीनों एक-दूसरे पर जान छिड़कते थे। कहीं भी जाना हो तो तीनों साथ ही जाते थे। लेकिन उन्हें क्या पता था कि मौत भी तीनों को एक साथ ही लेकर जाएगी। शनिवार के दिन तीनों बाइक से लखनऊ गए और वहीं से वापस घर लौट रहे थे। उसी बीच लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे पर गौरिया गांव के पास हुए हादसे में तीनों की मौत हो गई। खबर से समूचे मल्लावां में कोहराम मच गया। सोमवार को पोस्टमार्टम के बाद तीनों के शव परिजनों को सौंपे गए। जिसके बाद मेंहदी घाट पर एक साथ ही तीनों का अंतिम संस्कार किया गया।

बता दें कि मल्लावां कस्बे में सण्डीला रोड पर रहने वाले गोविंद (20) पुत्र मोतीलाल व उसी के पड़ोसी अनुज (18) पुत्र अवधेश और विकास शर्मा (19) पुत्र रामचंद्र आपस में काफी गहरे दोस्त थे। शनिवार को तीनों बाइक से लखनऊ गए थे। वहीं से शाम को वापस लौट रहे थे। उसी बीच लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे पर उन्नाव ज़िले के गौरिया थाना बेहटा मुजाबर के पास हुए सड़क हादसे में गोविंद व अनुज की वहीं पर मौत हो गई, जबकि विकास को सीएचसी बांगरमऊ में भर्ती कराया गया। वहां से उसे लखनऊ ट्रामा सेंटर भेज दिया गया, जहां अगले दिन रविवार की देर रात उसकी भी मौत हो गई। सोमवार को उन्नाव में हुए पोस्टमार्टम के बाद तीनों शवों को मल्लावां लाया गया, एक साथ 3-3 शवों को देख कर हर किसी की आंखे बरस पड़ी। गोविंद, अनुज और विकास के घर में मचे कोहराम और चीखने-चिल्लाने की आवाज़ ने पत्थर दिल वालों को भी बदहवास कर दिया। उसके बाद तीनों शवों को मेंहदी घाट पर एक ही साथ ही अंतिम संस्कार किया गया।



गोविंद, अनुज व विकास की फाइल फोटो।

### नहीं थम रहा आंसुओं का सैलाब

सड़क हादसे का शिकार हुए उन तीनों दोस्तों के न सिर्फ घर वालें बल्कि आस-पड़ोस के ही नहीं, जिनसे दूर-दूर तक कोई नाता नहीं था, उनकी भी आंखों में आंसू थे। रोते-रोते घर वालों का गला तक सूख गया और आंखे लाल हो गई, लेकिन आंसू ही कि रुकने का नाम ही नहीं ले रहें है।

### बहुत कुछ करने की पाल रखी थी तमन्ना

गोविंद वेल्डिंग का काम करता था और वह मैकेनिकल में शोहरत बटोरना चाहता था, अनुज हार्डवेयर की दुकान करता था, लेकिन उसने कामयाब बिजनेसमैन बनने का ख्वाब देख रखा था, जबकि अनुज अपने पिता के साथ खेती-बाड़ी में हाथ बंटाता था। उसके अंदर एक सम्पन्न किसान बनने की चाहत थी। तीनों दोस्तों ने अपने मन में तमन्नाओं का महल खड़ा कर रखा था, लेकिन पलक झपकते हुए हादसे ने सब कुछ तहस-नहस कर दिया।

### जनप्रतिनिधि भी पहुंचे शोक जताने, बंधाया ढांढस

गोविंद, अनुज और विकास की मौत की खबर सुनते ही हर कोई चौक गया। मल्लावा-बिलग्राम से विधायक आशीष सिंह आशू, नगर पालिका परिषद अध्यक्ष के प्रतिनिधि परवेज़ आलम, पूर्व अध्यक्ष के प्रतिनिधि विशाल जायसवाल ने परिजनों से मिलकर शोक जताया।



अखाड़े का फीता काटकर उद्घाटन करतीं जिला पंचायत अध्यक्ष प्रेमावती।

## जल विहार मेले में दंगल का हुआ आयोजन

**मल्लावां, हरदोई, अमृत विचार।** विकास खण्ड क्षेत्र के गांव बांसा जल बिहार मेले में दंगल का आयोजन किया गया है। मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष प्रेमावती व पीके वर्मा ने अखाड़े का फीता काट कर किया। आचार्य पं मनीष अग्निहोत्री ने अखाड़े में भगवान हनुमान जी महाराज का पूजन कराया। पूर्व ब्लाक प्रमुख विवेक कुमार सिंह, सदस्य जिला पंचायत विवेक कुमार, रवी वर्मा, विनीत वर्मा ने माला पहनाकर व कार्यक्रम आयोजक ग्राम प्रधान सम्पूर्णानंद सिंह पूनम पुष्प गुच्छ भेंट कर मुख्य अतिथि स्वागत किया। सुल्तान पहलवान देवा रामू उत्तराखंड के बीच हुए दांव पेंच, बजरंगी दास अयोध्या हनुमान गढ़ी के साथ संजय राजस्थान, बंवडर राजस्थान व विक्की अयोध्या के साथ दांव पेंच खूब हुए। महिला पहलवान सरिता हरियाणा व अनीता बनारस के बीच हुए मुकाबले ने दर्शकों का मनमोह लिया है। दोनों रेफरी के निर्णय हुए सर्वमान्य हुए। दंगल स्थल पर अंतर्राष्ट्रीय व ग़ैर प्रांत से पहलवानों का जम घट लगा है। दर्शकों ने ट्रैक्टर ट्रालियों व पेड़ों पर चढ़ कर लुत्फ़ उठाया व तालियां बजाई। मंच का संचालन प्रवीण कुमार के द्वारा किया गया है। इस मौके पर ग्राम प्रधान गोपाल, प्रदीप दीक्षित, पवन कुमार, अखिलेश, विनय, रामदत्त मिश्रा सहित सैकड़ों दर्शक मौजूद रहे हैं।

## अतिक्रमण हटाने को लेकर व्यापारियों और ईओ की हुई बैठक

**मल्लावां, हरदोई, अमृत विचार।** कस्बे में अतिक्रमण हटाने को लेकर अधिशाषी अधिकारी और व्यापारियों के मध्य बैठक का आयोजन हुआ। व्यापारियों ने त्योहारों को लेकर दीपावली के बाद अतिक्रमण हटाने की मांग की। कस्बे में नगर पालिका प्रशासन की ओर से 1 अक्टूबर से अतिक्रमण हटाने का अभियान चलाया जाना था। उद्योग व्यापार संगठन के अध्यक्ष नीलेश गुप्ता के नेतृत्व में सोमवार को अधिशाषी अधिकारी राजेश राणा के साथ बैठक हुई। जिसमें नीलेश गुप्ता ने बताया कि आने वाले दिनों में बड़े त्योहार हैं। अगर अभी से अतिक्रमण हटाने का काम चलेगा तो व्यापार प्रभावित होगा। कहा कि जब भी अतिक्रमण हटाया जाए तो एक मानक तय कर लिया जाए। नाले, नालियों पर किसी का स्थाई अतिक्रमण हो तो उसे पहले नोटिस दिया जाए। उसके बाद ही अतिक्रमण हटाया जाय।

## तेज रफ्तार टेंपो पलटा, एक की मौत व छह घायल

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** सिरदार नगर बॉर्डर के पास तेज रफ्तार टेंपो पलट गया, जिसमें बैठे सात यात्री घायल हुए हैं। घायलों को सीएचसी लाया गया। जहां डॉक्टरों ने एक बुजुर्ग यात्री को मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान बालक राम मोहल्ला मौलागंज थाना शाहाबाद के रूप में हुई है। कोतवाली के अल्लाहपुर तिराहा से एक टेंपो चालक ओवरलोड सवारियां भरकर शाहजहांपुर जा रहा था। सिरदार बॉर्डर के पास तेज रफ्तार होने की वजह से टेंपो अनियंत्रित हो गया और पलट गया जिसमें दो महिलाओं सहित सात यात्री जख्मी हो गए। मामूली रूप से घायल सभी यात्रियों को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई।

## गौशाला के केयर टेकर ने पांच पर दर्ज कराया केस

**हरदोई, अमृत विचार।** गौशाला में तैनात केयर टेकर ने जबरन गौशाला में घुसने और मरे हुए गोवंश के वीडियो बनाकर वायरल करने का आरोप लगाते हुए पांच लोगों के विरुद्ध रिपोर्ट लिखाई है। टड़ियावां थाने के भैंसरी निवासी रामनाथ गांव के गौ आश्रय स्थल में संरक्षित पशुओं की देखभाल करता है। उसने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि 28 सितंबर की सुबह गांव के संजय, सूरज, आकाश, सौरभ, सौरभ और रेशमा गौशाला आए और मृत गोवंश को दफनाने जा रहे थे। कहा कि आरोपी वीडियो बनाते हुए गौशाला में जबरन घुसने का प्रयास करने लगे। गेट न खोलने पर गाली गलौज करते हुए मारपीट पर आमादा हो गए। कोतवाल अशोक कुमार सिंह ने बताया कि आरोपितों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर दी गई है। उधर, आरोपितों ने कहा कि केयरटेकर ने बीमार और भूख प्यास से मरे गोवंश को चोरी छिपे दफनाने जा रहे हैं। जिसकी उन्होंने वीडियो बनाकर वायरल की है।












## एक नजर

### रामलीला के मंच पर आज होगा विराट कवि सम्मेलन

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** पठकाना रामलीला मेला समिति के मंच पर आज एक विशाल कवि सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। जिसकी तैयारियां युद्धस्तर पर प्रारंभ कर दी गई है। मेला मीडिया प्रभारी ओम देव दीक्षित ने बताया कवि सम्मेलन में कमलनाथ तिवारी बरेली, दुर्गेश पांडे अयोध्या, विशेष शर्मा शारदा नगर खीरी, हेमा पांडे लखनऊ, स्वाति लखनऊ, सुनीत वाजपेई जंग बहादुर गंज खीरी, अरविंद कुमार मैगलगंज खीरी, शुभम शुक्ला सिंधौली सीतापुर एवं अजीत शुक्ला हरदोई सहित तमाम अग्रिम कवि कार्यक्रम में भाग लेंगे।

### अधिवक्ता के साथ गाली-गलौज करने पर केस दर्ज

**हरदोई, अमृत विचार।** टड़ियावां के बहोरवा निवासी सत्येंद्र कुमार मिश्र ने एसपी नीरज कुमार जादौन को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि वह अधिवक्ता है। 24 सितंबर की शाम खेत से घर लौटते समय नहर पुल पर शराब के नशे में धुत उसके गांव के रहने वाले अशोक ने गालियां देते हुए जानमाल की धमकी दी। एसपी ने अधिवक्ता की शिकायत पर रिपोर्ट दर्ज करने के पुलिस को आदेश जारी किया। एसएचओ अशोक कुमार सिंह ने बताया कि मामले की रिपोर्ट दर्ज कर दी गई है। जांच हरिहरपुर चौकी प्रभारी मुकुट सिंह यादव को सौंपी गई है।

### धर्म परिवर्तन को लेकर हंगामा, पुलिस की जांच शुरू

**हरदोई, अमृत विचार।** हिंदू देवी-देवताओं के बारे में गलत टिप्पणी करते हुए लोगों को धर्म परिवर्तन के लिए उकसाने में पुलिस ने दो आरोपियों को हिरासत में लिया है। सीओ बिलग्राम सुनील कुमार शर्मा को जांच सौंपी गई है। आरोप है कि साण्डी थाने के ताले पुरवा में कुछ लोग महिलाओं को धर्म परिवर्तन करने के लिए उकसा रहे है। सूचना मिलने पर बजरंग दल कार्यकर्ता आदर्श श्रीवास्तव ने पुलिस से शिकायत की। गांव निवासी दिनेश की तरफ से दी गई तहरीर में धर्मेंद्र व नरेंद्र के खिलाफ धर्म परिवर्तन के लिए उकसाने का आरोप लगाया गया है। दोनों आरोपी हरदोई के बताए गए हैं। पुलिस ने दो लोगों को हिरासत में लेते हुए पूछताछ शुरु कर दी है।

# निर्माण कार्यों में गुणवत्ता व समय सीमा का रखें पूरा ध्यान

## मंत्री नितिन अग्रवाल ने की निर्माण एवं विकास कार्यों की समीक्षा, गौशालाओं की जांच को कमेटी बनाने का निर्देश

संवाददाता, हरदोई


समीक्षा बैठक करते राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नितिन अग्रवाल। अमृत विचार

**अमृत विचार।** राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नितिन अग्रवाल ने विकास भवन सभागार में निर्माण कार्यों की समीक्षा की। मंत्री ने कहा कि निर्माण कार्यों की गुणवत्ता का पूरा ध्यान रखा जाये। सड़कों का निर्माण कार्य समय सीमा के अंतर्गत पूरा किया जाये। उन्होंने सेतु निगम को निर्देश दिया कि सेतु परियोजनाओं में गुणवत्ता व समय का पूरा ध्यान दिया जाये। यूपीपीसीएल को निर्देश दिए कि गौशालाओं का निर्माण तेजी से गुणवत्ता के साथ पूरा किया जाये। पूर्ण गौशालाओं के लिए एक जांच कमेटी बनाई जाये। आयुष चिकित्सालय की प्रगति बढ़ाई जाये। कस्तूरबा गांधी विद्यालय बिलग्राम के कार्य को जल्द पूर्ण करके हैण्डओवर किया जाये। सीएनडीएस को प्रोजेक्ट अलंकार के कार्यों को तेजी से कराने के निर्देश दिए। पीएमजीएसवाई को सभी तीनों कार्य तेजी से पूर्ण करने के निर्देश दिए। यूपीसिडको को बालिका छात्रावास व पीएचसी गोड़वा का निर्माण तेजी से कराने को कहा।

कहा कि नर्सिंग कॉलेज के निर्माण की गति बढ़ाई जाये। राजकीय आईटीआई संडीला में मुख्य विकास अधिकारी द्वारा इंगित की गयी कमियों को दूर किया जाये। संडीला में कृषि विभाग के गोदाम के निर्माण में पीला ईंट आने पर यूपीसीएलडीएफ को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। कहा कि सभी 6 कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों को शीघ्र प्रारम्भ किया जाये। पर्यटन के विकास के लिए नये स्थान लिए जाएं। वंदन योजना के अंतर्गत भी प्रतिवर्ष स्थान चिन्हित किये जाये। सिंचाई विभाग को कटाव रोधक कार्यों के प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए। स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिए कि एंटी लार्वा का छिड़काव व स्वास्थ्य कैम्प लगाने के निर्देश दिया। प्रधानाचार्य मेडिकल कॉलेज को निर्देश दिए कि दवाओं की पर्याप्त उपलब्धता रखी जाये। पंजीकरण काउंटरों व दवा वितरण काउंटरों की संख्या बढ़ाई जाये। दवाएं बाहर न लिखी जाएं। बिजली विभाग निर्देश दिए कि विद्युत व्यवस्था को निर्बाध रखा जाये। ऑपरेशन त्रिनेत्र के अंतर्गत ग्रामों में कैमरे लगाए जाएं। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरुरानी, अपर जिलाधिकारी प्रियंका सिंह व अन्य सम्बंधित अधिकारी मौजूद रहे।

### एफआईआर दर्ज करने में लापरवाही न करे पुलिस

बैठक में पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार जादौन ने पुलिस विभाग की रिपोर्ट को मंत्री के समक्ष रखा। मंत्री ने कहा कि एफआईआर दर्ज करने में लापरवाही न की जाये। महिला अपराधों के मामले में सख्त कार्रवाई की जाये। माफिया को किसी भी कीमत पर बख्शा न जाये। गरीबों से सम्बंधित योजनाओं में शासन की मंशानुरूप लाभ पात्रों तक पहुंचाने के लिए गंभीरता से कार्य किया जाये।

### मंत्री ने किया टाटा वर्कशॉप का निरीक्षण

राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नितिन अग्रवाल ने जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह व मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरुरानी के साथ राजकीय आईटीआई में स्थित टाटा वर्कशॉप का निरीक्षण किया। उन्होंने हॉल में स्थापित मशीनों को देखा। ऑटोमेटिक टूल मेकिंग मशीन के पास जाकर उन्होंने प्रशिक्षक से मशीन की कार्य प्रणाली की जानकारी ली। आईटीआई में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं से उन्होंने संवाद किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य आईटीआई व अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## प्रतिबंधित पेड़ काटने पर पांच के खिलाफ केस

**हरदोई, अमृत विचार।** अवैध रूप से हरे पेड़ों के कटान पर पांच लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। सदर वन रेंज के वन रक्षक राहुल कुमार ने पुलिस को तहरीर में बताया कि थाना क्षेत्र के ग्राम सैमरौली में प्रतिबंधित प्रजाति के पेड़ काटे जाने की सूचना मिली। इसकी जानकारी होने पर 23 सितंबर को मौके पर पहुंचे। उसने पुलिस को तहरीर में आगे बताया कि जांच व पूछताछ करने पर पता चला कि सैमरोली गांव के उत्तर दिशा स्थित बाग में प्रतिबंधित प्रजाति के गूलर के छह पेड़ रात में काटकर मौके से लकड़ी भी गायब कर दी गई। इस मामले में पुलिस ने उसकी के मुताबिक सैमरौली गांव के रहने वाले रामदेव, मस्तराम, दीपक, श्रवन और रामबेटी के खिलाफ वन संरक्षण अधिनियम की धारा में रिपोर्ट दर्ज की गई है। एसएचओ अशोक कुमार सिंह ने बताया कि मामले की जांच एसआई पंकज को सौंपी गई है।

# बुजुर्गों से हमेशा सही मार्ग पर चलने की मिलती है शिक्षा

संवाददाता, टोंडरपुर, हरदोई


कालेज में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते एसपी नीरज जादौन।

**अमृत विचार।** बेहटा गोकुल थाना क्षेत्र के ग्रामोदय इंटर/डिग्री कालेज में अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस की पूर्व संध्या पर वरिष्ठ नागरिकों को सम्मानित करने के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि एसपी नीरज कुमार जादौन ने वरिष्ठ जनों का शाल और माला पहना कर स्वागत किया।

छात्र-छात्राओं व क्षेत्रवासियों को संबोधित करते हुए एसपी ने कहा अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस को ही नहीं बल्कि पूरे वर्ष के हर दिन को वृद्धजन सम्मान दिवस के रूप में मनाया जाना चाहिए। हमारे बुजुर्गों से हमें हमेशा सही मार्ग पर चलने की शिक्षा मिलती है। घर के बुजुर्गों की छाया में ही हम लोग आगे बढ़ते हैं और कामयाब होकर उनका सम्मान बढ़ाते हैं। कभी भी किसी बुजुर्ग का अपमान नहीं करना चाहिए। कार्यक्रम के आयोजक ग्रामोदय विद्यालय के शिक्षक छात्र छात्राएं और क्षत्रिय नागरिक उपस्थित रहे।

## भरखनी ब्लॉक में क्षत्रिय महासभा की हुई बैठक

**भरखनी, हरदोई, अमृत विचार।** ब्लॉक सभागार में 12 अक्टूबर को विजयदशमी के कार्यक्रम को मध्य नजर रखते हुए क्षत्रिय महासभा की बैठक हुई। जिसमें क्षत्रिय महासभा के जिला अध्यक्ष राजपाल सिंह ने बताया कि क्षत्रिय समाज के सभी लोग मिलजुल कर रहे हैं। आपस की लड़ाई झगड़े से दूर रहे और अपने बच्चों को सही संस्कार दें व उनकी उच्च शिक्षा का विशेष ध्यान रखें। 12 अक्टूबर को विजयदशमी के प्रोग्राम पर सभी क्षत्रिय लोग ज्यादा से ज्यादा संख्या में हरदोई आए और सहयोग देकर कार्यक्रम को सफल बनाएं। बताया कि सभी लोग अपने क्षेत्र के मेधावी छात्रों को अवश्य लेकर आएं, जिससे उन सभी को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया जाए।

# आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार करेंगे युवा

संवाददाता, हरदोई,


प्रतिभागी छात्रा को प्रमाण पत्र सौंपती जिला पंचायत अध्यक्ष प्रेमावती।

**अमृत विचार।** सीएनएन महाविद्यालय के सभागार में सोमवार को सेवा पखवाड़ा के तहत आत्मनिर्भर भारत विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें वैभव प्रथम, प्रिया सिंह द्वितीय तथा शत्रुघ्न पाण्डेय ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष प्रेमावती मौजूद रहीं। मुख्य अतिथि ने कहा कि सरकार लगातार भारत को एक नई दिशा देने का कार्य कर रही है जिसके अंतर्गत युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है। उनको रोजगार की तरफ और स्वरोजगार की तरफ उन्मुख किया जा रहा है। जिससे युवाओं के साथ-साथ हमारा समाज हमारा प्रदेश और हमारा देश आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ेगा।

महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर केके सिंह ने कहा कि इंफ्रास्ट्रक्चर तथा मशीनीकरण के इस दौर में भारत बहुत तीव्र गति से अपने पैरों पर खड़ा हो रहा है, जिसमें हम सब एक विकसित भारत का संकल्प लिए आगे बढ़ रहे हैं। भाजपा जिला शिक्षक प्रकोष्ठ के पदाधिकारी अनुराग मिश्रा ने कहा कि देश और प्रदेश की सरकार ने जो आत्मनिर्भर भारत का सपना देखा है उसे 2047 तक पूरा करना है। कार्यक्रम का संचालन डॉ वीरपाल ने किया। निर्णायक की भूमिका में डॉ सचिन सिंह एवं डॉ किशोरी लाल रहे। इस अवसर पर डॉ शिवेंद्र सिंह, डॉ रजनीश कुमार डॉ प्रिया शर्मा माया प्रकाश सहित काफी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। राजकीय महाविद्यालय टोंडरपुर में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। शुरुआत प्राचार्य प्रोफेसर अरविंद कुमार ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करके किया। प्रतियोगिता में महाविद्यालय की छात्रा पायल मिश्रा, शिवानी, सलोनी, विकास, अंजलि अवस्थी, हर्षी, जूली, ज्योति, भावना, पलक, अंजली गुप्ता इत्यादि छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ जयंत कुमार, डॉ पूनम वर्मा, मिथलेश कुमार, कार्यालय सहायक जयप्रकाश उपस्थित रहे।

# कनिष्क मेहरोत्रा हत्याकांड के आरोपी को जमानत नहीं

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** वरिष्ठ अधिवक्ता कनिष्क मेहरोत्रा के हत्याकांड के मामले में एक अभियुक्त की जमानत अर्जी पर सोमवार को जिला राजकुमार सिंह ने सुनवाई की। जमानत देने का आधार पर्याप्त न मानते हुए जिला जज में जमानत अर्जी खारिज कर दी।

शासकीय अधिवक्ता सत्येंद्र कुमार सिंह ने बताया कि वरिष्ठ अधिवक्ता कनिष्क मेहरोत्रा की हत्या में शहर कोतवाली क्षेत्र के निवासी शिखर गुप्ता की ओर से जमानत अर्जी पेश की गई। जिसमें कहा गया कि आरोपित एक व्यवसाई है। जिसका कोई अपराधिक इतिहास नहीं है। घटना में संलिप्तता का कोई ठोस सबूत नहीं है। ऐसी हालत में आरोपित को जमानत पर रिहा किया जाए। प्रभारी जिला शासकीय अधिवक्ता ने जिला जज के समक्ष अपनी दलीलों को रखते हुए आरोपी को जमानत देने का विरोध किया। कहा कि जमानत पर आरोपित को छोड़ा जाना उचित नहीं होगा। इसके अलावा अन्य तथ्यों को रखकर जमानत दिए जाने का विरोध किया। जिला जज ने दोनों पक्षों की दलीलों को सुनकर आरोपित को जमानत पर छोड़े जाने का पर्याप्त आधार नहीं माना और उसकी जमानत अर्जी खारिज कर दी।

# भांजी के साथ दुष्कर्म में मामा को आजीवन कैद

संवाददाता, हरदोई



**अमृत विचार।** बालिका के साथ उसके मामा ने दुराचार किया। इस मामले में आरोपित मामा को जुर्म साबित होने पर अपर सत्र न्यायाधीश श्रद्धा तिवारी ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 50000 रुपये का जुर्माना भी लगाया है। जुर्माना धनराशि जमा होने पर संपूर्ण धनराशि पीड़िता को दिलाए जाने का आदेश दिया गया है।

शासकीय अधिवक्ता अमित शुक्ला के अनुसार थाना बेनीगंज क्षेत्र के जरौआ निवासी दीपक ने 14 जून 2020 की रात सात वर्षीय बालिका के साथ उसके रिश्ते के मामा ने दुराचार किया। इस मामले में रिपोर्ट बालिका के सगे मामा ने दर्ज कराई। कहा कि वह अपने परिवार के साथ घटना के पूर्व एक विवाह समारोह में शिरकत करने के लिए गया था। वापस में उसकी भांजी उसके साथ नहीं आई। रात करीब 1:15 बजे उसकी भांजी रोती हुई आई और उसने घटना के बारे में बताया।

कहा कि आरोपित उसे बहाने से बुला लिया और एक बाग में जाकर उसके साथ दुराचार किया। सत्य न्यायाधीश ने अदालत के समक्ष पेश हुए सबूत के आधार पर और दोनों पक्षों को सुनकर आरोपित पर जुर्म साबित पाया और उसे आजीवन कारावास की सजा सुनाई। जज ने आरोपी पर 50000 रुपये का जुर्माना भी लगाया।

### बालक के साथ कुकर्म में आजीवन कारावास

**हरदोई, अमृत विचार।** अपर सत्र न्यायाधीश हेमेंद्र कुमार सिंह ने बालक से कुकर्म करने के मामले में आरोपित को जुर्म साबित होने पर आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। यह सजा आरोपित को उसके शेष जीवनकाल तक चलेगी। जज ने आरोपी पर 60000 रुपये का जुर्माना भी लगाया है। जुर्माना की धनराशि जमा होने पर संपूर्ण धनराशि पीड़ित को दिलाया जाने का आदेश दिया गया है। इसके अलावा विभिन्न सरकारी योजनाओं के तहत 50000 रुपये अतिरिक्त धनराशि दिलाए जाने का भी आदेश दिया गया है। शासकीय अधिवक्ता मनीष श्रीवास्तव ने बताया कि थाना कछौना क्षेत्र के बालामऊ निवासी कुलदीप नाई 22 जुलाई 2020 की शाम तीन बजे एक 5 वर्षीय बालक के साथ कुकर्म किया। इस मामले की रिपोर्ट बालक के पिता ने दर्ज कराई। कहा कि घटना के पूर्व उसका बेटा बाहर खेल रहा था। आरोपित मिला और उसे बहाने से बुला ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। सत्र न्यायाधीश ने अदालत के समक्ष पेश हुए सबूत के आधार पर और दोनों पक्षों की दलीलों को सुनकर आरोपित पर जुर्म साबित पाया और उसे आजीवन कारावास की सजा सुनाई। जज ने आरोपी को 60000 रुपये जुर्माना अदा करने की सजा भी सुनाई है।

## सार-संक्षेप


प्रभातफेरी निकालते निकालते संत व श्रद्धालु। अमृत विचार

### नगर में धूमधाम से निकाली गई प्रभातफेरी

**हरदोई, अमृत विचार।** नुमाइश मैदान में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के पंचम दिवस सोमवार को श्रोता भक्तों ने सुबह 6 बजे प्रभातफेरी निकाली। वृंदावन से आए कथाव्यास कविचंद्र दास ने कहा कि ब्रह्म मुहूर्त में उठकर कीर्तन की फेरी निकालने से देश, समाज, पारिवारिक और व्यक्तिगत स्तर पर सारी समस्याओं का समाधान हो सकता है। भगवान का जन्म और कर्म दिव्य है, जो उसे तत्त्व से जान जाता है, उसका फिर पुनर्जन्म नहीं होता। वह कभी भवकूप में नहीं गिरता। श्रीकृष्ण की मनोहारी बाल लीलाएं सुनने से मन के कल्मश दूर हो जाते हैं। कथा में अमित गुप्ता, प्रभाकर अग्निहोत्री, अनुराग दीक्षित, राजेश गुप्ता, अरविंद अवस्थी, राजू तिवारी, भरत पाण्डेय, अलोक गुप्ता, पियूष भारद्वाज, अरविन्द मिश्रा, रामसेवक शर्मा, मंजू गुप्ता, अजय मिश्रा, विपिन कनौजिया आदि उपस्थित रहे।

### एसडीएम ने आरोपी लेखपाल को किया निलंबित

**सवायजपुर, हरदोई, अमृत विचार।** तहसील में तैनात लेखपाल द्वारा जाति प्रमाण पत्र के नाम पर रिश्वत लेने का वीडियो वायरल होने के बाद एसडीएम ने संज्ञान में लेते हुए लेखपाल को निलंबित कर स्पष्टीकरण मांगा है। बताते चलें कि तहसील सवायजपुर की ग्राम सलोनी पोस्ट सराय राघव थाना पाली निवासी आमीन अपनी पत्नी के मायके की जाति प्रमाण पत्र बनबाने के लिए सवायजपुर तहसील के पिथनापुर नगरिया गांव के लेखपाल नैमिष नंदन के पास कई दिनों से चक्कर काट रहे थे, लेकिन लेखपाल कोई न कोई बहाना बना कर टाल देते थे। शनिवार को हरपालपुर में आयोजित थाना समाधान दिवस में वह हल्का लेखपाल के पास आया तो उन्होंने जाति प्रमाण पत्र के लिए 500 रुपये की मांग की। कहा कि अभी तुरंत वह उसकी पत्नी के काग़ज़ तैयार कर दे देगा। आमीन ने कहा कि वह एक गरीब किसान है उसने 500 रूपये न होने की असमर्थता जतायी। आखिरकार उसने लेखपाल को 100 रुपये दिए तो लेखपाल ने शेष रुपये बाद में देने को कहा। इसी बीच किसे ने लेखपाल का रुपये लेते हुए वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया था। इस मामले में एसडीएम संजय अग्रहरि ने बताया कि लेखपाल द्वारा रुपये लेते हुए वीडियो वायरल होने का संज्ञान लेते हुए दोषी लेखपाल को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।

### ब्लॉक स्तरीय क्विज प्रतियोगिता संपन्न

**भरखनी, हरदोई, अमृत विचार**ब्लॉक स्तरीय क्विज प्रतियोगिता का आयोजन सोमवार को ब्लॉक संसाधन केंद्र भरखनी पर आयोजित की गई। कार्यक्रम में उच्च प्राथमिक विद्यालयों के बच्चों में जिज्ञासा आधारित शिक्षा को बढ़ावा देने, वैज्ञानिक मनोवृत्ति का विकास करने, प्रयोग के अवसर उपलब्ध कराने तथा विज्ञान/गणित एवं प्रौद्योगिकी को लोकप्रिय बनाने के उद्देश्य से राष्ट्रीय आविष्कार अभियान कार्यक्रम की ब्लॉक स्तरीय क्विज प्रतियोगिता में प्रारंभिक चरण में 25 बच्चों को चयनित किया गया। विकास खंड भरखनी के मनमोहन उच्च प्राथमिक विद्यालय दधेला, रुद्राक्ष कुमार उच्च प्राथमिक सिमरिया, दिव्या त्रिपाठी उच्च प्राथमिक सिमरिया, अर्पिता कंपोजिट विद्यालय कुण्डी व केशव कंपोजिट विद्यालय हड़हा को चयनित किया गया।

### जेवर व नकदी लेकर विवाहिता प्रेमी के साथ फरार

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** मझिला थाना क्षेत्र में विवाहिता घर से जेवर और नकदी लेकर अपने प्रेमी के साथ फरार हो गई। पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्जकर विवाहिता की तलाश शुरू की है। मझिला थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़ित पति के अनुसार उसकी पत्नी को 21 सितंबर को रौजा थाना क्षेत्र के ग्राम सरसवां निवासी आलोक अपने साथी मिथलेश के साथ मिलकर बहला फुसलाकर कर भगा ले गया है, उसकी पत्नी अपने साथ घर में रखे सोने व चांदी के जेवर, 15 हजार रूपए, मोबाइल फोन अपने साथ लेकर गई है। थाना प्रभारी अमित सिंह ने बताया कि आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर विवाहिता की तलाश शुरू कर दी गई है।

# मंडी सचिव के बैठक में न आने पर डीएम नाराज

संवाददाता, हरदोई

**सख्ती**
- जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हुई उद्योग बंधु की बैठक
- निवेश मित्र पोर्टल पर आवेदनों का समय से हो निस्तारण

**अमृत विचार।** विवेकानंद सभागार में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में उद्योग बंधु एवं व्यापार बंधु की बैठक हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि निवेश मित्र पोर्टल पर प्राप्त आवेदनों का ससमय निस्तारण कराया जाये। अगली बैठकों में एनएचएआई के प्रतिनिधि को बुलाया जाये।

जिलाधिकारी अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका परिषद शाहाबाद के स्थान पर लिपिक की उपस्थिति पर कड़ी नाराजगी जताई। वाणिज्य बंधु की बैठक के दौरान उन्होंने कहा कि नगर पालिका हरदोई क्षेत्र के औद्योगिक क्षेत्र में सड़कों की मरम्मत कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि फल मंडी में गड्ढों को भरने का कार्य जल्द करायी जाये। चहारदीवारी का निर्माण कराया जाये। मंडी सचिव के बैठक में उपस्थित न होने पर उन्होंने चेतावनी जारी करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरूरानी व अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

इसके अलावा जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में जिला उर्वरक समिति की बैठक हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में उर्वरक की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाये। मांग के सापेक्ष आपूर्ति सुनिश्चित की जाये तथा वितरण व्यवस्था को निर्बाध बनाया जाये। उन्होंने कहा कि खाद विक्रेताओं का संवेदीकरण किया जाये, खाद की काला बाजारी न होने दी जाये। किसान को निर्धारित मूल्य पर ही खाद उपलब्ध करायी जाये। इस मौके पर सीडीओ सौम्या गुरूरानी, अपर जिलाधिकारी प्रियंका सिंह, उपनिदेशक कृषि डॉ नंदकिशोर व अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# खाद्य सुरक्षा अधिकारी को नोटिस जारी करने के निर्देश

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** विवेकानंद सभागार में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में सीएम डैशबोर्ड की समीक्षा बैठक हुई।

जिलाधिकारी ने कहा कि विभागीय योजनाओं की प्रगति की विभागीय पोर्टल पर फीडिंग ससमय सुनिश्चित की जाये। आईजीआरएस के माध्यम से प्राप्त शिकायतों का ससमय गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाये। कहा कि डी व ई श्रेणी आने पर सम्बंधित अधिकारी की जवाबदेही तय की जाएगी। उन्होंने कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय सांडी में फूड सैम्पलिंग में देरी पर खाद्य सुरक्षा अधिकारी कुमार चित्रसेन को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर सीडीओ सौम्या गुरूरानी भी उपस्थित रहीं।


प्रमाण पत्र के साथ पुरस्कृत टीएलएम प्रदर्शनी के प्रतिभागी। अमृत विचार

## जनपद स्तरीय टीएलएम प्रदर्शनी आयोजित

**हरदोई, अमृत विचार।** राजकीय इंटर कॉलेज में सोमवार को जिला विद्यालय निरीक्षक बालमुकुंद प्रसाद के दिशा निर्देशन में राजकीय माध्यमिक विद्यालयों के अध्यापकों की एक जनपद स्तरीय टीएलएम प्रदर्शनी आयोजित हुई। जिसमें शिक्षण कार्य में आवश्यक सहायक सामग्री के महत्व पर प्रकाश डाला गया और इसके लिए अध्यापकों को अभिप्रेरित भी किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ जिला विद्यालय निरीक्षक ने दीप प्रज्जवलित एवं फीता काटकर किया। जिला विद्यालय निरीक्षक ने कहा कि शिक्षण कार्य में शिक्षण अधिगम सामग्री (टीएलएम) का बहुत महत्व है। कार्यक्रम में जनपद के 55 विद्यालयों के 75 अध्यापक-अध्यापिकाओं ने प्रतिभाग किया और अपने-अपने विषयों में प्रयोग की जाने वाली शिक्षण अधिगम सामग्री का प्रदर्शन किया गया।

**कार्यक्रम** | गायत्री मंदिर चौक में उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी का व्यापारियों ने किया सम्मान

# राज्य मंत्री ने हर संभव सहयोग का किया वादा

संवाददाता, शाहाबाद, हरदोई,


गायत्री मंदिर चौक में मंत्री का स्वागत करते व्यापारी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** प्रदेश की उच्च शिक्षा राज्य मंत्री और शाहाबाद विधानसभा क्षेत्र की विधायक रजनी तिवारी का व्यापारियों ने एक कार्यक्रम आयोजित कर सम्मान किया। गदगद उच्च शिक्षा मंत्री ने व्यापारियों की सुरक्षा का संकल्प दोहराते हुए हर संभव सहयोग करने का वादा किया। मां गायत्री मंदिर चौक में मंत्री रजनी तिवारी के सम्मान में व्यापारियों द्वारा एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

उच्च शिक्षा मंत्री ने कहा कि व्यापारी देश की रीढ़ होते हैं, इसीलिए व्यापारियों का सम्मान करना चाहिए। वह अपने क्षेत्र के समस्त व्यापारियों का सम्मान करती हैं उन्हें इस पद तक पहुंचाने में क्षेत्र की जनता के साथ-साथ व्यापारियों का भी सहयोग और समर्थन रहा है। कहा व्यापारियों के मान सम्मान को कहीं पर ठेस नहीं लगेगी। व्यापारियों की रक्षा करना उनका कर्तव्य है। भाजपा के नगर अध्यक्ष अनिल पांडे पिंटू ने भी व्यापारियों की रक्षा का संकल्प दोहराया। उन्होंने कहा किसी भी व्यापारी को अगर कोई दिक्कत होती है तो वहां उनसे सीधे संपर्क करें व्यापारियों की समस्या का समाधान करने में पूर्ण सहयोग करेंगे। इस मौके पर डॉक्टर मुरारी लाल गुप्ता, सीमेंट कारोबारी विनोद प्रकाश गुप्ता, नवनीत गुप्ता, मनोज रस्तोगी, सर्वेश गुप्ता, शिवकुमार गुप्ता, सत्य प्रकाश गुप्ता, राकेश गुप्ता एवं भाजपा नगर अध्यक्ष अनिल पांडे पिंटू मौजूद रहे।

# रिश्वत लेते पकड़ा गया जेई, केस दर्ज

## विजिलेंस की टीम ने उपभोक्ता की शिकायत पर विद्युत विभाग के अवर अभियंता पर की कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर

**अमृत विचार:** विद्युत विभाग के अवर अभियंता (जेई) को 10 हजार रिश्वत लेते उप्र सतर्कता अधिष्ठान (विजिलेंस) टीम ने गिरफ्तार किया। आरोपी के विरुद्ध लखनऊ के सतर्कता अधिष्ठान थाने में केस दर्ज कराया गया है। वहीं अपर पुलिस अधीक्षक का कहना है कि अवर अभियंता जिले के एक व्यक्ति से विद्युत कनेक्शन कराए जाने के नाम पर रिश्वत मांग रहा था। ऐसे में उसे रंगे हाथों पकड़ा गया है।

▸▸ **अपर पुलिस अधीक्षक बोलीं 10 हजार रिश्वत लेते पकड़ा गया आरोपी**

अपर पुलिस अधीक्षक उप्र सतर्कता अधिष्ठान (विजिलेंस) बबिता सिंह के मुताबिक, सीतापुर स्थित तालगांव थाना क्षेत्र के रिखौना निवासी सुरेंद्र कुमार पुत्र माखन लाल ने सतर्कता अधिष्ठान में शिकायत की थी कि विद्युत उपकेंद्र कसरैला में तैनात अवर अभियंता (जेई) सुनील कुमार पाल उससे दस हजार रुपये की रिश्वत मांग रहे हैं। ये रिश्वत जेई द्वारा मकान पर एक किलोवाट के विद्युत कनेक्शन लगवाने के नाम पर मांगी जा रही है। इस कनेक्शन के लिए उसने ऑनलाइन पोर्टल पर 24 सितंबर को आवेदन किया था, जिस पर रिपोर्ट लगवाने के लिये सुनील कुमार पाल ने रिश्वत में 10 हजार रुपये की मांग की थी। गोपनीय शिकायत के आधार पर विभाग की टीम ने कई दिनों तक इलाके में जाकर जांच पड़ताल की। सटीक सूचना के बाद जेई सुनील कुमार पाल को 10 हजार रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी के बाद आरोपी जेई को लखनऊ लाकर केस दर्ज कराया गया है। आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### लगातार खंगाली जाती रहीं फोन लोकेशन

आरोपी को गिरफ्तार करने से पहले पुलिस पूरी तरह से सजग थी। इसको लेकर जेई सुनील कुमार पाल की लोकेशन लगातार खंगाली जा रही थीं। सूत्रों की मानें तो घर से निकलने के बाद ही विजलेंस टीम जेई का पीछा करने लगी थी। फिलहाल गिरफ्तारी के बाद आरोपी से जुड़े और तथ्य भी खंगाले जा रहे हैं।



पकड़ा गया जेई सुनील कुमार पाल।

# महिला को किया गया परिजनों के सुपुर्द

संवाददाता सीतापुर,

**अमृत विचार:** सिधौली कस्बे के मिश्रिख बस स्टाप में एक महिला को कुछ अज्ञात लोगों द्वारा टेंपो में बैठकर वार्तालाप किया जा रहा था। मौके पर बजरंग दल के कुछ कार्यकर्ताओं ने इस घटना को देखकर फौरन इस मामले की जानकारी सिधौली पुलिस को दी एवं महिला को लेकर कोतवाली सिधौली पहुंचे। इसके बाद महिला परिजनों के सुपुर्द की गई।

महिला का कहना है कि उसका पति दिल्ली में रहता है। एक व्यक्ति प्रेम प्रसंग के चलते महिला को आए दिन प्रताड़ित करता है। ससुराल एवं मायके पक्ष के लोग भी महिला का सहयोग नहीं कर रहे थे। इस कारण वो घर से बाहर निकली थी। इसी दौरान कुछ लोग मिल गए और उसे परेशान करने लगे। कोतवाली प्रभारी सिधौली के अनुसार, सूचना महिला के पति को दे दी गई है। दिल्ली से महिला के पति को सिधौली बुलाया गया है। फिलहाल अभी महिला को परिजनों के हवाले कर दिया गया है। इस मौके पर बजरंगदल कार्यकर्ता नगर संयोजक अतुल तिवारी, सूरज गुप्ता, उदय वाल्मीकि, निशांत वाल्मीकि के साथ कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## एक नजर

### पानी की टंकी के निर्माण कार्य की होगी जांच

**रामपुर मथुरा, सीतापुर :** स्वच्छ जल जीवन मिशन के तहत निर्माणाधीन पानी की टंकी उच्च अधिकारियों के आदेश पर रोक दी गई। बता दें कि गौरी शंकर पुरवा मजरा रामपुर मथुरा में पानी की टंकी का निर्माण कार्य चल रहा है। इसको लेकर ग्रामीणों ने अनियमितता की शिकायत की थी। जिसके लिए विभागीय जांच शुरू की गई है। ग्रामीण विश्वनाथ, अनूप, रमेश, सोनू आदि का कहना है कि वे लोग निर्माण कार्य में लगे हुए थे। जांच के आदेश के बाद कार्य बाधित हो गया है। अभी तक उन्हें दिहाड़ी नहीं मिली है।

### 50 प्रतिशत हुई आलू की निकासी

**सीतापुर :** जिला उद्यान अधिकारी ने बताया है कि जनपद में संचालित निजी शीत गृहों का निरीक्षण करने पर पाया गया कि शीतगृहों से आलू की निकासी बहुत कम हो रही है। निरीक्षण के समय कोल्ड स्टोर पर मिले कृषकों को अच्छे भाव में आलू बेचने के लिए प्रेरित किया गया। साथ कोल्ड स्टोरेज स्वामियों को भी प्रेरित करते हुए आलू निकासी में तेजी लाने को कहा गया। वर्तमान तक जिले में 50 .72 प्रतिशत आलू की निकासी हो पायी है।

### गंगा-जमुनी तहजीब के साथ करें मदद: मुफ्ती आसिम

**बिसवां, सीतापुर :** जमियत उलमा ए हिंद की अहम बैठक मदरसा फुरकर्निया हाल में कारी सलाहुद्दीन की अध्यक्षता में हुई। बैठक में बिसवां यूनिट के वर्तमान अध्यक्ष कारी सगीर के इस्तीफा देने से रिक्त हुए अध्यक्ष के पद एवं कार्यकारिणी का सर्वसम्मति से गठन किया गया। बैठक में जमीयत उलेमा ए हिंद बिसवां यूनिट के अध्यक्ष मौलाना वकार नदवी को चुना गया। जनरल सेक्रेटरी कारी मोहम्मद फहीम, कोषाध्यक्ष हाजी डॉ. जावेद को मनोनीत किया गया। नई कार्यकारिणी का गठन जमीयत ए उलमा हिंद के जिला सदर मुफ्ती आसिम इकबाल नदवी, जिला जनरल सेक्रेटरी मौलाना वकील की निगरानी में हुआ। जिला सदर मुफ्ती आसिम इकबाल नदवी ने कहा कि नई कार्यकारिणी गंगा-जमुनी तहजीब के साथ आवाम की खिदमत में इसी तरह लगी रहे। इस दौरान डॉ. अहमद अली अंसारी, पत्रकार मोहम्मद साद, नय्यर शकेब, मुफ्ती अकील, मौलाना अबुल कलाम, मौलाना आदिल इकबाल, शफीक नाज, मौलाना सलमान, मौलाना शब्बीर सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

# याद किए गए शहीद आरक्षी नारायण प्रताप

संवाददाता लहरपुर, सीतापुर

**अमृत विचार:** कोतवाली परिसर में अमर शहीद स्व. नारायण प्रताप गुप्ता को पुलिसजनों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर शत-शत नमन किया।

बता दें कि विगत 28 सितंबर 1992 की मध्य रात्रि में कोतवाली क्षेत्र के ग्राम महमूदपुर में डकैती की सूचना पर कांस्टेबल नारायण प्रसाद गुप्ता ने साथी कांस्टेबल रविंद्र शर्मा के साथ अभूतपूर्व साहस का परिचय देकर डकैतों से लोहा लिया था और तीन शातिर डकैतों को मार गिराया था। इसी बीच डकैतों के मध्य हो रही गोलीबारी में डकैतों ने नारायण प्रसाद गुप्ता को गोली मार दी, जिससे वो शहीद हो गए। अमर शहीद स्व. नारायण प्रसाद गुप्ता की स्मृति में कोतवाली परिसर में एक शहीद स्मारक का निर्माण कराया गया और हर वर्ष उन्हें पुलिसजनों द्वारा उनके पुष्पांजलि अर्पित की जाती है। रविवार को कोतवाली प्रभारी मुकुल प्रकाश वर्मा व समस्त पुलिस जनों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उनके साहस को सेल्यूट किया।



पुष्पांजलि अर्पित करते कोतवाली प्रभारी। अमृत विचार

▸▸ **ग्राम महमूदपुर में हुई डकैती में हो गए थे शहीद**

### पीड़ित महिला ने विपक्षियों पर लगाया दबंगई का आरोप

**संवाददाता, सीतापुर अमृत विचार :** रामपुर मथुरा थाना क्षेत्र के तुलसीपुर खरिका गांव के परिवार ने विपक्षियों पर दबंगई का आरोप लगाते हुए पुलिस अधीक्षक से शिकायत की है। तुलसीपुर खरिका गांव से आई अंजनी देवी ने पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्रा से मिलकर शिकायत की। आरोप है कि विपक्षी दबंग है, बीते कुछ दिनों पहले उसके परिवार के साथ विपक्षियों ने मारपीट की थी। ऐसे में एक विपक्षी जेल भेजा गया था। बाकी पकड़े नहीं गए हैं। पीड़िता का दावा है कि विपक्षी लगातार परिवार जान-माल की धमकी दे रहे हैं।



शिकायती पत्र दिखाती अंजनी देवी।

## सौतेले पुत्रों ने की छेड़छाड़, केस दर्ज

**पैंतेपुर, सीतापुर अमृत विचार:** मां ने सौतेले पुत्रों पर छेड़छाड़ व मारपीट करने का आरोप लगाते हुए कोतवाली में केस दर्ज कराया है। आरोपी 4152 ग्रुप का सरगना रहा है, जिस ग्रुप को पुलिस कड़ी कार्रवाई कर सफाया कर चुकी है। पुलिस केस दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

महमूदाबाद कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की महिला ने अपने सौतेले पुत्र राज वर्मा पर आरोप लगाया है कि रविवार की शाम चार बजे घर के पीछे लघुशंका के लिए गई थी, तभी वह आ गया और बदनियती से छेड़छाड़ करने लगा। आरोप है कि शोर मचाने पर आरोपी का सगा भाई आकाश वर्मा आ गया और उसने भी मारपीट की। मोहल्ले के अन्य लोगों को आता देख दोनों आरोपी पीड़िता को जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। राज वर्मा व आकाश वर्मा द्वारा किशोरों का 4152 ग्रुप चलाया जा रहा था, जिसे सीओ द्वारा अभियान चलाकर पूर्व में नेस्तनाबूद किया जा चुका है। दोनों आरोपी हिस्ट्रीशीटर रंजीत वर्मा के बेटे हैं। पुलिस ने सौतेली मां की तहरीर पर दोनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्जकर जांच शुरू की।

# 300 की आबादी और हैंडपंप एक भी नहीं

▸▸ **खंड विकास क्षेत्र के गोंदलामऊ की ग्राम पंचायत दहेलरा का हाल**

▸▸ **काफी समय से एक हैंडपंप खराब, ग्रामीण दूसरे गांव तक लगा रहे लंबी दौड़**

संवाददाता सीतापुर

**अमृत विचार:** खंड विकास क्षेत्र गोंदलामऊ की ग्राम पंचायत दहेलरा के मजरा सद्दीकपुर में नाली-खड़ंजा तथा हैंडपंप आदि की मूलभूत सुविधाएं न होने से ग्रामीणों को दुश्वारियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि जिम्मेदारों की लापरवाही से पूरा गांव पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं। यहां पीने के पानी के लिए पूरे गांव के लोग एक ही हैंडपंप के सहारे हैं। मौजूदा समय में यह भी नल खराब पड़ा है।

ग्रामीण किशोरी लाल, गया प्रसाद, नरेश कुमार, राहुल, मोहित, विकास कुमार, पुत्तीलाल, छोटेलाल, जगदीश, राम सहारे रोहित कुमार शंकर लाल आदि का कहना है कि गांव में मूलभूत सुविधाएं नहीं हैं। 300 से अधिक की आबादी को पीने लायक पानी के लिए दूसरे गांव जाना पड़ता है। लोगों ने पेयजल की व्यवस्था कराने की मांग की है।

वहीं इस संबंध में खंड विकास अधिकारी ने बताया है कि पेयजल की समस्या का मामला सामने आया है, अधीनस्थों को निर्देश दे दिए गए हैं।



गांव में खराब हैंडपंप के पास प्रदर्शन करते ग्रामीण। अमृत विचार

### कूड़े के ढेर ने बना दिया पानी को दूषित

**संवाददाता सीतापुर, अमृत विचार :** पिसावां कस्बे की मुख्य बाजार में लगा इंडियन मार्का हैंडपंप इस समय दूषित पानी दे रहा है। कारण, आसपास कूड़ा जमा हो चुका है। शिकायतों के बावजूद कोई साफ-सफाई नहीं करने आता, ऐसे में कूड़ा- कचरा से गंध और बदबू आने लगी है। इलाके के अनिल, रामसेवक, सुशील, रमेश, गोबरे आदि का कहना है कि 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक स्वछता ही सेवा पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इसके बावजूद गांव और प्रमुख स्थानों की तस्वीर नहीं बदल रही है।



हैंडपंप के करीब फैला कचरा।

# रेलवे ट्रैक के करीब मिला युवती का शव

संवाददाता, सीतापुर

▸▸ **मिश्रिख रेलवे स्टेशन के निकट का मामला, लोगों में मचा हड़कंप**

**अमृत विचार:** मिश्रिख स्टेशन के करीब रेलवे ट्रैक किनारे युवती का शव मिला। सूचना पर पहुंचे जीआरपी प्रभारी बलराम सिंह ने बताया कि शव की शिनाख्त गंगापुर निवासी गुड़िया के रूप में की गई है। वहीं डॉक्टर के मुताबिक, ट्रेन से कटकर मौत होने की आशंका जताई गई है। बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है। वहीं युवती का शव मिलने से लोगों में हड़कंप मचा रहा।

मिश्रिख रेलवे स्टेशन के करीब 18 वर्षीय युवती का शव मिलने से हड़कंप मच गया। रेलवे स्टेशन पर खबर मिलते ही स्टेशन अधीक्षक ने स्थानीय पुलिस और जीआरपी को अवगत कराया। जीआरपी थानाध्यक्ष सुनील कुमार ने बताया है कि रेलवे ट्रैक के करीब 18 वर्षीय युवती के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। युवती के शरीर पर चोट के भी निशान पाए गए हैं। मौत का क्या कारण है, ये पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही पता चल सकता है। उधर, घटनास्थल पर जमा लोगों के बीच युवती के साथ अनहोनी होने की चर्चा की जताई जाती रही।

# महोली में बाघ ने बैल को बनाया अपना शिकार



कॉबिंग करती वन विभाग की टीम और ग्रामीण।

संवाददाता नेरी, सीतापुर

▸▸ **इलाके में लगाए गए कैमरे और पिंजरे**

**अमृत विचार:** महोली क्षेत्र में बाघ की दहशत कम होने का नाम ही नहीं ले रही, इस बार बाघ ने बैल को अपना शिकार बना लिया। वहीं वन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि बाघ की संख्या इलाके में एक से अधिक है। जिसके चलते भूख लगने पर बाघ समेत जंगली जानवर गांव की ओर खाने की तलाश में भटकते हुए पहुंचते हैं और पालतू पशुओं को अपना शिकार बना लेते हैं। उधर गांव के लोगों में बाघ के हमले से काफी दहशत का माहौल है।

महोली क्षेत्र के पसगवां गांव में मंगू यादव अपने खेतों में चारा काटने के लिए अपने बैलगाड़ी से गये थे। किसान के मुताबिक, उसने बैलगाड़ी व दोनों बैलों को खेत के पास ही कुछ दूरी पर बने चकमार्ग पर छोड़ दिया। इसी दौरान बाघ ने एक बैल का शिकार किया और दहशत में आया दूसरे बैल ने भागकर अपनी जान बचाई। वहीं ग्रामीणों के शोरगुल के बीच बाघ गांव के बाहर से कहीं भाग गया।

ग्रामीणों की सूचना पर पहुंचे वन क्षेत्राधिकारी सिकंदर सिंह ने बताया है कि बाघ की संख्या एक से अधिक है। इसके चलते बार-बार जानवरों का हमले हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि विभाग की कई टीमें कॉबिंग के लिए लगाई गईं हैं। पीआरबी की टीम भी दिन- रात गश्त कर रही है। जंगली जानवर व बाघ के लिए ट्रेप कैमरे व पिंजरा भी लगा दिया गया है। उधर, चौव्वा बेगमपुर गांव में भी एक बाघ व दो शावक के पगचिह्न मिले हैं। बताया की कि उसकी भी जांच की जा रही है।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है मत्स्य जीवी सहकारी समिति लिमिटेड गाजू की संगठनात्मक बैठक दिनांक 1/10/2024 को सुबह-11:00 बजे समिति के कार्यालय पर आहूत की जाती है सभी इच्छुक व्यक्ति बैठक में सादर आमंत्रित हैं। मुख्य प्रवर्तक मो0 नं , 9120181895

**सूचना**
मैं संदीप श्रीवास्तव पुत्र श्री जे0बी0एल0 श्रीवास्तव यह सूचित करना चाहता हूँ कि प्लाट न0 -14 /39 वृन्दावन योजना, लखनऊ का आवंटन पत्र की मूल प्रति खो गयी है। जो कही विक्रय बंधक नहीं है। जिसका भविष्य में दुरूपयोग अवैध है।

**सूचना**
मेरे पुत्र तन्मय पाठक के शैक्षिक अभिलेख में त्रुटिवश मेरा नाम शीलम पाठक लिखा है। जबकि वास्तविक नाम शीलम है। मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जाए। शीलम पत्नी धर्मेंद्र कुमार पाठक ग्राम- पूरे दुर्गा पाठक, पोस्ट- भखरी जिला- सुल्तानपुर।

**सूचना**
मेरे शैक्षणिक दस्तावेजों में मेरा नाम अंसारी मोहम्मद आकिफ पुत्र मोहम्मद खालिद दर्ज है, जबकि आधार कार्ड के नाम मोहम्मद आकिफ अंसारी (Mohd. Aqif Ansari) पुत्र मोहम्मद खालिद अंसारी है। यह दोनों नाम एक ही व्यक्ति /मेरे ही हैं, मैं इन दोनों नाम से पहचाना जाता हूं। **निवासी मो0 मिर्दही उत्तरी कस्बा दरियाबाद बाराबंकी**

**सूचना**
सूचित हो कि मेरे पुत्र के आधार कार्ड में उसका नाम SHAILESH KUMAR MAURYA दर्ज है जबकि उसके स्कूल अभिलेखों में उसका नाम SAILESH KUMAR MAURYA दर्ज है। अतः मेरे पुत्र के आधार कार्ड के अनुसार स्कूल में भी नाम दर्ज किया जाये। **प्रेम नारायण पुत्र भगौती प्रसाद ग्राम परसेहरा खुर्द, तहसील व जिला सीतापुर।**

**सूचना**
सूचित हो कि मेरे बचत खाता सं0- 07360100029175 में मेरा नाम मुन्नी बानों D/o अमीन दर्ज है। जबकि मेरे सभी दस्तावेजों में मेरा नाम शाहीन बानों D/o मो. अमीन दर्ज है। उपरोक्त मुन्नी बानों D/o अमीन एवं शाहीन बानों D/o मो. अमीन दोनों नाम एक ही व्यक्ति (मेरे) के हैं। अतः मेरे बचत खाता सं0- 07360100029175 में मेरा नाम शाहीन बानों D/o मो. अमीन दर्ज किया जाये। **शाहीन बानो पुत्री मो0 अमीन नि0 ग्राम गोकुलपुर रोझइया वि0ख0 जगतपुर, तहसील-ऊचाहार जिला रायबरेली।**

**सूचना**
समस्त मत्स्य आखेटक, मत्स्य विक्रेता व मत्स्य पालन से जुडे व्यक्ति व मछुआ समुदाय के व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि दिनांक 04.10.2024 को समय 11 बजे दिन में खेल मैदान महमूदपुर विकास खंड धनपतगंज पर एक नई मत्स्य जीवी सहकारी समिति के गठन के लिए द्वितीय बैठक का आयोजन किया गया है। बैठक में ग्राम पंचायत महमूदपुर, रसूलपुर व नकहा के व्यक्ति एवं सम्मानित ग्राम प्रधान की उपस्थिति प्रार्थनीय है।
आयोजक - पूजा निषाद
निवासी महमूदपुर, विकास खंड धनपतगंज, जनपद सुल्तानपुर

**सीधे प्रवेश**
शैक्षिक सत्र 2024-26 सीधे प्रवेश डी0एल0एड0 (बी0टी0सी0) पाठ्यक्रम में डी0एल0एड0 (बी0टी0सी0) प्रशिक्षण हेतु निर्गत शासनादेश पत्र संख्या- 390/ अरसठ-4-2023-2067/2013 दिनांक 26 मई 2023 को अतिक्रमित करते हुए डी0एल0एड0 2024 में चयन/प्रवेश सचिव, पी0एन0पी0 उ0प्र0 के पत्र संख्या डी0एल0एड0/2879-81/2024-25 दिनांक 23 अगस्त 2024 एवं पत्र संख्या गोप0/डी0एल0एड0-24/3085-88/2024-25 दिनांक 06.09.2024 तथा कार्यालय/सचिव परीक्षा नियामक प्राधिकारी, उ0प्र0 द्वारा प्रकाशित विज्ञप्ति दिनांक 12.09.2024 के अनुपालन में। **रुदौली एजूकेशनल इन्स्टीट्यूट**
(मान्यता प्राप्त अल्पसंख्यक संस्थान)
सरायपीर, भेलसर, रुदौली, अयोध्या उ0प्र0
(लखनऊ-गोरखपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर रुदौली सब्जी मण्डी के पीछे), सम्पर्क सूत्र- 9936535300, 7275031616

क्या ऑपरेशन ही एक मात्र समाधान है ?
SINCE 2006
जोड़ों का दर्द, गठिया, स्पॉन्डिलाइटिस में!
कहीं आप इन जटिल रोगों से परेशान तो नहीं? जोड़ो का दर्द, गठिया, स्पॉन्डिलाइटिस, रूमेटॉइड अर्थ राइटिस, स्लिपडिस्क, कमर दर्द, कंधे का दर्द/फ्रोजेन शोल्डर, स्याटिका, मांसपेशियों का दर्द, एड़ी का दर्द, वातरक्त (GOUT) इत्यादि।
दर्द की दवाइयाँ खाकर अपने शरीर को नुकसान न पहुंचाये - आयुर्वेद अपनायें
VACHAK वाचक आयुर्वेद®

आइए इसी संबंध में डॉक्टर ओम प्रकाश वर्मा जी से हुई बातचीत के कुछ अंश

**प्रश्न 1: गठिया रोग की पहचान कैसे करें ?**
उत्तर : गठिया रोग का सबसे प्रमुख लक्षण है जोड़ों में दर्द होना जब जोड़ों में दर्द व सूजन कुछ दिन या हफ्तों में ठीक ना हो और चलते फिरते या उठते बैठते दर्द होने लगे तो हमें चाहि, कि किसी अच्छे डॉक्टर से सलाह लें

**प्रश्न 2: डा0 कहते हैं कि आपके घुटनों का गिरीश सूख गया है तो यह गिरीश क्या होता है?**
उत्तर : यहां एक गाढ़ा तरल पदार्थ है जिसे सायनोवियल फ्लुएड कहते हैं जो आपके जोड़ों को हिलने डुलने में मदद करता है और आपस में रगड़ खाने से रोकता है

**प्रश्न 3: रूमेटोइड अर्थराइटिस क्या है?**
उत्तर : यह एक ऑटोइम्यून डिजीज है जिसमें शरीर की इम्युनिटी स्वस्थ कोशिकाओं को ही नुकसान पहुंचाना शुरू कर देती हैं जो जोड़ों में दर्द सूजन और जकड़न का कारण बनती है इसे आयुर्वेद में आमवात के नाम से जाना जाता है

**प्रश्न 4: क्या बिना ऑपरेशन के गठिया में आराम हो सकता है?**
उत्तर : आयुर्वेद शास्त्र के अनुसार गठिया एक जटिल बीमारी है तथा इसमें ऑपरेशन नहीं बताया गया है यह वातव्याधि के अंतर्गत आता है जिसमें वात नाशक व रसायन औषधियों का प्रयोग किया जाता है जिससे जोड़ो में चिकनाहट बनना शुरू हो जाता है और जोड़ों का दर्द व सूजन कम हो जाने से मरीज को चलने फिरने में आराम हो जाता है

**प्रश्न 5: क्या अत्यधिक पेन किलर खाना नुकसानदायक है?**
उत्तर : हां अत्यधिक पेन किलर खाने से हमारे शरीर को नुकसान हो सकता है विशेषतया हमारे पेट व गुर्दे को नुकसान पहुंच सकता है

**प्रश्न 6: डॉक्टर साहब बिना दर्द की दवा के मरीज को आराम कैसे मिलेगा?**
उत्तर : जोड़ों में दर्द का मुख्य कारण जोड़ों के अंदर उपस्थित गिरीश का कम हो जाना जिससे हड्डियां आपस में रगड़ खाती है जिससे दर्द व सूजन की स्थिति पैदा होती है आयुर्वेदिक औषधियों में एंटीऑक्सीडेंट मल्टीविटामिन Antiinflammatory व रसायन गुण होते हैं जिससे जोड़ों में चिकनाहट उत्पन्न होती है इस कारण हड्डियां आपस में रगड़ कम खाती हैं जिससे दर्द व सूजन में आराम हो जाता है

**प्रश्न 7: सवाल घुटनों के दर्द व गठिया में क्या क्या नहीं खाना चाहिए?**
उत्तर : आयुर्वेद के अनुसार जोड़ों का दर्द व गठिया वात व्याधि के अंतर्गत आती है अतः वाद वर्धक आहार-विहार जैसे उड़द की दाल कटहल घुईया बैगन भिंडी राजमा मटर कद्दू वा देर रात तक जागना हानिकारक होता है

**प्रश्न 8: गठिया रोग में क्या क्या खाना फायदेमंद होता है?**
उत्तर : गठिया रोग में सूप सलाद हरी सब्जियां दूध मट्ठा पनीर अंजीर अखरोट पपीता अनार इत्यादि खाना फायदेमंद होता है

**प्रश्न 9: डॉक्टर साहब गठिया से पीड़ित मरीजों को क्या सलाह देना चाहते हैं?**
उत्तर : गठिया से पीड़ित मरीजों को नियमित रूप से तेल की मालिश सिकाई व एक्सरसाइज करना चाहिए तथा सीढ़ी ज्यादा ना चढ़े व नीचे ना बैठे तथा जल्द से जल्दआयुर्वेद विशेषज्ञ की सलाह लें जिससे आप की बीमारी आगे ना बढ़े

**प्रश्न 10: अच्छा डॉक्टर साहब यदि कोई मरीज ऑपरेशन कराने के बाद भी उसे दर्द या तकलीफ रह जाती है तो क्या ऐसे मरीजों में भी आयुर्वेदिक दवाइयां लाभकारी होंगी?**
उत्तर : हां बिल्कुल ऑपरेशन के बाद भी यदि मरीज को दर्द या तकलीफ रह जाती है तो आयुर्वेदिक दवाइयों से इलाज किया जा सकता है



डॉ. ओम प्रकाश वर्मा
MD (आयुर्वेद) आयुर्वेद स्पेशलिस्ट

**पुरस्कार एवं सम्मान**
- सन 2015 में प्रसिद्ध मीडिया हाउस के द्वारा इन्हें बेस्ट आयुर्वेदिक चिकित्सक के सम्मान से सम्मानित किया गया
- सन 2017 में माननीय यूपी कैबिनेट मिनिस्टर श्रीमती रीता बहुगुणा जोशी जी ने मार्वल हेल्थ आइकॉन अवार्ड से सम्मानित किया
- सन 2017 में ही माननीय महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश श्री राम नाईक जी द्वारा पर्सनालिटी ऑफ इंडिया के सम्मान से सम्मानित किया गया
- श्री बी एस डी आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल द्वारा टी.बी. दिवस पर एक कार्यक्रम में डॉक्टर साहब को उनके योगदान हेतु सम्मानित किया गया
- चैनल न्यूज 18 यूपी /उत्तराखंड ने कार्यक्रम लाइफ लाइन में डॉक्टर ओम प्रकाश वर्मा को यूपी के हेल्थ मिनिस्टर माननीय श्री सिद्धार्थ नाथ सिंह जी द्वारा सम्मानित किया गया
- संस्कृत संस्थान द्वारा मानव सेवा के कार्य में निशुल्क योगदान के लिए सम्मानित किया गया
- संस्था एक पहल द्वारा माननीय मेयर लखनऊ श्रीमती संयुक्ता भाटिया द्वारा यूपी आई कॉन अवार्ड से सम्मानित किया गया

Web : www.vachak.in
अपॉइन्टमेंट के लिए सम्पर्क करें -
7080239313
7570060266

**आलमबाग**
पताः शॉप नं0 206, तालकटोरा रोड, निकट आलमबाग चौराहा, लखनऊ नियर बृजवासी बेकरी
परामर्श समय-
सुबह 10:00 से 02:00 तक

**मुंशीपुलिया**
पताः 638/010 फरीदीनगर पिकनिक स्पॉट रोड, मुंशीपुलिया, लखनऊ नियर साहू पैलेस
परामर्श समय-
सांय 06:00 से 09:00 तक

रविवार सांय अवकाश

## एक नजर

### ड्रेन को बनाया खेत, लोगों ने बना लिये घर

**तालगांव, सीतापुर :** पारा सरांय गांव के पास स्थित बड़े तालाब से निकली ड्रेन का वजूद मिट रहा है। दरअसल ड्रेन के दोनों तरफ की पटरियों को खेत में मिलाकर उसमें फसल बो दी गई है। यही नहीं, कुछ जगहों पर तो ड्रेन को पाटकर उसे खेत में शामिल कर लिया गया है। उधर, वर्षों से इसकी सफाई न होने से बड़े-बड़े पेड़-पौधे उग आए हैं, जिससे सिंचाई का एक प्रमुख साधन भी मिटता जा रहा है। परसेंडी ब्लॉक के पारा सरांय गांव के निकट बड़े तालाब से गोन नदी तक एक ड्रेन बनाई गई थी। इसका मकसद बारिश के दिनों में तालाब से अतिरिक्त होने वाला पानी गोन नदी में गिराया जा सके। ड्रेन के इस पानी से किसान अपनी फसलों की सिंचाई भी कर लेता था। क्षेत्र के ग्राम कन्नपुर, मंदनापुर, हुसैनपुर, उमरिया खानपुर समेत कई अन्य गांवों के कुछ लोगों ने ड्रेन की दोनों पटरियों की जुताई कर उसे अपने खेत में शामिल कर लिया। इतना ही नहीं कुछ स्थानों पर तो ड्रेन को पाटकर ही उसे खेत बना लिया और उसमें गन्ना, गेहूं समेत अन्य फसलें बो दीं। ग्रामीणों का कहना है कि ड्रेन पर कब्जा किए जाने से सिंचाई का एक साधन समाप्त हो गया औरजलभराव जैसी निकट भविष्य में संभावना बढ़ गई है। ग्रामीणों ने ड्रेन को कब्जे से मुक्त कराकर उसकी सफाई कराने की मांग की है।

### पेंटिंग प्रतियोगिता में बच्चों ने लिया भाग

**गोंडा :** प्रधानमंत्री के जन्मदिन 17 सितंबर से महात्मा गांधी के जन्म जयंती 2 अक्टूबर 2024 के मध्य चलाई जा रहे सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत सोमवार को उच्च प्राथमिक विद्यालय बेलवा नोहर में विकसित भारत 2047 विषय पर पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया। मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के मंडल अध्यक्ष देवनाथ सविता तथा उपाध्यक्ष राज बहादुर राजू ने मां सरस्वती के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की। प्रभारी प्रधानाध्यापक मनोज कुमार चतुर्वेदी ने बताया की कक्षा 6,7, 8 के 15 प्रतिभागियों ने पेंटिंग प्रतियोगिता में भाग लिया।

### बच्चों को खीर खिलाकर कराया अन्नप्राशन

**धानेपुर, गोंडा :** राष्ट्रीय पोषण माह के समापन मौके पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की ओर से नगर पंचायत धानेपुर के प्राथमिक विद्यालय धानेपुर द्वितीय में पोषण जागरूकता कार्यक्रम बच्चों को खीर खिलाकर अन्नप्राशन संस्कार किया गया व चौपाल बैठक कर जानकारी दी गई। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ने गर्भवती धात्री महिलाओं को पोषण संबंधी जानकारी दी।

# सात लाख से अधिक के घोटाले का आरोप

सीतापुर, संवाददाता

▶▶ ग्राम पंचायत संदना का मामला, सीडीओ ने दिए जांच के निर्देश

**अमृत विचार:** गोंदलामऊ ब्लॉक क्षेत्र की ग्राम सभा संदना में घोटाला किए जाने का आरोप लगाया गया है। मामला गौशाला में चारे की मशीन और जनरेटर खरीदे जाने का है। सीसीटीवी सहित अन्य मामलों को लेकर ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को शपथ पत्र देते हुए शिकायत की है।

गोंदलामऊ की संदना ग्राम सभा के नव निर्वाचित ग्राम प्रधान मनोज सिंह सहित अन्य लोगों का आरोप है कि जब उन्होंने गौशाला में जनरेटर, चारा मशीन आदि की व्यवस्था करनी चाही, तो पता चला उस मद में पहले से धनराशि निकाली जा चुकी है। दावा है कि निधि में उनसे पूर्व करीब सात लाख रुपये से अधिक का गबन हुआ है। इसमें जनरेटर, चारा मशीन, सीसीटीवी सहित अन्य शामिल हैं। वहीं गंभीर प्रकरण को लेकर सीडीओ निधि बंसल ने जांच के निर्देश दिए हैं।

# बीत गया एक साल, पुलिया नहीं बनने से बढ़ी मुसीबत

संवाददाता सांडा, सीतापुर

▶▶ बिसवां - बहराइच से जोड़ने वाले मुख्य मार्ग पर लंबित है पुलिया निर्माण

**अमृत विचार:** दो जनपदों को जोड़ने वाले प्रमुख मार्ग पर एक वर्ष बीत जाने के बावजूद पुलिया का निर्माण नहीं हो सका। पुलिया से आवाजाही के दौरान यात्रियों को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

पुलिया की समस्या बिसवां वाया रेउसा होते हुए बहराइच जाने वाली सड़क की है। बिसवां कस्बे से केवल 2 किलोमीटर दूरी भोलागंज गांव है। पिछले एक वर्ष से छोटी सी पुलिया का निर्माण कार्य हो रहा है। एक वर्ष बीतने के बाद भी निर्माण कार्य पूरा नहीं हो सका है। क्षेत्रवासी विनोद तिवारी, दिनेश वर्मा, आशीष गुप्ता, विजय जायसवाल, राकेश वर्मा, अनुपम जायसवाल, रामचंद्र मिश्रा, दिवाकर पांडे, संजय गुप्ता, गौरव गुप्ता, विशाल गुप्ता, कपिल यादव आदि का कहना है कि सरकारी मशीनरी एक छोटी सी पुलिया का निर्माण एक साल की लंबी समयावधि में नहीं करवा पाई। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि जिम्मेदार जरूरी कार्यों को पूरा कराने में कितनी रुचि लेते हैं।


सीतापुर-बहराइच मार्ग पर निर्माणाधीन पुलिया से निकलते लोग। अमृत विचार

पिछले साल गन्ने की सीजन में पुलिया के निर्माण स्थल पर कई- कई घंटों तक वाहनों की लंबी-लंबी जाम लगी रहती थी। इसके बावजूद जिम्मेदारों ने पुलिया का निर्माण तेजी से कराने में कोई रुचि नहीं दिखाई। पुलिया का निर्माण अब भी कच्छप गति से जारी है।

> मुख्य मार्ग की समस्या संज्ञान में है। विभागीय अधिकारियों को अवगत कराया जा चुका है। एक बार फिर पुलिया निर्माण को लेकर पत्राचार किया जाएगा, ताकि राहगीरों की समस्या का जल्द निस्तारण किया जा सके।
>
> -मनीष कुमार, उपजिलाधिकारी बिसवां।

# पर्यटन विभाग के कार्यों को दी जाए प्राथमिकता

## समस्त परियोजनाओं की समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी ने अधीनस्थों को दिए दिशा-निर्देश

संवाददाता सीतापुर

**अमृत विचार:** जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद में संचालित 50 लाख रुपये से अधिक लागत की समस्त परियोजनाओं (सड़कों को छोड़कर) की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने अधीनस्थों को पर्यटन विभाग के विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा कराए जाने के दिशा-निर्देश दिए।


कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक करते जिलाधिकारी। अमृत विचार

जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि निर्माणाधीन परियोजनाओं को निर्धारित समयावधि में पूरी गुणवत्ता के साथ पूर्ण किया जाए। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि जिन निर्माणाधीन रेलवे ओवर ब्रिजों में रेलवे के स्तर से कार्य लंबित हैं, उन्हें संबंधित अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर शीघ्र पूर्ण कराया जाए। पर्यटन विभाग की परियोजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण कराने के निर्देश भी दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि जो परियोजनाएं एक वर्ष से अधिक लंबित हैं, उनको प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण कराया जाए। उन्होंने कहा कि परियोजनाओं के पूरा कराए जाने से जिले का विकास संभव है। बैठक के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी हरपाल सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी हर्ष मवार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अखिलेश प्रताप सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक राजेन्द्र सिंह सहित संबंधित अधिकारी व कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### त्योहारों को लेकर व्यापारियों ने दिए सुझाव


पुलिस लाइन सभागार मे बैठक करते एएसपी। अमृत विचार

**संवाददाता सीतापुर, अमृत विचार :** अपर पुलिस अधीक्षक प्रकाश कुमार की अध्यक्षता में रिजर्व पुलिस लाइन्स सीतापुर स्थित सभागार में आगामी त्यौहारों के मद्देनजर व्यापार मंडल के साथ गोष्ठी की। गोष्ठी में आगामी त्यौहारों के समय बाजारों एवं भीड़भाड़ वाले स्थानों पर सुगम यातायात व्यवस्था, व्यापारियों के जानमाल तथा आमजनता की सुरक्षा को लेकर विस्तृत चर्चा की गयी। व्यापार मंडल से इस संबंध में उनकी समस्याओं एवं सुझावों को सुना गया। साथ ही सड़क पर लगने वाले ठेलो/खुम्चों से बाधित होने वाली यातायात व्यवस्था के सम्बंध में विस्तृत चर्चा की गयी। इस दौरान प्रतिसार निरीक्षक शिवबालक वर्मा, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर अनूप कुमार शुक्ला, यातायात निरीक्षक फरीद अहमद मौजूद रहे।

### पीस कमेटी की बैठक में अनुशासन में त्योहार मनाने की अपील

**अमृत विचार टीम, सीतापुर :** जिले के दो थाना क्षेत्रों में पीस कमेटी की बैठक का आयोजन हुआ। बैठक के दौरान पुलिस और प्रशासनिक अफसरों ने लोगों को अनुशासन में रहकर पर्व आयोजित किये जाने का सुझाव दिया। अपीलों के माध्यम से जानकारियां भी साझा हुईं। कमलापुर में उपजिलाधिकारी अनिल कुमार और क्षेत्राधिकारी कपूर कुमार की उपस्थिति में बैठक आयोजित की हुई। क्षेत्राधिकारी सिधौली कपूर कुमार ने कहा कि दुर्गा पूजा पंडाल में बज रहे साउंड की आवाज हल्की रखें। उपजिलाधिकारी अनिल कुमार रस्तोगी ने अनुशासन में रहकर त्योहार मनाने की अपील की। उधर, रेउसा थाने पर थाना प्रभारी हनुमंत तिवारी की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन हुआ। बलराम नाग, राजू, अवस्थी रामचंद्र पांडे, तन्नू लाल अवस्थी, कृष्ण बिहारी मौजूद रहे।

### करंट लगने से भैंस की मौत

**तरबगंज, गोंडा:** स्थानीय थाना क्षेत्र के शीशव गांव में करंट की चपेट में आकर एक भैंस की मौत हो गई। थाना क्षेत्र के शीशव गांव निवासी रामनेवाज तिवारी ने बताया कि बरसात होने के कारण गांव में लगा ट्रांसफार्मर का तार टूटकर नीचे लटक रहा था जिसमें करंट प्रवाहित हो रहा था। उसी के बगल से भैंस चरने जा रही थी कि अचानक करंट की चपेट आ गई जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

# मकान ढहने पर विभागीय कार्रवाई शुरू, भेजा नोटिस

संवाददाता महमूदाबाद, सीतापुर

**खबर का असर**

▶▶ डीएम के निर्देश पर अवर अभियंता ने जारी की नोटिस

**अमृत विचार:** जिला पंचायत निधि से गांव में ठेकेदार द्वारा अपेक्षा से अधिक चौड़े- नाले को मकानों के करीब खोदने से नाले में मूसलाधार बारिश के बाद जलभराव से गिरे मकानों को लेकर अमृत विचार अखबार में खबर को रविवार को विकास की तस्वीर में गुम हुए बांसुरा गांव के घर शीर्षक से प्रकाशित होने के बाद अवर अभियंता जिला पंचायत जितेंद्र पाल ने लापरवाह ठेकेदार को नोटिस जारी करते हुए कार्रवाई किए जाने की बात कही है।

मालूम हो कि रामपुर मथुरा ब्लॉक क्षेत्र के बांसुरा गांव में जिला पंचायत निधि से नाले का निर्माण कराया जा रहा था। गांव की ही मोमिना के मुताबिक, मकानों के करीब जेसीबी से गड्ढे खोदे गए थे। उस दौरान उनकी चौड़ाई अपेक्षा से अधिक कर दी गई थी। याकूब, रहमत अली, तालिब, अकबर अली का कहना था कि नाला डेढ़ मीटर चौड़ा खोदा जाना था लेकिन 4 मीटर के करीब इसे खोदकर चौड़ा कर दिया गया था। एक हफ्ता पूर्व इसकी खुदाई हुई थी। तीन दिन पूर्व हुई बारिश से गड्ढों में पानी भर गया। रात के अंधेरे में इसी गड्ढों में भरे पानी और सीलन के कारण मोमिना के घर के आगे की बाउंड्री वॉल गिर गई और मकान की नींव भी नाले में समा गई। इनके साथ ही अकबर अली के घर के बाहर बना शौचालय और स्नानागार भी ढह गया। रहमत अली, तालिब, रज्जन, शौकत, अकबर अली, छुटकन्ना समेत कुल आठ लोगों के काफी नुकसान हुआ था। इस मामले को अमृत विचार अखबार ने प्रमुखता से प्रकाशित किया था। खबर प्रकाशित होने के बाद अवर अभियंता जिला पंचायत जितेंद्र पाल ने लापरवाह ठेकेदार के खिलाफ कदम उठाया और उसे नोटिस देकर स्पष्टीकरण तलब किया है।

वहीं इस मामले में जिला पंचायत के अवर अभियंता जितेंद्र पाल ने बताया कि जिला पंचायत में मुआवजे का कोई प्रावधान नहीं है। मानकों की अनदेखी कर ठेकेदार ने नाला ज्यादा खुदवाया है, तो उस पर निश्चित रूप से जल्द ही कार्रवाई होगी। जिन लोगों का नुकसान हुआ है, उसकी भरपाई ठेकेदार खुद करेंगे।

# गौशालाओं में 24 घंटे काम, मजदूरी केवल 237 रुपये


गौशाला में काम करते श्रमिक। अमृत विचार

संवाददात सांडा, सीतापुर

▶▶ श्रमिक बोले-बच्चों की पढ़ाई और जरूरत की चीजों तो दूर परिवार के पोषण में मुश्किल

**अमृत विचार:** गौशालाओं में संरक्षित बेसहारा गौवंशों की सुरक्षा के साथ उनके चारा पानी और देखरेख के काम की जिम्मेदारी संभालने वाले मजदूर आर्थिक शोषण का शिकार बन रहे हैं। मजदूरों को दिन-रात 24 घंटे काम के बदले केवल 237 रुपये की दिहाड़ी ही मिल रही है।

सकरन क्षेत्र की गौशालाओं में काम करने वाले मजदूर रमेश, राजेश, रामप्रकाश, नरेश, रामचंद्र, दिनेश, सोहन, राजाराम, सुरेश आदि ने बताया कि वह गौशाला में पशुओं की देखरेख, सुरक्षा, चारा पानी की व्यवस्था में दिन-रात 24 घंटे लगे रहते हैं। इसके बावजूद उन्हें पारिश्रमिक के नाम पर केवल 237 रुपये की मजदूरी ही मिलती है। जिससे उन्हें ठीक तरह से अपने परिवार का पेट पालने तक में समस्या होती है। बच्चों की पढ़ाई लिखाई और उनकी जरूरत की चीजें, कपड़े आदि खरीदना तो दूर की बात हो गई है। गौशालाओं में काम करने वाले मजदूरों ने जिलाधिकारी से मांग करते हुए कहा है कि प्रतिदिन 24 घंटे काम के बदले कम से कम उन्हें उतनी मजदूरी तो जरूर दी जानी चाहिए। जिससे वह अपने परिवार का आसानी से पेट तो भर ही सकें। वहीं तीज त्योहार पर बच्चों को नए कपड़े और उनकी जरूरत की चीजें भी खरीद पाएं।

### शाम होते ही अंधेरे में डूब जाती है सकरन खुर्द की गौशाला

**संवाददाता, सांडा, सीतापुर, अमृत विचार :** सकरन ब्लाक मुख्यालय पर स्थित सकरन खुर्द की गौशाला जो ब्लॉक कार्यालय और विद्युत उपकेंद्र सांडा से मात्र आधा किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। विकासखंड की इस सबसे बड़ी गौशाला में जहां 400 से अधिक गौवंशों को संरक्षित किया गया है। गौशाला में गौवंशों को रात के अंधेरे में हिंसक जंगली जानवरों के हमलों से बचाने के लिए गौशाला में विद्युतीकरण के लिए सांडा पावर हाउस में एक वर्ष पूर्व आवेदन किए जाने के बावजूद जिम्मेदारों की लापरवाही से गौशाला में अब तक विद्युतीकरण नहीं हो हो पाया है। सकरन खुर्द की गौशाला शाम ढलते ही पूरी तरह से अंधेरे में डूब जाती है। अंधेरे का फायदा उठाकर रात में अक्सर हिंसक जंगली जानवर गौशाला में आ जाते हैं और कमजोर तथा नवजात गौवंशों पर जानलेवा हमला करके उन्हें अपना शिकार बना लेते हैं। ग्राम प्रधान प्यारेलाल भार्गव ने बताया कि गौशाला में उजाले की व्यवस्था के लिए एक वर्ष पूर्व विद्युत उपकेंद्र सांडा में विद्युतीकरण के लिए फाइल जमा की गई थी। उनके द्वारा लगातार उपकेंद्र की दौड़ भी लगाई जा रही है, लेकिन जिम्मेदारों की अनदेखी से गौशाला में विद्युतीकरण नहीं हो पा रहा है। जिससे गौवंशों को रात के अंधेरे में हिंसक जंगली जानवरों से बचाने में अत्यधिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं इस संबंध में सकरन के खंड विकास अधिकारी श्रीश गुप्ता ने कहा कि फिलहाल ये समस्या विद्युत विभाग से जुड़ी है। चूंकि ब्लॉक से संबंधित गौशाला का मामला है, तो प्रयास किया जाएगा कि जल्द से जल्द गौशाला में विद्युतीकरण हो जाएं।

# बिफरा संगठन, प्रधान पर पक्षपात का आरोप


सिटी मजिस्ट्रेट को शिकायती पत्र देते विकास हिंदू संगठन के सदस्य। अमृत विचार

संवाददाता सीतापुर

▶▶ तालगांव का मामला, ग्रामीणों ने सिटी मजिस्ट्रेट से की शिकायत

**अमृत विचार:** विकास हिंदू के नेतृत्व में तालगांव इलाके से आए लोग सिटी मजिस्ट्रेट से मिले और आरोप गांव के प्रधान पर पक्षपात का लगाया। बढ़ते विरोध के बीच ग्रामीणों ने शिकायती पत्र देकर निस्तारण की मांग की।

तालगांव से आने वालों में मनोज कुमार, अर्पित कटियार, विजय कुमार, सुरजीत, प्रेम कुमार सहित अन्य लोग थे। ये सभी विकास हिंदू के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट पहुंचे और नगर मजिस्ट्रेट से मुलाकात की। आरोप है कि गांव के प्रधान एक मकान और शौचालय निर्माण में पक्षपात कर रहे हैं। इतना ही नहीं प्रार्थना पत्र दिये जाने के बावजूद उनकी समस्या का निस्तारण नहीं किया जा रहा है। बढ़ते विरोध के बीच ग्रामीणों ने सिटी मजिस्ट्रेट केएन तिवारी प्रार्थना पत्र सौंपा, ऐसे में सभी को पारदर्शिता के साथ राहत दिए जाने का आश्वासन मिला।

## सार-संक्षेप

### वाल्मीकि समाज के अध्यक्ष बने बंटी


बंटी वाल्मीकि।

**संवाददाता लहरपुर, सीतापुर, अमृत विचार :** वाल्मीकि समाज की नई कमेटी का गठन हुआ। कस्बे के मोहल्ला बेहटी में बड़ी संख्या में वाल्मीकि समाज के लोग रहते हैं। उनका अपना एक संगठन है। उसी के चलते वाल्मीकि समाज के लोगों ने पुरानी कमेटी को समाप्त करके नई कमेटी का गठन किया है। इसमें अध्यक्ष के पद पर बंटी वाल्मीकि को सर्वसम्मत से नियुक्त किया गया। महामंत्री पद पर गीता वाल्मीकि, उपाध्यक्ष जीवा वाल्मीकि, कोषाध्यक्ष आदर्श वाल्मीकि सुनील वाल्मीकि, संगठन मंत्री संतोष बाल्मीकि प्रकाश वाल्मीकि, प्रचार मंत्री धर्मेंद्र वाल्मीकि, सहित सदस्य गण सोनू वाल्मीकि, अमित वाल्मीकि, विजय वाल्मीकि, राहुल वाल्मीकि, रामगुलाम वाल्मीकि, रामसेवक वाल्मीकि, अनिल बाल्मीकि को सदस्य पद पर नियुक्त किया गया।

### नसरुल्लाह की मौत पर शिया मुस्लिम महासभा ने जताया शोक

**संवाददाता लहरपुर, सीतापुर अमृत विचार :** ऑल इंडिया शिया मुस्लिम महासभा के जिलाध्यक्ष आकिल रिजवी ने शियाने हैदरे कर्रार व अंजुमन-ए-लश्करे हुसैनी के सदस्यों से अपील की है कि हिजबुल्लाह कमांडर सैय्यद हसन नसरुल्लाह को इजराइल ने हमला करके शहीद कर दिया है। उनके शोक में मजलिसों और शोक सभाओं के आयोजन हो रहे हैं। ऐसे में 3 दिन तक कोई भी खुशी का काम न करें। काले कपड़े पहनकर दुआएं भी कराएं। ऐसे में बड़ी संख्या में शिया वर्ग से जुड़े लोगों ने अपने-अपने घरों में काले झंडे लगाकर शोक व्यक्त किया है।


शोक में लोगों के घर पर लगे काले झण्डे।

### खुली बैठक में आवास प्लस योजना के बारे दी गई जानकारी


बैठक के दौरान उपस्थित ब्लॉक प्रमुख व सदस्य। अमृत विचार

**संवाददाता, नेरी, सीतापुर, अमृत विचार :** विकासखंड क्षेत्र पिसावां के ग्राम हरनी कला गांव में प्रधानमंत्री आवास की पात्रता शर्तें समझाने के लिए खुली बैठक का आयोजन किया गया। ग्राम पंचायत सचिव ओम प्रकाश ने खुली बैठक में ग्रामीणों को आवास प्लस योजना के अंतर्गत संबंधित जानकारी दी। कहा कि कर्मचारी द्वारा घर-घर जाकर सर्वे किया जाएगा। इसके आधार पर पात्र व्यक्तियों की सूची बनाई जाएगी, जिसके आधार पर हर पात्र व्यक्ति को आवास देने का कार्य किया जायेगा। सरकार की मंशा है कि हर गरीब व्यक्ति को आवास मिले। इस दौरान शासन द्वारा चल रही अन्य योजनाओं की जानकारी दी गई। इस अवसर पर ब्लाक प्रमुख मिथिलेश यादव, प्रधान उर्मिला देवी, ग्राम रोजगार सेवक नीरज, अवनीश कुमार, दिनेश, जगदीश सिंह, रामरतन सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।

### निकली बिनौली यात्रा, दीदी ने दिया प्रवचन

**संवाददाता, रामपुर-मथुरा, सीतापुर अमृत विचार :** सकल जिनागम पंथी समाज द्वारा दीक्षार्थी दीदियों को फूल माला व लाइट द्वारा सजावट कर 7 बग्घियों पर बैठा कर बिनौली यात्रा निकाली गई। हल्दी और मेहंदी की रस्म के बाद सात रथों पर सवार होकर संघस्थ शिष्या विमर्शानुरागनी विशु दीदी व ब्रह्मचारी दीक्षार्थी दीदी व ब्रह्मचारी भैया को बिनौली यात्रा निकालकर नगर भ्रमण कराया गया। उसके बाद दिगंबर जैन मंदिर में प्रतीक्षा दीदी ने बताया कि मेरे माता-पिता मुझे डॉक्टर व इंजीनियर बनाना चाहते थे, मैंने आचार्य 108 विमर्श सागर महाराज का प्रवचन सुना। उसी के बाद सकल जिनागम पंथ में चली गई। उसके बाद कभी-कभी घर आना हुआ करता था, अब मेरी घर से विदाई है, मैं समाज के लिए कार्य करूंगी। आचार्य 108 विमर्श सागर महाराज के सानिध्य में दीक्षा पूर्ण होगी, फिर वैराग्य का नया जीवन शुरू होगा।

**खबर का असर** | शहर और उसके आसपास व खैराबाद में हो रहा था धड़ल्ले से प्लाटिंग का खेल, डीएम के निर्देश के बाद होगी ठोस कार्रवाई

# भूमाफिया के प्लाटिंग के बोर्ड हटे, झोपड़ियों पर सन्नाटा

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर

**अमृत विचार:** प्लाटिंग के खेल में बड़े से लेकर छोटे तक फल-फूल गए। कई साल से चले आ रहे कॉकस पर जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की टेढ़ी नजर है। अमृत विचार में प्रकाशित खबर के बाद डीएम ने अधीनस्थों को भूमाफिया के विरुद्ध अभियान चलाए जाने का निर्देश दिया है।


तो नजूल भूमि पर खोल दीं प्लाटिंग की दुकानें

अमृत विचार में प्रकाशित खबर।

अमृत विचार में 27 सितंबर को तो नजूल भूमि पर खोल दी प्लाटिंग की दुकानें शीर्षक से खबर प्रकाशित की गई थी। शहर और उसके आसपास हो रहे खेल को जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने गंभीरता से लिया और अधीनस्थों को भूमाफिया के विरुद्ध सख्ती से निपटने के निर्देश दिये। डीएम का रुख भांपकर आनन-फानन में कागजों के खेल में माहिर शातिरों का खाका तैयार किया जा रहा है। बीस साल और पचास साल पूर्व खैराबाद और शहर के आसपास क्या था, इसको लेकर पुराने रिकार्ड भी तैयार हो रहे हैं। सख्ती की भनक मिलते ही भूमाफिया ने प्लाटिंग की दुकानों के बाहर लगे-बड़े-बड़े बोर्ड और बैनर उतार लिये हैं। कुछ स्थानों पर प्लाटों के किनारे बनी झोपड़ियों पर भी सन्नाटा पसर गया है।


जिलाधिकारी की सख्ती के बाद साइटों पर लगे बोर्ड हटे। अमृत विचार

**रिश्वत लेते पकड़े जा चुके हैं दो लेखपाल:** शहर में बड़े समय तक जमे दो लेखपाल विजिलेंस टीम द्वारा रंगे हाथों रिश्वत लेते पकड़े जा चुके हैं। इन पर कई बार भूमाफिया के साथ गहरे तालमेल और अकूत संपत्ति के आरोप भी लगे। फिलहाल आरोपियों से एक लेखपाल सेवानिवृत्त हो चुका है।

**हो चुकी हैं गंभीर वारदातें:** कागजों का खेल डेढ़ दशक से अधिक हावी है। कहीं न कहीं शहर के चर्चित ट्रिपल मर्डर में भी एक सुनयोजित साजिश रची गई थी। जमीन के मामले में शहरी क्षेत्र के बबलू सिंह की हत्या हुई। भूमि साजिश का शिकार अशोक श्रीवास्तव बने। इन्हें बस अड्डे के करीब गोलियों से भून दिया गया था। हर सिंगार प्रकरण सहित कई अन्य मामले खासे चर्चा में रहे हैं।

### डीएम के निरीक्षण से पहले पकड़े जा रहे छुट्टा गोवंश

**गोंडा:** जिलाधिकारी के निरीक्षण से पहले मुजेहना ब्लाक में छुट्टा गोवंशों को पकड़ने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। सोमवार को ब्लाक के सफाई कर्मियों ने कस्बे में घूम रहे दर्जनों को गोवंशों को पकड़कर उन्हें रुदगढ़ नौसी गौ आश्रय केंद्र भेजा गया। जिलाधिकारी नेहा शर्मा चार अक्टूबर को मुजेहना ब्लाक का निरीक्षण करेंगी। डीएम के निरीक्षण से पहले ब्लाक परिसर को चकाचक किया जा रहा है। सफाई कर्मचारी पूरे परिसर की सफाई करने में जुटे हैं। वहीं सोमवार को कस्बे में घूमने वाले छुट्टा मवेशियों को पकड़ने के लिए अभियान चलाया गया।

## एक नजर

### खाली पड़े घर से लाखों रुपये का सामान चोरी

**बाराबंकी, अमृत विचार :** घर में किसी के न रहने पर घुसे शातिर चोरों ने लाखों का माल पार कर दिया। चोर सोने के जेवरात, नकदी, बर्तन, सिलाई मशीन समेत काफी सामान साथ ले गए। इस घटना के बाद से पीड़ित सदमे में हैं। जानकारी के अनुसार चोरी की यह घटना शहर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पहाड़पुर मजरे खजूरगांव में 26 सितंबर की रात हुई। यहां के रहने वाले संकल्प शुक्ला की पत्नी नेहा शुक्ला ने पुलिस को बताया कि उनका पूरा परिवार किसी काम से बाहर गया था। 26 सितंबर की दोपहर तीन बजे वह घर वापस आई तो मुख्य द्वार का ताला टूटा देखा। अन्दर जाकर देखा तो आलमारी बक्से का ताला टूटा हुआ, सामान बिखरा पड़ा था। आलमारी में तलाश करने पर दो सोने की चैन, चार सोने की अंगूठी, मंगलसूत्र, जमीन के लिए रखा 80 अस्सी हजार रुपया, शादी के पीतल और तांबे के बर्तन, टीवी, सिलाई मशीन, दो बोरी बर्तन, कूलर आदि सामान चोरी हुआ मिला। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### किशोर स्वास्थ्य कल्याण दिवस का आयोजन

**हैदरगढ़, अमृत विचार :** राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत द्वितीय राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कल्याण दिवस सभी उप केंद्रों पर संबंधित एनम की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इस अवसर पर मेले का आयोजन किया गया मेले में समस्त आशा संगिनी आशा उप केंद्र से संबंधित सभी आशा आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों व किशोर किशोरियों के साथ साथ उनके माता–पिता अभिभावकों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। उपस्थित किशोर किशोरियों का स्वास्थ्य विभाग के डॉक्टरों द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया।

# पत्नी के नाम से ठेकेदारी की चाहत में फंसे प्रधान सहायक, रिपोर्ट दर्ज

## कृषि विभाग की निविदा में फर्जी फर्म के जरिए डाला गया टेंडर

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार:** सरकारी नौकरी करने के बावजूद अतिरिक्त लाभ की चाहत कृषि अधिकारी कार्यालय में तैनात प्रधान सहायक को महंगी पड़ गई। कृषि विभाग में बीज ढुलाई कार्य का टेंडर निकला तो प्रधान सहायक अपनी पत्नी के नाम से बनी फर्म की ओर से निविदा में शामिल हो गए। बात छिप नहीं सकी और जब जिला कृषि अधिकारी ने त्रिस्तरीय कमेटी के जरिए जांच करवाई तो फर्म, लगाए गए प्रमाण पत्र, फर्म का पता फर्जी निकला, यहां तक कि जिस ट्रक नंबर का जिक्र निविदा के लिए किया गया, वह जांच में तिपहिया आटो निकला। कलई खुलने के बाद कृषि अधिकारी की तहरीर पर प्रधान सहायक व उनकी पत्नी के खिलाफ शहर कोतवाली में विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई है।

दर्ज मामले के अनुसार बाराबंकी में बीजों की ढुलाई के लिए परिवहन पल्लेदारी के ठेकेदार के चयन के लिए ऑनलाइन बिड 13 जुलाई को फ्लोट की गई। जिसमें मेसर्स एसके इण्टरप्राइजेज ने भी प्रतिभाग किया। इसी बीच शिकायत मिली कि निविदा में कार्यालय के पटल सहायक राम कृष्ण पाल प्रधान सहायक ने अपनी पत्नी शिव कुमारी पाल के नाम से बनाई गई फर्म मेसर्स एसके इण्टरप्राइजेज को ठेका दिलाने के लिए प्रतिभाग कराया है। इस संबंध में कार्यालय के प्रधान सहायक 22 अगस्त को स्पष्टीकरण मांगा गया, जिसके जवाब में प्रधान सहायक ने इंकार कर दिया। इस पर फर्म को मूल अभिलेखों सहित कार्यालय में आने के लिए कहा गया। फर्म से मूल अभिलेख परीक्षण हेतु मांगा गया परन्तु कोई जवाब नहीं मिला। स्पष्टीकरण न दिये जाने पर त्रिस्तरीय जांच कमेटी का गठन किया गया। मूल अभिलेख कार्यालय में प्रस्तुत न किये जाने पर फर्म को ब्लैकलिस्ट कर दिया गया। जांच समिति ने अपनी गोपनीय आख्या 26 सितंबर को पेश की, जिसके अनुसार फर्म द्वारा दर्शाया गया पता मौके पर मौजूद नहीं है। कार्यालय से प्रेषित रजिस्टर्ड डाक भी वापस आ गई। अभिलेख निर्गत करने वाले प्राधिकारी से सत्यापन कराए जाने पर परिवहन पल्लेदारी के लिए उपलब्ध वाहन के रूप में ट्रक नंबर का सत्यापन कराने पर उक्त वाहन मो. रजी नई बस्ती पीरबटावन के नाम से पंजीकृत तिपहिया वाहन मिला। जीएसटी पंजीकरण प्रमाण पत्र की जांच में वह भी गलत मिला। हैसियत प्रमाण पत्र में शब्द एडिटेड सामने आए। यह भी कि हैसियत प्रमाणपत्र में अंकित मोबाइल नंबर पटल सहायक राम कृष्ण पाल का ही दर्ज है एवं कार्यालय में मानव सम्पदा पोर्टल पर भी अंकित है। प्रस्तुत आधार कार्ड में दर्ज पता एवं पति का नाम वही है, जो कार्यालय में तैनात पटल सहायक राम कृष्णपाल का है। वहीं फर्म की प्रोपराइटर शिवकुमारी पाल के आधार कार्ड का पता वही है जो इनके पति प्रधान सहायक राम कृष्ण पाल का है। स्पष्ट हुआ कि राजकीय पद का दुरुपयोग करते हुये कूटरचित अभिलेखों के माध्यम से शासनादेशों के विपरीत अपनी पत्नी को अपने ही कार्यालय में टेण्डर दिलाने का प्रयास कर कर्मचारी आचरण नियमावली का उल्लंघन किया गया है।

## बेलहरी में महिला ने फंदा लगाकर की आत्महत्या

**दरियाबाद, बाराबंकी, अमृत विचार:** थाना क्षेत्र में एक विवाहिता ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। खेत से घर लौटे पति को जानकारी हुई तो उसने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

घटना दरियाबाद कोतवाली क्षेत्र के डेहवा मजरे किला बेलहरी गांव की है। यहां के निवासी राजेश पुत्र सर्वजीत रविवार की रात घर से फसल की रखवाली करने खेत चला गया था। उसकी पत्नी घर में अकेली थी, सुबह जब राजेश वापस घर लौटा तो उसकी पत्नी शर्मावती 40 वर्षीय का शव घर में फांसी के फंदे से लटकता मिला। यह देख वह सदमे में रह गया। उसने घटना की सूचना दरियाबाद कोतवाली में दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। एसएचओ अभिमन्यु मल्ल ने बताया कि महिला का शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उन्होंने बताया कि पीएम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।



एसडीएम को ज्ञापन सौंपते किसान नेता। अमृत विचार

### बारिश से बर्बाद धान की फसल का मिले मुआवजा

**फतेहपुर, बाराबंकी, अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक गुट ने गत दिनों हुई बारिश से बर्बाद हुई धान की फसल का मुआवजा दिये जाने की मांग को लेकर एक ज्ञापन एसडीएम राजेश कुमार विश्वकर्मा को सौंपा है। मालूम हो कि सोमवार को तहसील पहुंचे भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक गुट के तहसील अध्यक्ष मकुन्दी लाल वर्मा ने बताया कि गत दिनों तेज हवाओं व बारिश होने के कारण धान का नुकसान व पुआल के सड़ने की वजह से जानवरों के चारे में भी कमी हो गयी है। सरकार भी किसानों के हितों के लिए संकल्पित है। इस कारण किसान यह मांग करते हैं कि सर्वे कराकर किसानों को न्याय व उचित मुआवजा दिलाया जाए। मौजूद किसानों ने नारेबाजी की और एक ज्ञापन उपजिलाधिकारी राजेश कुमार विश्वकर्मा को सौंपकर मुआवजा दिलाने की मांग की है। इस मौके पर तहसील उपाध्यक्ष ज्ञानू सिंह, बैजनाथ साहित काफी संख्या में भकियू के कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद थे।

## खो-खो में डिग्री कॉलेज की टीम ने लहराया परचम

फतेहपुर, बाराबंकी

**अमृत विचार:** भारतीय खेल दिवस के अवसर पर साईं पीजी कॉलेज के छात्र-छात्राओं एवं महाविद्यालय के शारीरिक शिक्षा विभाग के द्वारा हॉकी के महान खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद का जन्म दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। ध्यानचंद की प्रतिमा पर पुष्पर्चन के उपरांत संगोष्ठी का आयोजन किया गया। खेल प्रवक्ता दीपक कुमार वर्मा ने मेजर ध्यानचंद जी की उपलब्धियां पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह मात्र एक दिवस नहीं बल्कि हम सबको पूर्ण संकल्पित अनुशासित खेल भावना से ओत प्रोत करने का भी अवसर है। यह उत्सव सिर्फ इन्हें याद करने तक सीमित नहीं है इसका उद्देश्य एक मजबूत खेल संस्कृति विकसित करना भी है। कृषि विभाग एवं डिग्री कॉलेज के मध्य महिला एवं पुरुष खो-खो खेलों का आयोजन किया गया। महिला खो-खो में डिग्री कॉलेज की टीम व पुरुष खेलों में कृषि विभाग की टीम विजेता रही। इस अवसर पर विपिन राठौर, विक्रांत राठौर समेत कई लोग मौजूद रहे।

# रामनगर में निकाला झंडा जुलूस

रामनगर, बाराबंकी

**अमृत विचार:** पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब के जन्मदिवस पर सोमवार को क़स्बा रामनगर में झंडा जुलूस निकाला गया। इसकी शुरुआत बुढ़वल स्थित दरगाह से की गई। यह जुलूस पूरे कस्बे का भ्रमण करते हुए नूरी मस्जिद से वापस लौट कर मौलाना अब्दुल कलाम आजाद मैदान में पहुंचा। जहां पर दुआ मांग कर जुलूस का समापन किया गया।



झंडा जुलूस में शामिल लोग। अमृत विचार

इसके बाद कमेटी के द्वारा अंजुमनों को पुरस्कृत किया गया। जुलूस के साथ चल रहे सजे ऊंट लोगों के आकर्षण का केंद्र रहे। आपसी भाईचारे का नारा देते हुए हिन्द तिरंगे के साए में जुलूस मिन्जानिब अंजुमन ताजदार ए हरम की अगुवाई में निकाला गया। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम किए गए थे। अतिरिक्त प्रभारी निरीक्षक राज बहादुर सरोज, एसएसआई प्रमोद कुमार, कस्बा इंचार्ज धर्मेंद्र सिंह, एस आई शत्रुघ्न राज कनौजिया, हेड कांस्टेबल दिनेश पाल, सुनील, पुनीत, मनमोहन, साहिल, रजनीश सहित भारी संख्या में पुलिस बल के जवान तैनात रहे। इसके अलावा जुलूस में जमील, जलील, जाविर, अंसार अहमद, शकील, हनीफ आदि शामिल रहे।

# स्वच्छता ही सेवा की बनाई आकृति

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार:** शहर के राजकीय इंटर कॉलेज में स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के अंतर्गत एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। छात्रों को जहां स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। वहीं सैकड़ों बच्चों ने स्वच्छता ही सेवा यानी एसएचएस 24 का स्वयं द्वारा आकार बनाकर सबको आकर्षित किया।

पंचायती राज विभाग के माध्यम से जीआईसी परिसर में स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत साफ-सफाई की गई। वहीं बच्चों को स्वच्छता का पाठ पढ़ाया गया। डीपीआरओ नीतेश भोंडेले ने कहा कि शरीर के साथ कार्यस्थल और अन्य जगहों पर साफ-सफाई रखना जरूरी है। केंद्र और प्रदेश सरकार द्वारा भी इस पर देशभर में अभियान चलाया जा रहा है। इसमें हम सभी को एक साथ मिलकर अभियान को आगे बढ़ाना है दूसरों को भी स्वच्छता के प्रति जागरूक करना है।



आकृति बनाए जीआईसी के विद्यार्थी। अमृत विचार

छात्रों द्वारा स्वच्छता की शपथ ली गई साथ ही उन्होंने आमजन को भी साफ-सफाई के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर राजकीय इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य आरएस धीमान, पंचायती राज विभाग के जिला परियोजना समन्वयक स्वच्छ भारत मिशन उद्धव राय एवं आगा खान फाउंडेशन के प्रबंधक अब्बास रिजवी सहित शिक्षण संस्थान के शिक्षक व अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

# हैदरगढ़ स्टेशन से बसों के संचालन की उठाई मांग

हैदरगढ़, बाराबंकी

**अमृत विचार:** उधार के बस स्टेशन से संचालित हो रही हैदरगढ़ डिपो की बसों का संचालन हैदरगढ़ स्टेशन से कराए जाने की मांग जोर पकड़ने लगी है। पता चला है कि चारबाग बस स्टेशन को पीपीपी मॉडल का बस स्टेशन बनाए जाने के लिए जल्द ही तोड़फोड़ का काम शुरु होने वाला है।

उल्लेखनीय है कि हैदरगढ़ से विधायक रहे व देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के अथक प्रयासों से एक दशक पूर्व क्षेत्रवासियों को हैदरगढ़ बस डिपो की सौगात मिली थी। जिससे लोगों में क्षेत्रीय मार्गों पर बसों के संचालन की उम्मीद जगी थी, परंतु इस उम्मीद पर तब पानी फिर गया जब पता चला कि डिपो का संचालन चारबाग बस स्टेशन से होगा। तब से लेकर आज तक हैदरगढ़ डिपो के बेड़े में शामिल लगभग एक सैकड़ा बसें हैदरगढ़ डिपो के नाम से लंबी दूरी के विभिन्न मार्गों पर फर्राटे भर रही हैं। वही क्षेत्रवासी क्षेत्रीय मार्गों पर आवागमन के लिए डग्गामार वाहनों से सफर करने के लिए मजबूर हैं। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि हैदरगढ़ बस स्टेशन से बसों का संचालन होने पर हैदरगढ़ से बहराइच, गोरखपुर, रायबरेली, अमेठी, कानपुर, इलाहाबाद, सुल्तानपुर एवं बनारस आदि मार्गों के लिए बसे चलाई जा सकती है।

# किशोर-किशोरियों का जांचा स्वास्थ्य

रामसनेहीघाट, बाराबंकी

**अमृत विचार:** किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामसनेहीघाट में किशोर स्वास्थ्य मंच का आयोजन केंद्र अधीक्षक डा. अमरेश वर्मा के निर्देशन में आयोजित किया गया। जिसमें किशोर व किशोरियों के स्वास्थ्य का परीक्षण करके उन्हें जानकारियां दी गई।

कार्यक्रम के तहत 10-19 वर्ष की आयु के किशोर किशोरियों के स्वाथ्य के प्रति सरकार की तरफ से डॉक्टरों द्वारा देखभाल करके व उन्हें स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के निर्देश जारी किये गए। सीएचसी अधीक्षक डॉ. अमरेश वर्मा ने बताया कि आरकेएसके के तहत किशोर-किशोरियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया जाता है इस कार्यक्रम के तहत किशोरों को नियमित रूप से प्राथमिक, माध्यमिक, और तृतीय स्तर पर जांच कराई जाती है। उन्होंने कहा कि किशोरों की हीमोग्लोबिन जांच, बॉडी मास इंडेक्स (बीएमआई) जांच, वज़न और लंबाई की जांच कराकर उचित स्वास्थ्य सुविधा दी जाती है। इसी के साथ किशोरों को स्वास्थ्य से जुड़े कई और लाभ पोषण में सुधार, यौन और प्रजनन स्वास्थ्य में सुधार, मानसिक स्वास्थ्य में सुधार, चोट और हिंसा से बचाव, गलत पदार्थों के सेवन से बचाव की जानकारियां भी दी जाती है। इस दौरान अर्श काउंसलर गरिमा मिश्रा, डॉ रईश खान, राहुल राजपति, पूजा मिश्रा, सीकेडी संस्थान के रिषभ दुवेदी, सहित तमाम एएनएम, आशा बहू, आंगनबाड़ी मौजूद रही।



किशोर स्वास्थ्य मंच कार्यक्रम में मौजूद सीएचसी अधीक्षक। अमृत विचार

## पेंशन बहाली के लिए संगठन देगा ज्ञापन

**बाराबंकी, अमृत विचार:** पुरानी पेंशन बहाली अभियान के अंतर्गत संयुक्त संघर्ष संचालन समिति के कार्यालय विकास भवन में एक बैठक का आयोजन हुआ। जिसकी अध्यक्षता हसीब अहमद एवं जिला संयोजक धर्मेंद्र कुमार वर्मा ने की। इस बैठक में प्रांतीय आवाहन पर यह निर्णय लिया गया कि जनपदीय समिति द्वारा दो अक्टूबर को मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से भेजा जाएगा। बैठक में विकास कुमार वर्मा, मुस्तफा खान, आशीष सिंह, गौरव वर्मा, दिग्विजय पांडेय, ओमप्रकाश, मोहम्मद अहमद, अनिल वर्मा, सगीर अहमद रहे।

# बच्चों का कराया अन्नप्राशन, सम्मानित की गईं कार्यकत्रियां

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** शहर समेत सभी बाल विकास परियोजना केंद्रों पर चल रहे सातवें पोषण माह का सोमवार को समापन हुआ। इस दौरान ब्लॉक प्रमुख, सीडीपीओ ने छह माह पूर्ण कर चुके बच्चों को खीर खिलाकर अन्नप्राशन कराया।

बाल विकास परियोजना हरख द्वारा ब्लॉक सभागार में आयोजित कार्यक्रम में 51 बच्चों का अन्नप्राशन हुआ। स्पर्धा अभियान के अंतर्गत प्रथम शौर्य, द्वितीय समर, तृतीय अपेक्षा को प्रमाण पत्र दिए गए। पोषण अभियान के अंतर्गत 10 उत्कृष्ट कार्य करने वाली कार्यकत्रियों को सम्मानित किया गया। पोषण भी पढ़ाई भी से संबंधित स्टॉल कार्यकत्री क्रान्ति वर्मा एवं विमला ने लगाया। अन्य कार्यकत्रियों ने पोषण वाटिका सजाई। रामसनेहीघाट क्षेत्र के बनीकोडर ब्लॉक सभागार में ब्लॉक प्रमुख उर्मिला देवी और डॉ. विनय कुमार मिश्रा ने 51 बच्चों का अन्नप्राशन कराया। जाह्नवी, लकी, आशिक, विपिन आदि बच्चों को सम्मानित किया गया। इस मौके पर सीडीपीओ निधि सिंह मौजूद रहीं। दरियाबाद के सीडीपीओ कार्यालय में भी 51 बच्चों का अन्नप्राशन ब्लॉक प्रमुख आकाश पांडेय ने किया। 10 स्वस्थ बच्चों को खिलौने दिये गये। रामनगर ब्लॉक सभागार में भी 51 बच्चों को अन्नप्राशन ब्लॉक प्रमुख संजय तिवारी व बीडीओ जितेंद्र कुमार ने किया। सीडीपीओ बीना यादव योजनाओं की जानकारी दी। सिरौलीगौसपुर के बदोसरांय के पंचायत भवन में 51 बच्चों को ब्लॉक प्रमुख रेनू वर्मा ने अन्नप्राशन कराया। इसी तरह बंकी, देवा, निंदूरा, हैदरगढ़, त्रिवेदीगंज, सूरतगंज, फतेहपुर समेत अन्य ब्लॉकों पर भी कार्यक्रम हुए।



बच्चे को खीर खिलाते बीडीओ बनीकोडर, रामनगर ब्लाक सभागार में बच्चे का अन्नप्राशन कराते ब्लॉक प्रमुख, बच्चे को खिलौने देते ब्लॉक प्रमुख आकाश पांडेय। अमृत विचार

## सार-संक्षेप

### निर्धारित स्थानों पर ही स्थापित करें प्रतिमाएं

**सुबेहा, बाराबंकी, अमृत विचार :** सुबेहा थाना परिसर में प्रभारी निरीक्षक संजीव कुमार यादव की अध्यक्षता में आगामी दुर्गा पूजा को लेकर दुर्गा पूजा कमेटी के अध्यक्षों ग्राम प्रधान के साथ शांति सुरक्षा समिति की बैठक की गई। बैठक में प्रभारी निरीक्षक ने निर्धारित स्थानों पर मूर्ति रखने व निर्धारित मार्गो से विसर्जन यात्राएं निकालने को कहा व आपसी सौहार्द बनाते हुए शांति पूर्वक त्यौहार मनाने को निर्देशित किया। इस मौके पर चेयरमैन देवीदीन रावत, समाजसेवी हुमायूं हुसैन, ग्राम प्रधान मनोज मिश्रा, भाजपा नेता अशोक कुमार वैश्य और उमेश वैश्य आदि लोग मौजूद रहे।

### भाषण प्रतियोगिता में विशेषता अव्वल

**फतेहपुर, बाराबंकी, अमृत विचार :** साईं पीजी कॉलेज में सेवा पखवाड़ा के तहत के विविध कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। वोकल फॉर लोकल विषय पर आयोजित भाषण प्रतियोगिता में विशेषता श्रीवास्तव, शिखा सोनी, सोमिल यादव को क्रमश : प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। विशेषता ने बताया कि आत्मनिर्भरता वर्तमान समय की जरूरत और विकसित भारत का आधार है। सोमिल ने बताया कि हम सभी को अपनी सोच बदलने की जरूरत है, हम सबको लोकल से ग्लोबल की तरफ शिफ्ट होना है। शिखा ने बताया कि वर्तमान समय उन्ही का है जो आत्मनिर्भर हैं। आत्मनिर्भर भारत थीम पर आयोजित निबंध प्रतियोगिता प्रथम स्थान खुशी शुक्ला को, द्वितीय स्थान प्रज्ञा शुक्ला व लक्ष्मी वर्मा को तथा तृतीय स्थान नेहा वर्मा व सविता वर्मा को मिला। इस मौके पर के के वर्मा, दीपक वर्मा, अनीश वर्मा, डॉ अखिलेश प्रताप सिंह, वेद प्रताप सिंह, सहित कई प्रवक्ता और छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

### सेवानिवृत्ति पर तीन पुलिसकर्मियों को दी विदाई



विदाई कार्यक्रम में मौजूद एएसपी दक्षिणी व सेवानिवृत्त पुलिसकर्मी। अमृत विचार

**कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी, अमृत विचार :** सोमवार को रिजर्व पुलिस लाइन्स के सभागार में अधिवर्षता आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त होने वाले तीन पुलिसकर्मियों को ससम्मान विदाई दी गई। अधिवर्षता आयु पूर्ण कर पुलिस सेवा से ती पुलिसकर्मी सेवानिवृत्त हुए। इस अवसर पर रिजर्व पुलिस लाइन्स स्थित सभागार में विदाई समारोह के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी डॉ . अखिलेश नारायण सिंह ने सेवानिवृत्त हुए उपनिरीक्षक शौकत अली, राम खिलावन, सत्येन्द्र कुमार को फूलमाला पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर ससम्मान विदाई दी। साथ ही उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना भी की। विदाई कार्यक्रम में प्रतिसार निरीक्षक राजेश कुमार व अन्य अधिकारी, कर्मचारी मौजूद रहे।

**असंतोष** सरयू की कटान से प्रभावित किसानों ने शासन से की समीक्षा करने की मांग, मिलने वाली क्षतिपूर्ति को बताया नाकाफी

# नदी में समाई लाखों की भूमि, मुआवजा कुछ हजार रुपये

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** सरयू नदी में आई बाढ़ से जिले की कुल तीन तहसीलें रामनगर, सिरौली गौसपुर व रामसनेहीघाट प्रभावित हुईं। करीब 83 किसानों की 183 हेक्टेयर खेती योग्य जमीन सरयू नदी लील गई। शासन से तय हुए मुआवजे के अनुसार प्रति हेक्टेयर 47 हजार 500 रुपये प्रति किसान दिया जाएगा। एक हेक्टेयर में 12 बीघे जमीन होती है अगर किसान ने 12 बीघे जमीन खोई है तो उसे 47 हजार 500 रुपये ही मुआवजे में मिलेंगे। अगर ग्रामीण इलाके में जमीन के रेट पर नजर डाली जाए तो अमूमन एक लाख रुपये बीघा का रेट आम है। सीधा फर्क यह कि एक किसान अगर एक हेक्टेयर खेती योग्य भूमि किसी को बाजार भाव से बेचे तो उसे करीब 12 लाख मिल जाएंगे और शासन के मुआवजे के अनुसार 12 बीघे जमीन की कीमत महज 47 हजार 500 रुपये ही है। प्रभावित किसान इस मुआवजे की राशि को नाकाफी मान रहे हैं। उनका कहना है कि शाासन को मुआवजा देने की नीति की समीक्षा करनी चाहिए और किसानों को पर्याप्त क्षतिपूर्ति मिलनी चाहिए।



कटान करती सरयू नदी। अमृत विचार

### सरकार को किसानों की नहीं है चिंता



निखिल इंद्रप्रताप कन्हैयालाल दीप नारायण।

ग्राम पंचायत अकौना के मजरे कोयलीपुरवा निवासी निखिल अवस्थी करीब पंद्रह बीघे जमीन नदी में खो चुके हैं। कहते हैं कि मुआवजा नहीं यह हंसी उड़ाने जैसा है। ग्राम साईं तकिया के इंद्रप्रताप सिंह ने कहा कि लाखों रुपये की कीमत वाली जमीन का मुआवजा किसानों के लिए नाकाफी है। मदरहा के किसान कन्हैयालाल अवस्थी और सत्तापुर के दीप नारायण पाल बोले कि यह ऊंट के मुंह में जीरा के समान है। सरकार को किसानों की चिंता नही है।

### शासन स्तर पर तय होता है मुआवजा : एसडीएम



उपजिलाधिकारी रामनगर पवन कुमार ने बताया कि मुआवजा शासन स्तर पर तय किया जाता है। उन्हें केवल पोर्टल पर कुल एरिया फीड करना होता है। बाढ़ क्षेत्र की इकोनॉमी अलग होती है। जो भी जमीन नदी में समाहित हो गई है। पानी उतरने के बाद किसान फिर फसल उगाता है। जमीन भी उपजाऊ हो जाती है।

## दिनदहाड़े कचहरी से स्कूटी चोरी

**बाराबंकी, अमृत विचार:** शहर कोतवाली में चोर कचहरी से दिनदहाड़े स्कूटी लेकर फरार हो गए। बड़ेल पुलिस चौकी अंतर्गत लखपेड़ाबाग के रहने वाले शिवम यादव पुत्र सर्वेश यादव ने बताया कि 17 सितंबर को वह अपने किराएदार दीनदयाल पुत्र मुन्नालाल निवासी रानीगंज नगर पंचायत रानीपुर जनपद झांसी की सफेद रंग की स्कूटी मांगकर कचेहरी आवश्यक कार्य के लिए गया था। भारत स्टूडियो के पास स्कूटी खड़ी कर वह कचेहरी अंदर चला गया। जब वह वापस लौटा तो गाड़ी अपने स्थान पर नहीं थी। इधर उधर तलाश की पर कुछ पता नहीं चला, इससे पक्का हो गया कि कोई अज्ञात चोर उसकी गाड़ी चुरा ले गया है।

## एक नजर

### तालाब में उतराता मिला अज्ञात युवक का शव

**रामनगर, अमृत विचार :** मसौली थाना क्षेत्र अंतर्गत त्रिलोकपुर कस्बे में गुरुघुच नामक तालाब में अज्ञात युवक का अर्द्धनग्न शव मिला। पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से शव को निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के अनुसार थाना मसौली के त्रिलोकपुर गांव में सोमवार को दोपहर 2 बजे ग्रामीणों ने गहरे तालाब में शव उतराता देखा। ग्रामीणों की सूचना पर मौके पर लोगो की भीड़ एकत्र हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने एक घंटे की कड़ी मेहनत के बाद ग्रामीणों की मदद से शव को बाहर निकलवाकर शिनाख्त की कोशिश की पर काफी देर बाद भी इसकी पहचान नहीं की जा सकी। थाना प्रभारी एस कांत सिंह ने बताया कि तालाब में अज्ञात शव की सूचना मिली है।

### पॉक्सो एक्ट में वांछित को किया गिरफ्तार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** थाना जैदपुर पुलिस टीम ने आज भारतीय न्याय संहिता व पॉक्सो एक्ट से संबंधित वांछित अभियुक्त मो. वसीम पुत्र रफीक निवासी मोहल्ला मेहदीगंज थाना जैदपुर को गुड्डू टायर तिराहा कस्बा जैदपुर के पास से गिरफ्तार किया गया।

### पुलिस ने तीन जुआरियों को किया गिरफ्तार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** थाना देवा पुलिस टीम ने सार्वजनिक स्थान पर जुआं खेल रहे मो. कामिल पुत्र मो. कलीम, मो. वसीम पुत्र स्व. सिराज, अली वारिस पुत्र मो. सिराज निवासी मोहल्ला शेख-तीन कस्बा व थाना देवा को गिरफ्तार किया। इनके कब्जे से ताश के 52 पत्ते व मालफड़, जामातलाशी के कुल एक हजार पचास रुपये बरामद हुए। इनके विरुद्ध थाना देवा पर सार्वजनिक जुआ अधिनियम के तहत मामला पंजीकृत किया गया।

# 90 प्रतिशत हाजिरी, भरपूर दिखा उत्साह

## जिले के 73 राजकीय व अनुदानित कॉलेजों में हुई मिशन पहचान परीक्षा, 30068 परीक्षार्थियों ने लिया भाग

**कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी**



परीक्षा के दौरान निरीक्षण करते डीआईओएस ओपी त्रिपाठी। अमृत विचार

**अमृत विचारः** छात्रों में आत्मविश्वास बढ़ाने को संचालित नवाचार मिशन पहचान परीक्षा का सोमवार को पहला दिन रहा। परीक्षा जिले के 73 राजकीय व अनुदानित कालेजों में हुई। इसमें करीब 90% छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

विद्यार्थियों के अधिगम स्तर के मूल्यांकन को राजकीय व अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों में मिशन पहचान परीक्षा हुई। परीक्षा दो दिवसीय होगी। सोमवार को जिले के 73 कालेजों में संचालित मिशन पहचान परीक्षा का पहला दिन रहा। जिसमें कक्षा 10 से लेकर 12 तक पंजीकृत 34118 छात्रों के सापेक्ष 30068 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। मिशन पहचान परीक्षा बोर्ड परीक्षा की तर्ज पर आयोजित हुई। सीसीटीवी की निगरानी में ओएमआर शीट पर हुई परीक्षा में 50 वस्तुनिष्ठ प्रश्न पूछे गए। जिसका उत्तर छात्र, छात्राओं ने ओएमआर शीट पर दिया। इस आयोजन को लेकर छात्र, छात्राओं में जोरदार उत्साह दिखाई दिया। जिला विद्यालय निरीक्षक ओपी त्रिपाठी ने जीआईसी, जीजीआईसी, सिटी इंटर कॉलेज सहित जिले के कई कालेजों का निरीक्षण किया। बता दें मिशन पहचान के अंतर्गत सभी कालेजों में प्रार्थना के समय थॉट्स ऑफ द डे, बाल न्यूज सेंटर और प्रत्येक शनिवार को फन डे संचालित है।

### स्कूलों का बदला समय

आज से माध्यमिक व बेसिक स्कूलों का समय बदल गया है। अक्टूबर से स्कूलों का शीतकालीन सत्र शुरू हो जाता है, इसलिए समय परिवर्तन आज से लागू हो गया है। माध्यमिक शिक्षा विभाग के स्कूल अब सुबह साढ़े नौ बजे से खुलकर दोपहर साढ़े तीन बजे बंद होंगे। यह समय 31 मार्च तक लागू होगा। बेसिक शिक्षा विभाग के तहत संचालित स्कूलों का समय अब सुबह 9 बजे से दोपहर 3 बजे तक रहेगा।



प्रतियोगिता के दौरान मौजूद प्राचार्य। अमृत विचार

### अपने क्षेत्र में महारथ हासिल करेंगे बच्चे- प्रो. सीताराम

**कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी, अमृत विचार :** जवाहरलाल नेहरू मेमोरियल पोस्ट ग्रेजुएट कॉलेज के इतिहास विभाग में स्नातक के छात्रों की ऐतिहासिक मानचित्रावली की प्रतियोगिता सम्पन्न कराई गई। जिसमें महाविद्यालय के इतिहास विभाग के छात्र छात्राओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। इस मौके पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. डॉ. सीताराम सिंह ने बच्चों का हौसला बढ़ाया और कहा कि यह विधि कार्य करके सीखना से बच्चों का सर्वांगीण विकास होगा और बच्चे अपने अपने क्षेत्र में महारथ हासिल करेंगे। इस मौके पर हिन्दी विभाग के प्रो. विजय कुमार वर्मा भी उपस्थित रहे। इतिहास विभाग के विभागाध्यक्ष मानव कुमार सिंह ने प्रत्येक शनिवार इतिहास विभाग में बच्चों के लिए कोई न कोई गतिविधि कराने की जो परंपरा डाली है, इसका प्राचार्य ने समर्थन किया। महाविद्यालय के छात्रों की रुचि इतिहास विषय में इन गतिविधियों के कारण बढ़ती जा रही है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से मानसी, रंजना प्रेम, शबनम, श्वेता, रवि और अभिनव ने सहभागिता की।

## जलस्तर हुआ स्थिर कटान हुई धीमी

**सूरतगंज, अमृत विचारः** सरयू नदी का जलस्तर सोमवार को स्थिर हो गया। कटान की गति भी धीमी हो गई है जिसके कारण बाढ़ पीड़ितों ने राहत महसूस की है। रामनगर तहसील के हेतमापुर से होकर गुजरी सरयू नदी का जलस्तर पिछले दो दिन से बढ़ने लगा था। बढ़ते जलस्तर से पीड़ित पुनः बाढ़ आने को लेकर सहमे हुए थे। बबुरी, बेलहरी, सरसंडा और केदारीपुर के अस्तित्व को समाप्त करके नदी इस बार हेतमापुर की ओर कटान कर रही थी। तहसीलदार भूपेंद्र विक्रम सिंह ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का दौरा किया। उन्होंने बताया स्थिति सामान्य है। बाढ़ पीड़ितों को हर संभव मदद पहुंचाई जा रही है।

# टूट गया परिवार, उजड़ गई सुहागिनों की मांग, परिजन बेसुध

**योगेश शर्मा, बाराबंकी**



नीलेश यादव।



सुनील यादव।

**अमृत विचार :** जरा सी चूक और तीन जिंदगियां तबाह हो गईं। गम में डूबे मृतकों के माता-पिता के आंसू थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। पीएम हाउस पर मौजूद मृतक नीलेश के पिता की अचानक तबीयत बिगड़ गई। जान गंवाने वाले मजदूर ही परिवार के पालनहार थे। अपने माता पिता की इकलौती संतान नीलेश व पांच भाइयों में बड़े सुनील का करीब एक साल पहले विवाह हुआ था।

जहांगीराबाद थाना क्षेत्र के ग्राम भटेहटा स्थित गणपति एग्री बिजनेस प्राइवेट लिमिटेड में शाम को हुआ हादसा कई परिवारों को उजाड़ गया। बताते चलें कि बाराबंकी के थाना जहांगीराबाद थाना क्षेत्र के ग्राम कुटी के रहने वाले नीलेश पुत्र मंगल प्रसाद व सुनील पुत्र रामशंकर के परिवार आपस में पट्टीदार हैं। करीब आठ वर्ष पूर्व नीलेश और सुनील ने आगे पीछे फैक्ट्री में काम करना शुरू किया। अत्यधिक मेहनत ने उनके लिए सफलता के रास्ते खोल दिए। इनकी तरक्की हो गई और कुछ ही वक्त पहले इनकी भूमिका आपरेटर और टेक्नीशियन की हो गई। करीब एक साल पहले की नीलेश व सुनील का विवाह धूमधाम से हुआ था। सुनील का गौना आसन्न नवरात्र पर्व में होना था। परिवार की बात करें तो सुनील पांच भाईयों में सबसे बड़ा था, जबकि नीलेश माता पिता की इकलौती संतान था। सोमवार को तस्वीर बदरंग हो चुकी थी, हादसे के बाद दोनों परिवार टूट गए, गम का दरिया बह चला। घर का कमाऊ पूत चला गया, यह दुख परिजनों को संभलने नहीं दे रहा था। विधि का विधान ऐसा कि नीलेश और सुनील परिवार भी आगे नहीं बढ़ा सके। कहां घर में आने वाली खुशियों के लिए सभी बेचैन थे और कहां अनहोनी ने पोस्टमार्टम हाउस के दरवाजे पहुंचा दिया।

वहीं अंबेडकरन नगर निवासी मृतक के परिजन देर रात तक पोस्टमार्टम हाउस तक नहीं पहुंच सके थे। उधर, सूचना मिलते ही अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी चरंजीव नाथ सिन्हा, एसडीएम सदर आर.जगत साईं, सीओ फतेहपुर, रामनगर के अलावा जहांगीराबाद, देवा, फतेहपुर, कुर्सी और रामनगर समेत कई थानों के प्रभारी व पुलिस फोर्स मौके पर पहुंच गई। अंबेडकरनगर के रहने वाले मजदूर के परिजनों को भी घटना की सूचना दी गई है। तीनों का देर रात पोस्टमार्टम कराया गया।



हादसे के बाद रोते-बिलखते परिजन। अमृत विचार



फैक्ट्री जिसमें हुआ हादसा। अमृत विचार

> फैक्ट्री में बने टैंक में डीजल स्टोर किया जाता था। जिसमें एक के बाद एक उतरे तीन लोगों की मौत हुई है। हादसा किन परिस्थितियों में हुआ, इसकी जांच की जा रही है।
>
> **-चिरंजीव नाथ सिन्हा,** अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी

# सचिव पर दर्ज हो एफआईआर, करें सस्पेंड

**दरियाबाद, बाराबंकी**



धरने पर बैठे ग्राम प्रधान और ग्रामीण।। अमृत विचार

**अमृत विचारः** सचिव की तहरीर पर प्रधान पर एफआईआर दर्ज होने से नाराज प्रधान संघ ने धरना दिया गया। इसके बाद दस सूत्रीय मांगों को एक पत्र खंड विकास अधिकारी को सौंपा। संघ ने चेतावनी दी कि अगर सचिव पर एफआईआर दर्ज होने समेत अन्य मांगों पर विचार नहीं हुआ तो एक सप्ताह बाद फिर से प्रदर्शन किया जाएगा।

दरियाबाद विकास खंड के ग्राम प्रधान संघ ने अपनी 10 सूत्रीय मांगों को लेकर धरने पर बैठ गए और जमकर नारेबाजी की। दरियाबाद ब्लॉक के प्रधान संघ ने खजुरी प्रधान शोएब अहमद पर सचिव विनोद कुमार द्वारा दर्ज करायी गई एफआईआर को वापस लेने व सचिव विनोद के खिलाफ प्रधान द्वारा दिये गये प्रार्थना पत्र पर एफआईआर दर्ज करने की मांग की गई। इसके अलावा सचिव को निलबिंत करने के साथ ब्लॉकों पर सचिवों द्वारा मांगे जा रहे कमीशन समेत अन्य कई मांगों पर कार्रवाई करने की बात कही गई। प्रधानों ने कहा कि ग्राम पंचायतों में प्रशासक नियुक्त के दौरान एक करोड़ पच्चीस लाख रूपये के गबन पर भी कार्यवाही की जाए। धरना प्रदर्शन में प्रधान संघ के जिलाध्यक्ष राम कुमार मिश्रा सहित विकास खंड के दर्जनों प्रधान सहित ग्रामीण शामिल हुए। बीडीओ संदीप श्रीवास्तव ने बताया कि ब्लॉक स्तर की सभी समस्याओं का तत्काल निस्तारण करने की बात कही है।

### सचिव पर करें कार्रवाई

**सिरौलीगौसपुर, अमृत विचार :** ग्रापं खजुरी के प्रधान के विरुद्ध पंचायत सचिव द्वारा दर्ज कराये गये केस के विरोध में प्रधान संघ के अध्यक्ष विकेश वर्मा की अगुवाई में प्रधानों ने वीडियो अदिती श्रीवास्तव को ज्ञापन सौंपा। डीएम को संबोधित ज्ञापन में प्रधानों ने भ्रष्ट पंचायत सचिव विनोद कुमार द्वारा प्रधान शुऐब अहमद पर किये गये हमले व अभद्रता की घटना का प्रधान संघ सिरौलीगौसपुर घोर निंदा करता है। इस मौके पर रामकेदार वर्मा, धर्मेन्द्र कुमार वर्मा, स्वतंत्र सिंह, दिग्विजय सिंह, विनोद कुमार यादव, जयप्रकाश वर्मा, अनमोल रावत, जितेन्द्र यादव सहित दर्जनों ग्राम प्रधान उपस्थित रहे।



चेयरमैन इरशाद अहमद कमर का स्वास्थ्य परीक्षण करती टीम। अमृत विचार

### शिविर में निकायकर्मियों की हुई जांच, बांटीं दवाएं

**फतेहपुर, बाराबंकी, अमृत विचार :** नपं कार्यालय फतेहपुर में स्वास्थ्य विभाग ने शिविर लगाया। चेयरमैन इरशाद अहमद कमर ने चिकित्सीय दल द्वारा अपनी जांच कराई। तत्पश्चात स्वास्थ्य कार्यक्रम की जानकारी देते हुए लोगों से कहा कि स्वच्छता से हमारा समाज निरोगी रहेगा। इसलिए सभी को चाहिए अपने आसपास सफाई का विशेष ध्यान रखें। इस दौरान कार्यरत पंचायत कर्मियों का शुगर, बीपी, वायरल फीवर सहित अन्य बीमारियों की जांच कर मुफ्त दवा वितरित की गई। इस मौके पर डॉ. अजीत वर्मा शुभम कुमार वर्मा, शफाक, हसीब, टीसी अरुण कुमार, हरीश कुमार, आफताब आलम, अंकित जोशी आदि मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### मूति स्थापना और विसर्जन में नहीं होगी नई परंपरा

**जैदपुर, बाराबंकी, अमृत विचार :** थाना परिसर में नवरात्रि पर मूर्ति स्थापना व विसर्जन को लेकर सीओ सदर व एसडीएम की मौजूदगी में थाना प्रभारी निरीक्षक के नेतृत्व में बैठक हुई। जैदपुर थाना परिसर में हुई बैठक में उप जिलाधिकारी रल्ला पल्ली जगत साई व क्षेत्राधिकारी हर्षित चौहान मौजूद रहे। कहा गया कि कोई भी नई परंपरा शुरू नहीं होगी। प्रभारी निरीक्षक अमित प्रताप सिंह ने बताया कार्यक्रम में किसी भी प्रकार की अराजकता फैलाने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही को जाएगी। इस मौके पर राजेश कुमार गुप्ता, हलीम बाबू, पंकज राठौर, जयनारायण, गुफरान खान, शैलैश कुमार, रामनाथ, रियाज अहमद, मो. सालिम, दीवेश कुमार जायसवाल उर्फ डब्बू, श्यामू जायसवाल, डीएम वर्मा, तैयब खान, राजन बकसोर, उमाकांत आदि रहे।

### करंट की चपेट में आने से युवक झुलसा

**त्रिवेदीगंज, बाराबंकी, अमृत विचार :** बकरियों के लिए चारे की तलाश में निकला युवक करंट की चपेट में आने से झुलस गया। लोनी कटरा के तेलिनपुरवा निवासी कल्लू रावत (45) सोमवार को गांव जगन्नाथपुर के प्रावि परिसर के बगल में बकरियों के लिये चारे की तलाश में गया था। यही से 11 हजार वोल्ट की लाइन गुजरी है। चारा काटने के बाद कल्लू यहीं बैठ गया। इस बीच एक बांस विद्युत तार के संपर्क में आ गया। बांस में उतरे करंट से कल्लू रावत झुलस गया। इस बारे में प्राथमिक विद्यालय जगन्नाथपुर की प्रधान अध्यापिका अलका ज्योति का कहना है कि परिसर से लाइन हटवाने के लिए कई बार पत्राचार किया गया लेकिन कार्रवाई नहीं हुई।

### देवा मेला में तीन वर्ष बाद गुलजार होगा पशु बाजार

**देवा, बाराबंकी, अमृत विचार :** देवा मेला में तीन साल बाद पशु बाजार लगेगा। देवा मेला प्रदर्शनी समिति ने इस बार भैंस बाजार ठेके की नीलामी कर दी है। मालूम हो कि दो साल कोविड के चलते और पिछले साल लंपी वायरस के चलते शासन ने गोवंशीय पशु बाजारों पर रोक लगा दी थी। बीते तीन वर्षों से देवा मेला में भैंस बाजार न लगने के बाद इस बार यह बाजार लगने का रास्ता साफ हो गया है। देवा क्षेत्र के मामापुर निवासी राजेश सिंह ने इस बार भैंस बाजार का ठेका 5 लाख 65 हजार रुपये में अपने नाम किया है। देवा मेला का भैंस बाजार नामी गिरामी बाजारों में शुमार है। ठेका लेने वाले राजेश सिंह ने बताया कि तीन साल बाद बाजार लगने जा रहा है।

### सर्पदंश की दो घटनाओं में बालक की मौत



पीड़िता का इलाज करते चिकित्सक।

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी, अमृत विचार :** सोमवार को सर्पदंश की अलग अलग घटनाओं में एक बालक की मौत हो गई, वहीं एक का इलाज सीएचसी पर चल रहा है। किशोरी को खेत में तो बालक को पढ़ते समय सांप ने अपना निशाना बनाया। किशोर की मौत के बाद परिजनों में कोहराम मचा है। जानकारी के अनुसार ब्लॉक बनीकोडर अंतर्गत गांव भावनियापुर खेवली में रामू पाल की आटा चक्की का कारखाना है। जहां पर रविवार की देर शाम रामू का 14 वर्षीय पुत्र शिवा चक्की के पास रखे तख्त पर बैठ कर पढ़ाई कर रहा था। इसी दौरान अचानक आए एक जहरीले सांप ने बालक को काट लिया, जिससे शिवा की मौके पर ही मौत हो गई। दूसरी घटना में सोमवार को अयोध्या जिले के मियांपुरवा गांव निवासी शालिनी पुत्री मालिकराम 18 सोमवार की सुबह परिजनों के साथ खेत में काम करने के लिए गई थी। वही पर शालिनी को किसी जहरीले सांप ने काट लिया। जानकारी होते ही परिजन उसे बाराबंकी अयोध्या सीमा पर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामसनेहीघाट लेकर गए, जहां पर उसका उपचार किया जा रहा है। सर्पदंश की शिकार शालिनी के भाई हिमांशु ने बताया कि घर के लोग खेत गए थे। तभी शालिनी को सांप ने काट लिया। इस संबंध में डाक्टर रईस खान ने बताया कि सर्पदंश की शिकार पीड़िता का इलाज सीएचसी पर चल रहा है।

### जज की नियुक्ति न होने से पांच माह से काम ठप

**फतेहपुर, बाराबंकी, अमृत विचार :** ग्राम न्यायालय में करीब पांच माह से जज की नियुक्ति न होने के कारण पूरी तरीके से काम ठप है। यहां तैनात पेशकार केवल तारीख पेशी देकर वादकारियों को रुखसत कर देते हैं। जिससे वादकारियों को बिना कार्यवाही के ही तारीख लेकर अपने घर वापस जाना पड़ता है। मालूम हो कि 14 दिसम्बर 2023 को काफी सालों की मशक्कत के बाद क्षेत्रीय जनता के लिए ग्राम न्यायालय की स्थापना की गई थी। जिसमें पीठासीन अधिकारी नसीम अहमद ने चार्ज लेकर अदालती कार्य शुरु कर दिया था। 16 अप्रैल को नसीम अहमद का स्थानान्तरण गैर जनपद हो गया। जिसके चलते तब से लेकर अभी तक किसी भी पीठासीन अधिकारी सिविल जज की नियुक्ति नही हुई है। जिसके चलते न्यायालय का कार्य पूरी तरीके से ठप पडा है। वादकारियों को महज तारीख पेशी भी यहां पर तैनात कर्मचारी द्वारा दी जा रही है। विदित हो कि यहां पर करीब 11 सौ मुकदमें सिविल वाद विचाराधीन हैं। तहसील बार संघ अध्यक्ष प्रदीप कुमार निगम ने बताया कि जिला न्यायधीश से इस सम्बन्ध में मांग की जा चुकी है। स्थानीय अधिवक्ताओं हरिनाम सिंह, आरएन तिवारी, श्रवण कुमार वर्मा, राजेन्द्र प्रसाद वर्मा, संजय सिंह, अवधेश सिंह, सतीश वर्मा, रामऔतार गौतम, अनीत रावत आदि ने ग्राम न्यायालय में सिविल जज की नियुक्ति की मांग की है।

# क्विज प्रतियोगिता में दीपा अव्वल

**सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी**



विजयी छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत करते अध्यापक। अमृत विचार

**अमृत विचारः** राष्ट्रीय आविष्कार अभियान कार्यक्रम के अंतर्गत ब्लॉक संसाधन केंद्र सिरौली गौसपुर में गणित विज्ञान से संबंधित क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ डायट मेंटर सिरौलीगौसपुर आर पी यादव द्वारा मां सरस्वती को माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया। विकासखंड सिरौली गौसपुर के कुल 47 उच्च प्राथमिक एवं कंपोजिट विद्यालयों के 141 छात्रों ने प्रतिभाग किया। क्विज प्रतियोगिता में यूपीएस डूंडी की छात्रा दीपा वर्मा को प्रथम स्थान, यूपीएस मधवापुर के छात्र मोहम्मद शोएब को द्वितीय स्थान ,केजीबीवी सिरौली गौसपुर की छात्रा लक्ष्मी को तृतीय स्थान, उच्च प्राथमिक विद्यालय डुंडी के छात्र मोहन शुक्ला को चतुर्थ स्थान एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय बिरौली के छात्र अनिल कुमार को पांचवा स्थान प्राप्त किया। समस्त विजेता छात्रों को डाइट मेंटर आर पी यादव यादव द्वारा पुरुस्कृत किया गया, एवं परीक्षा में सम्मिलित अन्य समस्त छात्रों को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। इस अवसर पर प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष अभिषेक सिंह, एआरपी आशुतोष आनंद, विकास जायसवाल, अभिषेक तिवारी, सौरभ वर्मा, सचिन वर्मा, रकीम अंसारी, मनीष कनौजिया, बृजेश शुक्ला, रमेश, रामेंद्र वर्मा, वीरेंद्र श्रीवास्तव सहित अनेक शिक्षक उपस्थित रहे।

# बीडीओ ने समाप्त कराया धरना

**सूरतगंज, बाराबंकी**



धरना देते किसान नेता। अमृत विचार

**अमृत विचारः** गांवों की समस्या को लेकर सोमवार को भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक संगठन के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने ब्लॉक परिसर में बैठकर धरना प्रदर्शन किया। वहीं खण्ड विकास अधिकारी देवेंद्र प्रताप सिंह के अश्वासन पर धरना प्रदर्शन समाप्त हुआ। 24 सितंबर को संगठन के कार्यकर्ताओं ने बीडीओ को ज्ञापन देकर एक सप्ताह के अंदर 12 बिंदुओं पर विभिन्न समस्या का निदान किए जाने का अनुरोध किया था, लेकिन समस्या के निस्तारण न किए जाने से आक्रोशित संगठन के सदस्यों ने ब्लॉक परिसर में बैठकर अनिश्चित कालीन धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। उधर शाम करीब चार बजे किसानों के मध्य पहुंचे बीडीओ देवेंद्र प्रताप सिंह और एडीओ पंचायत राजेंद्र प्रसाद यादव ने दो सदस्यीय टीम गठित कर जांच के बाद सभी समस्याओं का निवारण करने का अश्वासन दिया। किसान यूनियन के तहसील उपाध्यक्ष शानू सिंह एवं महासचिव अभिषेक कुमार बाजपेई ने बताया कि ग्राम पंचायतों में जांच कर आवास दिए जाने और पंचायत में खुली बैठक कराने, नालियों की सफाई निर्माण कार्य पूर्ण करने संग दौलतपुर, जोगामऊ और शाहपुर पंचायत में इंटरलॉकिंग कराए जाने व खड़ंजा दुरुस्तीकरण कराने आदि मांगों के निदान की बात कही गयी।

# वेतन मिलने पर ही खत्म होगा आंदोलन

**सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी**



प्रदर्शन करते संविदा कर्मचारी। अमृत विचार

**अमृत विचारः** जनपद के विभिन्न खंडो में कार्यरत संविदा कार्मिकों को दो माह का वेतन भुगतान न होने के विरोध में ध्यानाकर्षण हेतु पूरे जनपद के संविदा कर्मियों ने अपने-अपने तैनाती स्थल पर कार्य बहिष्कार करके विरोध सभाएं की और वेतन भुगतान न होने तक आंदोलन जारी रखने का संकल्प लिया। जिसमें सिरौलीगौसपुर उपकेंद्र पर हुए विरोध सभा को संबोधित करते हुए संगठन के प्रांतीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष केके सिंह ने कहा कि वेतन भुगतान होने तक आंदोलन जारी रहेगा। वेतन भुगतान न होने पर सीधी कार्रवाई के लिए संगठन बाध्य होगा तथा प्रत्येक माह के प्रथम सप्ताह में वेतन भुगतान की मांग उच्च अधिकारियों से की जाएगी। इसके अतिरिक्त संगठन का विस्तार करते हुए रामनगर खंडिया कमेटी का गठन किया गया।

सर्वसम्मत से संरक्षक अंकित सिंह. खंडीय अध्यक्ष अंकित गुप्ता. वरिष्ठ उपाध्यक्ष दीपक वर्मा. उपाध्यक्ष जगनाथ. कार्यवाहक अध्यक्ष सुनील कुमार. सचिव पप्पू यादव. कोषाध्यक्ष रोहित कुमार. संगठन मंत्री प्रमोद वर्मा. प्रचार मंत्री पिंटू मिश्रा. मीडिया प्रभारी मंसाराम रावत. उप सचिव परमानंद. मंत्री अशोक शुक्ला. उप मंत्री सौरभ कुमार. अतिरिक्त मंत्री लाल जी पदाधिकारी चुने गए ।

## ताला तोड़ हजारों रुपये की चोरी

**सूरतगंज, अमृत विचारः** छत के रास्ते घर के अंदर दाखिल हुए चोरों ने ताला तोड़कर कमरें मे रखे एक बक्से से नकदी सहित, मेंथा आयल और जेवरातों समेत लाखों के सामान पर हाथ साफ कर दिया। पीड़ित ने तहरीर देने से किया इनकार है। मोहम्मदपुर खाला थाना के अंदीपुर गांव निवासी ओम प्रकाश वर्मा ने बताया कि बीती रात चोर छत के रास्ते घर के अंदर दाखिल हुए। उसके बाद कमरे का ताला तोड़कर बक्से में रखे एक लाख रुपये के नगदी, लगभग पचास लीटर मेंथा ऑयल सहित कुछ आभूषण पर हाथ साफ कर दिया। भुक्तभोगी ने बताया कि पूर्व में भी ऐसी चोरियां गांव में कई चुकी हैं।

## छेड़खानी मामले में चार वर्ष कारावास की सजा

**बाराबंकी, अमृत विचारः** आपरेशन कन्विक्शन के तहत चिन्हित अभियोग की पैरवी के परिणामस्वरूप न्यायालय ने छेड़खानी मामले में एक अभियुक्त को चार वर्ष कारावास व पांच हजार रुपये अर्थदण्ड से दण्डित किया है। अभियुक्त इमरान निवासी बनगांवा को अपर सत्र न्यायाधीश ने चार वर्ष कठोर कारावास व पांच हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया। संक्षिप्त विवरण के अनुसार 23 मई 2016 को थाना टिकैतनगर क्षेत्रान्तर्गत अभियुक्त के विरूद्ध छेड़छाड़ के आरोप के सम्बन्ध में सूचना दी गई थी। सूचना के आधार पर थाना टिकैतनगर पर अभियुक्त इमरान पुत्र नियामतउल्लाह निवासी बनगांवा थाना टिकैतनगर के खिलाफ मामला पंजीकृत किया गया। तत्कालीन विवेचक एसआई अनूप कुमार यादव द्वारा साक्ष्य संकलन कर वैज्ञानिक विधि से विवेचना पूर्ण कर अभियुक्त के विरुद्ध न्यायालय में आरोप पत्र प्रेषित किया गया। न्यायालय ने दुराचार की धारा में अभियुक्त को दोषमुक्त कर दिया।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

अज्ञ : सुखमाराध्य : सुखतरमाराध्यते विशेषज्ञ : ।
ज्ञानलवदुर्विदग्धं ब्रह्माऽपि नरं न रञ्जयति ।।

अज्ञानी व्यक्ति सरलता से प्रसन्न हो जाता है, विद्वान व्यक्ति और भी सरलता से प्रसन्न हो जाता है, किंतु अल्प ज्ञान से उन्मत बने हुए व्यक्ति को ब्रह्मा भी प्रसन्न नहीं कर सकते।

## संपादकीय

# रक्षा निर्यात में बढ़त की ओर

भारत दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और जल्द ही सात ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की राह पर है। प्रमुख रक्षा आपूर्तिकर्ता बनने के लक्ष्य के चलते भारत के रक्षा निर्यात में लगातार बढ़ोतरी हो रही है और यह वैश्विक स्तर पर बढ़त की ओर है। भारत अब शीर्ष 25 आयुध निर्यातक देशों में शामिल है, जो लगभग 85 देशों को रक्षा उत्पाद आपूर्ति करता है। वित्त वर्ष 2023-24 में भारत का रक्षा निर्यात 21,083 करोड़ रुपये रहा, जो पिछले साल के मुकाबले 32.5 प्रतिशत ज्यादा है। भारत का रक्षा निर्यात बढ़ने के कारणों में वैश्विक संघर्ष जैसे रूस-यूक्रेन युद्ध और इजराइल-हमास संघर्ष भी शामिल है। भारत की एक अग्रणी रक्षा आपूर्तिकर्ता के रूप में उभरने की महत्वाकांक्षा निर्णायक कार्रवाई और रणनीतिक फोकस की मांग करती है। इसलिए भारत ने रक्षा क्षेत्र में अनुसंधान एवं विकास पर ध्यान केंद्रित किया है। देश में उन्नत स्वदेशी प्रौद्योगिकियों का विकास हो रहा है, जो वैश्विक बाजार में आकर्षक हैं। रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन इस प्रयास में सबसे आगे रहा है। विश्व स्तरीय रक्षा उत्पादक के रूप में स्थिति को मज़बूत करने के लिए, भारत को सैन्य-श्रेणी के यूएवी, उन्नत मिसाइल रक्षा प्रणाली और अत्याधुनिक साइबर रक्षा तकनीकों जैसे क्षेत्रों में अपनी उत्पादन क्षमताओं का विस्तार करना चाहिए। इसके अलावा अपने उत्पादन पोर्टफोलियो में उन्नत समुद्री टोही विमान, पनडुब्बी रोधी युद्ध प्रणाली और व्यापक निगरानी बुनियादी ढांचे को एकीकृत करना आवश्यक है। भारत ने 53 से अधिक देशों के साथ रक्षा सहयोग समझौते किए हैं, जिससे भारतीय रक्षा उत्पादों के लिए नए बाज़ार खुल रहे हैं। इस बीच भारत ने अमेरिका, रूस, फ्रांस और इजराइल सहित प्रमुख वैश्विक शक्तियों के साथ अपनी रक्षा साझेदारी को मजबूत किया है।

इन रणनीतिक गठबंधनों से न केवल भारत की वैश्विक खिलाड़ी के रूप में स्थिति मजबूत होगी, बल्कि वैश्विक रक्षा बाजार में उसे एक स्थायी प्रतिस्पर्धी बढ़त भी मिलेगी। इस दिशा में आगे बढ़ने के लिए भारत को अपनी निर्यात क्षमताओं को बढ़ाना होगा, प्रमुख बाजारों को लक्षित करना होगा और अंतर्राष्ट्रीय मानकों के साथ तालमेल बिठाना होगा। वैश्विक आयुध बाजार में प्रभावी रूप से प्रतिस्पर्द्धा करने के लिए भारत को विशेष रूप से रक्षा निर्यात के लिए एक व्यापक निर्यात वित्तपोषण प्रणाली विकसित करने की आवश्यकता है। भारत के रक्षा निर्यात में निजी क्षेत्र का 60 प्रतिशत और डीपीएसयू का 40 प्रतिशत योगदान है। इसलिए सफलता एक स्थायी नवाचार पारिस्थितिकी तंत्र विकसित करने पर निर्भर करेगी जो ठोस परिणाम उत्पन्न करे। भारत-इजरायल के सफल समयोजन कार्यक्रम से प्रेरणा ले सकता है, जिसने इसके रक्षा औद्योगिक आधार और निर्यात क्षमताओं में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

# रेवड़ी- संस्कृतिः जरा संभल के



प्रमोद कुमार गुप्ता
ग्रुप कैप्टन, भारतीय वायु सेना (वेटरन)

यदि हम शिक्षा, स्वास्थ्य या अन्य मूलभूत सुविधाओं को छोड़ भी दें, क्योंकि यह उपलब्ध कराना सरकारों का नैतिक दायित्व है तो भी इन चुनावी रेवड़ियों का वित्तीय बोझ देश की आर्थिक रीढ़ को कमजोर करने के लिए पर्याप्त है।




राजनीतिक प्रतिस्पर्धा में विरोधियों को पीछे छोड़ने की होड़ में हम लोक–लुभावन घोषणाएं तो कर देते हैं,परंतु यह भूल जाते हैं कि यह आर्थिक तुष्टीकरण हमें कहीं आर्थिक इमरजेंसी या दिवालियापन की ओर तो नहीं ले जा रहा है। हमें वेनेजुएला, अर्जेंटीना, ब्राजील या श्रीलंका की स्थितियों को नहीं भूलना चाहिए और न ही देश के अंदर हिमाचल प्रदेश के हालातों को नजरअंदाज करना चाहिए, जहां विकास कार्य तो छोड़िए, रोजमर्रा के सरकारी खर्च के लिए, कर्मचारियों को वेतन देने तक के पैसे नहीं हैं।

भारत की दलगत राजनीतिक व्यवस्था में धर्म, जाति व पंथ की भूमिका हमेशा से रही है और संभवतः भविष्य में भी रहेगी। संख्याबल, धनबल, बाहुबल का अपना अलग ही स्थान है। विशुद्ध वैचारिक, आस्थावादी राजनीति अब दूर की कौड़ी है, जिसका प्रमाण आए दिन होने वाला दलबदल है। पिछले कुछ वर्षों से ऐसा लग रहा है कि राजनीतिक पार्टियों को अपने "सरवाइवल" के लिए अब किसी अन्य हथियार की आवश्यकता है और आम भाषा में इस हथियार को हम चुनावी रेवड़ियां कहे सकते हैं।

समय के साथ-साथ जनता भी इन रेवड़ियों (कुछ लोग इसे मुफ्तखोरी की संज्ञा भी देते हैं) की इतनी आदी हो गई है कि सभी राजनीतिक दल इस 'विधा' को 'संकल्प-पत्र' की तरह अपनाते जा रहे हैं और यह किसी एक राज्य में नहीं, बल्कि पूरे देश में कारगर भी सिद्ध हो रहा है। मजे की बात यह है कि इन रेवड़ियों की मिठास भी चुनाव दर चुनाव बढ़ती जा रही है। अब सिर्फ साड़ी, सैंडल, मंगलसूत्र या श्रृंगार के सामान से काम नहीं चलता और न ही स्कूटी, साइकिल, टीवी या लैपटॉप से। अब तो जनता को मुफ्त बिजली-पानी, मुफ्त यातायात, अलग-अलग तरह की पेंशन, अनुदान, ब्याज-मुक्त लोन, सब्सिडी, मुफ्त आवास इत्यादि की आदत सी पड़ गई है। हाल में एक प्रदेश में बात मुफ्त आवासीय प्लॉटो तक पहुंच गई। इन मुफ्त की रेवड़ियों का आकर्षण अब जनता के लिए अधिकार समान है और राजनीतिक दलों के लिए चुनावी रेस जीतने का जरिया। शब्द कठोर है पर कहना गलत न होगा कि जनता के मुंह मुफ्तखोरी का खून लग चुका है और अब "वर्क एंड अर्न" वाली संस्कृति जनता के उस वर्ग में खत्म होती जा रही है,जो इन मुफ्त रेवड़ियों के असली लाभार्थी है।

यदि हम शिक्षा, स्वास्थ्य या अन्य मूलभूत सुविधाओं को छोड़ भी दें, क्योंकि यह उपलब्ध कराना सरकारों का नैतिक दायित्व है तो भी इन चुनावी रेवड़ियों का वित्तीय बोझ देश की आर्थिक रीढ़ को कमजोर करने के लिए पर्याप्त है। इस बात से किसी भी दल को सरोकार नहीं कि देश के टैक्स पेयर का पैसा देश के संस्थागत ढांचे के लिए ही उपयोग होना चाहिए, न कि किसी राजनैतिक दल या कुनबे की महत्वाकांक्षाओं को पूरा करने के लिए। बिना भेदभाव के जनता की वाजिब आकांक्षाओं व अपेक्षाओं को पूरा करना सरकार की जिम्मेदारी तो है, परंतु मनमाने ढंग से टैक्स पेयर के पैसे का असंवैधानिक या असंस्थागत तरीके से व्यय तर्कसंगत नहीं कहा जा सकता। ऐसे तौर तरीकों से न सिर्फ अकर्मण्यता को बढ़ावा मिलता है, बल्कि संस्थागत आर्थिक ढांचा कमजोर भी होता है,जिसके दुष्परिणाम हमें या हमारी आने वाली पीढ़ी को भुगतने ही होंगे। वोट की राजनीति के चलते "अतिशय कल्याणवाद" को आधार बनाना वास्तविकता में वंचितों की भावनाओं से खिलवाड़ करने जैसा है।

राजनीतिक प्रतिस्पर्धा में विरोधियों को पीछे छोड़ने की होड़ में हम लोक-लुभावन घोषणाएं तो कर देते हैं,परंतु यह भूल जाते हैं कि यह आर्थिक तुष्टीकरण हमें कहीं आर्थिक इमरजेंसी या दिवालियापन की ओर तो नहीं ले जा रहा है। हमें वेनेजुएला, अर्जेंटीना, ब्राजील या श्रीलंका की स्थितियों को नहीं भूलना चाहिए और न ही देश के अंदर हिमाचल प्रदेश के हालातों को नजरअंदाज करना चाहिए, जहां विकास कार्य तो छोड़िए,रोजमर्रा के सरकारी खर्च के लिए, कर्मचारियों को वेतन देने तक के पैसे नहीं हैं। अब हरियाणा भी हिमाचल की राह पर चलता दिख रहा है। पूरे राजनीतिक तंत्र को स्मरण रखना होगा कि सामाजिक न्याय या उत्थान मुफ्त की रेवड़ियों से न होकर संस्थागत-बुनियादी ढांचे, दूरगामी परियोजनाओं, उच्च तकनीकी शिक्षा, रिसर्च एंड स्किल डेवलपमेंट व व्यावहारिक आर्थिक प्रबंधन से होता है। यदि हम इस वास्तविकता को नजरअंदाज करते रहे तो वह दिन दूर नहीं जब मूलभूत विकास के कार्य सुस्त पड़ जाएंगे, सरकारी खजाना खाली होगा, योजनाएं समय से पूरी न हो सकेंगी और फिर जनता का आक्रोश बढ़ेगा। उस स्थिति में चुनावी रेवड़ियों बांटने का उद्देश्य भी अधूरा रह जाएगा। अतः यह आवश्यक है कि वंचितों के नाम पर टैक्सपेयर का शोषण बंद हो। शुक्र है कि मुफ्त चुनावी रेवड़ियों के विरोध में कुछ प्रशासनिक और विधिक संस्थाओं के स्वर उभरने लगे हैं।

कुछ बुनियादी संस्थागत सुविधाओं को छोड़कर भारत का टैक्स पेयर अब किसी भी अनर्गल चुनावी घोषणा का व्यय उठाने के मूड में नहीं है,क्योंकि इस प्रकार की घोषणाओं से कोई भी स्थाई रूप से सक्षम नहीं हो सकता। अब थोड़ी सी बात शुद्ध आर्थिक परिप्रेक्ष्य में भी कर लेते हैं। हमारा सपना 2030 तक विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था (पांच ट्रिलियन डॉलर) बनने का है,जिसके लिए हम प्रयत्नशील भी हैं। युवा आबादी,आर्थिक और राजनैतिक स्थायित्व, जीवंत लोकतंत्र, भारत की वैश्विक छवि, हमारी तकनीकी क्षमताएं और निवेश का सही वातावरण हमारे पक्ष में हैं। यदि कुछ पक्ष में नहीं है तो वह समग्रता में भारत का आर्थिक प्रबंधन। विदेशी कर्ज का बोझ, (670 बिलिन डॉलर ), आयात-निर्यात का अंतर / राजकोषीय घाटा, अपेक्षा से कम जीडीपी ग्रोथ (6.8 प्रतिशत) व ऊर्जा क्षेत्र में अस्थिरता आदि हमारी कमजोरियां हैं। यदि पूरे देश में सभी दलों द्वारा किए गए चुनावी वादों का आर्थिक संकलन किया जाए तो इसका गहरा असर न सिर्फ सरकारी खजाने पर होगा, बल्कि अन्य वित्तीय संस्थानों को भी भारी घाटा झेलना होगा।

हम आवश्यक नियोजित व्यय जैसे कि वेतन आदि को तो कम नहीं कर सकते, परंतु धन की कमी स्वाभाविक रूप से विकास कार्यों की गति को धीमा कर सकती है। ऐसी स्थिति में सरकारें अधिक कर्ज लेंगी, हर वस्तु के दाम बढ़ेंगे, सुविधाएं महंगी होंगी, प्रोजेक्ट्स अधूरे रहेंगे, योजनाएं समय से पूरी नहीं होंगी,जिससे जनता में असंतोष बढ़ेगा। आज जो धन हमारी राजनीतिक पार्टियां और सरकारें चुनावों में जीत के लिए बांट रही हैं। यदि यही धन देश की दूरगामी प्रगतिशील योजनाओं में लगा दिया जाए तो यह एक वरदान सिद्ध हो सकता है। 'मेक इन इंडिया' ऐसी ही एक योजना है। इसके अतिरिक्त उच्च तकनीकी शिक्षा, स्वास्थ, स्पेस व एड्वान्स टेक्नॉलजी आदि के क्षेत्र में कई ऐसे प्रोजेक्ट है, जिनमें धन की अधिक आवश्यकता है और यदि "फ्री-वीज" के रूप में बांटे जाने वाला यह पैसा डाइवर्ट कर दिया जाए तो संबंधित योजनाएं अधिक गतिशील होकर हमारी वर्तमान आर्थिक कमजोरियां को दूर कर सकती हैं। वर्तमान सरकार की एक साथ चुनाव कराने की मंशा भी स्वागत योग्य है, जिससे न सिर्फ सरकारी खर्च बचेगा, बल्कि किसी हद तक चुनावी वायदों पर रोक लगेगी। समय है कि हम अपनी राजनीतिक सोच व आर्थिक व्यवस्थाओं में परिवर्तन लाएं और मुफ्तखोरी के व्यसन से बाहर निकलें,यह आदत आर्थिक दुर्बलता के साथ-साथ नकारात्मक प्रवृत्ति को भी जन्म दे रही है।

## प्रसंगवश

# लोकतंत्र का मंगलाचरण



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

यह बात ध्यान देने की है कि संसार में फोकलोर और लोकतंत्र के विचार का जन्म एक साथ ही हुआ था और उसकी पृष्ठभूमि में थी फ्रांस की राज्यक्रांति (1789 से 1799)। यही वह समय था, जब रोटी मांग रही भीड़ के प्रति फ्रांस की साम्राज्ञी, 'मेरी आन्तोन' ने कहा था कि - रोटी नहीं है तो ये लोग केक क्यों नहीं खा लेते?

फ्रांस के अयोग्य शासक, सामंतों और कुलीन वर्ग को प्राप्त विशेषाधिकारों के प्रति लोगों में आक्रोश था और मध्यम वर्ग में मॉन्टेस्क्यू, वाल्टेयर और रूसो के विचारों से बौद्धिक जागरण हो रहा था। मॉन्टेस्क्यू फ्रांस का एक राजनैतिक विचारक और न्यायविद था। 1748 ई. में उसने कानून की आत्मा नामक पुस्तक का प्रकाशन किया। इसमें उसने फ्रांस के राजाओं के दैवी अधिकार के सिद्धांत की कटु आलोचना की। उसने वैधानिक शासन, शक्ति-पार्थक्य के सिद्धांत तथा व्यक्तिगत स्वतंत्रता का प्रतिपादन किया। उसका विचार था कि निरंकुश शासन को समाप्त करने के लिए शासन के तीनों अंगों कार्यपालिका, व्यवस्थापिका और न्यायपालिका के क्षेत्रों को पृथक-पृथक करना आवश्यक है। वॉल्टेयर की रचनाओं से फ्रांस में राज्य क्रांति का जन्म हुआ माना जाता है। उस समय देश में धर्म के नाम पर पादरियों की मनमानी चल रही थी। वॉल्टेयर ने इन लोगों के खिलाफ खुलकर कलम चलाई। वॉल्टेयर को जेल जाना पड़ा। जब उसे शासक के सामने लाया गया,तब उसने शासन को उसकी जिम्मेदारी का अहसास दिलाया। तब शासक ने कहा कि सच्चा लेखक वही है,जो शासक के मुंह पर भी सच बोलने से न डरे।'

रूसो महान दार्शनिक था। उसने बतलाया कि गरीबी पूर्वजन्म के कर्मों का फल नहीं है। रूसो के अनुसार राज्य की सामूहिक चेतना ही व्यक्ति की नैतिकता और स्वतंत्रता का स्रोत है। रूसो के विचारों ने फ्रांस की राज्यक्रांति की पृष्ठभूमि तैयार किया। उसका विश्वास था कि सर्वोपरि सत्ता जनता के हाथ में होनी चाहिए फ्रांसीसी क्रांति ने लोकतंत्र के विचार को बढ़ावा दिया। यह सिद्धांत प्रतिष्ठित हुआ कि राष्ट्र सामंत से नहीं बनता,जन साधारण या लोक से बनता है।

# श्रीलंका में राजनीतिक बदलाव से चिंताएं



प्रियंका सौरभ
स्तंभकार, हिसार

भारत को श्रीलंका के प्रति अपने कूटनीतिक दृष्टिकोण में सक्रिय कदम उठाने चाहिए। साथ ही श्रीलंका की अर्थव्यवस्था का समर्थन जारी रखना चाहिए।

श्रीलंका में हालिया राजनीतिक बदलावों का भारत पर दूरगामी प्रभाव पड़ेगा, जिससे क्षेत्रीय स्थिरता एवं सुरक्षा पर असर पड़ेगा। चूंकि भारत एक प्रमुख क्षेत्रीय शक्ति है, इसलिए उसे इन उभरती गतिशीलता के अनुकूल होने एवं अपने राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए अपनी राजनयिक रणनीति का पुनर्मूल्यांकन करना चाहिए।

इससे पहले, कोलंबो में दक्षिणपंथी सरकारों ने बुनियादी ढांचे में पर्याप्त निवेश के बदले में चीन की ओर झुकाव की कोशिशें की। ये उनके लिए गले की फांस बन गईं। इनमें से अधिकांश कर्ज के जाल में फंस गए। नतीजा श्रीलंका के लिए विनाशकारी था और इस प्रक्रिया ने भारत के सुरक्षा हितों को गंभीर रूप से खतरे में डाल दिया। अब सवाल और भी गंभीर हो गया है। ऐसा इसलिए क्योंकि एक मार्क्सवादी समर्थक पार्टी श्रीलंका की सत्ता में काबिज है। ऐसे में भारत को सतर्क रहना चाहिए और इस बढ़ते चीनी प्रभाव को संतुलित करने के लिए क्षेत्र में अपनी रणनीतियों का पुनर्मूल्यांकन करना चाहिए। साथ ही यह भी देखना चाहिए कि जेवीपी (जनता विक्मुथी पेरामुना) श्रीलंका में किस तरह का शासन और अंतर्राष्ट्रीय गठबंधन लाएगा।

नेशनल पीपुल्स पावर का उदय आईएमएफ के चल रहे बेलआउट कार्यक्रमों और श्रीलंका में प्रमुख अंतर्राष्ट्रीय निवेशों को खतरे में डाल सकता है, जिससे क्षेत्र में अस्थिरता उत्पन्न हो सकती है। आज दिसानायके के नेतृत्व में जेवीपी का पुनरुत्थान महज एक राजनीतिक जीत नहीं है, यह उस अंधराष्ट्रवादी चरित्र की वापसी का संकेत है,जिसने कभी श्रीलंका की एकता को खतरा पैदा किया था। जेवीपी के उदय का सबसे चिंताजनक पहलू चीन की भू-राजनीतिक महत्वाकांक्षाओं के साथ इसका संभावित तालमेल है। श्रीलंका लंबे समय से चीन की 'स्ट्रिंग ऑफ पर्ल्स' रणनीति का हिस्सा रहा है। चीन समर्थित बुनियादी ढांचा परियोजनाओं और राजनीतिक साझेदारियों की एक श्रृंखला,जिसका उद्देश्य भारत को घेरना और हिंद महासागर में अपने समुद्री प्रभुत्व को सुरक्षित करना है। श्रीलंका में आंतरिक राजनीतिक परिवर्तनों के कारण उत्पन्न अस्थिरता फैल सकती है, जिससे भारत के लिए महत्वपूर्ण समुद्री व्यापार मार्गों सहित क्षेत्रीय सुरक्षा प्रभावित हो सकती है।

यदि श्रीलंका को राजनीतिक अस्थिरता का सामना करना पड़ता है तो इससे हिंद महासागर में सुरक्षा खतरे में पड़ सकती है,जो भारत के व्यापार एवं रणनीतिक हितों के लिए महत्वपूर्ण है। दिसानायके की नीतियां श्रीलंकाई तमिल समुदाय एवं उनके अधिकारों की वकालत करने में भारत की भूमिका को प्रभावित कर सकती है, जिससे तनावपूर्ण स्थिति उत्पन्न हो सकती है। तमिल अधिकारों पर कोई भी वापसी और जातीय कट्टरता की वापसी भारतीय नीति निर्माताओं को अच्छी नहीं लगेगी। ऐसा परिदृश्य भारत और श्रीलंका के बीच, विशेष रूप से दक्षिणी राज्यों में तनाव को बढ़ा सकता है। मालदीव, नेपाल, पाकिस्तान और बांग्लादेश जैसे पड़ोसी देशों में चीन के बढ़ते प्रभाव के कारण इस क्षेत्र में भारत की स्थिति पहले ही कमजोर हो चुकी है। हिंद महासागर में चीनी शक्ति का प्रतिकार करने के भारत के प्रयासों में श्रीलंका एक महत्वपूर्ण चौकी रहा है। जेवीपी की जीत और चीन की ओर उसका संभावित झुकाव इन प्रयासों को गंभीर रूप से कमजोर कर देगा, जिससे भूटान दक्षिण एशिया के उन कुछ बचे हुए देशों में से एक रह जाएगा,जहां भारत अभी भी चीन पर रणनीतिक बढ़त रखता है।

भारत को श्रीलंका के प्रति अपने कूटनीतिक दृष्टिकोण में सक्रिय कदम उठाने चाहिए। साथ ही श्रीलंका की अर्थव्यवस्था का समर्थन जारी रखना चाहिए,यह सुनिश्चित करते हुए कि बुनियादी ढांचे के विकास जैसी परियोजनाओं से दोनों देशों को लाभ होगा एवं क्षेत्रीय स्थिरता को बढ़ावा मिलेगा। भारत श्रीलंकाई युवाओं के लिए छात्र छात्रवृत्ति एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम बढ़ा सकता है, जिससे युवा पीढ़ी के साथ मजबूत संबंध बन सकते हैं।

भारत को श्रीलंका में चीनी निवेशों पर बारीकी से नज़र रखनी चाहिए एवं उन्हें रणनीतिक भारतीय निवेशों के साथ संतुलित करना चाहिए। बंदरगाहों एवं हवाई अड्डों जैसे महत्त्वपूर्ण बुनियादी ढांचे में भारतीय निवेश बढ़ाने से यह सुनिश्चित होगा कि भारत अपना प्रभाव बनाए रखेगा। क्षेत्रीय स्थिरता एवं सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए भारत को एक बहुआयामी राजनयिक दृष्टिकोण अपनाना चाहिए,जो आर्थिक सहयोग, क्षेत्रीय सुरक्षा तथा सांस्कृतिक जुड़ाव को प्राथमिकता दे। इन पहलुओं पर सक्रिय रूप से ध्यान देकर, भारत बढ़ते बाह्य दबावों के समक्ष अपने राष्ट्रीय हितों की रक्षा करते हुए श्रीलंका में अपना प्रभाव मजबूत कर सकता है।

## सोशल फोरम

# डर और लिहाज में अंतर



हफीज किदवई
लेखक

लोग डर और लिहाज में अंतर नहीं समझते। कितनी ही बार वह लिहाज को डर का नाम दे देते हैं। डर इस दुनिया की हर शै में है,जबकि लिहाज सिर्फ इंसान में मिलता है। इसलिए बहुत बार इंसान ही,जिसने कभी लिहाज समझा ही न हो,उसे यह डर जैसा ही लगेगा।

मेरे वालिद और उनके भाई, यानी मेरे चचाजान वगैरह। जब कभी हम दोस्तों के साथ तफरीह करने निकलते, तो हम कहते यार उधर नहीं जाएंगे। उधर चचाजान बैठे होंगे। दोस्त कहते कि चचाजान से इतना डरते हो और हम चुप हो जाते। कैसे बताते यह डर नही है,यह लिहाज है,जो हमें एक तहजीब के साथ मिला है। चचाजान ने तो कभी ऊंची आवाज में बात तक नहीं की,तो डर क्यों होगा? और हम भी क्या गलत करने निकल रहे हैं, जो डर लगेगा। आज भी यह होता है कि बहुत से लोगों की बातें नागवार गुजरती हैं, मगर एक तहजीब है,जो कहती है कि लिहाज का दामन मत छोड़ो। कुछ लोग कहते हैं कि हम डर गए। वह यह नहीं जानते कि जिन आंखों में तहजीब बैठती है,वह आंखें बड़ी निडर होती हैं। डरते तो हम दुनिया में किसी से नहीं है,मगर अपनी तहजीब की बड़ी इज्जत करते हैं। यह हमारी रिवायत है कि तहजीब को न छोड़ें।

मेरी नानी अम्मी कहती थीं कि बड़ों को गलती करने पर यह मत कहो कि आप गलत हैं या आप झूठे हैं। उनसे कहो कि ठीक है,मगर यह बात सही है। उन्हें करेक्ट तो करो,मगर लिहाज से,तब कम समझ आता था। अब सब समझ आता है। कहते हैं कि बढ़ता वक्त तजुर्बे को पैदा करता है और तजुर्बा दो चीजों में फर्क को साफ और सही देखने की कुव्वत देता है। अब समझ आता है कि डर और लिहाज में कितना बड़ा अंतर है। हम तो अपने दुश्मन का भी लिहाज करते हैं,मगर उसे पता है कि इन आंखों में उसके लिए खौफ कभी पैदा नहीं हो सकता है। इतना ही कहना है कि लिहाज और डर में अंतर सीखिए। लिहाज़ कीजिए और निडर बनिए...

-फेसबुक वॉल से

# नदियों को लीलता विकास



डॉ. उदयराज मिश्र
अंबेडकर नगर

वस्तुत : बाढ़ की विभीषिका एक नैसर्गिक आपदा भले मानी जाती हो, किंतु दिनों–दिन यह मानवजन्य भी होती जा रही है।

नदियां किसी भी राष्ट्र की धमनियां होती हैं,जिनसे जलराशि का निरंतर प्रवाह कृषि क्षेत्र के साथ-साथ भूगर्भ के जल स्तर को भी बनाए रखने में महत्वपूर्ण योगदान देता है। प्राचीन काल में परिवहन के सर्वाधिक सुगम साधन होने के कारण जहां सभी प्रमुख सभ्यताओं के उदय इन्हीं नदियों के किनारे हुआ वहीं व्यापारिक दृष्टिकोण से प्राचीन काल से अब तक नगरों का विकास भी नदियों के दहाने पर ही हुआ है, जिसकी गवाही आज भी भारत ही नहीं अपितु विश्व के सभी नगर स्वयं ही हैं।

यह कहना अतिश्योक्ति नहीं होगा कि मानवता को पालने-पोसने से लेकर उसके संवर्धन तक में नदियों का महत्वपूर्ण स्थान रहा है, जिनके बगैर समृद्ध राष्ट्र की संकल्पना और मानवता का अस्तित्व संभव ही नहीं है। यही नदियां ही स्वयं के अस्तित्व को लेकर संकट में हों तो मानवता कैसे प्रमुदित तथा प्रफुल्लित रह सकती है, यह विचारणीय प्रश्न है। आखिर बाढ़ की विभीषिका से जूझते नगर, कस्बों और गांवों की दुर्दशा के वास्तविक कारण क्या हैं? वस्तुतः हमारे देश में प्राचीन काल से ही नदियों को देवी स्वरूपा मानते हुए उनकी रक्षा करने का विधान है, लेकिन आज के विलासितापूर्ण जीवन जीने वाले विस्तारवादी मानव ने जहां अपने संस्कारों को तिलांजलि देकर महज अपनी इच्छाओं की पूर्ति तक स्वयं को सीमित कर लिया है। वहीं उसे अपने भी अस्तित्व के साथ-साथ नदियों के भी सहअस्तित्व का लेशमात्र ध्यान नहीं रहा है। यही कारण है कि विकास के थोथे दंभ के चलते मनमाने खनन, अवैध निर्माण और नदियों के किनारों तक बहुमंजिली इमारतों का निर्माण करते हुए नदियों के सतत प्रवाहन के मार्ग को भी परिवर्तित करने के साथ-साथ अवरुद्ध तक करने का कुत्सित प्रयास जारी है। यही कारण है कि पौराणिक काल में बहने वाली अनेक नदियों का नामोनिशान तक मिट चुका है या फिर पुस्तकों में छपकर रह गया है।

हालात यह हैं कि अब बाढ़ जैसी विभीषिका कछारों को छोड़ नगरों और कस्बों तक आने लगी है। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में गत वर्ष लाल किले तक यमुना का जलप्रलय कदाचित आधुनिकता की अंधी दौड़ में पगलाए इंसानों की लिप्सा का ही प्रतिफल रहा, जिसके चलते महीनों तक दिल्ली हकलान रही और हालात बद से बदतर हो गए थे। कमोवेश ऐसे ही हालात हिमाचल, उत्तराखंड और बिहार में भी दृष्टिगोचर होते रहते हैं,जिन्हें अनदेखा नहीं किया जा सकता। महज एक दिन की भारी बरसात में विकास की पोल खोलती नदियों का जलस्तर आज विस्तारवादी मनुष्यों को उनकी करनी का दंड दे रहा है, जिसके साथ निरीह आम जनता भी दंड पा रही है। कदाचित प्रकृति का यह दंड नदियों के अस्तित्व के दृष्टिकोण से उचित भी है और स्वागत योग्य भी है। आखिर खनन माफियाओं,अवैध भवन निर्माताओं और राजमार्गों का निर्माण करने वाली कंपनियों की आंख भी खोलनी आवश्यक थी। जिन पर शासन और प्रशासन की कृपादृष्टि के चलते नदियां स्वयं पथहीन हो आज अस्तित्व तलाशने को विवश हैं।

पूर्वी उत्तर प्रदेश में आजमगढ़, अंबेडकर नगर, बलिया, गोरखपुर, बस्ती, अयोध्या, सुल्तानपुर, मऊ, गाजीपुर आदि ऐसे शहर हैं, जहां छोटी-मोटी नदियों की तली तक बने मकान इस नदियों के मार्ग अवरुद्ध करते हैं। यही कारण है कि वर्ष 2021 में आजमगढ़ में भंवरनाथ से लेकर हरवंशपुर, पल्हनी, कोलघाट आदि क्षेत्रों में व्यापक तबाही देखी गई थी। यहां पर नदी क्षेत्र में बने मकान इस बात की गवाही देते हैं कि नदी तो अपने मार्ग पर है,किंतु ये मकान ही अवैध हैं,जिनका कि डूबना और गिर जाना ही श्रेयस्कर है। कदाचित यही हालत अंबेडकर नगर के अकबरपुर की भी है। यहां तमसा जैसी पौराणिक काल की नदी का अतिक्रमण का शिकार है। भूमाफियाओं ने नदी की तलहटी तक जमीनों का सौदा करते हुए बड़ी-बड़ी इमारतें खड़ी कर दी हैं, जिससे नदी का प्रवाह अवरुद्ध होने से पानी बाढ़ के रूप में नगर की सड़कों पर पिछले वर्ष महीनों तक बहता रहा था।

वस्तुतः बाढ़ की विभीषिका एक नैसर्गिक आपदा भले मानी जाती हो, किंतु दिनों-दिन यह मानव जन्य भी होती जा रही है। जब तक नदियों का स्वतंत्र प्रवाह जारी नहीं होगा, ऐसी आपदाएं साल हर साल आती रहेंगी। अतएव अच्छा यही होगा कि अब से ही सही सभी भवनों को गिराते हुए नदियों को पुनर्जीवित किया जाए, जिससे बहते हुए पानी को एक क्षेत्र विशेष में रुकने का अवसर न मिले अन्यथा विस्तारवादी मानव का भी अस्तित्व स्वयं के चलते संकट में बना रहेगा। देखा जाए तो जलप्लावन के अनेक उत्तरदायी कारक हैं, जिनमें प्रदूषण, वृक्षों की कटान, जलवायु परिवर्तन और सतत होने वाले खनन प्रमुख हैं। इन सबसे भी अधिक उत्तरदायी कोई कारक अगर है तो मनुष्य द्वारा नदियों के मार्गों में अतिक्रमण, यह चाहे नए-नए बांधों के रूप में हो या फिर भूमाफियाओं की कुत्सित क्रियाओं का प्रतिफल हो, जो भी हो इसके लिए प्रकृति से अधिक मानव स्वयं में जिम्मेदार है।

लिहाजा बाढ़ की विकराल आपदा से निजात हेतु नदियों से नहरों का निकास और जलमार्गों का अबाध प्रवाह अत्यावश्यक है, जिसके बगैर साल दर साल आपदा प्रबंधन की होने वाली बैठकें व व्यवस्थाएं किसी बेमानी से कम नहीं होंगी और परिणाम का परिमाण सिफर से इतर और कुछ नहीं होगा।

# क्रेडिट कार्ड का घटता चलन





संजीव मेहरोत्रा
बरेली

कुछ साल पहले तक क्रेडिट कार्ड हासिल करने के लिए लोग कई तरह के पापड़ बेला करते थे। क्रेडिट कार्ड होना किसी व्यक्ति की समृद्धता का प्रतीक भी माना जाता था, लेकिन अब स्थितियां बदल रही हैं। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) की सख्ती और नए नियमों के चलते अब क्रेडिट कार्ड से होने वाला खर्च तेजी से कम होता जा रहा है।

क्रेडिट कार्ड पर मिलने वाले डिस्काउंट और ऑफर भी अब लोगों को लुभा नहीं पा रहे हैं। आलम यह है कि वित्त वर्ष 2022 के मुकाबले इस वित्त वर्ष में क्रेडिट कार्ड से खर्च एक तिहाई ही रह गया है। हर वित्त वर्ष इसमें कमी देखी जा रही है। मैक्वेरी रिसर्च के डेटा के आधार पर बिजनेस स्टैंडर्ड की रिपोर्ट के अनुसार वित्त वर्ष 2022 में क्रेडिट कार्ड से खर्च की वृद्धि दर 54.1 फीसदी थी। इसके बाद वित्त वर्ष 2023 में यह 47.5 फीसदी और वित्त वर्ष 2024 में आंकड़ा घटकर 27.8 फीसदी ही रह गया था।

इस वित्त वर्ष में क्रेडिट कार्ड से खर्च की वृद्धि दर सिर्फ 16.6 फीसदी ही रह गई है। आरबीआई द्वारा असुरक्षित लोन के खिलाफ की जा रही कार्रवाई से क्रेडिट कार्ड द्वारा किए जा रहे खर्च पर बुरा असर पड़ा है। हर साल फेस्टिव सीजन के दौरान सितंबर से दिसंबर तक क्रेडिट कार्ड से खर्च अपने चरम पर पहुंच जाता था। इस साल ऐसा होता नहीं दिखाई दे रहा है। नए क्रेडिट कार्ड जुड़ने की दर में भी बड़ी गिरावट आई है। रिपोर्ट के मुताबिक आईसीआईसीआई बैंक का क्रेडिट कार्ड पोर्टफोलियो वित्त वर्ष 2024 में 4.4 फीसदी घटा है। इससे पहले यह साल दर साल 3.2 फीसदी घट रहा था। इसी तरह एसबीआई कार्ड्स का क्रेडिट घाटा वित्त वर्ष 2024 में 7.4 फीसदी और वित्त वर्ष 2023 में 6.2 फीसदी रहा था।

मैक्वेरी रिसर्च ने अपनी रिपोर्ट में कहा, कड़ी जांच और आरबीआई के नए नियमों के प्रभाव को देखते हुए क्रेडिट ग्रोथ में मंदी आगे भी जारी रहेगी। बैंकों ने भी अपने क्रेडिट कार्ड पोर्टफोलियो में बढ़े हुए तनाव का संकेत दिया है। वित्त वर्ष 2025 में अगस्त तक नए क्रेडिट कार्ड जुड़ने की दर भी 38.3 फीसदी रह गई है। वित्त वर्ष 2024 में यह 41.3 फीसदी की दर से बढ़ रहा था। फेस्टिव सीजन के दौरान मिलने वाले डिस्काउंट और ऑफर्स की वजह से क्रेडिट कार्ड से खर्च अपने चरम पर पहुंच जाता था। इस बार नए क्रेडिट कार्ड बढ़ने की दर में भी कमी आई है। शायद उधार लेकर घी पीने की प्रवृत्ति पर कुछ अंकुश लगा है।

## एक नजर

### पेरिस में देश का मान बढ़ाने वाले खिलाड़ियों को आज सम्मानित करेंगे मुख्यमंत्री

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंगलवार को पेरिस में देश का मान बढ़ाने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित करेंगे। इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित ''जिन्होंने बढ़ाया देश का मान, ऐसी प्रतिभाओं का सम्मान'' कार्यक्रम में 14 ओलंपियंस और खेलों के वैश्विक महाकुंभ में प्रतिभाग करने वाले राज्य के 7 खिलाड़ियों व पैरालंपियंस को सम्मानित करेंगे। इन्हें कुल 22.70 करोड़ रुपये की पुरस्कार सम्मान राशि दी जाएगी। इनमें प्रवीण कुमार, सुहास एलवाई, अजीत सिंह, प्रीति पाल, सिमरन, ललित उपाध्याय व राज कुमार पाल प्रमुख हैं। इन सभी खिलाड़ियों के साथ संवाद कर मुख्यमंत्री योगी इनकी प्रेरक कहानियों को भावी खिलाड़ियों के सामने रखकर प्रेरित करने का कार्य करेंगे।

### ढाई क्विंटल अवैध मादक पदार्थ के साथ तीन गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ :** एसटीएफ ने सोमवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए मिर्जापुर से मादक पदार्थों की तस्करी कर रहे तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए ओडिसा निवासी रिंकू रावत, जाफराबाद जौनपुर निवासी रमेश कुमार और मेहनगर आजमगढ़ निवासी बृजेश गोंड के पास ढाई कुंटल मादक पदार्थ बरामद हुआ है, जिसकी अनुमानित कीमत 50 लाख रुपये बताई जा रही है। यह कार्रवाई वाराणसी एसटीएफ की तरफ से की गई है।

### पूर्व आईपीएस अफसरों के निधन पर दी श्रद्धांजलि

**अमृत विचार, लखनऊ :** 1958 बैच के पूर्व आईपीएस अधिकारी केएन दारूवाला और 1985 बैच के पूर्व आईपीएस अशोक कुमार मिश्रा के विगत दिनों हुए निधन पर सोमवार को पुलिस मुख्यालय पर शोकसभा आयोजित किया गया। इस दौरान सभागार में पहुंचे वरिष्ठ आईपीएस अधिकारियों ने दो मिनट का मौन रहते हुए दोनों दिवंगत अफसरों को श्रद्धांजलि दी। बतादें कि 27 सितंबर को केएन दारूवाला और 16 सितंबर को अशोक कुमार मिश्रा का निधन हो गया था।

# घाघरा, राप्ति, गंगा उफान पर 24 घंटों में 10 लोगों की मौत

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** बाढ़ और बारिश के चलते उत्तर प्रदेश के 11 जिलों में जनजीवन बेहाल है। दरअसल, यागी तूफान और नेपाल के छूटे पानी के कारण घाघरा, राप्ति, गंगा उफान पर हैं। नुसार पिछले 24 घंटों में बारिश से जुड़ी घटनाओं में 10 लोगों की मौत हुई है। बाढ़ नियंत्रण और लोगों तक राहत एवं बचाव सामग्री पहुंचाने के लिए कार्रवाई शुरू हो गई है।

यागी तूफान के प्रभाव के कारण बीते दिनों उप्र. के कई जिलो में लगभग चार दिन लगातार तेज बारिश हुई थी। इसके चलते संतकबीरनगर जिले में घाघरा नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। इसके अलावा उन्नाव में भी गंगा नदी चढाव पर है।

नेपाल की कोसी नदी के उफान पर होने के कारण बहराइच में उफनाई घाघरा नदी की चपेट में आकर सुजौली क्षेत्र के गुप्तापुरवा गांव का अस्तित्व लगभग खत्म हो गया है। बेघर ग्रामीण सरयू नहर के किनारे पंचायत भवन और सरकारी स्कूल में शरण ले रहे हैं। गोरखपुर से बस्ती तक भीषण बाढ़ जैसे हालात बने हुए हैं। एक दिन में इस इलाके में तीन लोगों की मौत का मामला सामने आया है। सिद्धार्थनगर में भी बाढ़ जैसे हालात हैं। श्रावस्ती में लोग नाव से आवाजाही करने को मजबूर हैं। कुशीनगर में लोगों का दिन बांधों पर गुजर रहा है।

**लोगों को सुरक्षित स्थानों तक पहुंचाने की जिम्मेदारी दी**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी लखीमपुर खीरी, सीतापुर, हरदोई, शाहजहांपुर, गोंडा, कुशीनगर, महराजगंज, बलिया, फर्रुखाबाद, कानपुर नगर और गौतमबुद्धनगर जिले में विशेष रूप से राहत एवं बचाव कार्य को आगे बढ़ाने के निर्देश दिए हैं। इन जिलों में एसडीआरएफ, एनडीआरएफ, पीएसी की टीमों को प्रभावित लोगों को सुरक्षित स्थानों तक पहुंचाने की जिम्मेदारी दी गई है।

# निराश्रित गोवंशों के संरक्षण से 'समृद्धि' की फसल

## देशभर में बिक रहे कानपुर व लखनऊ के गौआधारित उत्पाद, सिंगापुर की तैयारी

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश में एक तरफ लोग गोवंशों को पालकर सड़कों पर छोड़ रहे हैं तो दूसरी तरफ कानपुर के ग्राम बिरैचामऊ, चौबेपुर निवासी किसान सुबोध दीक्षित उन्हीं गोवंशों को संरक्षित करके समृद्धि की फसल तैयार करते हैं। वह गांव में निराश्रित गोवंशों का भरण-पोषण करके उनके गोबर व मूत्र से 10 बीघा में गौआधारित खेती व बागवानी करते हैं।

उन्होंने इस कार्य में कानपुर व लखनऊ के 50 से अधिक किसान, बागवान व स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को जोड़ रखा है। जिन्हें गोवंश या फिर गोबर की खाद व जीवामृत देकर दलहन, तिलहन, आम, अमरूद, मोटा अनाज, सब्जियां आदि फसलें कराते हैं और इनकी खरीद करके मानस ग्राम नाम से कैंडी, जैम, जैली, मुरब्बा, शहद, तुलसी मसाला चाय, त्रिफला चूर्ण समेत 100 से अधिक उत्पाद बनाकर गोतमी नगर स्थित किसान बाजार से देशभर में बिक्री करते हैं। वह 3 अक्टूबर को गौआधारित उत्पाद की मार्केटिंग (विपणन) के लिए नमस्ते भारत कार्यक्रम में सिंगापुर जाएंगे।



गौआधारित फसलों से बने उत्पाद दिखाते किसान सुबोध दीक्षित।

**गोशाला से घी व गोमूत्र अर्क से करते कमाई**

सुबोध बताते हैं कि उनकी गोशाला में 50 निराश्रित गोवंश हैं। जिनकी वह सेवा करते हैं और गाय के दूध से घी व अन्य उत्पाद बनाकर बिक्री करते हैं। साथ ही गोमूत्र से अर्क समेत अन्य गंभीर बीमारियों की औषधि बनाकर लखनऊ, नोएडा, आगरा, दिल्ली व मुंबई समेत कई बड़े शहरों में बेचते हैं। उन्होंने 2019 में गौआधारित खेती शुरू की थी। जिसे मंडी परिषद के किसान बाजार में बिक्री का प्लेटफार्म मिलने से बढ़ावा मिला है।

**पार्कों व प्रदर्शनी में भी करते बिक्री**

कानपुर में सुबोध को पांच पार्क आवंटित हुए हैं, जहां सुबह गौआधारित उत्पाद के स्टॉल लगाकर लोगों को जागरूक करके बिक्री करते हैं। इसी तरह लखनऊ में पार्क आवंटन की प्रक्रिया चल रही है। वह किसान बाजार के साथ प्रदर्शनी व पार्कों में उत्पाद की बिक्री कर लाखों कमाते हैं। साथ ही उनसे जुड़े किसान व समूह की महिलाओं को आत्मनिर्भर बना रहे हैं।

## भाजपा सरकार में स्वास्थ्य व्यवस्था ध्वस्त : अखिलेश

**अमृत विचार, लखनऊ :** समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार में स्वास्थ्य व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त है। डेंगू, मलेरिया और वायरल बुखार के मरीजों से राजधानी लखनऊ समेत शहरी इलाकों के मरीज भरे पड़े है।



अखिलेश यादव

अखिलेश यादव ने सोमवार को जारी बयान में कहा, कि लखनऊ में ही पिछले एक सप्ताह में चार सौ से ज्यादा डेंगू बुखर के मरीज मिल चुके हैं। मलेरिया बुखार के मरीजों की संख्या भी बढ़ती जा रही है। लखनऊ में डेंगू से मरीजों की मौत भी हो चुकी है। मरीज और उनके तीमारदार सरकारी अस्पतालों में चक्कर लगाकर थक जाते है। उन्हें प्राईवेट अस्पतालों की शरण लेनी पड़ती है।

## पूरी आस्तीन के कपड़े पहन कर स्कूल जाएंगे बच्चे

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** राज्य सरकार ने मौसमी बीमारियों से बचाव के लिए विशेष अभियान शुरू करने का निर्णय लिया है। निर्देश दिए गए हैं कि बच्चों को फुल आस्तीन के कपड़े पहनकर स्कूल आना अनिवार्य होगा। परिषदीय विद्यालयों समेत आस-पास साफ-सफाई और मच्छररोधी दवाओं का छिड़काव होगा। साथ ही अभिभावकों को जागरूक करने के लिए पंचायत स्तर पर भी विशेष प्रयास होंगे।

बेसिक शिक्षा राज्यमंत्री संदीप सिंह के निर्देश पर छात्र-छात्राओं को इन बीमारियों से बचाने के लिए खास सतर्कता बरती जा रही है। किसी बच्चे में बुखार या सिरदर्द के लक्षण दिखाई देने पर तुरंत चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। राज्य सरकार ने सभी खंड शिक्षा अधिकारियों और प्रधानाध्यापकों को निर्देश दिया है कि स्कूल परिसर में जलभराव होने पर तुरंत जल निकासी की व्यवस्था करें और मच्छररोधी दवाओं का छिड़काव कराएं।

**माध्यमिक और बेसिक स्कूलों का समय बदलेगा**

अक्टूबर माह से यूपी के माध्यमिक और बेसिक स्कूलों का समय बदलने जा रहा है। 1 अक्टूबर 24 से 31 मार्च 25 तक सुबह नौ से दोपहर तीन बजे तक चलेंगे। जबकि माध्यमिक विद्यालय सुबह 9.30 से दोपहर 3.30 बजे तक चलेंगे। सुबह 15 मिनट प्रार्थना सभा होगी। इसके बाद 9.45 से 40-40 मिनट के चार पीरियड में पढ़ाई होगी। इसके बाद 25 मिनट का लंच, फिर चार पीरियड पढ़ाई होगी।

## श्याम बिहारी गुप्ता बने प्रदेश गोसेवा आयोग के अध्यक्ष

**अमृत विचार, लखनऊ :** झांसी के श्याम बिहारी गुप्ता को उत्तर प्रदेश गोसेवा आयोग का अध्यक्ष बनाया गया है। साथ ही, कुशीनगर के जसवंत सिंह उर्फ अतुल सिंह व बस्ती के महेश कुमार शुक्ल को आयोग का उपाध्यक्ष बनाया गया है।



श्याम बिहारी गुप्ता

इसके अलावा मुरादाबाद के दीपक गोयल, महोबा के राजेश सिंह सेंगर व फिरोज़ाबाद के रमाकांन्त उपाध्याय को सदस्य नामित किया गया हैं। पशुधन विभाग के प्रमुख सचिव के रविंद्र नायक के आदेश के अनुसार अध्यक्ष, उपाध्यक्ष व सभी सदस्यों का कार्यकाल पदभार ग्रहण करने की तारीख से एक साल के लिए रहेगा। आयोग में करीब ढाई साल से सभी पद खाली पड़े हुए थे।

# जन शिकायतों के निस्तारण में देरी, गोंडा समेत 9 जिलों के अफसरों पर होगी कार्रवाई

## मुख्यमंत्री ने तलब की लापरवाही और हीलाहवाली करने वाले जिलों की रिपोर्ट

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** जन शिकायतों के निस्तारण में देरी भारी पड़ेगी। अगर मिथ्या रिपोर्ट लगाई गई है, तो अनुशासनात्मक कार्रवाई तय है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लापरवाही और हीलाहवाली करने वाले जिलाधिकारी और पुलिस कप्तानों की रिपोर्ट तलब की है। माना जा रहा है कि खराब प्रदर्शन वाले गोंडा समेत नौ जिलों के अफसरों पर कार्रवाई तय है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कुछ दिन पहले एक उच्च स्तरीय बैठक में आईजीआरएस, सीएम हेल्पलाइन और संपूर्ण समाधान दिवस की शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही पर नाराजगी जाहिर की थी। साथ ही लापरवाह अधिकारियों की रिपोर्ट तलब करने के निर्देश दिए थे। मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने भी जनशिकायतों के निस्तारण की समीक्षा में पाया है कि 1 सितंबर से 25 सितंबर के बीच प्राप्त शिकायतों के निस्तारण में कई जिलों का प्रदर्शन ठीक नहीं है।

सीएम हेल्पलाइन एवं सीएम डैशबोर्ड से लिये गए फीड बैक में देवरिया, भदोही, गोंडा, ललितपुर, प्रयागराज, कौशांबी, फतेहपुर, आजमगढ़ और मिर्जापुर के शिकायतकर्ताओं ने 70 प्रतिशत तक असंतोष जाहिर किया है। इस पर मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने इन संबंधित जिलाधिकारियों और पुलिस कप्तान को फटकार लगाते हुए सुधार के निर्देश दिए हैं। यह रिपोर्ट मुख्यमंत्री कार्यालय को भी भेजी गई है। सूत्रों का कहना है कि मुख्यमंत्री लापरवाह अधिकारियों के खिलाफ सख्त एक्शन ले सकते हैं।

**औरैया, लखनऊ, लखीमपुर का अच्छा प्रदर्शन**

अगस्त, सितंबर माह में आईजीआरएस और सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों का निस्तारण करने में कुल जिलों का अच्छा प्रदर्शन रहा है। इसमें औरैया, लखीमपुर खीरी, लखनऊ, मेरठ, सहारनपुर और गोरखपुर शामिल है। मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने इन जिलों के जिलाधिकारी और पुलिस कप्तान की प्रशंसा करते हुए अन्य जिलों के अधिकारियों को इसी आधार पर काम करने के निर्देश दिए हैं।

## धर्म दर्शन

### शक्ति तत्व और उसका महत्व

महाशक्ति ही परब्रह्म परमात्मा हैं। इन्हीं की शक्ति से ब्रह्मा, विष्णु, महेश क्रमशः सृजन पालन व संहार का कार्य करते हैं। श्रीदुर्गा सप्तशती में ब्रह्मा जी ने मधु कैटभ नामक दैत्यों से अपनी रक्षा के लिए योगनिद्रा का आवाहन करते हुए कहा है मुझको, भगवान शंकर और विष्णु को भी तुमने ही शरीर धारण कराया है। अतः तुम्हारी स्तुति करने की शक्ति किसमें है। नवदुर्गा, दस महाविद्या, अन्नपूर्णा, भुवनेश्वरी काली, तारा, बगुला, त्रिपुरा आदि सब इन्हीं के रूप हैं। हमारे ऋषियों द्वारा सर्वव्यापी चेतनसत्ता अर्थात अपने उपास्य की उपासना मातृ-पितृ रूप से तथा स्वामी रूप से अपनी भावना व श्रद्धा के अनुरूप की गई है। संसार में सभी प्राणियों के लिए माता ही सबकी आदिगुरु हैं। इसीलिए "मातृदेवो भव, पितृदेवो भव, आचार्यदेवो भव" मंत्र में सर्वप्रथम माता को ही स्थान दिया गया है। समस्त विश्व महाशक्ति का ही विलास है। भवानी की स्तुति करते हुए आचार्य शंकर ने कहा है, अपर्णैका सेव्या जगति सकलैर्यत् परिवृत्तः।/ पुराणोऽपि स्थाणुः फलति किल कैवल्यपदवीम्।।



ओमप्रकाश त्रिपाठी
सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक

संसार में लोग अनेक प्रकार के गुणों से युक्त पत्ते वाली लता का विविध प्रकार से सेवन करते हैं, परंतु मेरा तो मत है कि इस संसार में सब लोगों को अपर्णा (पार्वती जी) का ही सेवन करना चाहिए, जिनके संसर्ग से स्थाणु अर्थात पुराना ठूंठ-संसार के आदि कारण निर्विकार निराकार देवाधिदेव महादेव भी मोक्षरूपी फल देने लगते हैं। तात्पर्य यह है कि सदाशिव के नाम से प्रसिद्ध निर्गुण परमात्मा सर्वथा क्रिया शून्य होने के कारण स्वयं कोई फल देने में असमर्थ हैं। जब यह शिव शक्ति से समन्वित हो जाते हैं अर्थात शक्ति संपन्न होकर सगुण एवं सक्रिय रूप में आते हैं, तभी वे मोक्ष आदि फल प्रदान करने में समर्थ होते हैं। शक्ति उपासना हमारे समाज में वैदिक काल से ही प्रचलित है। श्री दुर्गासप्तशती में उद्धृत अथर्व शीर्ष के रूप में वर्णित देवी मंत्र इसका प्रमाण है। अथर्व शीर्ष शब्द का अर्थ है वह मंत्र,जो अथर्ववेद का शीर्ष अर्थात सर्वोच्च मंत्र है। देवी कहती हैं, अहम् ब्रह्मस्वरूपिणी। मत्तः प्रकृतिपुरुषात्मकं जगत्। शून्यं चाशून्यं च। अहमखिलं जगत्।। प्रसंग के अनुसार सभी देवता देवी के समीप गए और नम्रता से पूछने लगे हे महादेवि आप कौन हैं? देवी ने मैं ब्रह्म स्वरूप हूं। मुझसे प्रकृति पुरुषात्मक सद्रूप और असद्रूप जगत उत्पन्न हुआ है। यह सारा दृश्य जगत मैं ही हूं। जगत की सृष्टि, पालन व संहार रूपी तीनों कार्य क्रमशः ब्रह्मा, विष्णु व महेश द्वारा किए जाते हैं।

ब्रह्माजी की शक्ति जिससे सृष्टि होती है वह महासरस्वती हैं, विष्णुशक्ति जो पालन करती व कराती हैं महालक्ष्मी हैं और रुद्रशक्ति, जिससे संहार होता है, उनका नाम महाकाली है। इन तीनों महाशक्तियों के कार्य में कोई अंतर्विरोध नहीं है, यह सभी परस्पर सहायक हैं। संहार, संहार के उपरांत सृष्टि, सृष्टि के क्रम में उसकी पालना और फिर संहार यही क्रम चलता रहता है। संहार के लिए बल, पालन के लिए धन व सृष्टि के लिए बुद्धि की आवश्यकता होती है। अपने-अपने कर्म के अनुरूप महाकाली,महालक्ष्मी एवं महासरस्वती क्रमशः शक्ति, स्वर्ण व विद्या की अधिष्ठात्री देवियां हैं। इसीलिए उनका रंग क्रमशः काला, पीला एवं सफेद बताया गया है, जहां तक सार्थक उपासना का प्रश्न है, विद्वानों के मतानुसार शक्ति एवं शक्तिमान की उपासना एक है।

### महादेवी मां दुर्गा: शास्त्रीय परिबोध

मां दुर्गा का प्राचीनतम उल्लेख सर्वप्रथम महाभारत में हुआ है। वनवास अवधि में अज्ञातवास के लिए विराट नगर में प्रवेश के पूर्व युधिष्ठिर ने त्रिभुवन की अधीश्वरी, जगजननी देवी दुर्गा की स्तुति की थी और प्रसन्न देवी ने युधिष्ठिर को प्रत्यक्ष दर्शन एवं वरदान दिया था। कुरुक्षेत्र में महासमर के प्रारंभ के पूर्व भगवान श्रीकृष्ण की प्रेरणा से अर्जुन ने इनकी स्तुति की थी और महादेवी ने अंतरिक्ष में स्थित होकर पार्थ को विजय का वरदान दिया था। (भीष्म पर्व,23/4/19) अर्जुन कृत इस दुर्गा स्तोत्र की महिमा का अंकन भी इसी 23 वें अध्याय के श्लोकों 22-25 में हुआ है। इसी में अन्यत्र कृष्ण भगवान से संबंधित कथा में उनको भगवान शिव की पत्नी उमा बताते हुए उनको वेद, वेदांत, सुचरित्रता आदि सर्वगुण संपन्ना कहा गया है, किंतु यहां वह अन्य संदर्भों की भांति 'कुमारी' नहीं हैं। मार्कण्डेय पुराण के 'देवी महात्म्य' में दुर्गा देवी को ही काली, लक्ष्मी और सरस्वती का अवतार कहा गया है। दुर्गम दुर्ग असुर का वध करने के कारण ही यह "दुर्गा" कहलाईं। उक्त असुर ने भारी तपकर ब्रह्मदेव से वर प्राप्त कर वेदों को चुरा लिया था। फलस्वरूप सभी यज्ञादिकर्म बंद हो गए। पृथ्वी अनावृष्टि और अकाल से त्राहि-त्राहि कर उठी। देवों तथा ऋषियों की करुण पुकार पर देवी ने शताक्षी रूप धारण कर दुर्गम का वधकर वेदों को मुक्त किया।



डॉ. अजित कुमार सिंह
सेवानिवृत्त, पुलिस महानिरीक्षक

दुर्गाजी की प्रतिमा का अंकन शक्ति के प्रतीक के रूप में हुआ है। अत्यंत सुंदरी (या त्रिपुर सुंदरी),परंतु अनंत शक्ति धारिणी सिंह वाहिनी कभी अष्टभुजी तो कहीं दशभुजी तो कहीं अठारह भुजाओं वाली विभिन्न आयुध धारिणी प्रदर्शित हैं। ब्रह्मदेव के ही वरदान से देवताओं, ऋषियों सहित संपूर्ण सृष्टि के लिए घोर उत्पीड़क महिषासुर के वध के लिए आदिशक्ति माता ने महिष का वधकर महिषासुर मर्दिनी का संबोधन प्राप्त किया। त्रिगुणात्मिका, चामुंडा, शाकंभरी, सती, महालक्ष्मी, काली, पार्वती, गौरी, कालिका, मातृका, त्रिपुरा, योगीश्वरी, चर्चिता, छिन्नमस्ता, चंडिका, सिद्ध-अंबिका आदि नामों से इनके विभिन्न स्वरूपों तथा अवतारों का विस्तृत विवरण यत्र-तत्र उपलब्ध है।

## वर्ग पहेली-208

**बाएं से दाएं**

4.1. रमणीय, सुंदर, मनोहर 2. मोहक, प्रिय 3. सुखद, रुचिकर।

6.1. शरीर या मन की स्थिति, मिज़ाज 2. चित्त, मन, जी, हृदय 3. स्वास्थ्य, सेहत 4. मनोवृत्ति, भावना, करवाचौथ

8.1. रहने की क्रिया, भाव या ढंग 2. सुख एवं शांतिपूर्वक रहने की अवस्था या भाव 3. आराम, सुख, चैन।

**ऊपर से नीचे**

1.1. एक फली जो सब्ज़ी या अचार बनाने के काम आती है, लोबिया 2. अजगर।

2.1. जो वंचित किया गया हो, अलग किया गया, रहित 2. छला गया, ठगा गया।

3. नामवाला, ख्यातिप्राप्त, सुप्रसिद्ध, नामवर।

5. विश्वास, भरोसा।

7.1. किसी को छल से किसी मंडली

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ■ | ■ | 2 | ■ | 3 |
| | ■ | 4 | | | |
| ■ | ■ | ■ | | ■ | |
| 5 | ■ | ■ | | ■ | |
| 6 | | | | ■ | ■ |
| | ■ | ■ | ■ | ■ | 7 |
| 8 | | | ■ | ■ | |

### वर्ग पहेली -207 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 1 ज | ■ | 2 दु | कू | ल |
| ■ | मो | ■ | वि | ■ | ■ |
| 3 यु | ग | वि | धा | यी | ■ |
| ■ | ■ | ■ | ही | ■ | ■ |
| ■ | 4 ल | ख | न | 5 वी | ■ |
| ■ | ड़ | ■ | ■ | थी | ■ |
| 6 वि | ना | य | क | ■ | ■ |

## सुडोकू-121

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 9 | 7 | | 2 | 5 |
| 4 | | 2 | | 3 | | | | |
| 6 | | 5 | | | 2 | 1 | | 7 |
| | | | 4 | 2 | | | 7 | |
| | | 9 | | | | 5 | | |
| | 3 | | | 1 | 8 | | | |
| 5 | | 1 | 9 | | | 7 | | 3 |
| | | | | 5 | | 2 | | 8 |
| 7 | 8 | | 2 | 6 | | | | |

### सुडोकू - 120 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 6 | 5 | 4 | 1 | 2 | 3 | 9 |
| 1 | 3 | 5 | 8 | 9 | 2 | 6 | 7 | 4 |
| 2 | 4 | 9 | 6 | 3 | 7 | 8 | 5 | 1 |
| 6 | 9 | 4 | 3 | 7 | 8 | 5 | 1 | 2 |
| 8 | 5 | 1 | 9 | 2 | 6 | 7 | 4 | 3 |
| 3 | 2 | 7 | 1 | 5 | 4 | 9 | 6 | 8 |
| 4 | 7 | 3 | 2 | 6 | 9 | 1 | 8 | 5 |
| 5 | 1 | 2 | 7 | 8 | 3 | 4 | 9 | 6 |
| 9 | 6 | 8 | 4 | 1 | 5 | 3 | 2 | 7 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 1 अक्टूबर मंगलवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आश्विन, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-चतुर्दशी 21.39 तक तत्पश्चात अमावस्या।

### आज का पंचांग

शु. 7 | बु. | चं. 5 | 4 | 8 | के. सू. 6 | मं. | 9 | 3 | 12 रा. | 10 | 2 गु. | श. 11 | 1

**दिशाशूल**-उत्तर। **ऋतु**-शरद।
चन्द्रबल- मिथुन, सिंह, तुला, वृश्चिक, कुंभ, मीन।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-पूर्वाफाल्गुनी 09.16 तक तत्पश्चात उत्तराफाल्गुनी।

**मेष** - आज घर का वातावरण काफी सुखद रहने वाला है। घर के बुजुर्गों से सहयोग मिलेगा। धार्मिक स्थल में जाने का विचार बनेगा। जीवनसाथी को आप उपहार दे सकते हैं। संतान के व्यवहार से आपका मन गदगद हो जाएगा।

**वृष** - आज आपका मन अशांत हो सकता है। सिरदर्द और माइग्रेन के रोगियों के लिए दिन शुभ नहीं है। किसी वाहन में खराबी आने की आशंका है। दूसरों की नकारात्मक बातों पर ज्यादा ध्यान न दें। बुरे विचार आपको परेशान कर सकते हैं।

**मिथुन** - आज आपको प्रेमी जन से बड़ा उपहार मिल सकता है। विद्यार्थी अपने करियर को लेकर एकाग्र रहेंगे। व्यवसाय में मित्रों का सहयोग ले सकते हैं। कार्यक्षेत्र में आप किसी महत्वपूर्ण कार्य में फंसे रहेंगे। जीवनसाथी के साथ आपके संबंध मधुर होंगे।

**कर्क** - आज आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। कुछ लोग आपके काम को लेकर टोका-टाकी कर सकते हैं। मौसमी बीमारियों की चपेट में आ सकते हैं। कार्यक्षेत्र में दुविधापूर्ण स्थितियां निर्मित हो सकती हैं। पारिवारिक जीवन बहुत ही सुखदायक रहने वाला है।

**सिंह** - आज संपत्ति के क्रय-विक्रय से धन लाभ होगा। बड़े प्रोजेक्ट्स में आप निवेश कर सकते हैं। विपरीत लिंग के लोगों के प्रति आकर्षित रहेंगे। आपकी कोई पुरानी इच्छा पूरी हो सकती है। युवा अपने करियर को लेकर थोड़े चिंतित हो सकते हैं।

**कन्या** - आज शत्रु आपको नुकसान पहुंचाना चाहेंगे। आंखों में थोड़ी परेशानी हो सकती है। परिवार जनों के साथ आपको अपना व्यवहार अच्छा रखना चाहिये। आपका मनोबल थोड़ा कमजोर हो सकता है। असंयमित भोजन के कारण आपका स्वास्थ्य खराब रहेगा।

**तुला** - आज आपके जनसंपर्क में वृद्धि होगी। आपकी कार्यप्रणाली में सुधार होगा। पैतृक कारोबार में धन लाभ होगा। विदेशी भूमि से आपको धन लाभ मिल सकता है। व्यापार में नए अनुबंध होने के योग बन रहे हैं। परिवार का वातावरण सुखद रहेगा।

**वृश्चिक** - आज नया रोजगार शुरू कर सकते हैं। शेयर मार्केट में किया गया पूर्व निवेश से लाभ मिलेगा। स्वास्थ्य कुछ कमजोर रहेगा। कार्यक्षेत्र में बड़ी जिम्मेदारी मिलने की संभावना बन रही है। लोग स्वार्थवश आपसे संपर्क में रहना चाहेंगे।

**धनु** - आज बच्चों की शिक्षा को लेकर आप काफी ध्यान देंगे। दांपत्य संबंध काफी प्रगाढ़ रहने वाले हैं। नई नौकरी ढूंढ रहे हैं तो आपको सफलता मिलेगी। आपके कार्य अपेक्षाकृत देरी से पूरे होंगे। आपकी उपलब्धियों से आपके सीनियर्स काफी प्रसन्न रहेंगे।

**मकर** - आज अनजान लोगों पर ज्यादा विश्वास न करें। वर्तमान वातावरण को लेकर आपको अपना ध्यान रखना चाहिए। भारी उद्योग से जुड़े लोगों को मशीनरी संबंधी समस्या हो सकती है। आपको काफी व्यस्त रहना पड़ेगा। किसी भी काम में ज्यादा मन नहीं लगा पाएंगे।

**कुंभ** - आज प्रेम संबंधों को लेकर दिन बेहद शुभ है। मन में परोपकार की भावना रहेगी। लंबी दूरी की यात्रा करने के योग बन रहे हैं। अपनी बौद्धिक क्षमता का कुशल प्रयोग कर पाएंगे। आलस्य से आपको बचना चाहिए।

**मीन** - आज सरकारी कार्यों के लिए दिन बहुत शुभ है। लेन-देन के मामलों में सावधानी रखें। लोग आपके कार्यों की प्रशंसा करेंगे। साझेदारी वाले व्यापार में आपको धन लाभ होगा। अति महत्वपूर्ण कार्यों को आप समय पर पूरा करेंगे।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
जय लव कुश - सुबह : 09.15
राम लखन - रात : 07.11

SONY MAX
मिशन कश्मीर - सुबह : 11.00
एन एक्शन हीरो - रात : 09.00

SONY PIX
रैमपेज - दोपहर : 12.01
एंजेल हैज फॉलेन - रात : 09.00

ZEE CINEMA
खूंखार - सुबह : 11.06
सिरीवेन्नेला - शाम : 05.44

ZEE ACTION
वर्दी - सुबह : 11.24
गुमराह - रात : 07.00

### आज की सुपरहिट फिल्म




सोनी मैक्स पर रात : 09.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

बिल्ली- तुम्हारी उम्र क्या है?
हाथी -पांच साल
बिल्ली-लेकिन तुम तो बड़े दिखते हो!
हाथी-आई एम ए कॉम्प्लान बॉय और तुम्हारी उम्र क्या है?
बिल्ली- 25 साल
हाथी- लेकिन तुम तो बहुत छोटी दिखती हो कैसे?
बिल्ली- झंडू केसरी जीवन,बढ़ती उम्र मानों थम सी जाए।

बीवी बादाम खा रही थी।
पति बोला- मुझे भी टेस्ट कराओ
बीवी ने एक बादाम दे दिया।
पति- बस एक
बीवी- हां, बाकी सबका भी ऐसा ही टेस्ट है।

# शवों के इंतजार में राह देखती रहीं आंखें, छाया रहा मातम, नहीं जले चूल्हे

## पुणे शहर में रविवार दोपहर एक कांच निर्माण इकाई में शीशा उतारते समय जिले के चार श्रमिकों की हुई थी मौत, दो युवकों की हालत बनी है गंभीर

संवाददाता, सलोन, रायबरेली



छतौना मरियानी गांव में मृत श्रमिक के घर लगी महिलाओं की भीड़ और बिलखते परिजन।



मृतक धर्मेन्द्र की पत्नी प्रेमा अपनी एक साल की बेटी के साथ। अमृत विचार

**अमृत विचार:** कल तक जिनके आने का परिवार में कौतूहल था, आज उनके शवों के आने का दिन भर इंतजार होता रहा। इस इंतजार में रुक-रुक उठती अपनों की चीत्कार ने क्षेत्र के दो गांवों में मातम पसर गया है। मौत के बाद न तो गांव में न चूल्हे जले न तो किसी ने खाना खाया, हर तरफ मातमी चीत्कार से गमजदा परिवार को लोग सांत्वना देने में लगे है। परिजनों ने बताया कि जिस कंपनी में काम करते थे, उस कंपनी ने एंबुलेंस करके एक ही वाहन से चारों शव भेजे हैं, जिनके देर रात तक पहुंचने की संभावना है।

रविवार की दोपहर महाराष्ट्र के पुणे शहर में एक शीशे के गोदाम में सीसा उतारते समय हुए हादसे में चार युवकों की मौत हो गई थी। इनमें ऊंचाहार क्षेत्र के मरियानी निवासी विकास कुमार व पूरे बिछिया वादी मजरे कंदरावा निवासी अमित कुमार, पकसरावा गांव के पूरे चमारन निवासी पवन (44), धर्मेन्द्र (45) की मौके पर ही मौत हो गई थी। जबकि जगतपाल और विनोद गंभीर रूप से घायल हो गये हैं। दोनों का इलाज पुणे के एक बड़े हॉस्पिटल में चल रहा है।

**शोक में डूबा रहा पूरा गांव :** मृतकों के घर व आसपास में दूसरे दिन भी चूल्हे नहीं जले। पूरा गांव शोक में डूब गया। गांव की गलियों में रुक रुक सिसकियां सुनाई दे रहीं हैं। गांव की गलियां वीरान नजर आ रहीं हैं। मृतकों के घर पर रिश्तेदारों का आना जाना लगा हुआ है। हर कोई नियति का फेर बताकर परिजनों को समझाने का प्रयास किया जा रहा है। बाहर से किसी रिश्तेदार के घर आते ही, परिजनों का मन विचलित हो उठता है। फिर से रुदन सुनाई देने लगता है।

> श्रमिकों के शव का इंतजार हो रहा है। कोतवाल और क्षेत्रीय लेखपाल को अंतिम संस्कार तक परिजनों के संपर्क में रहने को कहा गया है। अंतिम संस्कार में यदि कोई दिक्कत होगी तो मदद की जाएगी।
> –सिद्धार्थ चौधरी, एसडीएम

**...अउबै तो अबकी छत डलवउबै :** घर बनवावे के लिए पैसा कमाए शहर गये रहे। बोले कि जल्दी ही अउबै तो अबकी छत डलवउबै लेकिन का पता कि भगवान हमरे पूरी जिंदगी छीन लेहें। कुछ इस तरह से आंसुओं से भरी आखें और गम में डूबी मृतक पवन की पत्नी यहीं सब बोलते-बोलते बेहोश हो जाती थी। परिजनों ने बताया कि 24 जुलाई को पवन मुम्बई जाने के लिए निकला था। उसने बताया कि पुणे के एक कांच फैक्ट्री में नौकरी मिल गई है। पवन ने कहा था इस बार कमा कर आऊंगा तो घर पर छत डालवाएगा, लेकिन विधाता को कुछ और ही मंजूर था।

ग्रामीणों ने बताया कि पवन के साथ उसका छोटा भाई संजीव और अमन भी उसी फैक्ट्री में श्रमिक था। जबकि प्रदीप और अमन गांव में रहते है। मृतक के चार बच्चे भारती (17), गोपी (14), निशांत क(12) और सेजल (7)है। ग्रामीणों ने बताया कि अगर सरकार से कॉलोनी मिली होती तो आज बच्चों के सिर पर पिता का साया होता और उन्हें यह दिन नहीं देखने पड़ते।

**बेटी के जन्म लेने से काफी खुश था धर्मेंद्र :** मृतक धर्मेन्द्र की शादी को 15 बरस बीत गए थे। भगवान की कृपा से उसे एक वर्ष पूर्व बेटी ( रिया) हुई थी। उसी दौरान कम्पनी से छुट्टी लेकर घर आया था। परिजनों ने बताया की धर्मेंद बेटी के होने पर काफी खुश था। अभी से उसके सारे सपने पूरे करने की बात करता रहता था। दिसम्बर 2023 में परिवार और बच्चो को बेहतर भविष्य देने के लिए पुनः कम्पनी में लौट गया था। पत्नी को जल्द आने का वादा किया था, लेकिन शायद ईश्वर को यह नही मंजूर था और रविवार को जब उसकी हृदय विदारक मौत की खबर पहुंची तो पत्नी प्रेमा बेसुध होकर जमीन पर गिर पड़ी।

### विकास और अमित पर थी परिवार की जिम्मेदार

मरियानी निवासी विकास कुमार व पूरे बिछिया वादी मजरे कंदरावा निवासी अमित कुमार आर्थिक रूप से कमजोर परिवार के ये दोनों युवक रोजी रोटी के लिए शहर गए थे, उन्हे क्या पता था कि ये शहर उनकी जिंदगी लील लेगा। विकास कुमार के पिता की मृत्यु हो चुकी है। उसकी मां भुसाइन और तीन भाइयों में विकास ही पूरे परिवार का सहारा था। उसका बड़ा भाई मानसिक रोगी है, जबकि बीच का भाई रंजीत गांव में मजदूरी करता था। विकास भाइयों में सबसे छोटा था। उसने गांव में ही एक लड़की से कुछ समय पहले प्रेम विवाह किया था। किसी तरह परिवार की गाड़ी मुफलिसी में खिसक रही थी कि अचानक विधाता ने परिवार का सहारा ही छीन लिया है। उधर, अमित के परिवार की भी यही हाल है। पिता शिवशंकर और दो भाइयों में सबसे बड़ा अमित ही पूरे परिवार का सहारा था। छोटा भाई अमन गांव में पिता के साथ रहता है। करीब डेढ़ साल पहले उसकी शादी हुई थी। पत्नी आरती की अभी गोद भी नहीं भरी थी कि ईश्वर ने उसका सिंदूर मिटा दिया है। दोनो गांव मातम में डूबे हुए है। गांव में रिश्तेदारों की आवाजाही के बीच उठती चीख पुकार गांव के माहौल को गमगीन बना रहे है। परिजनों ने बताया कि जिस कंपनी में काम करते थे, उस कंपनी ने एंबुलेंस करके एक ही वाहन से चारो शव भेजे हैं, जिनके देर रात तक पहुंचने की संभावना है।

## तर्पण

### पिता के आशीर्वाद से खुशहाल है परिवार



**लालगंज, रायबरेली, अमृत विचार।** मेरे पिता स्व. राधेश्याम गुप्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जीवन भर जुड़े रहे। संघ के कार्यकर्ता होने के नाते सामाजिक कार्यों में अग्रणी भूमिका निभाते थे। मेरे पिता का कहना था कि कोई भी कार्य छोटा बड़ा नहीं होता है सिर्फ कार्य को पूजा मानकर पूरी मेहनत व ईमानदारी से किया जाए तो सफलता निश्चित मिलती है। आज मैं उनके द्वारा स्थापित सर्राफा व्यापार को आगे बढ़ाकर परिवार का जीवन यापन कर रहा हूं। पिता के आशीर्वाद से पूरा परिवार खुशहालहै।

**सुरेंद्र गुप्ता, संघ परिवार, लालगंज, रायबरेली**

## एक नजर

### चोरों ने दिनदहाड़े घर से लाखों के जेवरात चुराए

**अमावां, रायबरेली, अमृत विचार।** मिल एरिया थाना क्षेत्र के एक गांव में चोरो ने दिन दहाड़े एक मेडिकल स्टोर संचालक के घर में घुसकर 10 लाख के जेवरात व घरेलू सामान चुरा ले गये। सूचना पर पहुंची पुलिस ने छानबीन शुरू कर दी है। घटना मिल एरिया थाना क्षेत्र के डिघिया गांव निवासी संजय सिंह के घर की। संजय मेडिकल स्टोर चलाते हैं। उनकी पत्नी आंगनबाड़ी कार्यकत्री हैं। रोज की तरह आज सुबह 10 बजे जब संजय सिंह अपने मेडिकल स्टोर व उनकी पत्नी अपने आंगनबाड़ी सेंटर पर चली गई। तभी बेखौफ चोर घर घुसकर अलमारी व बक्सों के ताले तोड़कर नकदी जेवर व कीमती समान सहित 10 लाख का माल पार कर दिया। इस संबंध में थानाध्यक्ष संजय सिंह ने बताया कि मामला संज्ञान में है जांच की जा रही है।

### घर से नकदी व जेवरात चोरी

**सरेनी, रायबरेली, अमृत विचार।** रविवार की रात को छत पर चढ़कर आंगन में उतरे चोरों ने 20 हजार की नकदी व सोने चांदी के जेवर पार कर दिया। चोरी की जानकारी होने के बाद परिजनों में हड़कंप मच गया। थाना क्षेत्र के पलटी खेड़ा गांव के रहने वाले सद्दीक पुत्र अली शेर बीती रात दरवाजे पर सो रहे थे। तभी चोर छत पर चढ़कर आंगन में उतर गए और बक्से का ताला तोड़कर 20 हजार की नगदी व सोने चांदी के जेवर पार कर दिया। जिस समय यह वारदात हुई परिजनों को इसकी भनक तक नहीं लग सकी। चोरी की जानकारी पीड़ित परिवार को आज सुबह हुई। इस संबंध में वरिष्ठ उप निरीक्षक अजय कुमार का कहना है कि मामला संदिग्ध लगता है जेवर के बंटवारे का मामला है। अभी तक तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

### प्राथमिक विद्यालय में हुई चोरी

**महराजगंज, रायबरेली, अमृत विचार।** क्षेत्र में लगातार हो रही चोरियां थमने का नाम नहीं ले रही है। वही चोरो ने रविवार कि रात्रि एक स्कूल को निशाना बना कर पुलिस को चुनौती दे डाली है। मामला कोतवाली क्षेत्र के बावन बुजुर्ग बल्ला के महापतगंज गांव स्थित प्राथमिक विद्यालय का जहां चोरों ने एक वर्ष में दो बार चोरी की घटना को अंजाम दिया है। यहां इस तरह उत्पात मचाया है कि स्कूल के सभी दरवाजों के ताले तोड़कर निकाल ले गये। इस संबंध में विद्यालय के प्राचार्य मनोज यादव ने बताया कि सोमवार को सुबह विद्यालय पहुंचे तो देखा कि सभी कमरों के दरवाजे खुले हुए है। जिसमें गेहूं, चावल, 12 ग्लास, 12 चम्मच, एक भगोना सहित किचन का सारा सामान उठा ले गए। घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को दिया गया हैं। रविवार की रात चोरों ने विद्यालय के पीछे से नकब लगाकर विद्यालय में प्रवेश किया है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही हैं।

# स्कूल बस पलटने से शिक्षक की मौत, बच्चे सुरक्षित

## दुर्घटना की सूचना मिलने पर विद्यालय प्रबंधन में मचा हड़कंप

संवाददाता, महराजगंज, रायबरेली



सड़क किनारे पलटी पड़ी स्कूल बस। इनसेट में शिक्षक की फाइल फोटो। अमृत विचार

**अमृत विचार:** बच्चों को घर छोड़ने जा रही न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल की बस अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गड्ढे में जा गिरी। बस की चपेट में आकर साइकिल सवार एक निजी स्कूल के शिक्षक रामसनेही की मौत हो गई। अनियंत्रित बस में सवार न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सलेथू के करीब 25 छात्र बाल-बाल बच गए। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर अभिभावकों व स्थानीय लोगों का हुजूम इकट्ठा हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने राहगीरों व न्यू स्टैंडर्ड स्कूल के शिक्षको की मदद से बस के बच्चों को सुरक्षित बाहर निकालकर दूसरे बस से उन्हें उनके घर पहुंचाया गया। वही घायल साइकिल सवार शिक्षक को एंबुलेंस की मदद से सीएचसी पहुंचाया गया, जहां शिक्षक राम सनेही को चिकित्सको ने मृत घोषित कर दिया।

सोमवार को न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल में छुट्टी के बाद बस से बावन बुजुर्ग बल्ला, पूरे मचाल, सारीपुर के करीब 25 बच्चों को बस घर छोड़ने जा रही थी, तभी जिहवा मोड़ के नजदीक रमपुरा गांव के पास अचानक एम्बुलेंस से बस टकरा गई। एम्बुलेंस से टक्कर के बाद अनियंत्रित बस की चपेट में आकर साइकिल सवार शिक्षक राम सनेही बस के नीचे फंस गए। घटना के बाद राहगीरों ने किसी तरह शिक्षक रामसनेही को बस से बाहर निकालकर एम्बुलेंस से सीएचसी पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक श्री हंस विद्या पीठ इंटर कालेज का शिक्षक था। मामले में कोतवाल बालेंदु गौतम न बताया कि घटना की जांच की जा रही है। रामसनेही की मौत की पुष्टि हुई है। तहरीर मिलने पर केस दर्ज किया जाएगा।

# कोचिंग एसोसिएशन का सम्मान समारोह



डॉ. संतलाल को अंगवस्त्र व सम्मान पत्र देकर सम्मानित करते अतिथि। अमृत विचार

**संवाददाता, रायबरेली, अमृत विचार।** शहर के कचेहरी रोड स्थित एक होटल में रविवार को कोचिंग एसोसिएशन ने साधारण सभा व शिक्षाविद सम्मान समारोह का आयोजन किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से हिन्दी साहित्यकार डॉ. चंपा श्रीवास्तव, डॉ. सन्तलाल, डॉ. राजेश तिवारी, आरती जायसवाल व धर्मेन्द्र वर्मा का सम्मान कोचिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष मोहम्मद अयाज व उनकी कमेटी ने किया। संगठन की सदस्यता लेने वाले नए कोचिंग डायरेक्टर्स रमा पांडेय, घनश्याम मिश्र, चन्द्रमणि त्रिवेदी, मुकेश यादव, जितेन्द्र पांडेय, वैभव तिवारी, सुभाश गुप्ता व सुशील यादव का भी सम्मान किया गया। साधारण सभा में पिछले माह हुए कार्यक्रम के अधिकारी अमित शुक्ल का भी सम्मान किया गया। कार्यक्रम के संरक्षक मंडल से आलोक श्रीवास्तव, सूरज शुक्ल, आशीष त्रिपाठी, अमित शुक्ल, अजमी जमाल, शक्ति ओझा तथा अनुशासन समिति से अजय त्रिपाठी, मनीष निगम एवं कमेटी से धीरज श्रीवास्तव, प्रवीण शुक्ल, संदीप राव, अमरेन्द्र सिंह, तारिक खान व पवन विकम ने शिक्षाविद सम्मान समारोह में विशेष योगदान रहा। मंच संचालन सूरज शुक्ल व स्वागत उद्बोधन आलोक श्रीवास्तव व नवीन सिंह ने किया। इस मौके पर जगदीश चौहान, ध्रुव कुमार, वेद प्रकाश सिंह, चांद अहमद, हिमांशु धानुक, किस्मत अली, आदि लोग मौजूद रहे।

# आईटीआई में वारदातों के बढ़ने पर सत्यापन की कवायद शुरू

संवाददाता, रायबरेली

- आईटीआई परिसर से पकड़े जा चुके हैं सुल्तानपुर ज्वैलरी लूटकांड के आरोपी
- एसपी के आदेश पर आईटीआई कॉलोनी में रह रहे लोगों का हो रहा पुलिस सत्यापन

**अमृत विचार:** सुल्तानपुर ज्वैलरी लूटकांड की साजिश रायबरेली में रची गई थी। उपरोक्त प्रकरण के मुख्य आरोपी सहित कई अपराधी लगभग एक महीने तक मिल एरिया के आईटीआई कॉलोनी मकान नंबर 404 में रुक कर षड्यंत्र करने में कामयाब हुए थे। अयोध्या की एसओजी टीम ने आईटीआई कॉलोनी से सामान भी बरामद किया था। जिसके बाद यह खुलासा हो पाया था।

इस खुलासे के बाद गुड पुलिसिंग पर धब्बा रहे पूर्व एसपी अभिषेक अग्रवाल ने कोई ध्यान नहीं दिया। लेकिन वर्तमान पुलिस अधीक्षक डॉ. यशवीर सिंह ने अपने गुड पुलिसिंग की छाप छोड़ते हुए जनता के प्रति विश्वास बनाने का काम किया है। एसपी के आदेश पर आईटीआई कॉलोनी में रह रहे लोगों का पुलिस सत्यापन करवाया जा रहा है। एसपी के आदेश से हरकत में आई मिल एरिया पुलिस द्वारा सत्यापन का कार्य जारी है आईटीआई कॉलोनी में 1500 मकान है, जिसमें लगभग 500 से अधिक मकानों का सत्यापन करवाया जा चुका है। पुलिस को आईटीआई कॉलोनी के अतिरिक्त नगर क्षेत्र में अन्य कॉलोनियों का भी सत्यापन कराना चाहिए। क्षेत्राधिकारी नगर अमित सिंह ने कहा कि जिले में बढ़ आपराधिक वारदातों पर रोकथाम लगाने के प्रयास किये जा रहे हैं। आईटीआई परिसर में जो लोग अनर्गल तरीके से रह रहे हैं उनका भी सत्यापन कराया जा रहा है। इसमें जो भी दोषी पाया जाएगा उस पर कार्रवाई की जाएगी।



रेलवे स्टेशन पर स्वच्छता अभियान में शामिल बैसवारा कॉलेज के विद्यार्थी। अमृत विचार

# विद्यार्थियों ने चलाया स्वच्छता अभियान

**लालगंज, रायबरेली, अमृत विचार।** बैसवारा इंटर कॉलेज लालगंज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयं सेवकों के द्वारा स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के अन्तर्गत नगर के रेलवे स्टेशन पर साफ-सफाई की गई। विद्यालय के लगभग सौ स्वयंसेवकों ने नगर में रैली निकालकर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक भी किया। कार्यक्रम अधिकारी वीरेंद्र कुमार शुक्ला व प्रधानाचार्य डॉक्टर नरेंद्र बहादुर सिंह के नेतृत्व में विद्यार्थियों ने स्टेशन परिसर से पॉलीथिन व प्लास्टिक कचरे को बिनकर उसका समुचित निस्तारण किया। स्टेशन अधीक्षक ने स्वयंसेवकों के कार्य की प्रशंसा की। इस अभियान में आयुष्मान त्रिवेदी, सत्येंद्र, सिमरन, सुलक्ष्मी आदि के अलावा विद्यालय के शिक्षक आशीष कुमार सिंह ने भी ने हिस्सा लिया। इसी श्रृंखला में विद्यालय द्वारा कल नगर के गांधी चबूतरे की साफ-सफाई की जाएंगी और वहां दीपदान भी किया जाएगा।

# कार्तिक मेले में आने वाले श्रद्धालुओं का रखें ख्याल

**डलमऊ, रायबरेली, अमृत विचार।** कार्तिक पूर्णिमा मेला में आने वाले श्रद्धालुओं की हर सुख सुविधा का ख्याल रखा जाएगा। दूरदराज से आने वाले श्रद्धालु जो बस द्वारा स्नान करने के लिए डलमऊ पहुंचते हैं उन्हें घाटों के नजदीक पहुंचने की व्यवस्था इस बार प्रशासन करने पर विचार कर रहा है। गंगा घाट से लगभग पांच किलोमीटर दूर बनने वाले बस स्टैंड को और नजदीक ले जाने की तैयारी चल रही है। यदि प्रशासन की सहमति बनी तो बस द्वारा आने वाले श्रद्धालु गंगा घाटों के नजदीक तक पहुंच सकेंगे आने जाने वाले रास्तों की मरम्मत मेला क्षेत्र की साफ सफाई प्रकाश की उचित व्यवस्था के लिए बैठक में चर्चा की गई।

एसडीएम ने विशेष तैयारी के लिए विभाग को निर्देशित किया है शौचालय चेंजिंग रूम एवं पेयजल की व्यवस्था समय से कराए जाने पर जोर दिया गया मेला क्षेत्र को जाने वाले रास्तों की मरम्मत के लिए सभी विभागों को निर्देशित किया गया है। गंग नहर की पटरी की साफ-सफाई के लिए सिंचाई विभाग को निर्देशित किया गया। व्यापार मंडल अध्यक्ष रामगोपाल वैश्य ने प्रस्ताव रखा कि, गंग नहर की पटरी पर रेल विभाग द्वारा किए गए अवरोध को यदि मेला के दौरान खोल दिया जाए तो आने वाले श्रद्धालुओं की सहूलियत मिलेगी एवं जाम की समस्या से भी छुटकारा मिलेगा। उप जिलाधिकारी डलमऊ अभिषेक वर्मा ने कहा कि इस बार पिछले मेला की अपेक्षा बेहतर व्यवस्थाएं किए जाने के लिए पूरा प्रयास किया जाएगा।

# नौकरी के नाम पर युवक से ठगी, मामला दर्ज

**संवाददाता, रायबरेली, अमृत विचार।** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान एम्स मुंशीगंज में नौकरी के नाम पर ठगी का मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित युवक की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दिया है। प्रतापगढ़ जिले के निवासी अनिल कुमार शुक्ला ने सुदर्शन कंपनी पर धोखाधड़ी का आरोप लगाते हुए थाने में मामला दर्ज कराया है। पीड़ित ने बताया कि अंकित मिश्रा व उनके परिवार के लोग सुदर्शन फैसेलिटीज प्राइवेट लिमिटेड कंपनी की स्थानीय टीम ने नौकरी दिलाने के नाम पर धोखाधड़ी कर चार 50 हजार रुपए की वसूली की है। पीड़ित ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत करते हुए यह भी आरोप लगाया कि फरवरी माह में जौनपुर के रहने वाले आरोपी अंकित मिश्रा के संपर्क में आने के बाद अस्थाई नौकरी का भरोसा दिलाया गया। नौकरी के लालच में आकर पीड़ित में आरोपी को रुपए दिए। इसके बाद युवक व उसके मित्र को यूरोलॉजी विभाग में अपॉइंटमेंट भी करा दिया दो-तीन माह सैलरी न मिलने पर पीड़ित ने दी गई धनराशि को वापस मंगा। लेकिन आरोपी ने पैसा देने से मना कर दिया। थाना प्रभारी दयानंद तिवारी ने बताया कि अंकित मिश्रा, ओम प्रकाश, शुभी पांडेय, सुदर्शन फैसिलिटी प्राइवेट लिमिटेड पर मामला दर्ज कर जांच पड़ताल की जा रही है। सुदर्शन फैसिलिटी कंपनी प्राइवेट लिमिटेड में मैनेजर के पद पर नियुक्त कुलदीप ने बताया कि मामला संज्ञान में है। आरोपी अंकित मिश्रा पिछले माह काम छोड़कर जा चुके हैं।

**अपील** पुलिस उपाधीक्षक ने आगामी त्योहारों को लेकर जारी किए निर्देश

# हर्ष और उत्साह से मनाएं त्योहार

संवाददाता, सलोन, रायबरेली



प्रदीप कुमार, पुलिस उपाधीक्षक। अमृत विचार

**अमृत विचार:** नवरात्र, देवी पूजा और दशहरा एवं दीपावली के त्योहारों के मद्देनजर पुलिस उपाधीक्षक प्रदीप कुमार ने आयोजकों को क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए जरूरी निर्देश दिए है। पुलिस उपाधीक्षक ने कहा कि त्योहार उन्माद से नहीं बल्कि हर्ष और उत्साह से मनाएं। ध्यान रहे कि त्योहारों के दौरान मंचों पर किसी तरह की अव्यवस्था न होने पाएं।

पुलिस उपाधीक्षक प्रदीप कुमार ने रामलीला और देवी पूजा आयोजकों से कार्यक्रम सम्बंन्धी जानकारी भी ली है और आम जनमानस को आयोजन के दौरान साशन द्वारा दिए गए नियमों का पालन करने के लिए अपील की है। जागरण एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की सूचना आयोजक कम से कम तीन दिन पहले पुलिस को उपलब्ध कराएं। जिससे सुरक्षा सम्बन्धी पुख्ता इंतजाम समय से पूरे किए जा सकें। आयोजक भजन-कीर्तन पार्टी अथवा जागरण पार्टियों के जिम्मेदारों की भी जानकारी और मोबाइल नम्बर उपलब्ध कराएं। ऐसा न होने की स्थिति में कार्यक्रम की अनुमति नहीं दी जाएगी। मूर्ति विसर्जन के समय जाम अथवा दुर्घटनाओं से बचने के लिए विसर्जन यात्रा में वाहनों और व्यक्तियों की संख्या कम से कम रखी जाए। साथ ही आयोजक इस बात की व्यवस्था करें कि विसर्जन यात्रा में नाबालिग बच्चों को लेकर न जाएं, जिससे किसी अप्रिय घटना घटित होने का डर न रहे।

भारत सरकार
रेल मंत्रालय
रेलवे भर्ती बोर्ड

केंद्रीयकृत रोजगार सूचना (सीईएन) सं. 02/2024 का परिशिष्ट
तकनीशियनों की भर्ती

सांकेतिक सूचना

सीईएन 02/2024 को 18 श्रेणियों में तकनीशियनों (ग्रेड I: श्रेणी नंबर 1 में 1092 रिक्तियां; ग्रेड III: नंबर 02 से 18 तक की श्रेणियों में 8052 रिक्तियां) की भर्ती के लिए 09.03.2024 को प्रकाशित किया गया था। आवेदन 09.03.24 से 08.04.24 तक स्वीकार किए गए थे। अब, तकनीशियन ग्रेड III में 22 नई श्रेणियां शामिल होने के साथ, तकनीशियन ग्रेड III में कुल रिक्तियां संशोधित होकर 13206 हो गई हैं।

केवल तकनीशियन ग्रेड III (श्रेणी संख्या 2 से 40) की सभी 39 श्रेणियों के लिए नए पात्र उम्मीदवारों से लागू शुल्क के साथ नए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। मौजूदा उम्मीदवार जिन्होंने तकनीशियन ग्रेड III के लिए सफलतापूर्वक आवेदन किया था, को बिना किसी अतिरिक्त भुगतान के सभी 39 तकनीशियन ग्रेड III के लिए आवेदन करने और श्रेणियां और प्राथमिकता बदलने के साथ आरआरबी बदलने के लिए भी अपने भुगतान किए गए आवेदन तक पहुंचने का अवसर दिया जाता है। आवेदन **केवल ऑनलाइन मोड के माध्यम से** जमा किए जाने चाहिए।

महत्वपूर्ण तिथियां

आवेदन खुलने की तिथि : 02 अक्टूबर 2024
आवेदन जमा कराने की अंतिम तिथि : 16 अक्टूबर 2024 (23:59 बजे)

| पद का नाम | 7वें सीपीसी के अनुसार पे लेवल | प्रारंभिक वेतन (रु.) | चिकित्सा मानक | 01.07.2024 को आयु | कुल तकनीशियन ग्रेड III रिक्तियां (सभी आरआरबी) |
|---|---|---|---|---|---|
| तकनीशियन ग्रेड III | 2 | 19,900/- | 09.03.2024 को जारी विस्तृत सीईएन 02/2024 (अनुलग्रक–ए) और 27.09.2024 को जारी शुद्धिपत्र और परिशिष्ट संख्या 2 (अनुलग्रक–ए2) देखें। | 18–33 वर्ष | 13206 |

अधिक जानकारी के लिए, कृपया नीचे सूचीबद्ध सभी भाग लेने वाले आरआरबी की आधिकारिक वेबसाइटों पर 09.03.2024 को प्रकाशित विस्तृत सीईएन संख्या 02/2024 और 27.09.2024 को जारी शुद्धिपत्र और परिशिष्ट संख्या 2 देखें।

सीईएन सं. 02/2024 में भाग लेने वाले आरआरबी की वेबसाइट

| | | | |
|---|---|---|---|
| अहमदाबाद www.rrbahmedabad.gov.in | अजमेर www.rrbajmer.gov.in | बेंगलुरू www.rrbbnc.gov.in | भोपाल www.rrbbhopal.gov.in |
| भुवनेश्वर www.rrbbbs.gov.in | बिलासपुर www.rrbbilaspur.gov.in | चंडीगढ़ www.rrbcdg.gov.in | चेन्नई www.rrbchennai.gov.in |
| गुवाहाटी www.rrbguwahati.gov.in | जम्मू–श्रीनगर www.rrbjammu.nic.in | कोलकाता www.rrbkolkata.gov.in | माल्दा www.rrbmalda.gov.in |
| मुंबई www.rrbmumbai.gov.in | मुजफ्फरपुर www.rrbmuzaffarpur.gov.in | पटना www.rrbpatna.gov.in | प्रयागराज www.rrbald.gov.in |
| रांची www.rrbranchi.gov.in | सिकंदराबाद www.rrbsecunderabad.gov.in | सिलीगुड़ी www.rrbsiliguri.gov.in | तिरुवनंतपुरम www.rrbthiruvananthapuram.gov.in |
| गोरखपुर www.rrbgkp.gov.in | ***** | ***** | ***** |

यह सूचना पूर्णतः सांकेतिक प्रकृति की है। उपरोक्त भर्ती से संबंधित कोई भी शुद्धिपत्र/परिशिष्ट/महत्वपूर्ण सूचना समय–समय पर केवल आरआरबी की उपरोक्त वेबसाइटों पर जारी की जाएगी।
सं. आरआरबी/एससी/आरटी/विज्ञापन/02/2024
दिनांक: 01–10–2024
अध्यक्ष
रेलवे भर्ती बोर्ड

''दलालों, बिचौलियों और नौकरी का झांसा देने वालों से सावधान रहें''

कार्यालय ग्राम पंचायत महोना पश्चिम, विकासखण्ड–शुकुल बाजार, जनपद अमेठी
पत्रांक मेमो / मनरेगा/ पंचम वित/पन्द्रहवां वित / 2024–25 दिनांक 30/09/2024

अल्पकालीन निविदा/कोटेशन

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मनरेगा/पंचम वित्त/पन्द्रहवा वित्त योजनांतर्गत 2024–25 वर्ष में स्थानीय पंजीकृत फर्मो से निम्नलिखित कायों पर मुहरबंद निविदाएं व कोटेशन दिनांक 01/10/2024 से 07/10/2024 तक दिन में ग्राम पंचायत के सचिवालय में प्राप्त कराएं। सभी प्राप्त निविदाएं/कोटेशन दिनांक 10/10/2024 को दिन में 3 बजे ग्राम पंचायत के सचिवालय पर खोले जाएंगे। न्यूनतम दरदाता के पक्ष में आपूर्ति आदेश जारी किया जाएगा। किसी भी निविदा व कोटेशन को स्वीकार करने व अस्वीकार करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | माप/ मात्रा | अनुमानित लागत लाख में | आपूर्ति की जाने वाली सामाग्री काम नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1 | पशु आश्रय स्थल में टीनशेड निर्माण | 1 | 394627.00 | सीमेन्ट, मौरंग, बालू, प्रथम श्रेणी ईट, इण्टरलाकिंग ईट, पाइप, चदृदर आदि |

प्रधान
ग्राम पंचायत – महोना पश्चिम
विकास खण्ड – शुकुल बाजार
जनपद– अमेठी।

सचिव
ग्राम पंचायत – महोना पश्चिम
विकास खण्ड – शुकुल बाजार
जनपद– अमेठी।

कार्यालय ग्राम पंचायत पाली, विकासखण्ड–शुकुल बाजार, जनपद अमेठी
पत्रांक–01/2024–25 दिनांक 30/09/2024

नीलामी सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कार्यालय जिलाधिकारी अमेठी, के आदेश दिनांक 12/09/2023 पत्रांक 2299/पं./लेखा/जीर्ण–शीर्ण/पंचायत भवन/2023–24 के अनुपालन में ग्राम पंचायत पाली, विकास खण्ड– बाजार शुकुल, जिला अमेठी में पंचायत भवन निर्माण वर्ष 1999 का ध्वस्तीकरण किया जायेगा। जिसमें मलबे की नीलामी हेतु बोली दाताओं को निम्नलिखित शर्तो के साथ आमंत्रित किया जाता है। 1. क्षतिग्रस्त पंचायत भवन की बोली दिनांक 7 अक्टूबर 2024 को 12 बजे दोपहर को किया जायेगा। 2. पंचायत भवन की स्क्रैप वैल्यू 46379 रूपए है। 3. सर्वाधिक बोलीदाता को टेंडर प्रदान किया जायेगा। 4. अधिकतम बोलीदाता को सम्पर्ण धनराशि तुरन्त जमा करनी होगी। 5. सम्पूर्ण धनराशि जमा कर मलबा 3 दिवस में हटाकर भूमि को समतल करके देना होगा। 6. बोली को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत का है। कारण बताना आवश्यक नहीं होगा। 7. अगर किसी कारण से बोली स्थगित होगी तो इन्ही शर्तो के साथ अगले कार्य दिवस में बोली लगायी जायेगी।

हिमांशु प्रताप सिंह–प्रधान
ग्राम पंचायत – पाली
विकास खण्ड – शुकुल बाजार
जनपद– अमेठी।

नीरज कुमार – ग्राम पंचायत सचिव
ग्राम पंचायत – पाली
विकास खण्ड – शुकुल बाजार
जनपद– अमेठी।

कार्यालयः जिला पंचायत, हरदोई
पत्रांकः– 1229/जि0पं0–निर्माण/2024–25 दिनांकः– 30 सितम्बर, 2024

शुद्धि–पत्र

जिला पंचायत, हरदोई एवं अन्य जिला पंचायतों के पंजीकृत ठेकेदारों के साथ सिचाई एवं लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि पंचम राज्य वित्त आयोग एवं पन्द्रहवां वित्त आयोग (टाईड ग्रान्ट) योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2023–24 की अवशेष धनराशि तथा 2024–25 में प्राप्त धनराशि के सापेक्ष 42 निविदायें दिनांक 08.10.2024 को 12:00 बजे तक आमंत्रित की गयी थीं। जो उक्त दिनांक समय 02:00 बजे जिला पंचायत कार्यालय में ठेकेदारों की उपस्थिति में खोली जानी हैं। मा0 अध्यक्ष, जिला पंचायत के आदेशानुसार उक्त ई–निविदा सूचना में 42 कार्यो में से निविदा क्रमांक–36 पर अंकित कार्य (रज्जाकखेड़ा डामर रोड से आटामऊ रोड तक लेपन कार्य) की निविदा अपरिहार्य कारणों से निरस्त कर दी गयी है। शेष समस्त कार्यो की ई–निविदायें समिति द्वारा निर्धारित तिथि को खोली जायेगी। शेष शर्ते व कार्यो के विवरण पूर्ववत् रहेंगें।

अभियन्ता
जिला पंचायत, हरदोई।

अपर मुख्य अधिकारी
जिला पंचायत, हरदोई।

अध्यक्ष
जिला पंचायत, हरदोई।

## एक नजर

### बारिश से ढहा कच्चा मकान

**लालगंज, रायबरेली,अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के अम्बारा पश्चिम गांव निवासी एक गरीब परिवार की झोपड़ी बरसात के चलते उजड़ गई है। मिली जानकारी के अनुसार हेमराज अपनी पत्नी और बच्चों के साथ कच्चे मकान में रहता था। कई दिनों से हो रही बरसात के कारण मकान जर्जर हो गया और रविवार को भर भर कर ढह गया। गनीमत रही उस समय परिवारीजन घर के अंदर नहीं थे अन्यथा जनहानि भी हो सकती थी। अब हेमराज का परिवार दूसरे के दरवाजे गुजर बसर कर रहा है। मकान ढहने से घर गृहस्थी का सारा सामान भी नष्ट हो गया है। अभी तक प्रशासन से कोई सहायता नहीं मिली है।

### बाइक सवार तीन युवकों ने छीना मोबाइल

**खीरों, रायबरेली, अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के खीरों दुकनहा मार्ग पर विगत 20 सितम्बर को मेला देखकर घर जा रहे एक युवक से तीन बाइक सवार युवकों ने मोबाइल छीन लिया। पुलिस ने घटना के दस दिन बाद पीड़ित के शिकायती पत्र के आधार पर अज्ञात तीन बाइक सवार युवकों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थानाध्यक्ष देवेन्द्र सिंह भदौरिया ने बताया कि पीड़ित के शिकायती पत्र के आधार पर अज्ञात तीन बाइक सवार युवकों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

### दो दबंगों ने अपने गांव के युवक को पीटा

**खीरों, रायबरेली, अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के गांव गनेशपुर मजरे जसमऊ निवासी माता प्रसाद यादव ने आरोप लगाया है कि विगत 20 सितम्बर को दोपहर बाद लगभग साढ़े तीन बजे उसका बेटा शिवा बाइक द्वारा कुछ घरेलू सामान खरीदने मेडौली जा रहा था। उसके गांव के शिवम पुत्र लक्ष्मण और अरुण पुत्र राम मिलन ने उसके बेटे को रास्ते में रोककर गाली देते हुए मारापीटा। मारपीट के दौरान दोनों आरोपियों ने अवैध शस्त्र निकालकर जान से मारने की धमकी दी। थानाध्यक्ष देवेन्द्र सिंह भदौरिया ने बताया कि पीड़ित के शिकायती पत्र के आधार पर नामजद आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

# बारिश ने बिगाड़ी शहर की गलियों और मोहल्लों की सूरत, चलना दूभर

## गड्ढायुक्त सड़कों पर घुटनों तक भरे पानी से आते हैं स्कूली बच्चे, जिलाधिकारी से की गयी शिकायत के बाद भी नहीं हो रही सुनवाई

**संवाददाता, रायबरेली**

**अमृत विचार:** कई दिनों से हो रही बारिश ने शहर के गलियों व मोहल्लों की सूरत बिगाड़ दी है। इससे न की मोहल्लों में जलभराव हुआ बल्कि गड्ढों वाली सड़कें भी तालाब में तब्दील हो गई। शहर के आचार्य द्विवेदी नगर, साकेत नगर, घोसियाना, नया पुरवा, छोटा घोसियाना, निराला नगर, सोनिया नगर, देवानन्दपुर आदि मोहल्लों की गड्ढा युक्त सड़कों पर कीचड़ होने से लोगों को आवागमन में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। सबसे बुरा हाल तो देवानन्दपुर के सुभाशीष संस्थान को जाने वाली सड़क का है। इस सड़क पर जगह-जगह बने गड्ढों में घुटनों-घुटनों पानी भरा हुआ है। जबकि इस रास्ते से आए दिन छोटे-छोटे बच्चे स्कूल जाते हैं। इसके अलावां स्कूली वाहन भी इसमें फंस जाते हैं जिससे गंदगी से बच्चों व शिक्षकों को दो चार होना पड़ रहा है। हालांकि इसको लेकर कई बार लिखित शिकायती पत्र भी डीएम को दिया गया, किन्तु अभी तक इस ओर कोई कारगर कदम नहीं उठाए गए हैं।

## जलभराव होने से व्यापारियों में आक्रोश, किया प्रदर्शन

**जगतपुर, रायबरेली।** कस्बे के डलमऊ रोड पर बह रहे पानी में गिरकर लोग चोटिल हो रहे हैं। अब तक जल निकासी की कोई व्यवस्था न कराए जाने से आक्रोशित लोगों ने सड़क पर भरे पानी में उतरकर धरना प्रदर्शन किया। इससे नाराज व्यापारियों ने प्रदर्शन करते हुए जलनिकासी कराए जाने की मांग की है।

जगतपुर कस्बे के डलमऊ रोड पर लगातार एक माह से सड़क पर पानी बह रहा है। जिला पंचायत सदस्य राकेश सिंह राना ने विभागीय अधिकारी को पत्र लिखकर इसकी शिकायत की है। इसके बाद एनएच के निर्माणाधीन बाईपास के प्रोजेक्ट मैनेजर द्वारा खानापूर्ति की गई थी और उस समय सड़क पर अपनी बहना बंद हो गया था। वही लगातार बरसात के बाद से फिर सड़क पर तेजी से पानी का बहाव शुरू हो गया है। सड़क पर लगातार बह रहे पानी से न तो लोग वाहन से निकल पा रहे हैं और न ही पैदल। इन दिनों बाइक, कार सवार व अन्य लोगों को भारी मुसीबत का सामना करना पड़ रहा है। हालांकि इस पानी में अब तक कई लोग गिरकर चोटिल भी हो चुके हैं। कस्बे के दो दर्जन व्यापारी व जिला पंचायत सदस्य एवं अन्य जागरूक लोगों ने प्रदर्शन करते हुए विभागीय अधिकारारियों से इसका निदान कराए जाने की मांग की है। प्रदर्शन करने वालों में व्यापारी नेता राजन शुक्ला तथा देवनाथ यादव, राजकुमार पाल, अरुण सिंह, विकास इंद्र मौर्य सहित आदि लोगों शामिल हैं। जिला पंचायत सदस्य राकेश सिंह राना ने बताया कि इस संबंध में जिलाधिकारी को एक शिकायती पत्र दिया गया है। लेकिन अभी तक इस समस्या का कोई समाधान नहीं कराया गया है जिससे क्षेत्रीय लोगों में आक्रोश व्याप्त है।



डलमऊ रोड पर जलभराव को लेकर प्रदर्शन करते लोग। अमृत विचार



अलावलपुर कुचरिया की सड़क पर बने गड्ढे। अमृत विचार

### राजमार्ग के अंडर पास में भरा पानी, आवागमन बाधित

**ऊंचाहार, रायबरेली, अमृत विचार।** निर्माणाधीन लखनऊ-प्रयागराज राजमार्ग में गांव के लोगों के आवागमन के लिए बनाए गए अंडर पास में जलभराव के कारण ग्रामीणों का आवागमन बाधित है। गांव के लोग परेशान है, किंतु उनकी सुनने वाला कोई नहीं है। यह अंडर पास इतना नीचे है कि बरसात के दिनों में घुटनों पर पानी भर जाता है। जलनिकासी की कोई व्यवस्था न होने के कारण अंडर पास में अरसे से पानी भरा हुआ है। हालात यह है कि इसमें दो पहिया वाहन और पैदल यात्री बिल्कुल नहीं निकल पा रहे है। ग्राम प्रधान के नेतृत्व में ग्रामीणों ने इसकी शिकायत एसडीएम से की है, और अंडर पास से पानी निकलवाने की मांग की है। शिकायत करने वालों ने विमलेश कुमार, रामफेर, कमलासा, दिनेश कुमार, अनवर खान, अनीस आदि शामिल थे।

## अलावलपुर कुचरिया सड़क पर दो कदम चलना मुश्किल



सुंदरलाल।



गुरुवेंद्र प्रताप सिंह।



रामपाल।



विमलेश, ग्राम प्रधान।

**राही, रायबरेली, अमृत विचार।** कुचरिया अलावलपुर सड़क पूरी तरह से गड्ढों में तब्दील हो चुकी है। वाहन तो छोड़िए पैदल चलना मुश्किल हो गया है। गड्ढों की वजह से आए दिन सड़क हादसे हो रहे हैं जिसमें लोग अपनी जान गवां रहे हैं। सात साल पहले ग्यारह किमी. लंबी सड़क का निर्माण प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क विभाग द्वारा कराया गया था जिसकी जिम्मेदारी मेसर्स जगदीप सिंह एंड संस को सौंपी गई थी इस सड़क निर्माण में अच्छी खासी धनराशि खर्च की गई थी। एक साल पहले विभाग ने इस सड़क का नवीनीकरण भी कराया, किन्तु सड़क निर्माण में घटिया सामग्री का प्रयोग होने से वह पूरी तरह से गड्ढों में बदल चुकी है। एक दो नहीं अनगिनत जानलेवा गड्ढे हो चुके हैं। क्षेत्रीय लोगों ने इस संबंध में जिम्मेदार अधिकारियों से सड़क दुरुस्त कराने की गुहार भी लगा चुके हैं किन्तु उन्हें सिर्फ आश्वासन ही मिला है। बेलाभेला निवासी गुरुवेंद्र प्रताप सिंह का कहना है कि सड़क में काफी गहरे गड्ढे होने से राहगीर आए दिन अपनी जान गंवा रहे है। राजापुर निवासी सुंदरलाल का कहना है कि यह सड़क कुचरिया गदागंज की प्रमुख सड़क है। बेलागुशीशी ग्राम प्रधान विमलेश कुमार का कहना है कि गड्ढो में कब किसकी जान चली जाए यह कहना मुश्किल है। उत्तरपारा निवासी रामपाल का कहना है कि इस सड़क से बच्चे, बूढ़े और बड़ी संख्या में वाहन निकलते हैं। सभी को परेशानी झेलनी पड़ती है। सड़क को जल्द ठीक कराने की मांग की है।



**पानी से परेशानी** रायबरेली के ऊंचाहार में निर्माणाधीन लखनऊ-प्रयागराज राजमार्ग के अंडर पास में भरे पानी से होकर निकलते को मजबूर ग्रामीण। • अमृत विचार

## पीडब्ल्यूडी ने भरवाए सड़क के गड्ढे

**संवाददाता,लालगंज, रायबरेली**



अमृत विचार में प्रकाशित खबर।

**खबर का असर**

**अमृत विचार:** अमृत विचार समाचार पत्र में शीर्षक से बरसात के चलते लालगंज की सड़के तालाब में हुई तब्दील प्रकाशित होने के बाद विभाग हरकत में आ गया है।

पीडब्ल्यूडी विभाग के कर्मचारियों के द्वारा गोविंदपुर वलौली से लेकर सेमरपहा तक के गड्ढों को भरने का काम शुरू कर दिया गया है। जगह-जगह गिट्टी गिराई गई है और मजदूरों के द्वारा गड्ढे भराए जा रहे हैं। मौके पर काम करा रहे सार्वजनिक निर्माण विभाग के कर्मचारी शीतला प्रसाद ने बताया कि फिलहाल गड्ढे भरे जा रहे हैं, लेकिन सड़क बनने की तैयारी पूर्ण हो गई है। बरसात थमते ही तेजी से सड़क निर्माण का कार्य शुरू होगा। सड़क का निर्माण 2.67 करोड रुपए से होने जा रहा है। जल्द ही लालगंज के लोगों को अच्छी सड़क की सुविधा उपलब्ध हो जाएगी। व्यापार मंडल के अध्यक्ष विवेक शर्मा और जिलाध्यक्ष रोहित सोनी द्वारा आंदोलन की बात कही गई थी।



लालगंज में गड्ढों की भराई करते कर्मचारी। अमृत विचार

## जंगली जानवर दखने से दहशत

**सरेनी, रायबरेली, अमृत विचार।** शनिवार को थाना क्षेत्र के एक गांव में जंगली जानवर दिखने से हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम ने जंगली जानवर की जंगल में तलाश किया लेकिन पता नहीं चल सका । पग चिन्ह भी नहीं दिखाई पड़े हैं। थाना क्षेत्र के सहनीपुर गांव के ग्रामीणों ने शनिवार को एक जंगली जानवर देखा इससे हड़कंप मच गया। ग्रामीणों का कहना है कि जानवर का जोड़ा है और तेंदुए जैसा रंग कद काठी का है । सूचना पर बन दरोगा महेंद्रनाथ मित्र, ओपी सिंह, वनरक्षक आशीष कुमार गांव पहुंचे और जंगलों में जानवर की तलाश किया, लेकिन पता नहीं चला और पद चिन्ह भी नहीं दिखाई पड़े हैं। वन विभाग का कहना है कि जानवर फिशिंग कैट हो सकता है यह आदमियों से डरता है हमला नहीं करता है। यहां पग चिन्ह भी नहीं दिखाई पड़े हैं। फिर भी ग्रामीणों को जागरूक किया जा रहा है।

## प्राथमिक विद्यालय राजापुर में शुरू हुई स्मार्ट क्लास

**संवाददाता,रायबरेली**

**अमृत विचार:** जिले के आदर्श विद्यालयों में से एक राही ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय राजापुर में 30 सितंबर को स्मार्ट क्लास की शुरुआत हो गयी है।

इस स्मार्ट क्लॉस का शुभारंभ खण्ड विकास अधिकारी गौरी राठौर व खण्ड शिक्षा अधिकारी राही बृजलाल ने विद्यालय की छात्रा अंशिका के साथ में फीता काटकर किया गया। राज्य पुरस्कार से सम्मानित शिक्षक अजय सिंह ने बताया कि विद्यालय को स्मार्ट टीवी अवधेश कुमार अग्रवाल की प्रेरणा से (सोशल वेलफेयर अपलिफ्टमेंट समूह, नई दिल्ली) दीपक मित्तल बंगलौर ने अपनी स्व माता शकुंतला देवी की स्मृति में ग्रामीण परिवेश के बच्चों के शैक्षिक गुणवत्ता उन्नयन के लिए भेंट किया है। खण्ड शिक्षा अधिकारी बृजलाल व खण्ड विकास अधिकारी गौरी राठौर ने अवधेश कुमार अग्रवाल व दीपक मित्तल के प्रति आभार व्यक्त किया। स्मार्ट टीवी पाकर विद्यालय के बच्चों में खुशी का ठिकाना नहीं रहा। विद्यालय के प्रधानाध्यापक शिवबहादुर, अजय सिंह, बन्दना व माया देवी ने सभी का आभार व्यक्त किया है।



प्राथमिक विद्यालय राजापुर में छात्रा से फीता कटवाकर स्मार्ट क्लास की शुरुआत करातीं बीडीओ।

## एसपी से की शिवगढ़ पुलिस की शिकायत, मांगा न्याय

**संवाददाता, रायबरेली**

**अमृत विचार:** शिवगढ़ पुलिस की कार्यशैली से खफा पीड़ित पक्ष ने बछरावां विधायक श्याम सुन्दर भारती, राष्ट्रीय कल्याण मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनोद रावत आदि तीन दर्जन से अधिक लोगों के साथ पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर शिवगढ़ पुलिस पर गम्भीर आरोप लगाते हुए कार्यवाई की मांग की हैं। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि शिवगढ़ पुलिस विपक्षियों से मिली हुई है।

शिवगढ़ थाना क्षेत्र के लालगंज मजरे बहुदाखुर्द की रहने वाली रूपरानी पत्नी देवनरायन का आरोप है कि 27 सितम्बर को गांव के एक व्यक्ति ने आठ लोगों के साथ मिलकर मामूली बात को लेकर उनके घर में घुसकर उनके दो पुत्रों, पति, नाती और बहुओं पर लाठी डण्डों से जानलेवा हमला कर 10 साल के बच्चे सहित उनके परिवार के आठ लोगों को गम्भीर रुप से जख्मी कर दिया। उन्होंने बताया कि उनके पति देवनरायन, बेटे संदीप, भगवानदीन की हालत गम्भीर देखते हुए चिकित्सक ने सीएचसी शिवगढ़ से तीनों को जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया था। जिन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया गया था। जिला अस्पताल में बेटे संदीप कुमार, भगवानदीन का इलाज शुरू होता उससे पूर्व ही शिवगढ़ थानेदार श्याम कुमार पाल ने परिजनो को फोन करके कहा कि कागजों में कुछ कमी है हस्ताक्षर बाकी है यहां आकर हस्ताक्षर करके वापस चले जाना। थाने पहुंचने पर पुलिस ने संदीप और भगवानदीन को गिरफ्तार कर घायल अवस्था में जेल भेज दिया। राष्ट्रीय कल्याण मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनोद रावत ने शिवगढ़ थाना प्रभारी श्याम कुमार पाल, विवेचक उपनिरीक्षक संजय शर्मा पर विपक्ष से साठ-गांठ कर पक्षपात करने सहित गम्भीर आरोप लगाए हैं। जिनका आरोप है कि सीएचसी शिवगढ़ से जिला अस्पताल इलाज के लिए रेफर घायलों का पुलिस इलाज होने देने के बजाय उन्हे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। उन्होंने मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांचकर विवेचना दूसरे को सौंपी जाए। पुलिस अधीक्षक डा. यशवीर सिंह के आश्वासन पर लोगों का गुस्सा शान्त हुआ। इस मौके पर पीड़ित पक्ष के साथ करीब तीन दर्जन से अधिक लोग मौजूद रहे।



पुलिस अधीक्षक कार्यालय के गेट पर प्रदर्शन करते शिवगढ़ के लोग।

## सुरक्षा न मिलने पर भड़के पूर्व विधायक

**संवाददाता,रायबरेली**

**अमृत विचार:** पुलिस अधीक्षक के अभद्र व्यवहार पर सरेनी विधानसभा के पूर्व विधायक सुरेंद्र बहादुर सिंह भड़क गए। इसके बाद पुलिस अधीक्षक कार्यालय में ही हंगामा करना शुरू कर दिया। लगातार धमकी मिलने के बाद पूर्व विधायक एसपी के पास सुरक्षाकर्मी की मांग करने गए थे।

एसपी ने पूर्व विधायक से अपने आवास पर मुलाकात की और उन्हें जल्द सुरक्षाकर्मी दिलाने का आश्वासन दिया है। अपर पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार सिन्हा ने बताया कि पूर्व विधायक और एसपी के बीच बातचीत हो गई है। मामला शांत हो गया है।



पुलिस अधीक्षक कार्यालय में हंगामा करते पूर्व विधायक सुरेंद्र बहादुर सिंह।

## भाजपा नेता ने डीएम से की डॉक्टर पर कार्रवाई की मांग



शहीद चौक पर प्रदर्शन करते भाजपा जिला कार्य समिति के सदस्य संतोष पांडेय व कार्यकर्ता।

**रायबरेली, अमृत विचार।** भाजपा जिला कार्यसमिति सदस्य ने दर्जन भर लोगों के साथ शहीद चौक पर धरना प्रदर्शन कर अपनी आवाज बुलंद की। प्रदर्शन में एक सरकारी डॉक्टर पर उनकी कार्यशैली व उनके सहयोगी के आपरेशन से हुई एक मौत का आरोप लगाया गया है। उन्होंने डीएम को एक बार फिर शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। भाजपा जिला कार्य समिति के सदस्य संतोष कुमार पांडेय ने डीएम को दिए गए शिकायती पत्र में आरोप लगाते हुए कहा है कि सरकारी अस्पताल के एक डॉक्टर द्वारा हाथी पार्क स्थित निजी नर्सिंग होम संचालित की जा रही है। उनका यह भी आरोप है कि सरकारी डॉक्टर के संरक्षण में पल रहे एक सहयोगी द्वारा कई अस्पतालों में घूम-घूम कर कई आपरेशन किए जा चुके हैं। आम जनमानस के साथ किये जा रहे खिलवाड़ को लेकर उन्होंने डीएम से मय साक्ष्य प्रस्तुत कर संबंधितों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है।

## राजस्व विभाग ने कटवाई धान की फसल

**संवाददाता, शिवगढ़, रायबरेली**

**अमृत विचार:** थाना क्षेत्र के बदावर में राजस्व विभाग की टीम ने बंजर जमीन पर खड़ी लहलहाती धान की फसल को कटवा दिया है। इसके अलावां दो छप्परों को गिरवाकर भूमि को कब्जा मुक्त करा दिया है। किन्तु शेष जमीन पर अभी भी अवैध कब्जा बताया जा रहा है। ग्रामीणों ने शेष भूमि को भी कब्जा मुक्त कराने की मांग की है।

हल्का लेखपाल शिव प्रकाश मौर्य ने बताया कि बदावर ग्राम पंचायत में जो राजस्व अभिलेखों में बंजर भूमि दर्ज है, जिस पर लोगों द्वारा किए गए अवैध कब्जे को लेकर भूमि को कब्जा मुक्त कराने के लिए ग्राम प्रधान शिवप्रकाश द्विवेदी ने महराजगंज उपजिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र दिया था। तहसीलदार ध्रुव नारायण यादव के आदेश पर कानूनगो शिव प्रकाश तिवारी, अमित कुमार, धर्मेंद्र के साथ ही उन्हें मिलाकर चार सदस्य टीम बनाई गई थी। लेखपाल ने बताया कि शिवगढ़ पुलिस की मौजूदगी में करीब 2 बिस्वा जमीन में खड़ी धान की फसल को मजदूरों से कटवा दिया गया है। वहीं दो छप्पर हटवाकर जमीन को कब्जा मुक्त करा दिया गया है। वहीं ग्रामीणों का आरोप है कि राजस्व विभाग ने पक्षपात की भावना से कार्य किया है पूरी जमीन अभी भी कब्जा मुक्त नहीं हुई है, सीमांकन कर शेष भूमि को भी कब्जा मुक्त कराया जाए। ग्रामीणों का कहना है कि अगर पूरी भूमि को कब्जा मुक्त नहीं कराया गया तो जिलाधिकारी तथा मुख्यमंत्री से शिकायत करने को बाध्य होंगे।



राजस्व विभाग द्वारा कटवाई जाती धान की फसल। अमृत विचार

### पूर्व विद्यायक ने बनाये 10 हजार सदस्य

**लालगंज, रायबरेली, अमृत विचार।** संगठन को मजबूत करने के दृष्टिकोण से भाजपा नए सदस्य बना रही है। भाजपा जिलाध्यक्ष बुद्धी लाल पासी और जिला सदस्यता प्रमुख देवेंद्र सिंह के नेतृत्व में कार्यकर्ता सदस्य बनाने का कार्य लगातार कर रहे हैं। सरेनी विधानसभा में वरिष्ठ नेताओं सहित पदाधिकारी भी जोर-जोर से सदस्य बनने में लगे हुए हैं। क्षेत्र में पूर्व विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह ने 10 हजार से अधिक सदस्य बनाकर एक कीर्तिमान स्थापित किया है। इस मौके पर सुशील शुक्ला, रविंद्र सिंह, मनोज अवस्थी, अनूप पांडे, शिव प्रकाश पांडेय, चंद्र प्रकाश पांडेय, अचिन अवस्थी, चंद्र प्रकाश, राजेश निर्मल, आशुतोष, अखिलेश, अवधेश सविता आदि वरिष्ठ कार्यकर्ता शामिल है।

## सार-संक्षेप

### न्याय न मिलने पर न्यायालय में लगाई अर्जी

**लालगंज, रायबरेली, अमृत विचार।** लालगंज नगर के आचार्य नगर निवासी नीरज पांडेय ने पुलिस पर गंभीर आरोप लगाया है। नीरज पांडेय ने बताया कि गुरबक्शगंज पुलिस ने फर्जी तरीके से अपहरण एवं रंगदारी के एक मुकदमे में उनको कूट रचित रचना के द्वारा उन्हें शामिल कर दिया है। जबकि उस मामले से उनका कोई लेना-देना नहीं है। वादी मुकदमा नंदकिशोर कश्यप ने भी बताया कि 5-6 दिन पहले गुरबक्शगंज पुलिस ने अपहरण रंगदारी के मामले का खुलासा किया था। उक्त मामले में उसे थाने बुलाया गया था और उससे एक सादे कागज पर पुलिस ने हस्ताक्षर करा लिया था। उसने बताया कि उसे अब पता चला है कि पुलिस ने उसकी तहरीर में लालगंज के नीरज पांडेय को भी आरोपी बना दिया है जो कि गलत है। थाने से न्याय न मिलने पर नंदकिशोर ने न्यायालय की शरण ली है।

### कांग्रेस नेता ने लगाया गन्ना समिति के चुनाव में धांधली का आरोप

**ऊंचाहार, रायबरेली, अमृत विचार।** कांग्रेस प्रदेश सचिव अतुल सिंह ने गन्ना समिति में हो रहे ग्राम समिति के चुनाव में धांधली के संबंध में जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने कहा कि गन्ना समिति रायबरेली ग्राम प्रतिनिधि का चुनाव हो रहा है जिसमें बिंदु संख्या-45 के भाग संख्या-18 का पालन नहीं किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इसमें आपात लोग डेलीगेट बन रहे हैं, जिससे लोकतंत्र की धज्जियां उड़ रही है। जबकि नियम अनुसार जिस गांव में 10 सदस्य हैं। वहीं पर ग्राम प्रतिनिधि होना चाहिए तथा जिनकी आपूर्ति तीन वर्ष से नहीं है वह स्वत: समिति के सदस्य नहीं है। बाइलाज के अनुसार जो समिति का सदस्य नहीं है, किसी भी पद के लिए चुनाव नहीं लड़ सकता है। उन्होंने सहकारी निर्वाचन मार्गदर्शिका के आहता बिंदु संख्या-47(1)(ई) को संज्ञान में लेते हुए आपात लोगों के फॉर्म निरस्त करने का एवं नियमानुसार चुनाव कराने का अनुरोध किया।

### पीड़ित ने पुलिस से की चोरी की शिकायत

**लालगंज, रायबरेली,अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के जिनेवा कटरा गांव में सुनील कुमार बाजपेई पुत्र शिव कुमार बाजपेई के घर चोरों ने धावा बोलकर लाखों का माल पार कर दिया। सुनील के बड़े भाई सुशील वाजपेई ने चोरी की वारदात की शिकायत लालगंज पुलिस से की है। उन्होंने बताया कि चोरों ने तीन सोने की अंगूठी, एक सोने का हार, तीन जोड़ी पायल, एक मांग बेदी सहित 15 हजार रुपए की नगदी पर हाथ साफ कर दिया। चोरों ने घर में छत के रास्ते से आकर अलमारी का लाकर तोड़कर माल चोरी किया है। मामले की सूचना मिलने पर पुलिस ने घटना की तहकीकात की है और चोरों का पता लगाने का पीड़ित परिवार को आश्वासन दिया है।

### रालोद का राष्ट्रीय लोकतंत्र कार्यकर्ता सम्मेलन पांच को



राष्ट्रीय लोकदल की बैठक को संबोधित करते प्रदेश महासचिव जितेंद्र सिंह।

**लालगंज, रायबरेली, अमृत विचार।** राष्ट्रीय लोक दल के प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य और वरिष्ठ नेता रामचंद्र मिश्र ने बताया कि पांच अक्टूबर को आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन को लेकर समीक्षा बैठक की गई। उन्होंने बताया कि कार्यकर्ता सम्मेलन में प्रदेश अध्यक्ष पूर्व एमएलसी रामाशीष राय बतौर मुख्य अतिथि कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगे। बैठक की समीक्षा करते हुए प्रदेश महासचिव जितेंद्र सिंह ने आयोजित सम्मेलन को सफल बनाने के लिए सभी कार्यकर्ताओं से मजबूती से जिम्मेदारियो का निर्वहन करने की अपील की। उन्होंने कहा कि रालोद के केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी सिंह ने रालोद को फर्श से अर्श तक पहुंचाने में अहम योगदान दिया है। गरीबों एवं समाज की हर वर्ग की चिंता रखने वाली राष्ट्रीय लोकदल का नेतृत्व जयंत चौधरी कर रहे हैं। इस मौके पर जिलाध्यक्ष समरजीत सिंह, जिला सचिव उपेंद्र सिंह, अली कदीर, शिव महेश बाजपेई, गुरु प्रसाद चौरसिया, इंद्र कुमार त्रिवेदी, विपिन बाजपेई, मोहम्मद अफसर, ओपी यादव आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### पक्का मकान गिरा, मलबे में दबकर भैंस की मौत

**शिवगढ़, रायबरेली,अमृत विचार।** सोमवार को दामोदर खेड़ा में उस समय अफरा तफरी मच गई जब केशव प्रसाद के पुराने पक्का मकान का एक हिस्सा छत-दीवार सहित भरवारा कर मलवे में तब्दील हो गया। जिसके नीचे बंधी दो भैसों में से एक भैंस की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं मलबे में दबी दूसरी भैंस को बाहर निकाला गया। पशु चिकित्साधिकारी डॉ. इंद्रजीत वर्मा ने बताया कि जहां घटना हुई है वहां टीम भेज दी गई है। घायल भैंस का इलाज चल रहा है रिपोर्ट शासन स्तर को भेज दी जाएगी।

# छावनी में फंदे से लटका मिला सूबेदार का शव

## रेजीमेंटल केंद्र के कमांडेंट बिग्रेडियर के पीए पद पर थे तैनात

अयोध्या कार्यालय


एम्बुलेंस से पोस्टमार्टम के लिए ले जाया गया शव। अमृत विचार

**अमृत विचार।** डोगरा रेजीमेंटल सेंटर में तैनात एक सूबेदार का शव कमांडेंट कार्यालय परिसर स्थित एक कमरे में फंदे से लटका मिला है। वह रेजीमेंटल केंद्र के कमांडेंट बिग्रेडियर के वैयक्तिक सहायक के पद पर तैनात था। डोगरा केंद्र की सूचना पर कैंट थाना पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है।

मूल रूप से केरल प्रान्त के कोझीकोड जिले के तहसील कोइलाण्डी के गांव अताउ पोस्ट मुक्कालूर निवासी विनीश एम (48) पुत्र माधवाकुरूप यहां डोगरा रेजीमेंटल केंद्र में सूबेदार के पद पर तैनात था और डोगरा रेजीमेंट केंद्र के कमांडेंट बिग्रेडियर कुंवर रंजीव सिंह के वैयक्तिक सहायक का कार्य देख रहा था। परिवार वालों के मुताबिक वह सुबह अपनी ड्यूटी पर गया था और लगभग आठ बजे सूचना मिली कि वह छावनी क्षेत्र स्थित कमांडेंट कार्यालय परिसर में भूतल पर शौचालय के बगल स्थित एक गोदाम वाले कमरे में फंदे से लटका हुआ है। मामले की जानकारी पर फ़ौज के जवानों ने उसको छावनी क्षेत्र स्थित सैन्य अस्पातल पहुंचाया तो ड्यूटी पर मौजूद चिकित्सक ने उसको मृत घोषित कर दिया। मृतक अपने पीछे पत्नी और इकलौता पुत्र छोड़ गया है। बेटा छावनी क्षेत्र स्थित आर्मी पब्लिक स्कूल में कक्षा 11वीं का छात्र है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सूबेदार विनीश एम सुबह लगभग सात बजे अपने कार्यालय के वाशरूम के बगल स्थित गोदाम वाले कमरे में पहुँच कमरे में पंखे के सहारे अपने गले में कपड़े का फंदा डाल झूल गये। सफाईकर्मी मौके पर पहुंचा और दरवाजे के भीतर देखा तो मामले की जानकारी हुई। इधर बीच वह मानसिक अवसाद में चल रहे थे, हालांकि उन्हें कोई पारिवारिक दिक्कत नहीं थी। डोगरा केंद्र की ओर से मामले की जानकारी के बाद कैंट पुलिस मौके पर पहुंची और जाँच-पड़ताल की। पंचनामा भरवा शव को सेना की एंबुलेंस से आधुनिक पोस्टमार्टम हाउस भेजवाया। जहां शव का पोस्टमार्टम हुआ है। कैंट थाने के प्रभारी निरीक्षक अमरेंद्रबहादुर सिंह का कहना है कि छावनी क्षेत्र में एक सूबेदार का शव फंदे से लटका मिला है। प्रथम दृष्ट्या मानसिक अवसाद के चलते घटना कारित होने की बात सामने आई है। मामले की तहक़ीकत की जा रही है।

## जानलेवा हमले में चार भाइयों को 10-10 साल की सजा

**अयोध्या, अमृत विचार :** जानलेवा हमले के मामले में कोर्ट ने दोषी पाते हुए चार सगे भाइयों को 10-10 साल के कठोर कारावास की सजा से दंडित किया है। सब पर 64 हजार जुर्माना भी हुआ है। फैसला अपर जिला जज प्रेम प्रकाश की अदालत से सोमवार को हुआ। एडीजीसी प्रवीण कुमार सिंह ने बताया कि घटना 2 फरवरी 2012 की है। कर्मडाडा पूरे बसौली गांव के रहने वाले सरजू प्रसाद तिवारी दिन में 10 बजे अपनी दुकान पर बैठे थे। उनके गांव के तिलकराम, राजेंद्र, सदानंद व राजेश चारों सगे भाई दुकान पर आए और खाद फेंकने के विवाद को लेकर उसे लाठी डंडा से मरने लगे। उसको बचाने के लिए भागवतदीन, अनिल, संदीप आए तो उन लोगों को भी मारा पीटा। गंभीर अवस्था में इंद्रेश को इलाज के लिए जिला चिकित्सालय लाया गया। यहां कुछ दिन इलाज के बाद वह ठीक हुए। इसकी रिपोर्ट चारों लोगों के खिलाफ अपराधिक मानव वध के प्रयास की धारा में लिखाई गई थी। सुनवाई के बाद कोर्ट ने सजा दी।

# बारिश में दीवार गिरने से घायल किशोर की मौत

मिल्कीपुर, अयोध्या।

**▸▸ रविवार को दीवार गिरने से हुआ था घायल, चल रहा था इलाज**

**अमृत विचार :** इनायत नगर थाना क्षेत्र के हिसामुद्दीन पुर में तेज बारिश के कारण रविवार को कच्चे मकान की दीवार गिरने से घायल किशोर की इलाज के दौरान सोमवार को मौत हो गई।

थाना इनायत नगर क्षेत्र के हिसामुद्दीनपुर पूरे निधान तिवारी गांव निवासी रामसरन कोरी का बेटा सचिन कुमार (14) गली से निकल रहा था। तभी पड़ोसी राम केवल की मिट्टी की दीवार उस पर गिर गई। चीखने-चिल्लाने की आवाज सुनने पर परिजन और ग्रामीण पहुंचकर किसी तरीके से मिट्टी के मलबे में दबे सचिन को निकालकर इलाज करने के लिए जिला अस्पताल ले गए। जहां पर इलाज के दौरान सचिन ने दम तोड़ दिया। परिजनों ने बताया कि सचिन कुमार डॉक्टर बद्री प्रसाद सर्वोदय इंटर कॉलेज रामगंज में कक्षा नौ का छात्र था। मां बाप का एकलौता बेटा था। मिल्कीपुर के पूर्व ब्लाक प्रमुख विनय कुमार ने पीड़ित परिवार को सांत्वना देते हुए मदद दिलाने का भरोसा दिया। तहसीलदार प्रदीप कुमार ने बताया कि दैवीय आपदा कोष से 4 लाख रुपए मृतक छात्र के परिजनों को दिलाया जाएगा।


सचिन कुमार (फाइल फोटो)

# रामलला की मूर्ति बनाने वाले सत्य नारायण ही बनाएंगे राम दरबार

अयोध्या कार्यालय

**▸▸ सत्यनारायण को मिला परकोटा के मंदिरों की मूर्तियों के निर्माण का जिम्मा**

**अमृत विचार :** मूर्तिकार सत्य नारायण पांडेय की बनाई गई रामलला की मूर्ति भले ही गर्भगृह में विराजमान न हो पाई हो, लेकिन अब उनके द्वारा बनाया गया राम दरबार प्रथम तल पर स्थापित होगा। मूर्ति को बनाने के लिए राजस्थान के मूर्तिकार सत्य नारायण पांडेय को जिम्मेदारी दी गई है। इसके साथ ही वह परकोटा में बन रहे छह मंदिरों के लिए भी संगमरमर के पत्थरों पर मूर्ति तैयार कर रहे है। दिसंबर तक हर हाल में इन्हें तैयार कर लिया जाएगा।

राम मंदिर के प्रथम तल पर राम दरबार स्थापित किए जाने के लिए मूतियों के निर्माण का काम शुरू हो गया है। राम दरबार में स्थापित होने वाली राम मूर्तियों में राम व सीता की मूर्तियां एक साथ बनेंगी, जबकि लक्ष्मण, भरत, शत्रुघ्न व हनुमान की मूर्ति अलग-अलग बनेंगी। बाद में सभी मूर्तियों को एक साथ जोड़ा जाएगा। ये सभी मूर्तियां दिसंबर के अंत तक बनकर तैयार हो जाएंगी। परकोटा के मंदिरों का भी निर्माण दिसंबर तक पूरा हो जाएगा। श्री सीताराम की मूर्ति 4.5 फीट की होगी। बाकी की ऊंचाई अनुपात के अनुसार होगी। 7.5 फीट ऊंचे दो द्वारपाल भी राम दरबार के बाहर विराजमान रहेंगे। मकराना के संगमरमर पर उनकी अद्भुत कारीगरी की क्षमता को पहचानते हुए राम मंदिर ट्रस्ट ने सत्य नारायण पांडेय को एक बार फिर मूर्ति निर्माण की जिम्मेदारी दी है।

मूर्तिकार सत्य नारायण पांडेय के मुताबिक छह अक्टूबर को ट्रस्ट से मुलाकात करने के लिए अयोध्या पहुंचेंगे। इस दौरान मूर्ति निर्माण संबंधित कुछ विषयों पर निर्णय भी लिए जाएंगे। बताते चलें कि इन्होंने भी रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के संगमरमर की मूर्ति बनाई थी।

# गैर इरादतन हत्या के मामले में तीन आरोपी दोषी करार

अयोध्या कार्यालय

**सजा पर आज होगी सुनवाई**

**अमृत विचार :** गैर इरादतन हत्या के एक मामले में कोर्ट ने तीन लोगों को दोषी पाते हुए न्यायिक अभिरक्षा में लेकर जेल भेज दिया। सजा के प्रश्न पर सुनवाई एक अक्टूबर को होगी। फैसला फास्ट ट्रैक कोर्ट द्वितीय रवि कुमार गुप्ता की अदालत से सोमवार को हुआ।

फौजदारी के वरिष्ठ अधिवक्ता सईद खान एडीजीसी कौशल कुमार चतुर्वेदी, श्रीधर मिश्रा ने बताया कि घटना 14 नवंबर 2021 समय 7:30 बजे शाम की है। मवई थाना क्षेत्र के सैदपुर मजरे खरिका का रहने वाला भोलानाथ खेत की सिंचाई कर रहा था। लाठी डंडा से लैस होकर उसके गांव के अमर बहादुर, विशाल, कैलाश और अंकित वहां पहुंचे और रास्ते में बिछी पाइप को हटाने के लिए कहने लगे। पाइप न हटने से नाराज होकर सभी ने भोलानाथ के पिता गया बख्श को लाठी डंडों से पीटा। भोलानाथ बचाने गया तो उसे भी पीटा। शोर पर काफी लोग इकट्ठा हो गए। तब सब गाली देते हुए भाग गए। परिजन गया बक्स को जिला चिकित्सालय ले गए, वहां से उनकी हालत को गंभीर देखते हुए डॉक्टरों ने मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। जहां पहुंचने पर डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इसकी रिपोर्ट सभी चार लोगों के खिलाफ गैर इरादतन हत्या की धारा में लिखाई गई थी। कैलाश की मौत हो गई। इसलिए उसके खिलाफ मुकदमा समाप्त कर दिया गया। अन्य को सुनवाई के बाद कोर्ट ने दोषी पाया।

# बदल नहीं पा रहे हैं तो भाजपाई कर रहे हैं संविधान खोखला : पीएल पुनिया


मिल्कीपुर में आयोजित कांग्रेस की बैठक में मौजूद पीएल पुनिया व मौजूद अन्य पदाधिकारी।

**मिल्कीपुर, अयोध्या,अमृत विचार :** मिल्कीपुर में होने वाले विधानसभा उपचुनाव को लेकर कांग्रेस पार्टी ने कार्यकर्ताओं की बैठक सोमवार को एक विद्यालय में की। जिसमें पार्टी के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए बूथ एवं मंडल सेक्टर तथा नवीन पदाधिकारियों के साथ विचार विमर्श किया गया। मुख्य अतिथि पीएल पुनिया ने कहा कि भाजपा के लोग अब संविधान नहीं बदल पा रहे हैं, तो अब अंदर से उसे खोखला कर रहे है। जिससे एकक्षत्र राज पार्टी का बन जाए। कहा कि राहुल गांधी की ही मुहिम का परिणाम है कि भाजपा पूर्ण बहुमत की सरकार नहीं बना सकी। थोड़ी सी कसर रह गई थी नहीं तो मोदी आज प्रधानमंत्री नहीं होते। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी के साथ आज देश की करोड़ों जनता संविधान की रक्षा की मुहिम में उनके साथ चल रही है। उन्होंने कहा कि प्रत्याशी पर निर्णय पार्टी करेगी। कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव सत्यनारायण पटेल ने कहा कि अभी तक मिल्कीपुर विधानसभा उप चुनाव के लिए चार उम्मीदवारों का आवेदन प्राप्त हुआ है।

# गांधी जयंती पर सभी राजकीय भवनों पर फहराया जाये तिरंगा

संवाददाता, अमेठी

**▸▸ गांधी जयंती समारोह को लेकर जिलाधिकारी ने की बैठक**

**अमृत विचार:** जिलाधिकारी निशा अनंत की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभागार में 02 अक्टूबर को गांधी जयन्ती समारोह को सम्मानपूर्वक आयोजित किये जाने के सम्बन्ध में बैठक आयोजित हुई।

बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि सभी राजकीय भवनों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाये, कार्यालयों, विद्यालयों में महात्मा गांधी के चित्र का अनावरण व माल्यार्पण किया जाये। गांधी जी के जीवन-संघर्ष उनकी देश-सेवा, उनके जीवन-मूल्यों पर प्रकाश डाला जाये। स्कूलों और कॉलेजों में गांधीवादी जीवन-दृष्टि का प्रचार तथा गांधी जी के जीवन के विभिन्न पहलुओं पर विद्यार्थियों की वाद-विवाद प्रतियोगिता एवं गोष्ठी आयोजित की जाये। जिलाधिकारी ने कहा कि गांधी जयंती से पूर्व सभी सार्वजनिक स्थलों, कार्यालयों आदि में अभियान चलाकर साफ-सफाई कराई जाये। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता, सीएमओ डॉ. अंशुमान सिंह, डीडीओ वीरभानु सिंह, समस्त उपजिलाधिकारी मौजूद रहे।

# अफवाह फैलाने वालों पर रहेगी कड़ी नजर: डीएम

संवाददाता, अमेठी


त्योहारों को लेकर बैठक करती जिला अधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचार:** आगामी त्यौहारों नवरात्रि, दुर्गा पूजा, दशहरा, दीपावली व अन्य त्योहारों को लेकर जिलाधिकारी ने आने वाली समस्याओं के बारे में जानकारी ली। उनके निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में मूर्ति विसर्जन को लेकर घाटों पर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने को कहा जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि पूजा पंडालों व मंच की स्थापना की अनुमति प्रदान करने से पूर्व आयोजकों द्वारा यह सुनिश्चित करा लें की पूजा पंडाल व मंच की स्थापना से सार्वजनिक आवागमन प्रभावित ना हो, कहीं पर भी मूर्तियों की स्थापना, पंडाल आदि सार्वजनिक स्थानों तथा सड़क पर न लगाया जाए।

मूर्तियों के विसर्जन में यथासंभव छोटे वाहनों का प्रयोग किया जाए मूर्ति विसर्जन कार्यक्रम में न्यूनतम व्यक्ति ही शामिल हो, विसर्जन के रूट प्लान, विसर्जन स्थलों का चिन्हांकन, अधिकतम व्यक्तियों की संख्या का निर्धारण जैसे बिंदुओं की पूर्व में ही योजना बना ली जाए। असामाजिक तत्व एवं अफवाह फैलाने वालों पर विशेष ध्यान दिया जाए। सोशल मीडिया की नियमित मॉनिटरिंग की जाए। कोई भी आपत्तिजनक पोस्ट संज्ञान में आते ही तत्काल ब्लॉक करते हुए प्रभावी कार्यवाही की जाएगी। इसके साथ ही धारा 163 का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। सार्वजनिक स्थानों पर किसी भी दशा में शस्त्रों का प्रदर्शन ना हो एवं अवैध शस्त्रों को लेकर चलने वालों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्यवाही की जाए। सभी उपजिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि कहीं पर भी अवैध रूप से पटाखों का निर्माण ना हो। किसी को भी पटाखा बनाने के लिए लाइसेंस नहीं दिया गया है। इसका कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करें। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता, अपर पुलिस अधीक्षक हरेंद्र कुमार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अंशुमान सिंह, समस्त उपजिलाधिकारी/पुलिस क्षेत्राधिकारी/थानाध्यक्ष आदि मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### हिंदू जन जागरण यात्रा का किया गया स्वागत

**संवाददाता, मुसाफिरखाना, अमेठी, अमृत विचार :** मंदिरों की पवित्रता सुनिश्चित करने, हिंदू तीर्थ संरक्षण बोर्ड बनाए जाने के लिए डॉ. पवन तिवारी के नेतृत्व में जगदीशपुर से निकली हिंदू जन जागरण यात्रा का मुसाफिरखाना में गौरीगंज तिराहा पर पुष्पवर्षा कर भव्य स्वागत किया गया। तत्पश्चात यात्रा नगर भ्रमण करते हुए मुंशीगंज तिराहा पहुंची। वहां से वापस श्रीरामजानकी मंदिर में श्री हनुमान चालीसा पाठ के समापन हुआ। उक्त अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष महेंद्र मिश्र, जिला मंत्री अतुल सिंह, नगर पंचायत अध्यक्ष बृजेश गुप्ता, बजरंग दल जिला अध्यक्ष राजकुमार श्रीवास्तव, प्रेम तिवारी, राहुल कौशल, अभिषेक तिवारी, रामगोपाल कौशल, बलराम अग्रहरि, सभासद विवेक दुबे, काली बख्श सिंह, घनश्याम पाण्डेय, अखिलेश पांडेय, जीत बहादुर सिंह, गिरेन्द्र सिंह, शिव नारायण शुक्ल, श्री राम कौशल, शिवम मौर्या, श्याम लाल यादव, मनीष श्रीवास्तव, बबलू बरनवाल, सत्यम टंडन सहित सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित रहे।

### दबंगों ने दो लोगों को पीटकर किया लहूलुहान, एक की मौत

**संवाददाता, जामों, अमेठी, अमृत विचार :** जामो थाना क्षेत्र अंतर्गत मंगल का पुरवा मजरे रेसी गांव की घटना अमेठी में दबंगों का कहर लगातार जारी कुछ दिन पूर्व दबंगों ने दो लोगों को पीट-पीटकर लहूलुहान कर दिया था। सोमवार को उसी जमीनी विवाद में दबंगों ने खेत में घेरकर उसी परिवार के लगभग 50 वर्षीय अधेड़ को पीट पीटकर मरणासन्न कर दिया। अधेड़ का हाथ और पैर टूटने के साथ सिर पर गंभीर चोटे आईं। परिजन तत्काल गंभीर हालत में लेकर अधेड़ को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जामो पहुंचे। जहां पर डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार करने के बाद अधेड़ की गंभीर हालत को देखते हुए तत्काल जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल में डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस जांच में जुट गई। आधा दर्जन से अधिक दबंग पर हमले के आरोप में पुलिस ने चार आरोपियों को हिरासत में ले लिया है। अन्य की तलाश जारी है।

### कालिकन धाम में लगेगी हाई मास्क लाइट

**संवाददाता, संग्रामपुर, अमेठी, अमृत विचार :** सोमवार को अमेठी नायब तहसीलदार नम्रता मिश्रा ने कालिकन धाम की उत्तर दिशा में सब्जी मंडी के पास हाई मास्क लाइट लगाने के लिए जगह को चिन्हित किया। उन्होंने बताया पूरे जिले में 10 धार्मिक स्थलों पर हाई मास्क लाइट लगेगी। जिसमें विकासखंड संग्रामपुर के कालिकन धाम का भी नाम है। इसके बाद भेंटुआ विकासखंड के अमेय माफी चौराहा हारीपुर बाजार में लगना है। इसी प्रकार 10 धार्मिक स्थलों पर यह हाई मास्क लाइट लगाई जा रही है। कालिकन धाम में जगह चिन्हित करने के लिए उन्होंने संग्रामपुर में तैनात एडीओ पंचायत राकेश द्विवेदी का सहयोग लिया। राकेश द्विवेदी ने व भौसिंहपुर निवासी राकेश सिंह के सहयोग से यह हाई मास्क लाइट कालिकन मंदिर के उत्तरी दिशा में सब्जी मंडी के पास लगाने के लिए चिन्हित किया गया। इस अवसर पर कई लोग मौजूद रहे।

### सड़क किनारे टूटी सप्लाई चैंबर, कई लोग चोटिल

**संवाददाता, संग्रामपुर, अमेठी, अमृत विचार :** नमामि गंगे योजना के तहत बनाए गए सप्लाई चैंबर भारी भ्रष्टाचार दिख रहा है। संग्रामपुर क्षेत्र में हज़ारों चेंबर बनाए गए है जो बहुत ही कमजोर और गुणवत्ता विहीन बनाए गए। चेंबर की छत पर हल्का-फुल्का भार पड़ने पर टूट जाता है और एक गड्ढा बन जाता है। यह गड्ढा बहुत ही खतरनाक हो जाता है। कालिकन धाम के उत्तर दिशा में एक गड्ढा हो गया है जिसमें कई लोग चोटिल हो चुके हैं। चेंबर इतना घटिया सामग्री से बनाया गया था की अभी 6 माह भी नही बीता उसकी छत टूटकर टुकड़ा-टुकड़ा हो गया। इसी प्रकार सैकड़ो चैंबर टूटे पड़े हैं या जर्जर अवस्था में पहुंच गए।


टूटा पड़ा सप्लाई चैंबर।

### चोरों ने फिर बनाया दो घरों को निशाना

**संवाददाता, कमरोली, अमेठी, अमृत विचार :** जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में चोरों का आतंक देखने को मिल रहा है। वहीं ताजा मामला इंडोरामा आवासीय कॉलोनी में दो घरों को चोरों ने अपना निशाना बनाया है। सोमवार को फिर से दूसरी बार इंडोरामा आवासीय कॉलोनी में दो घरों में चोरी का मामला सामने आया है। चोरों ने घर में सेंधमारी कर ताला तोड़कर लाखों की चोरी की। यह मामला कमरौली के इंडोरामा आवासीय कॉलोनी का है। चोरी की सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंच कर पुलिस ने निरीक्षण किया और थाना कमरौली पुलिस एवं फील्ड यूनिट मौके पर मौजूद है। सभी तथ्यों की गहनता से जांच की जा रही है। जांचोपरान्त नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही अमल की जाएगी। इस संबंध में थाना अध्यक्ष से बात की गई उन्होंने बताया जांच की जा रही जल्द ही चोरी का खुलासा होगा।

# बारिश से सैकड़ों बीघा फसल बर्बाद

संवाददाता, भादर, अमेठी


नहर कटने से सैकड़ों बीघा खेतों में पहुंचा पानी। अमृत विचार

**अमृत विचार :** भारी बारिश से धान की सैकड़ों बीघा फसल को बर्बाद हो गई है। तो वहीं दूसरी तरफ नहर के किनारे बसे ग्रामीणों की फसल को सिंचाई विभाग द्वारा भी नष्ट करने का काम किया जा रहा है।

भादर ब्लॉक के अंतर्गत आने वाली कई ग्राम पंचायतों से शारदा सहायक खंड 49 नहर निकलती है। अलहदादपुर जो की सुल्तानपुर जिले में स्थित है। जहां से लहना स्केप में पानी खोल देने से सैकड़ों बीघा धान की फसल जलमग्न हो गई। एक तरफ बरसात तो दूसरी तरफ नहर विभाग की लापरवाही किसानों की उम्मीद पर पानी फेरने का काम कर रहे हैं। ब्लॉक भादर की ग्राम पंचायत लहना कई छोटे छोटे पुरवा में बटी हुईं हैं। लहना गांव के देवी प्रसाद पाल ने बताया की लगातार बारिश ने धान की फसल को बर्बाद करने का काम तो कर ही रही थी। ऊपर से नहर विभाग की लापरवाही से बची हुई फसल भी जलमग्न हो गई है जिससे धान की खेती नष्ट होने के आसार बन चुके हैं। वहीं लहना गांव के ज्ञान शंकर पाल ने पानी की वजह से नष्ट हो चुकी खेती के लिए कहां की सरकार द्वारा किसानों को बरबाद हुई धान की फसल के लिए मुआवजा देना चाहिए।

# कच्चे मकानों में रहने को मजबूर लोग

संवाददाता, भेटुआ, अमेठी


कच्चे मकान के बाहर खड़ा युवक। अमृत विचार

**अमृत विचार :** जनपद में लगातार हुई बारिश से आम जन मानस का हालत अस्त व्यस्त हो गया है। ग्राम पूरे निद्धि, भारेथा पोस्ट देवरहा गांव की आबादी लगभग 1000 की है, लेकिन वहां पर हुई बारिश से आम लोगों की जिंदगी दयनीय हो गई है। वहां के लोगों के लिए कोई सड़क नही है, पानी निकासी की कोई व्यवस्था नहीं है।

बारिश के मौसम में कच्चे मकानों में रहने को मजबूर है। ऐसे ही कुछ लोग अमृत लाल पुत्र ब्रम्हा दीन, गंगा पुत्र राम खेलावन, कपिल यादव पुत्र गुड्डू, नन्हे लाल कोरी पुत्र हौसला, राजाराम कोरी पुत्र दुर्गा दिन, नक्छेद, जनत्री, श्रीपाल, माताफेर, उदय राज आदि कच्चे मकान में रहने को मजबूर है। ये लोग कई बार प्रधान से कालोनी की मांग कर चुके है, लेकिन अभी तक उनको प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ नही मिला जबकि ये लोग उस पात्रता की श्रेणी में आते हैं। उसके बाद भी इन सब लोगों को अभी तक आवास नही मिला सका। वहीं अमृत लाल ने प्रधान से अपनी माता के आवास के लिए कहा गया तो प्रधान द्वारा यह कह कर मना कर दिया गया की 60 वर्ष के लोगों को आवास नही मिलता है। लगातार तीन दिन तक हुई बारिश के बाद इस समय अमेठी की हालत यह है कि लगातार जनपद अमेठी के जिला चिकित्सालय गौरीगंज में वायरल फीवर, डेंगू के मरीजों मरीज इलाज के लिए अस्पतालों में पहुंच रहे हैं जिनका समुचित इलाज किया जा रहा है।

# सैनिक स्कूल में किया गया नुक्कड़ नाटक

संवाददाता, अमेठी

**अमृत विचार:** सैनिक स्कूल अमेठी के कैडेटों ने "स्वच्छता ही सेवा अभियान" के तहत नवोदय विद्यालय गौरीगंज में पथ नाट्य (नुक्कड़ नाटक) के माध्यम से सामाजिक संदेश दिया। यह नाटक उत्साही कैडेटों द्वारा प्रस्तुत किया गया और इसका उद्देश्य स्वच्छता और स्वच्छता के बारे में जागरूकता फैलाना था।

नाटक में अपने रचनात्मक एवं आकर्षक प्रदर्शन से कैडेट अनुराग मिश्रा (10वीं), अमित कुमार सिंह (10वीं), संस्कार सिंह (9वीं) शिवम शर्मा (9वीं), ऋषभ यादव (9वीं), सत्यम वर्मा (9वीं), अजय कुमाइर (9वीं) एवं विष्णु देव दुबे (9वीं) ने सार्वजनिक स्थानों पर स्वच्छता बनाए रखने, उचित अपशिष्ट निपटान और प्रत्येक व्यक्ति को स्वच्छ वातावरण में योगदान देने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। नुक्कड़ नाटक ने न केवल मनोरंजन किया, बल्कि दर्शकों को शिक्षित भी किया। सभी को भारत को स्वच्छ और हरित बनाने की दिशा में सक्रिय कदम उठाने के लिए प्रेरित किया। यह आयोजन काफी सफल रहा, जिसने प्रतिभागियों और दर्शकों दोनों पर अमिट छाप छोड़ी।



## शिशु मच्छरदानी का किया गया वितरण

**संवाददाता, अमेठी, अमृत विचार :** जिला कार्यक्रम अधिकारी संतोष श्रीवास्तव ने बताया कि पोषण माह के समापन पर पीएचसी महोना बाजार शुकुल में अगस्त, सितम्बर माह में जन्में शिशुओं के अभिभावकों को बुलाकर शिशु मच्छर दानी का वितरण किया गया। जिनमें परवीन, शबनम, शकीना, जुबैदा, कंचन, विद्यावती, गीता और मंजू आदि 33 लोगों को दिया गया। पोषण और स्वच्छता के विषय पर चर्चा की गई। सीडीपीओ धर्मेंद्र गौतम ने बताया कि बच्चे को हमेशा मच्छर दानी लगाकर रखे और पूरी आस्तीन का कपड़ा पहनाएं, घर में साफ सफाई रखे, घर के आस पास पानी इकट्ठा ना होने दें, 6 माह तक के बच्चे को जब भी कोई बाहर से आए बिना साबुन से हाथ धोए बच्चे का ना ले। मुख्य सेविका उज्ज्वल लाल ने बताया कि 0 से 6 माह तक के बच्चों को सिर्फ मां का दूध, पानी एक बूंद भी नहीं, 6 माह बाद बच्चे को ऊपरी आहार खिलाना शुरू करें। इस अवसर पर डॉ. अजीजी, आंगनबाड़ी कार्यकत्री कन्यावती, शिवदेवी, विमला देवी, लता शुक्ला, राजमती, सूरज आदि लोग मौजूद रहे।

# डिजिटलीकरण के लिए दी जाएगी तकनीकी सहायता

संवाददाता, अमेठी

**▸▸ सीडीओ ने सचिवों व पंचायत सहायकों की डिजिटाइजेशन के लिए आयोजित की कार्यशाला**

**अमृत विचार:** मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल ने जनपद के समस्त विकास खंडों में कार्यरत, तैनात पंचायत सचिव व पंचायत सहायकों को मिशन कर्मयोगी के तहत डिजिटलाइज कराने जाने के लिए कार्यशाला विकास भवन सभागार में पंचायती राज विभाग के माध्यम से आयोजित की गई। विकास खंड तिलोई, बहादुरपुर तथा सिंहपुर के कुल 242 पंचायत सहायक एवं पंचायत सचिवों ने कार्यशाला में प्रतिभाग किया।

मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल ने जिला पंचायत राज अधिकारी मनोज त्यागी को निर्देशित किया कि यदि पंचायत सचिवों या सहायकों को कार्यशाला के दौरान किसी प्रकार की कठिनाई का सामना करना पड़े, तो उन्हें आवश्यक सहायता प्रदान की जाए। सीडीओ ने बताया कि डिजिटलीकरण के लिए उन्हें हर संभव तकनीकी सहायता दी जाएगी, ताकि वे डिजिटल परिवर्तन को सहज रूप से अपना सकें। जिला पंचायत राज अधिकारी मनोज त्यागी आदि लोग मौजूद रहे।

# पेट्रोल टैंक काटते समय धमाका, मजदूर की मौत

## कबाड़ी ने खरीदी थी टंकी, गैस कटर से काटते समय लगी आग, परखच्चे उड़े

संवाददाता, प्रतापगढ़

**अमृत विचार :** नगर कोतवाली इलाके के गोपालापुर गांव में पुराने पेट्रोल पंप के टैंकर को गैस कटर से काटते समय आग लगने के बाद जोरदार धमाका हो गया। ब्लास्ट इतना तेज था कि टैंकर के परखच्चे हवा में उड़ते हुए काफी दूर खेतों में जा गिरे। धमाके से इलाके में हड़कंप मच गया। हादसे में टैंक को काटने वाला गंभीर रूप से घायल मजदूर को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया। उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मौके पर फायर ब्रिगेड के साथ पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।



पेट्रोल टैंक में धमाके के बाद जांच करती पुलिस। अमृत विचार

प्रयागराज-अयोध्या राजमार्ग पर कोतवाली नगर के गोपालापुर में मारुती एजेंसी के बगल मैदान में पहले पेट्रोल टंकी थी। वह काफी दिनों से बंद हो गई थी। पेट्रोल टैंक को किसी कबाड़ी ने खरीद लिया था। सोमवार को सुबह नौ बजे कबाड़ी टैंक को गैस कटर से कटवा रहा था। इसी दौरान तेज धमाका हो गया। धमाका इतना तेज था कि टैंक के ढक्कन और उसके परखच्चे हवा में उड़ते हुए काफी दूर खेतों में जा गिरे। टैंकर काटने वाला मजदूर अंतू का पतुलकी निवासी 20 वर्षीय शानू गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल शानू को राजा प्रताप बहादुर अस्पताल में भर्ती कराया गया। यहां हालत गंभीर होने पर एसआरएन अस्पताल प्रयागराज रेफर कर दिया गया। जहां उपचार के दौरान उसकी सांसे थम गईं। प्रत्यक्षदर्शियों की माने तो बरसात न हुई होती बड़ा हादसा हो सकता था। परखच्चे अगर खेतों में न जाकर बस्ती में गिरते तो बड़ा हादसा हो सकता था। संयोग रहा कि कोई अनहोनी नहीं हुई। सीओ सिटी शिव नारायण बैश ने बताया की हादसे की सूचना पर पुलिस और फायरब्रिगेड मौके पर पहुंची। घायल को उपचार के लिए तत्काल अस्पताल भेजवाया गया।

## हादसे में फाइनेंस कर्मी की मौत

संवाददाता, रानीगंज, प्रतापगढ़

**अमृत विचार :** अयोध्या में हुए सड़क हादसे में फाइनेंस कर्मी की मौत हो गई। इकलौते बेटे की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। हादसे की सूचना मिलते ही परिजन अयोध्या के लिए रवाना हो गए।



राकेश गुप्ता (फाइल फोटो)

रानीगंज थाना क्षेत्र के पुरानी जामताली निवासी राकेश गुप्ता (21) उर्फ सनी बचपन से अपने नाना जमुना प्रसाद गुप्ता के घर रहता था। वह अयोध्या में फाइनेंस कंपनी में नौकरी करता था। एक सप्ताह पूर्व वह घर से ड्यूटी पर गया था। शनिवार रात कार्यालय से कमरे पर जाते समय अयोध्या के इनायत बाजार में मिनी ट्रक ने उसे टक्कर मारते हुए कुचल दिया। फाइनेंस कंपनी के मैनेजर उसे आनन-फानन में बाराबंकी अस्पताल ले गए। वहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पोस्टमार्टम के बाद शव घर लाया गया। राकेश गुप्ता गुप्ता मां-बाप का इकलौता बेटा था। उसकी 17 जनवरी को शादी तय थी।

# रिहाई से पहले पहुंचा दूसरा वारंट, बंदी जेल से रिहा

संवाददाता, प्रयागराज

**नैनी जिला जेल**

▸▸ डिप्टी जेलर और जेलर के बीच बहस, वारंटी की तलाश में भेजे गए सिपाही, जांच कमेटी भी बनी



नैनी जिला जेल।

**अमृत विचार:** नैनी की जिला जेल में चोरी के मामले में बंद एक वारंटी की रिहाई का अजीब मामला संज्ञान में आया है। जहां वारंटी की रिहाई से पहले दूसरा वारंट जेल पहुंच गया। फिर भी उस बंदी के वारंट को नजरअंदाज करते हुए जेल के अधिकारियों ने उस बंदी को रिहा कर दिया। बंदी की रिहाई को लेकर इस मामले में जेल अधिकारियों की संदिग्धता मानी जा रही है। फिलहाल इस प्रकरण में जेल के अधिकारियों ने चुप्पी साध रखी है। जबकि रिहा किए गए बंदी की तलाश के लिए जांच कमेटी बनाई गई है।

जेल सूत्रों के मुताबिक नवाबगंज थाने की पुलिस ने चोरी के मामले में वांछित चल रहे राजकुमार पुत्र रामकुमार निवासी भंडारा थाना नवाबगंज को 28 जुलाई को गिरफ्तार कर नैनी जिला जेल भेजा था। जहां उसे चक्र नंबर एक के हाते नंबर दो में रखा गया था। जिसकी जिम्मेदारी डिप्टी जेलर विजय प्रसाद की है। बताया जा रहा है कि इसी बीच 23 सितंबर को जेल से लगभग 20 बंदियों की अदालत जिला न्यायालय में गई थी। जबकि बंदी राजकुमार की पेशी नहीं थी। शाम को आदलत लौटने पर बंदी राजकुमार का दूसरा वारंट (बी) 419, 420 के अन्य मुकदमे में कोर्ट से उन बंदियों के साथ भेजा गया था। 23 सितंबर को उस वारंट को रजिस्टर नंबर 12 में दर्ज नहीं किया गया। डिप्टी जेलर विजय प्रसाद और शैलेन्द्र प्रताप सिंह ने उस बंदी का वारंट भी नही देखा और बंदी राजकुमार को 24 सितंबर को 21 बजकर 5 मिनट पर जेल गेट रिहाई करा दी। इसको लेकर डिप्टी जेलर विजय प्रसाद और शैलेन्द्र प्रताप सिंह के बीच खींचतानी भी हुई। सूत्रों की मानें तो बंदी राजकुमार को रिहा करते समय कुछ अन्य बंदियों को भी रिहा किया गया है।

> जेल में बंदी के रिहाई का मामला संज्ञान में है। रिहाई से पहले उसका वारंट आया था। जो गलती से रजिस्टर में दर्ज नही हो सका। वारंट कोर्ट द्वारा कौन लेकर आया था। प्राथमिक जांच हम स्वयं कर रहे है। जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।
>
> **-अमिता दुबे, जेल अधीक्षक नैनी जिला कारागार, प्रयागराज**
>
> एक वारंटी के रिहाई के मामले की जानकारी हुई है। रिहाई के एक दिन पहले उसका वारंट आया था। जो गलती वश रजिस्टर मे दर्ज नही किया जा सका है। बंदी के वारंट की जानकारी संबंधित पुलिस को दी गई है। जल्दी ही बंदी को गिरफ्तार कर दोबारा जेल भेजा जायेगा।
>
> **-शैलेन्द्र प्रताप सिंह, जेलर जिला जेल कारागार नैनी।**

# धर्म पर टिप्पणी बर्दाश्त नहीं, अफजाल पर हो कार्रवाई

## किन्नर अखाड़ा के आचार्य महामंडलेश्वर ने सपा सांसद के बयान पर जताया आक्रोश

संवाददाता, प्रयागराज

**अमृत विचार:** माफिया मुख्तार अंसारी के भाई गाजीपुर से सपा सांसद अफजाल अंसारी के महाकुंभ और साधु संतों को लेकर दिए गए बयान को लेकर गाजीपुर सदर कोतवाली में उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज हो गया है, लेकिन इसके बावजूद साधु, संतों का गुस्सा कम होने का नाम नहीं ले रहा है।



किन्नर अखाड़े के आचार्य महामंडलेश्वर डॉ लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी ने महाकुंभ में गांजे को बूटी और प्रसाद बताने के अफजाल अंसारी के बयान को आपत्तिजनक करार दिया है। उन्होंने कड़ी नाराजगी जताते हुए कहा है कि यह सनातन धर्म और साधु संतों का अपमान है। उन्होंने कहा है कि अफजाल अंसारी ने समाज के ताने-बाने को छिन्न भिन्न करने का काम किया है। अफजाल अंसारी ने ओछी राजनीति की है। उन्होंने कहा है कि हम सनातनी अफजाल अंसारी के खिलाफ बहुत कुछ बोल सकते हैं। लेकिन सनातनी संयमित होते हैं और हमारा धर्म इस तरह का आचरण नहीं सिखाता है कि किसी पर कीचड़ उछाला जाए। आचार्य महामंडलेश्वर लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी ने कहा है कि कानून और अदालत अपना काम करेंगे। लेकिन उन्होंने समाजवादी पार्टी के मुखिया पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव से भी अफजाल अंसारी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। आचार्य लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी ने कहा कि अफजाल अंसारी ही नहीं ऐसे जो भी नेता हैं चाहे वह किसी पार्टी में क्यों न हों सनातन धर्म के खिलाफ बयान बाजी करते हैं, तो उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए।

## लकड़बग्घे के हमले से दो लोग घायल

**मिर्जापुर। अमृत विचार:** इन दिनों क्षेत्र के रैपुरिया गांव में लकड़बग्घे की दहशत बनी हुयी है। वहीं खूंखार लकड़बग्घा के हमले में दो लोग घायल हो गए। रैपुरिया का रहने वाला मनीष पिता गजानंद सोनकर (20) सुबह पांच बजे शौच के लिए बगीचे की तरफ जा रहा था, तभी उस पर लकड़बग्घे ने हमला कर दिया। युवक के हाथ पर गंभीर घाव आ गए। मनीष के चीखने पर उसकी मां और पिता लाठी डंडे और धारदार हथियार लेकर दौड़ पड़े तो लकड़बग्घा मां गीता पर हमला कर दिया हमले से गीता के पैर में गंभीर घाव हुए हैं। ग्रामीणों ने लाठी डंडे से लकड़बग्घे को घेर कर पीट पीटकर मौत के घाट उतर दिया।

# ट्रक ने 3 छात्रों को रौंदा, एक की मौत

संवाददाता, मिर्जापुर

**अमृत विचार:** सोमवार को स्कूल जा रहे तीन छात्रों को तेज रफ्तार ट्रक ने कुचल दिया, जिसमें एक छात्र की मौके पर मौत हो गई। दो छात्रों को अस्पताल भेजा गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का जायजा लिया।

कलवारी बाजार के पहले बरदहवा पुल के पास तीन छात्र सुबह 8.30 बजे अपने स्कूज जा रहे थे। इस दौरान तेज रफ्तार ट्रक ने तीनों को टक्कर मार दिया। हादसे में 16 वर्षीय शिव प्रकाश, 7 वर्षीय उदित घायल हो गए। दो छात्र सड़क की पटरी पर गिर पड़े थे। वहीं कक्षा पांच के छात्र धीरज का सिर ट्रक के पहिया के नीचे चला गया, जिससे उसकी घटना स्थल पर मौत हो गई। गंभीर रूप से घायल दोनों छात्र शिव प्रकाश व उदित को स्थानीय लोगों की मदद से निजी चिकित्सालय कलवारी में भर्ती कराया गया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची मड़िहान पुलिस मृतक छात्र के शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुत्र के मौत के गम में मां सरोज देवी का रो-रो कर बेसुध हो गई है। मृतक छात्र दो भाई, दो बहनों में सबसे छोटा था। दुर्घटना के बाद भाग रहे ट्रक का ग्रामीणों ने पीछा कर पकड़ लिया। अपने पीछे ग्रामीणों को आता देख ट्रक चालक गोपलपुर गांव के पास ट्रक खड़ा कर फरार हो गया। पुलिस वाहन को कब्जे में लेकर अग्रिम कार्रवाई में जुटी।

### बेकाबू ट्रक घर में घुसा, एक की मौत, तीन घायल

**संवाददाता, मिर्जापुर। अमृत विचार :** जिले में एक बेकाबू ट्रक पेड़ से टकराते हुए घर में जा घुसा। इस दौरान कई दुकानें क्षतिग्रस्त हुईं। इसके साथ ही एक व्यक्ति की मौत हो गई। जबकि कई लोग घायल हुए। जिले के चैसा मोड़ पर एक अनियंत्रित ट्रक पेड़ से टकराते हुए घर में जा घुसा। इसमें एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि तीन लोग घायल हो गए। हादसा इतना भीषण था कि कई दुकानें क्षतिग्रस्त हो गईं। इसमें राधेश्याम गुप्ता, राकेश कुमार गुप्ता, पप्पू गुप्ता, सुजीत मौर्य, गोविंद गुप्ता की दुकानें शामिल हैं। घटना के बाद लोगों ने सड़क जाम कर दिया। वहीं एक रोडवेज बस में तोड़फोड़ किया। इस दौरान कई यात्री घायल भी हो गए।

## शारदीय नवरात्र पर्व को लेकर बैठक

**जौनपुर। अमृत विचार:** शारदीय नवरात्र पर्व को देखते हुए मां शीतला चौकियां धाम में मन्दिर समिति व जिला प्रशासन के बीच बैठक सोमवार की शाम मन्दिर परिसर में सम्पन्न हुई। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि भक्तगण गर्भगृह में पहुंचकर मां शीतला महारानी जी का दर्शन पूजन कर सकेंगे। भक्तों को कतारबद्ध होकर दर्शन कराया जायेगा। नवरात्र में सुरक्षा की मुकम्मल व्यवस्था रहेगी। बैठक में मन्दिर के महन्त विवेकानंद पण्डा, ब्राम्हण समाज पुरोहित महंत विनय त्रिपाठी, सीओ सिटी देवेश सिंह, थानाध्यक्ष लाइनबाजार केके चौबे, यातायात इंस्पेक्टर जीडी शुक्ल पुजारीगण मौजूद रहे।

# डीएम ने राजनितिक दलों के साथ ईवीएम वीवीपैट वेयर हाउस का किया निरीक्षण

संवाददाता, जौनपुर

**अमृत विचार:** जिलाधिकारी डा. दिनेश चन्द्र सिंह ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ ईवीएम-वीवीपैट वेयर हाउस का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निर्देशित किया कि सीसीटीवी हमेशा सक्रिय रहे। उन्होंने कहा कि सीसीटीवी के लिए विद्युत आपूर्ति के साथ वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

डीएम ने वेयर हाउस के सामने इन्टरलाकिंग कराये जाने के निर्देश दिये। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व रामअक्षयवर चौहान, जिला पंचायत राज अधिकारी नत्थूलाल गंगवार, सहायक निर्वाचन अधिकारी बृजेश चतुर्वेदी, महमूद अली सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे। इसके साथ ही जिलाधिकारी ने संयुक्त कार्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्देश दिया कि समस्त पटल सहायक पत्रावलियों को अपडेट रखे। सीआरए ज्ञानचन्द्र मौर्या को निर्देश दिया कि आरसी वसूली की फीडिंग समय से की जाए।



निरीक्षण करने पहुंचे जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चंद्र सिंह। अमृत विचार

# मुठभेड़ में एक बदमाश घायल, साथी फरार

संवाददाता, जौनपुर

**अमृत विचार:** जिले के शाहगंज, सरपतहां और खुटहन थाने की संयुक्त पुलिस टीम ने एक शातिर अंतर्जनपदीय पशु तस्कर को मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार करने का दावा किया है। मुठभेड़ के दौरान पुलिस की घेरेबंदी के बीच से बदमाश का साथी फरार होने में कामयाब रहा। गिरफ्तार आरोपी आजमगढ़ जिले के जीयनपुर थाने में गैंगस्टर एक्ट में वांटेड था।

सीओ शाहगंज अजीत सिंह चौहान ने बताया कि खुटहन पुलिस चेकिंग अभियान चला रही थी तभी दो की संख्या में संदिग्ध बाइक से आते दिखे। थानाध्यक्ष दिव्य प्रकाश सिंह ने दोनों का पीछा किया। इस दौरान बाइक सवार बदमाश निजमापुर से शाहगंज की तरफ जा रहे खड़ंजे के बायी तरफ उतरकर भागने लगे। इस दौरान बदमाशों ने पुलिस पर फायर झोंक दिया। पुलिस की जवाबी फायरिंग में एक बदमाश के पैर में गोली लगी। दूसरा भागने में कामयाब रहा। घायल बदमाश ने अपना नाम आसिफ पुत्र शौकत निवासी हसनाडीह (सोफीगढ़) थाना अहिरौला जनपद आजमगढ़ बताया। आसिफ के खिलाफ जौनपुर व आजमगढ़ के थानों में पहले से 13 मामले दर्ज हैं।

# विकसित भारत के लिए पठन-पाठन की प्रक्रिया महत्वपूर्ण : पूर्व सांसद

संवाददाता, परियावां, प्रतापगढ़

**अमृत विचार :** मदन मोहन मालवीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कालाकांकर में स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े के अन्तर्गत सोमवार को एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि प्रबन्धक पूर्व सांसद राजकुमारी रत्ना सिंह ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

▸▸ भारत आयातक नहीं अब निर्यातक की भूमिका में आ गया

उन्होंने छात्र-छात्राओं को सम्बोधित करते हुये कहा कि वर्ष 2047 तक विकसित भारत के सपने को साकार करने के लिये पठन- पाठन प्रक्रिया महत्वपूर्ण है। वर्तमान तकनीकी युग के अनुसार पठन पाठन पर बल दिये जाने की जरूरत है। वर्तमान विश्व की अर्थव्यवस्था से भारतीय अर्थव्यवस्था की तुलना करते हुये बताया कि एक ओर कई देश इस समय गम्भीर आर्थिक संकट से गुजर रहा है। वहीं भारतीय अर्थव्यवस्था निरन्तर आगे बढ़ रही है। भारत आयातक नहीं अब निर्यातक की भूमिका में आ गया है। यह सब मेक इन इंडिया की वजह से संभव हो पाया है। इस अवसर पर राजभवन कालाकांकर के प्रबन्धक डॉ. घनश्याम यादव, प्राचार्य प्रो. शिवम श्रीवास्तव के अलावा महाविद्यालय के शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।

# अगले साल होगा मुर्गी पालन व मिर्च की खेती

संवाददाता, राजगढ़ (मिर्जापुर)

▸▸ विंध्य किसान एग्रो प्रोड्यूसर कंपनी की एक दिवसीय बैठक

**अमृत विचार:** विकासखंड राजगढ़ क्षेत्र के नदीहार के बाजार में विंध्य किसान एग्रो प्रोड्यूसर कंपनी की एकदिवसीय बैठक संपन्न हुई। डीडीएम शाश्वत सिंह ने कहा कि विश्व बैंक और नाबार्ड के सहयोग से मुर्गी पालन और मिर्च की खेती अगले साल से कराया जाएगा। किसानों को उन्नत किस्म के बीज उपलब्ध कराया जाएगा। इसी केंद्र से किसानों की धान की फसल के अलावा मिर्च खेती भी किसानो से ली जाएगी और किसानों को ज्यादा मुनाफा भी मिलेगा। डी

डीएम नाबार्ड सास्वत सिंह ने कहा कि एफपीओ के माध्यम से मेरठ में बासमती धान की खेती कराई जा रही है। इस वर्ष लगभग 100 बीघा के आसपास राजगढ़ क्षेत्र में भी बासमती की खेती हो रही है और क्षेत्र के नदी हर में खुला किसी केंद्र पर बासमती धान की खरीद की जाएगी। इसके अलावा थ्व्व् दुकान का इन्होंने उद्घाटन भी किया।बनारस से आए राष्ट्रीय बीज निगम लिमिटेड के एरिया मैनेजर प्रतिक मिश्रा किसानों से कहा कि किसान इस केंद्र पर आकर कीटनाशक बीज उपलब्ध है।यही से नए-नए प्रकार के बीज के अलावा हर तरह की मार्केट से अच्छा लाभ और मुनाफा कमाए। उन्होंने कहा कि 2013 में एफपीओ कंपनी को बनाया गया था। इसके बाद नाबार्ड के सहयोग से 2016 में वर्ष 2021 में नाबार्ड के द्वारा एफपीओ लगभग 10 हजार से ज्यादा किसान जुड़े। यह संगठन किसानों का है और किसान इसे अपने तरीके से चला सकते हैं। अगर कोई भी किसान 50 सदस्य संगठन के बनने पर किसानों को जोड़ती है। ज्यादा से ज्यादा किस इस संगठन से जुड़े और खेती के लाभ प्राप्त करें। तो सरकार द्वारा किसानों को कई तरह के लाभ दिए जाएंगे और इसके अलावा उद्यान विभाग और कृषि विभाग से किसान संपर्क के लाभ प्राप्त कर सकते हैं। इस मौके पर क्षेत्र के एफपीओ से अभिषेक गुप्ता, किसान सुनील कुमार सिंह, सत्येंद्र कुमार सिंह, सीताराम सिंह, परमेश्वर, वसंत लाल, जगदीश सिंह, पप्पू सिंह, कृष्ण कुमार, बुद्धू राम, राधेश्याम सिंह, चन्द्रजीत मौर्या सहित सैकड़ो किसान रहे।




## सार-संक्षेप

### आज से नौ बजे खुलेंगे परिषदीय विद्यालय

**संवाददाता, प्रतापगढ़, अमृत विचार :** एक अक्तूबर से परिषदीय स्कूलों के संचालन का समय बदल जाएगा। अब सुबह नौ बजे से अपरान्ह तीन बजे तक स्कूल खुले रहेंगे और शिक्षक, शिक्षिका उपस्थित रहकर पठन पाठन व्यवस्था संभालेंगे। मंगलवार से जिले के परिषदीय स्कूल सुबह नौ बजे से खुलेंगे। 9 :15 बजे तक स्कूलों में प्रार्थना सभा और योगाभ्यास कराया जाएगा। इसके बाद कक्षाएं संचालित की जाएंगी। बीएसए भूपेन्द्र सिंह ने बताया कि हालांकि स्कूलों का समय बदलने की जानकारी पहले से शिक्षक, शिक्षिकाओं को दे दी गई है।

### दिवंगत पूर्व विधायक नीलम करवरिया को दी श्रद्धांजलि

**संवाददाता, प्रयागराज। अमृत विचार :** मेजा विधानसभा सीट से बीजेपी की विधायक रही दिवंगत नीलम करवरिया के निधन पर सोमवार उनके आवास पर पूर्व विधायक लीना तिवारी मडीहान, पूर्व सांसद विनोद सोनकर, पप्पू पटेल पूर्व विधायक सिराथू पहुंचे। उन्होंने पूर्व विधायक उदयभान करवरिया से की मुलाकात और उन्हें संत्वना दी। उन्होंने नीलम करवरिया के आकस्मिक निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया। पूर्व विधायक नीलम करवरिया को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि नीलम करवरिया का निधन एक अपूर्ण क्षति है।जिसे भरपाना मुश्किल है। सभी ने बच्चो और भाई पूर्व सांसद कपिल मुनि करवरिया, पूर्व एमएलसी सूरजभान करवरिया से भी की मुलाकात की।

### संविलियन विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक मिले अनुपस्थित



**संवाददाता, हलिया (मिर्जापुर)। अमृत विचार :** खंड विकास अधिकारी डॉ राजीव कुमार शर्मा ने सोमवार को संविलियन विद्यालय महुगढ, प्राथमिक विद्यालय, नौगवा व महुगढ केवटान बस्ती का निरीक्षण किया खंड विकास अधिकारी के निरीक्षण में संविलियन विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यपक उपस्थिति रजिस्टर पर हस्ताक्षर कर विद्यालय से अनुपस्थित मिले है। जिस पर खंड विकास अधिकारी ने प्रभारी प्रधानाध्यापक को अनुपस्थित कर कार्रवाई के लिए उच्च अधिकारियो को रिपोर्ट प्रेषित किया है। इसी प्रकार प्राथमिक विद्यालय नौगवा में निरीक्षण के लिए पंहुचे जंहा पर विद्यालय का एक कक्ष में बारिश का पानी सीपेज होता हुआ मिलने पर खंड विकास अधिकारी ने विद्यालय भवन के मरम्मत कार्य कराने के लिए संबधित को प्रस्ताव तैयार करने का निर्देश दिया।

### प्रसिद्ध गायिका विदुषी कलापिनी ने डीपीएस में किया मंत्रमुग्ध

**संवाददाता, नैनी, अमृत विचार :** दिल्ली पब्लिक स्कूल, प्रयागराज में प्रतिष्ठित भारतीय शास्त्रीय गायिका विदुषी कलापिनी कोमकली ने अपनी प्रस्तुतियों से उपस्थित शिक्षकों और छात्रों को मंत्रमुग्ध कर दिया।स्पिक मैके संस्था से जुड़ी कलापिनी के साथ हारमोनियम पर दीपक दशावल और तबले पर पवन सेन ने संगत करते हुए अपनी भावपूर्ण प्रस्तुतियों से खूब वाहवाही बटोरी। कार्यक्रम की शुरुआत पारंपरिक दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई। राग अलैया बिदावल और भजनों पर विदुषी कोमकली की महारत ने दर्शकों को संगीतमय आनंद के दायरे में पहुँचा दिया। उनकी प्रेरक यात्रा और सहजता ने श्रोताओं को प्रेरित किया। इस कार्यक्रम में मनमोहक राजस्थानी भजन "कैसे आऊं रे कान्हा" और "वैष्णव जन तो तेरे कहिए" भी शामिल थे, जिससे कार्यक्रम को एक अनूठा आकर्षण प्रदान किया। प्रधानाचार्य डॉ. सुजाता ने इस अविस्मरणीय अनुभव के लिए विदुषी कोमकली और उनके साथियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह संगीतमय कार्यक्रम निस्संदेह हमारे छात्रों को भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत की सराहना करने के लिए प्रेरित करेगा। इस कार्यक्रम में शहर भर के छात्र, शिक्षक और संगीत प्रेमी शामिल हुए, जिन्होंने प्रदर्शन की प्रशंसा किया।

### बीईओ ने प्रधानाध्यापकों के साथ की बैठक

**संवाददाता, जौनपुर। अमृत विचार :** खण्ड शिक्षा अधिकारी धर्मापुर राजेश कुमार वैश्य ने सोमवार को बीआरसी पर ब्लॉक क्षेत्र के परिषदीय विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों के साथ बैठक किया। बैठक में उन्होंने कई बिन्दुओं पर आवश्यक दिशा निर्देश दिया। ब्लॉक संसाधन केंद्र पर सोमवार को खण्ड शिक्षा अधिकारी धर्मापुर राजेश कुमार वैश्य ने परिषदीय विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों के साथ बैठक किया। बैठक में बीईओ ने निर्देश देते हुए कहा कि जिन भी विद्यालयों के बच्चों का अभी तक डीबीटी पोर्टल पर फोटो अपलोड नहीं हुआ है वह उसे जल्द से जल्द अपलोड करवा दें। विद्यालय के सभी बच्चों का अपने स्तर से लगकर उनका आधार कार्ड बनवाएं। बैठक के दौरान सभी प्रधानाध्यापक को निर्देश देते हुए कहा कि विद्यालयों में समर्थ पोर्टल पर दिव्यांग छात्र-छात्राओं की प्रतिदिन उपस्थिति सुनिश्चित करते रहने का निर्देश दिया। निपुण लक्ष्य ऐप के माध्यम से बच्चों के आकलन की प्रगति देखते रहे। विद्यालयों का निरीक्षण करने पर यदि छात्रों की संख्या कम पाई जाती है तो यह स्टाफ की लापरवाही मानी जाएगी और विभागीय कार्यवाही भी की जाएगी। इस मौके उमेश मिश्र, महेन्द्र यादव, अखिलेश कुमार यादव, सुधीर दत्त तिवारी, संगीता राय, चन्द्रेश पाण्डेय, आमिल जैदी, अश्वनी राय, बबिता सिंह आदि मौजूद रहे।

### पुरानी पेंशन बहाल करे सरकार



राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन देते समाजवादी शिक्षक सभा के पदाधिकारी।

**संवाददाता, प्रतापगढ़, अमृत विचार :** समाजवादी शिक्षक सभा के पदाधिकारियों ने सोमवार को राज्यपाल को सम्बोधित मांगपत्र डीएम कार्यालय में दिया। इसमें शिक्षकों की 12 बिंदुओ की विभिन्न समस्याओं का निस्तारण कराने की मांग की गई है। समाजवादी शिक्षक सभा उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष डॉ. एसपी सिंह पटेल के निर्देश पर सोमवार को स्थानीय शिक्षक सभा के पदाधिकारियों ने डीएम कार्यालय के माध्यम से राज्यपाल को ज्ञापन भेजा। इसमें वित्तविहीन एवं स्ववित्तपोषित माध्यमिक व उच्च शिक्षा संस्थानों में कार्यरत शिक्षकों के लिए सम्मानजनक मानदेय, एनपीएस, यूपीएस को वापस लेकर पुरानी पेंशन योजना बहाल करने, प्राथमिक व माध्यमिक शिक्षा की स्थानांतरण नीति को सुगम बनाने, बायोमीट्रिक उपस्थिति की अनिवार्यता समाप्त करने सहित 12 मांगों को प्रमुखता से शामिल किया गया है। ज्ञापन देने वालों में जिलाध्यक्ष जगदीश कुमार यादव,आशुतोष पांडेय, रामदत्त यादव, छेदीलाल गौड़, अशोक कुमार यादव आदि शामिल रहे।

### न्याय पंचायत स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन



**संवाददाता, राजगढ़ (मिर्जापुर)। अमृत विचार :** विकासखंड राजगढ़ क्षेत्र के कंपोजिट विद्यालय खोराडीह के प्रांगण में 31 विद्यालयों के दर्जनों टीमों ने भाग लिया कबड्डी के बालक प्राथमिक संवर्ग से सम्मिलित टीम प्राथमिक विद्यालय तालर ,कंपोजिट विद्यालय चित्रविश्राम, प्राथमिक विद्यालय चंदनपुर अव्वल रही। प्राथमिक स्तर बालिका में कंपोजिट विद्यालय खटखरिया अव्वल रहा। पूर्व माध्यमिक विद्यालय बालक वर्ग तथा बालिका वर्ग में कंपोजिट विद्यालय खटखरिया के सभी वर्गों में चारों वर्गों में तीन वर्ग में प्राप्त सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन हासिल किया है। इसी प्रकार बालक तथा बालिका जूनियर स्तर खो ऋखो में भी अव्वल रही। न्याय पंचायत के वरिष्ट अध्यापक कमलकांत के द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। नोडल संकुल सतीश कुमार सिंह तथा खेल प्रभारी चंद्रभान सिंह द्वारा प्रांगण मे भूमि पूजन कर खेल प्रारंभ कराया। इस अवसर पर प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष सुशील कुमार सिंह,ब्लॉक मंत्री आलोक कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष बृजेश कुमार सिंह, विद्यालय के प्रधानाध्यापक संतोष कुमार सिंह, अशोक कुमार सिंह की उपस्थिति में खेल प्रारंभ हुआ इस कार्य के लिए खेल प्रभारी भी नियुक्त किए गए थे। पुरस्कार वितरण के बाद कार्यक्रम का समापन किया गया। अध्यक्ष सुशील कुमार सिंह के द्वारा कार्यक्रम की समाप्ति की घोषणा की गई। इस मौके पर शिक्षक अनिकेत प्रजापति अजय कुमार बृजेश कुमार सिंह मनीष कुमार श्रीकांत राजेश कुमार, गोल्डी सिंह, गीता देवी, धर्मजीत यादव, महावीर यादव, संजय कुमार सिंह रहे।

# मैच के परिणाम को तेज चला बल्ला

## चौथे दिन भारत को 52 रन की बढ़त, बांग्लादेश की पहली पारी 233 पर सिमटी, दूसरी में बनाए 26 रन

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** भारत-बांग्लादेश टेस्ट सीरीज के दूसरे टेस्ट में चौथे दिन सोमवार को टीम इंडिया पूरे रौब में दिखी और मैच को रोमांचक मोड़ पर ला दिया। धुआंधार बॉलिंग और बैटिंग ने बारिश के कारण दो दिन का मैच न होने का मलाल दूर कर दिया। चौथे दिन बांग्लादेश टीम ने पहली पारी में मोमिनुल हक के नाबाद 107 रन की बदौलत 233 रनों का स्कोर खड़ा किया। जवाब में उतरी टीम इंडिया ने धुआंधार बल्लेबाजी करते हुए पहले तीन ओवर में ही 50 रन पूरे कर लिए। खेल समाप्त होने से पहले भारतीय टीम ने 9 विकेट पर 285 रन बनाकर पहली पारी घोषित कर दी और पहली पारी में 52 रन की बढ़त हासिल की। दूसरी पारी खेलने उतरी बांग्लादेश की टीम ने खेल समाप्त होने तक 2 विकेट खोकर 26 रन बना लिए।

चौथे दिन मैच शुरू होने पर चटक धूप निकली। बांग्लादेश टीम ने अपनी पहली पारी 3 विकेट पर 107 रन से आगे खेलना शुरू किया। पहली व मैच की चौथी सफलता बुमराह ने मुशफिकिर रहीम को 7 रन पर पवेलियन लौटाकर दिलाई। इसके बाद लिटन दास आए। मोमिनुल ने अपना पचासा पूरा किया। सिराज ने पारी के 50वें ओवर में लिटन दास को 13 रन पर आउट करके पांचवीं कामयाबी हासिल की। इस समय बांग्लादेश का स्कोर 148 रन पर था। इसके बाद शाकिब आए। 56वें ओवर में अश्विन ने शाकिब को सिराज के हाथों कैच करा दिया। बांग्लादेश का यह विकेट 170 रन पर गिरा। अश्विन के 66वें ओवर में चौका जड़कर मोमिनुल ने अपने टेस्ट करियर का 13वां शतक पूरा किया। 66 ओवर में 6 विकेट खोकर बांग्लादेश ने 205 रन बना लिए। इसके बाद 28 रन के अंदर बांग्लादेश ने अपने बचे चारों विकेट खो दिए। मोमिनुल ने 17 चौकों से नाबाद 107 रनों की शतकीय पारी खेली। बांग्लादेश ने पहली पारी में 72.4 ओवर में सभी विकेट खोकर 233 रन बनाए। टीम इंडिया के गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने सबसे ज्यादा 3 विकेट लिए।



दूसरी पारी में विकेट लेने के बाद जश्न मनाते भारतीय खिलाड़ी।

### सबसे तेज टीम अर्धशतक और शतक का बनाया रिकॉर्ड

**कानपुर।** भारतीय बल्लेबाजों ने बेहद आक्रामक शुरूआत करते हुए बांग्लादेश के खिलाफ वर्षाबाधित दूसरे टेस्ट के चौथे दिन सबसे तेज अर्धशतक का रिकॉर्ड बनाया और सबसे तेज टीम शतक का अपना ही रिकॉर्ड दुरूस्त किया। यशस्वी जायसवाल ने दस चौके और एक छक्के की मदद से भारत के लिए चौथा सबसे तेज अर्धशतक बनाया। इससे पहले कप्तान रोहित शर्मा 11 गेंद में 23 रन बनाकर आउट हुए। भारत ने तीसरे ही ओवर में 50 रन बना डाले। इसके साथ ही इंग्लैंड का सबसे तेज टीम अर्धशतक का रिकॉर्ड तोड़ा जिसने इस साल जुलाई में ट्रेंट ब्रिज में वेस्टइंडीज के खिलाफ 4.2 ओवर में अर्धशतक बनाया था। भारत ने सौ रन 11वें ओवर में पूरे करके अपना ही रिकॉर्ड बेहतर किया। भारत ने वेस्टइंडीज के खिलाफ 2023 में पोर्ट आफ स्पेन टेस्ट में सबसे तेजी से तिहरा अंक छुआ था।

बांग्लादेश की पहली पारी समाप्त होने पर टीम इंडिया के ओपनर यशस्वी जायसवाल व कप्तान रोहित शर्मा मैदान पर उतरे। दोनों ने एक दिवसीय अंदाज में खेलना शुरू किया और महज तीन ओवर में स्कोर 50 पर पहुंचा दिया। 55 रन के स्कोर पर कप्तान रोहित 23 रन बनाकर बांग्लादेश का पहला शिकार बने। इसके बाद 11.1 ओवर में 100 रन का आंकड़ा टीम ने छू लिया। दूसरे विकेट के लिए 72 रन की साझेदारी हुई। यशस्वी 52 गेंदों पर 72 रन बनाकर आउट हुए। चाय के समय तक टीम ने 16 ओवर में 2 विकेट पर 138 रन बना लिए। चाय के बाद शुभमन गिल 39 रन पर पवेलियन लौटे। ऋषभ पंत नौ रन पर शाकिब का शिकार हुए। इस समय स्कोर 159 था। पांचवें विकेट के लिए विराट कोहली व केएल राहुल के बीच 87 रनों की साझेदारी हुई। कोहली 47 रन बनाकर पांचवां शिकार हुए। इसके बाद अगले 39 रन में टीम इंडिया ने चार विकेट और खो दिए। नौवें विकेट के रूप में आकाशदीप के आउट होते ही भारतीय टीम ने पारी घोषित कर दी। केएल राहुल ने 68 रनों की पारी खेली। पहली पारी में भारतीय टीम ने 34.4 ओवर में 9 विकेट खोकर 285 रनों का स्कोर खड़ा किया और 52 रन की बढ़त बनाई। बांग्लादेश के लिए मेहंदी हसन मिराज व शाकिब अल हसन ने 4-4 विकेट लिए।

दूसरी पारी खेलने उतरी बांग्लादेश टीम ने जल्द ही पहला विकेट 18 रन पर खो दिया। अश्विन ने जाकिर को 10 रन पर पगबाधा किया। हसन बिना खाता खोले ही अश्विन की गेंद पर बोल्ड हो गए। खेल समाप्त होने तक बांग्लादेश ने 11 ओवर में 2 विकेट खोकर 26 रन बना लिए थे। इस्लाम 7 रन व मोमिनुल बिना खाता खोले क्रीज पर हैं।



बांग्लादेश के खिलाफ गेंदबाजी के दौरान कैच लपकते रवींद्र जडेजा।

- ग्रीनपार्क में चौथे दिन टीम इंडिया का दिखा जलवा, चौके-छक्कों की बरसात



**9** विकेट पर 285 रन बनाकर भारत ने घोषित कर दी पहली पारी

47 रनों की पारी के दौरान बल्लेबाजी करते विराट कोहली।

### 300 टेस्ट विकेट लेने वाले सातवें भारतीय बने जडेजा

**कानपुर।** रविंद्र जडेजा भारत के लिये 300 विकेट लेने वाले सातवें गेंदबाज बन गए जब उन्होंने बांग्लादेश के खिलाफ दूसरे टेस्ट के चौथे दिन खालिद महमूद का विकेट लिया। जडेजा ने महमूद का रिटर्न कैच लपककर बांग्लादेश की पारी का अंत किया। बांग्लादेश ने पहली पारी में 233 रन बनाए। भारत के लिये 300 टेस्ट विकेट लेने वाले गेंदबाजों में अनिल कुंबले (619), आर अश्विन (524), कपिल देव (434), हरभजन सिंह (417), ईशांत शर्मा (311) और जहीर खान (311) शामिल हैं। जडेजा ने 74 टेस्ट में यह आंकड़ा हुआ है। वह 300 टेस्ट विकेट और 3000 टेस्ट रन सबसे तेजी से पूरे करने वाले इंग्लैंड के इयान बाथम के बाद दूसरे खिलाड़ी भी बन गए।

### विराट कोहली ने पूरे किए 27,000 रन, विश्व में चौथे बल्लेबाज बने

**कानपुर।** भारत के दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली सोमवार को यहां बांग्लादेश के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच के चौथे दिन अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में 27,000 रन पूरे करने वाले दुनिया के चौथे बल्लेबाज बन गए। इस टेस्ट मैच के शुरुआती तीन दिनों में बारिश से लगभग आठ सत्र का खेल प्रभावित होने के बाद भारतीय टीम ने चौथे दिन अपनी पहली पारी में आक्रामक बल्लेबाजी की जिसमें कोहली ने 35 गेंद में 47 रन का योगदान दिया। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट के सभी प्रारूपों को मिलाकर वह 27,000 रन का आंकड़ा पार करने वाले महान सचिन तेंदुलकर के बाद वह दूसरे भारतीय बल्लेबाज है। सबसे ज्यादा रन तेंदुलकर के नाम है। उन्होंने 34,357 रन बनाए है। दूसरे स्थान पर श्रीलंका के संगकारा (28,016) और तीसरे स्थान पर ऑस्ट्रेलिया के रिकी पोंटिंग (27,483) है। कोहली के नाम टेस्ट में 8,870 से अधिक रन है जबकि उन्होंने 295 वनडे में 13,906 और 125 टी-20 में 4,188 रन बनाए है। इस साल अमेरिका और वेस्टइंडीज में खेले गए टी-20 विश्व कप के बाद खेल के सबसे छोटे प्रारूप को अलविदा कह दिया था। बीसीसीआई के सचिव जय शाह ने एक्स पर लिखा विराट के शानदार करियर में एक और बड़ा मील का पत्थर, उन्होंने 27,000 रन पूरे किए।

### स्कोर बोर्ड

**बांग्लादेश पहली पारी : 233/10** — 74.2 ओवर

| | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| जाकिर का जायसवाल बो आकाश | 0 | 24 | 0/0 |
| शादमान इस्लाम पगबाधा बो आकाश | 24 | 36 | 4/0 |
| मोमिनुल हक नाबाद | 107 | 194 | 17/1 |
| नजमुल हुसैन शंटो पगबाधा बो अश्विन | 31 | 57 | 6/0 |
| मुशफिकुर रहीम बो बुमराह | 11 | 32 | 2/0 |
| लिटन दास का शर्मा बो सिराज | 13 | 30 | 3/0 |
| शाकिब का सिराज बो अश्विन | 9 | 17 | 2/0 |
| मेहदी हसन मिराज का गिल बो बुमराह | 20 | 42 | 4/0 |
| तैजुल इस्लाम बो बुमराह | 5 | 8 | 1/0 |
| हसन महमूद बो सिराज | 1 | 4 | 0/0 |
| खालिद अहमद का और बो जडेजा | 0 | 4 | 0/0 |

अतिरिक्त : 12, गेंदबाजी : बुमराह 18-7-50-3, सिराज 17-2-57-2, अश्विन 15-1-45-2, आकाश दीप 15-6-43-2, जडेजा 9.2-0-28-1

**भारत पहली पारी : 285/9 (घोषित)** — 34.4 ओवर

| | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| यशस्वी जायसवाल बो महमूद | 72 | 51 | 12/2 |
| रोहित शर्मा बो मेहदी हसन | 23 | 11 | 1/3 |
| शुभमन गिल का महमूद बो शाकिब | 39 | 36 | 4/1 |
| ऋषभ पंत का महमूद बो शाकिब | 9 | 11 | 0/0 |
| विराट कोहली बो शाकिब | 47 | 35/4/1 | |
| केएल राहुल स्ट लिटन बो मेहदी हसन | 68 | 43/7/2 | |
| रविंद्र जडेजा का शंटो बो मेहदी हसन | 8 | 13 | 0/0 |
| रविचंद्रन अश्विन बो शाकिब | 1 | 4 | 0/0 |
| आकाश दीप का महमूद बो मेहदी हसन | 12 | 5 | 0/2 |
| जसप्रीत बुमराह नाबाद | 1 | 1 | 0/0 |

अतिरिक्त : 5, गेंदबाजी : महमूद 6-0-66-1, अहमद 4-0-43-0, मेहदी हसन 6.4-0-41-4, इस्लाम 7-0-54-0, शाकिब 11-0-78-4

**बांग्लादेश दूसरी पारी : 26/2** — 11 ओवर

| | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| शादमान इस्लाम नाबाद | 7 | 40 | 1/0 |
| जाकिर हसन पगबाधा बो अश्विन | 10 | 15 | 1/0 |
| हसन महमूद बो अश्विन | 4 | 9 | 1/0 |
| मोमिनुल हक नाबाद | 0 | 2 | 0/0 |

अतिरिक्त : 5, गेंदबाजी : बुमराह 3-1-3-0, अश्विन 5-2-14-2, आकाश दीप 3-2-4-0

## खेल डायरी

### ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड को वनडे शृंखला में 3-2 से हराया

**ब्रिस्टल।** बारिश आई लेकिन देर से और ऑस्ट्रेलिया ने निर्णायक पांचवें एक दिवसीय क्रिकेट मैच में जीत दर्ज करके इंग्लैंड को शृंखला में 3-2 से हरा दिया। ऑस्ट्रेलिया को जीत के लिये 310 रन का लक्ष्य मिला था लेकिन उस समय बारिश हो गई जब ऑस्ट्रेलिया ने 20.4 ओवर में दो विकेट पर 165 रन बनाए थे। इसके बाद का खेल नहीं हो सका और डकवर्थ लुईस प्रणाली के आधार पर ऑस्ट्रेलिया ने 49 रन से जीत दर्ज की। शृंखला के दौरान चोटों और बीमारियों से जूझ रहे ऑस्ट्रेलिया ने हर मैच में अलग टीम उतारी। आखिरी मैच में मिचेल मार्श के फिट नहीं होने से स्टीव स्मिथ ने कप्तानी की। ऑस्ट्रेलिया ने दस ओवर के बाद एक विकेट पर 103 रन बना लिए थे। मैथ्यू शॉर्ट ने 30 गेंद में 58 रन बनाए। स्टीव स्मिथ 36 और जोश इंगलिस 28 रन बनाकर खेल रहे थे जब मैच खत्म करने का फैसला किया था।

### खेल पत्रकारों का सम्मान करेगा डीएसजेए

**नई दिल्ली।** दिल्ली खेल पत्रकार संघ (डीएसजेए) दिल्ली के 80 साल से अधिक उम्र के खेल पत्रकारों को खेल के क्षेत्र में उनके योगदान के लिये सम्मानित करेगा। डीएसजेए ने यहां जारी विज्ञप्ति में बताया कि इस मौके पर केवल कौशिक, के.दत्ता और सी.एस. रामचंद्रन जैसे अनुभवी खेल पत्रकारों को विशेष एसजेएफआई पदक और एक प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया जाएगा। इस कार्यक्रम का आयोजन शनिवार शाम को अरुण जेटली क्रिकेट स्टेडियम में होगा। डीएसजेए स्पोर्ट्स जर्नलिस्ट फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसजेएफआई) का एक सहयोगी है जिसे इंटरनेशनल स्पोर्ट्स प्रेस एसोसिएशन (एआईपीए) द्वारा मान्यता प्राप्त है।

### रेलवे ने आईओसी को हराकर गोल्ड कप जीता

**चेन्नई।** गत चैंपियन भारतीय रेलवे ने आरएसपीबी ने इंडियन आइल कारपोरेशन को 5-3 से हराकर 95वां अखिल भारतीय एमसीसी मुरूगप्पा गोल्ड कप हॉकी टूर्नामेंट जीत लिया। आरएसपीबी ने आक्रामक शुरूआत की और सातवें ही मिनट में गुरसाहिबजीत सिंह ने पेनल्टी कॉर्नर पर गोल कर दिया। सिमरनजोत सिंह ने दो मिनट बाद बढत दुगुनी कर दी। युवराज वाल्मीकि ने 18वें और 58वें मिनट में गोल दागे जबकि मुकुल शर्मा ने 35वें मिनट में पांचवां गोल किया। आईओसी के लिए 23वें मिनट में तलविंदर सिंह ने और 29वें मिनटमें गुरजिंदर सिंह ने गोल किया। राजबीर सिंह ने 58वें मिनट में गोल दागा।

### रक्षा ने क्रोएशिया और बेल्जियम में जीते खिताब

**मुंबई।** भारत की युवा बैडमिंटन खिलाड़ी रक्षा कंदासामी ने शानदार फॉर्म कायम रखते हुए क्रोएशिया इंटरनेशनल और बेल्जियम जूनियर टूर्नामेंट खिताब जीते। सोलह वर्ष की रक्षा दोनों टूर्नामेंटों में अपराजेय रहीं। उन्होंने क्रोएशिया इंटरनेशनल के फाइनल में इंग्लैंड की लियोना ली को 21-9, 21-5 से हराया। इसके अलावा बेल्जियम में जर्मनी की ग्लोरिया पोलुएक्तोव को 21-14, 10-21, 22-20 से मात दी।

### निशानेबाज जूनियर विश्व चैंपियनशिप में देश को दो कांस्य

**नई दिल्ली।** भारतीय राइफल और पिस्टल निशानेबाजों ने पेरू के लीमा में अंतर्राष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ (आईएसएसएफ) की जूनियर विश्व चैंपियनशिप में क्रमश: 10 मीटर मिश्रित टीम स्पर्धाओं में दो कांस्य पदक जीते। प्रतियोगिता के दूसरे दिन कांस्य पदक जीतने के साथ ही भारत के पदकों की संख्या पांच हो गई जिसमें दो स्वर्ण और तीन कांस्य पदक शामिल हैं। राइफल निशानेबाजों के क्वालीफिकेशन दौर में गौतमी भनोट व अजय मलिक की भारतीय जोड़ी 628.9 का संयुक्त स्कोर बनाकर 34 टीमों में तीसरे स्थान पर रही। इसके बाद कांस्य पदक मुकाबले में भारतीय टीम ने क्रोएशिया को 17-9 से हराया। वहीं चीन ने फाइनल में फ्रांस को हराकर प्रतियोगिता का अपना पहला स्वर्ण पदक जीता। इसी स्पर्धा में भारत के अभिनव साव व शाम्भवी क्षीरसागर की दूसरी जोड़ी 628.1 के स्कोर के साथ छठे स्थान पर रही। मिश्रित पिस्टल स्पर्धा में दोनों भारतीय जोड़ियां क्वालीफिकेशन में क्रमश: तीसरे और चौथे स्थान पर रहीं, जिससे उनके बीच कांस्य पदक के लिए मुकाबला खेल गया।

# एटलेटिको प्रशंसकों ने मैदान पर फेंका सामान, मैच बाधित

मैड्रिड, एजेंसी

मेजबान एटलेटिको मैड्रिड और रीयाल मैड्रिड के बीच ला लीगा फुटबॉल टूर्नामेंट का रविवार का मैच बीच में रोकना पड़ा जब एटलेटिको के प्रशंसकोंने मैदान पर सामान फेंकना शुरू कर दिया। मेट्रोपोलिटानो स्टेडियम में हुए मैच में करीब 70वें मिनट में व्यवधान पैदा हुआ और खिलाड़ियों को लॉकर रूम में भेज दिया गया।

मैड्रिड ने उस समय पहला गोल दागा था जो एटलेटिको के प्रशंसकों के सामने इस गोल का जश्न मना रहे थे। इसके 15 मिनट से अधिक समय के बाद मैच को दोबारा शुरू किया गया जो 1-1 की बराबरी पर समाप्त हुआ। रियाल के गोलकीपर थिबॉट कोर्टोइस ने रेफरी को मैदान पर फेंकी जा रही चीजों के बारे में सचेत किया जिसमें लाइटर भी शामिल था। वहीं एटलेटिको के कोच डिएगो सिमोन ने प्रशंसकों को कई बार समझाया। स्टेडियम के लाउडस्पीकर पर ऐलान किया गया कि 15 मिनट तक खेल रोकना पड़ा है और अगर दर्शकों का ऐसा ही व्यवहार रहा तो इसे निलंबित कर दिया जाएगा। स्पेनिश लीग ने एक दिन पहले कहा था कि वह पुलिस से उन सोशल मीडिया अभियान के प्रचारकों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग करेगी जिनका उद्देश्य विनिसियस जूनियर (खिलाड़ी) के खिलाफ नस्लवादी हरकतों को बढ़ावा देना था। मैच से पहले एटलेटिको के प्रशंसकों को सोशल मीडिया पर वीडियो में विनिसियस अलग है नारे लगाते हुए देखा गया था।



# पाकिस्तान दौरे पर फैसला सरकार का : बोर्ड

कानपुर, एजेंसी



- उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने कहा- हमारी नीति है हम अंतर्राष्ट्रीय दौरों के लिए हम हमेशा सरकार की अनुमति लेते हैं

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने सोमवार को कहा कि राष्ट्रीय क्रिकेट टीम के अगले साल चैंपियंस ट्रॉफी के लिए पाकिस्तान के दौरे को लेकर अंतिम फैसला भारत सरकार को करना है। पाकिस्तान 19 फरवरी से नौ मार्च तक एकदिवसीय प्रारूप में खेले जाने वाले इस आईसीसी टूर्नामेंट की मेजबानी करने वाला है।

शुक्ला ने बांग्लादेश के खिलाफ जारी दूसरे टेस्ट मैच के चौथे दिन के खेल के इतर संवाददाताओं से कहा अभी तक कोई निर्णय नहीं लिया गया है। हमारी नीति यह है कि अंतर्राष्ट्रीय दौरों के लिए हम हमेशा सरकार की अनुमति लेते हैं। यह सरकार तय करती है कि हमारी टीम को किसी देश के दौर पर जाना चाहिए या नहीं। इस मामले में भी सरकार जो भी फैसला करेगी हम उसका पालन करेंगे। मुंबई में 2008 में हुए आतंकवादी हमलों के बाद से भारतीय टीम पाकिस्तान के खिलाफ को द्विपक्षीय शृंखला नहीं खेली है। दोनों टीमें का आमना सामना सिर्फ आईसीसी और एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) के टूर्नामेंटों में होता है। पाकिस्तान की टीम ने पिछले साल आईसीसी वनडे विश्व कप के लिए सात साल के अंतराल के बाद भारत का दौरा किया था। बीसीसीआई आईसीसी से टूर्नामेंट को पाकिस्तान से हटाकर श्रीलंका या दुबई में आयोजित करने का अनुरोध कर सकता है। एशिया कप के बीते सत्र का आयोजन हाइब्रिड मॉडल के तहत हुआ था। जिसमें भारत को अपने सभी मैच श्रीलंका में खेले थे। इससे श्रीलंका ने टूर्नामेंटों के नौ मैचों की मेजबान की थी जबकि पाकिस्तान ने शेष चार मैचों की मेजबानी की। पीसीबी हालांकि चैंपियंस ट्रॉफी को अपने देश से बाहर ले जाने के विचार के खिलाफ है।

### पहली अंतर्राष्ट्रीय मास्टर्स लीग में खेलेंगे तेंदुलकर

**मुंबई।** महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर एक बार फिर क्रिकेट के मैदान पर नजर आएंगे जब वह इस साल तीन आयोजन स्थलों पर होने वाली पहली अंतर्राष्ट्रीय मास्टर्स लीग (आईएमएल) में हिस्सा लेंगे। इस टी-20 प्रतियोगिता में छह टीम हिस्सा लेंगी। आईएमएल में भारत, ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका, वेस्टइंडीज, इंग्लैंड और श्रीलंका के खिलाड़ी हिस्सा लेंगे और इसके मैच मुंबई, लखनऊ और रायपुर में खेले जाएंगे। हर साल आयोजित होने वाला यह टी-20 टूर्नामेंट तेंदुलकर और भारत के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर की योजना का हिस्सा है। गावस्कर इस लीग के आयुक्त भी होंगे। एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि तेंदुलकर और गावस्कर पीएमजी स्पोर्ट्स और खेल विपणन कंपनी स्पोर्टफाइव के साथ मिलकर भारत में लीग का आयोजन करने के लिए एक और कंपनी स्थापित करेंगे। किसी एक फ्रेंचाइजी के स्वामित्व के माध्यम से भाग लेने में रुचि रखने वाले पक्षों को भी आमंत्रित किया गया था।

## बॉलीवुड हलचल



### काजोल, कृति की फिल्म दो पत्ती 25 को होगी रिलीज

**मुंबई।** बॉलीवुड की जानी-मानी अभिनेत्री काजोल और कृति सेनन अभिनीत बहुप्रतीक्षित थ्रिलर फिल्म दो पत्ती 25 अक्टूबर को रिलीज होगी। नेटफ्लिक्स ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स हैंडल पर बताया कि शशांक चतुर्वेदी द्वारा निर्देशित और कनिका ढिल्लन द्वारा लिखित मर्डर मिस्ट्री दो पत्ती 25 अक्टूबर से स्ट्रीमिंग के लिए उपलब्ध होगी।निर्माताओं ने दर्शकों को सस्पेंस थ्रिलर की एक झलक दिखाते हुए एक मिनट 32 सेकंड के वीडियो के साथ फिल्म की रिलीज की तारीख की घोषणा की। नेटफ्लिक्स ने अपने एक्स अकाउंट पर फिल्म दो पत्ती के बहुप्रतीक्षित टीजर को एक कैप्शन के साथ साझा करते हुए लिखा, अब होगा खेल शुरू, लेकिन इस कहानी के है दो पहलू, दो पत्ती 25 अक्टूबर को रिलीज होगी, केवल नेटफ्लिक्स पर। फिल्म दो पत्ती,उत्तराखंड के काल्पनिक शहर देवीपुर पर आधारित है। काजोल इस फिल्म में एक पुलिसकर्मी की भूमिका में है जो एक हत्या के प्रयास के मामले में सच्चाई को उजागर करने के मिशन पर है। कृति सेनन ने पहली बार दोहरी भूमिका निभाई है। उन्होंने जुड़वां बहनों का किरदार निभाया है। यह फिल्म बड़े पर्दे पर शाहीर शेख की पहली फिल्म भी है।

### आईफा में पुरस्कार जीतने पर बेहद खुश हैं मृणाल



**मुंबई।** जानीमानी अभिनेत्री मृणाल ठाकुर आईफा उत्सवम में पुरस्कार जीतने पर बेहद खुश हैं। अबु धाबी में आयोजित आईफा उत्सवम में अभिनेत्री मृणाल ठाकुर को फिल्म 'हाय नन्ना' में यशना की भूमिका के लिए पुरस्कार मिला है। आईफा उत्सवम में पुरस्कार जीतने पर मृणाल बेहद खुश हैं। मृणाल ठाकुर ने कहा, मैं इस अवॉर्ड के लिए बहुत आभारी हूं। मेरे लिए यशना की भूमिका निभाना वास्तव में एक खास अनुभव था, जिसने मुझे प्यार और भावना की गहराई के बारे में जानने का मौका दिया। मैं अपनी इस सफलता का सारा श्रेय अपने निर्देशक, प्रतिभाशाली सह-कलाकारों और पूरी टीम को देती हूं। यह पुरस्कार सिर्फ मेरा नहीं है। यह हमारी पूरी टीम की कड़ी मेहनत और समर्पण का फल है। मृणाल ने कहा, मैं इस सफर को जारी रखते हुए दर्शकों के साथ और भी बेहतर कहानियां शेयर करने के लिए तैयार हूं। यह मेरा पहला आईफा अवार्ड है। इस अवॉर्ड को रानी मैम और ऐश्वर्या मैम जैसे कलाकारों के साथ शेयर करना मेरे लिए बहुत सम्मान की बात है।

### ओडिशा के मुख्यमंत्री, पटनायक ने मिथुन को दादा साहेब फाल्के के लिए दी बधाई

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी और विपक्ष के नेता नवीन पटनायक ने सोमवार को मशहूर अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती को दादा साहेब पुरस्कार के लिए चुने जाने पर बधाई दी। सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट कर माझी ने प्रतिष्ठित दादा साहेब फाल्के पुरस्कार के लिए चुने जाने पर जाने माने अभिनेता को हार्दिक बधाई दी। मुख्यमंत्री ने कहा भारतीय सिनेमा में आपके पांच दशक के उल्लेखनीय सफर और भारतीय दर्शकों के साथ साथ दुनियाभर के अपने प्रशंसकों का आपने अपनी बहुमुखी प्रस्तुतियों से जो मनोरंजन किया है, उसके सम्मान में यह सबसे शानदार श्रद्धांजलि है। पटनायक ने एक्स पर लिखा प्रतिष्ठित दादा साहेब फाल्के पुरस्कार के लिए चयनित किए जाने पर बहुमुखी प्रतिभा के अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती को बधाई। उन्होंने उड़िया सिनेमा सहित पर्दे पर कई यादगार भूमिकाएं निभाई हैं। मृगया, सुरक्षा, डिस्को डांसर और डांस डांस जैसी फिल्मों में अभिनय करने वाले चक्रवर्ती को सिनेमा के क्षेत्र में सरकार के सर्वोच्च सम्मान दादा साहेब फाल्के पुरस्कार के लिए सोमवार को नामित किया गया। चक्रवर्ती को यह पुरस्कार आठ अक्टूबर, 2024 को 70वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार समारोह में दिया जाएगा।

### महिला टी-20 विश्व कप के लिए भारत की तैयारी बेहतरीन : लक्ष्मण



**बेंगलुरू।** भारत के पूर्व बल्लेबाज वीवीएस लक्ष्मण का मानना है कि हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली भारतीय टीम ने टी-20 महिला विश्व कप से पहले सेंटर ऑफ एक्सीलैंस में लगाए गए शिविर में जो मेहनत की है, उसका फायदा टूर्नामेंट में मिलेगा। भारतीय टीम चार अक्टूबर को दुबई में न्यूजीलैंड के खिलाफ पहला मैच खेलेगी।

लक्ष्मण ने बीसीसीआई के सेंटर आफ एक्सीलैंस में चुनिंदा पत्रकारों से कहा उन्होंने जिस प्रतिबद्धता, समर्पण और ऊर्जा के साथ तैयारी की है, वह अतुलनीय है। मुझे उनकी तैयारियों पर गर्व है। यह काफी अच्छा शिविर था और मुख्य कोच अमोल मजूमदार ने इस तरीके से तैयार किया था कि पहले चरण में मानसिक और शारीरिक पहलुओं पर फोकस था। इसके बाद ब्रेक था और दूसरे चरण में कौशल तथा तकनीकी पहलू पर जोर रहा। यह सिर्फ नेट्स अभ्यास तक नहीं था बल्कि पांच मैच भी खेले जिसमें अमोल ने उन्हें अलग अलग तरह की चुनौतियां दी। भारत में महिला क्रिकेट आगे की ओर बढ़ रहा है और इसमें महिला प्रीमियर लीग की अहम भूमिका होगी। मेरा मानना है कि महिला क्रिकेट का ग्राफ ऊपर जा रहा है। इस भूमिका में मैने भारतीय युवा लड़कियों और अंतर्राष्ट्रीय महिला खिलाड़ियों को तैयारी करते देखा है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, कार्यकारी संपादक- अनिल त्रिगुणायत* 0522-4008111 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharlucknow@gmail.com आर.एन.आई नं0-50986/1989 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।

